
बैशाख मास, कृष्ण पक्ष 1, वर्ष 12, अंक 58, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, शुक्रवार, 7 अप्रैल, 2023



# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : युवराज नहीं होते तो विश्वकप नहीं जीत पाते खांसी पर मजाक उड़ाते थे साथी : हरभजन



अन्दर : कौन डरता है ईडी और सीबीआई से

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# सिर्फ चुनाव नहीं लोगों का दिल जीतें

## भाजपा के 44वें स्थापना दिवस पर पीएम का कार्यकर्ताओं से आह्वान

**नई दिल्ली।** भाजपा ने गुरुवार को देशभर में अपना स्थापना दिवस मना रही है। इस मौके पर पार्टी मुख्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ध्वजारोहण किया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी कार्यकताओं को संबोधित किया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि भाजपा भारत को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और कानून-व्यवस्था की चुनौतियों से मुक्त करने के लिए कड़े कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कांग्रेस पार्टी को जमकर घेरा। इस बीच, उन्होंने कहा कि भाजपा 2024 का चुनाव जीत रही है और इसको लेकर लोग पहले ही अपनी दिल की बात कहने लगे हैं। पीएम ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने के बावजूद, हमें आत्मसंतुष्ट होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि यह सच कि भाजपा फिर सरकार बनाएगी, लेकिन कार्यकर्ताओं के रूप में हमें देश के हर नागरिक का दिल जीतना है।

**बोले मोदी**

### मोदी ने कार्यकर्ताओं को दिखाई लोकसभा 2024 की राह

### 2024 में फिर भाजपा सरकार, कांग्रेस पर साधा निशाना

पीएम ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बादशाही मानसिकता वाले लोग गरीबों का अपमान करने का कोई जरिया नहीं छोड़ते थे, लेकिन 2014 के बाद से ये सभी लोग अब खराब स्थिति में हैं। भाजपा के 44वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए, मोदी ने कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों की आलोचना की। उन्होंने विपक्षी दलों पर भाई-भतीजावाद, वंशवाद, जातिवाद और क्षेत्रवाद से बंधे होने का आरोप



लगाया। पीएम ने अपने भाषण में आगे कहा कि भाजपा का सरकार चलाने का एक ही मंत्र है और वो है सभी को साथ लेकर चलने की संस्कृति। इस बीच कार्यक्रम की शुरूआत में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भाजपा के चुनावी चिह्न 'कमल' को पेंटिंग के जरिए दर्शाया। पीएम मोदी ने कहा कि साथियों जब हमारे सामने 2047 जैसे विकसित भारत का लक्ष्य है, तो हमारी ये जिम्मेदारी है कि परिश्रम में कोई कमी नहीं छोड़ें। हमें सफलताओं को सेलिब्रेट तो करना है, लेकिन अगली चुनौती के लिए कमर भी कसनी है। हमें ये सब बीजेपी की मूल विचार धारा के प्रकाश में ही करना है. भारत की संविधान की सीमाओं में ही रहना है। हमें भारत की समस्याओं का समाधान उधार की सोच से नहीं, भारत की जड़ों से ही, भारत की परंपराओं से ही, भारत के करोड़ों लोगों के अनुभव के अमृत से ही निकालना है। उन्होंने कहा कि इस सोच के साथ हमें भाजपा को 21वीं सदी की भविष्य की पार्टी बनाना है। हमें दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने के बाद भी अतिआत्मविश्वास का शिकार नहीं होना है।

### भगवान हनुमान की तरह करेंगे काम

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हनुमान जन्मोत्सव है और जिस तरह भगवान हनुमान ने राक्षसों का जमकर मुकाबला किया, उसी तरह सरकार भी देश को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और कानून-व्यवस्था की चुनौतियों से निजात दिलाने के लिए सख्ती से काम करेगी। ढट टङ्क ने अपने भाषण में विपक्ष पर कई तीखे वार किए। उन्होंने कहा कि अस्तित्व के संकट से जूझ रहीं विपक्ष पार्टियां सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ आरोप लगाने और साजिश रचने का सहारा ले रही हैं। उन्होंने कहा कि वे नफरत और हताशा से भर गए हैं। पीएम ने कहा कि आज विपक्षी पार्टियां इतनी हताश हो गई हैं कि उन्होंने खुले तौर पर 'मोदी तेरी कबर खुदेगी' कहना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि इन सब के बावजूद गरीब, आदिवासी, पिछड़े, दलित और महिलाओं समेत अन्य लोग मोदी और 'कमल' की रक्षा के लिए साथ खड़े हैं।

# यूपी में 100 करोड़ से शुरू होगी आकांक्षी नगर योजना

**गुड न्यूज**

### तीन महीने के बजट खर्च के लिए पेश हुई कार्ययोजना

### 16 पैरामीटर्स पर जनपदों से होगा डेटा कलेक्शन

**लखनऊ।** नगरीय निकायों को और सुदृढ़ बनाने और उनकी क्षमता को विस्तार देने के लिए योगी सरकार आकांक्षी नगर योजना की शुरूआत करने जा रही है। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए नगर विकास विभाग द्वारा 100 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। आगामी तीन माह में नगर विकास विभाग इस बजट का उपयोग करते हुए निर्धारित पैरामीटर्स के आधार पर 100 आकांक्षी निकायों का चयन करेगा।

इसके साथ ही संबंधित जनपदों में सीएम फेलो की भी तैनाती की जाएगी। नगर विकास विभाग द्वारा 2023-24 में नई मांग के माध्यम से संचालित योजनाओं में आवंटित बजट को आगामी तीन माह में व्यय किए जाने की कार्ययोजना के जरिए इसकी पुष्टि की है। योगी सरकार ने नगर निकायों के समुचित विकास के लिए यह कदम उठाया है। उम्मीद की जा रही है कि इस योजना के माध्यम से नगरीय



निकायों में काम की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के अलावा योजनाओं के कार्यान्वयन में भी तेजी आएगी। आगामी तीन माह की कार्ययोजना के प्रस्तुतिकरण में नगर विकास विभाग ने बताया है कि विषयगत परियोजना के क्रियानव्यन के लिए नीति आयोग के सहयोग से 16 पैरामीटर्स विकसित किए जाएंगे। इन पैरामीटर्स द्वारा जनपद स्तर से डेटा कलेक्शन की कार्यवाही की जाएगी। डेटा कलेक्शन के आधार पर प्रदेश से 100 आकांक्षी निकायों का चयन किया जाएगा। इन सभी चयनित 100 आकांक्षी निकायों के साथ विषयगत योजना का शुभारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही संबंधित जनपदों में विषयगत योजना के लिए सीएम फेलो की भी तैनाती की जाएगी। ये सीएम फेलो सीडीओ और डीएम के अंतर्गत काम करेंगे और काम की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के अलावा योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएंगे।

### 50 करोड़ से धार्मिक नगरीय निकायों में सुविधाओं का विकास

इससे इतर, नगर विकास विभाग 50 करोड़ से प्रदेश के धार्मिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नगरीय निकायों में मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं का भी विकास करेगा। विषयगत परियोजना के लिए एसओपी (दिशा निर्देश) का निर्माण करते हुए संबंधित डीएम द्वारा प्रस्ताव प्राप्त किया जाएगा, जिस पर कार्ययोजना तैयार होगी। प्रस्तावित कार्ययोजना का सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त होने के बाद प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाएगी। यही नहीं, विभाग 15 करोड़ की लागत से नगर पालिका परिषद मऊ में स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों की स्मृति में सभागार का भी निर्माण करेगा। इसके लिए राजस्व विभाग की भूमि नगर विकास विभाग को उपलब्ध कराए जाने के लिए कैबिनेट से मंजूरी ली जाएगी। परियोजना की कार्ययोजना का सक्षम स्तर से अनुमोदन प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किस्त के रूप में देय धनराशि अवमुक्त की जाएगी।

# सफाई मित्रों को मिलेगा सम्मानजनक मानदेय

**बोले योगी**

### राज्य स्तर पर गठित होगा बोर्ड, नगरीय निकाय प्रदेश में विकास के इस बदलाव की बने हैं धुरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यानी गुरुवार को कहा कि, सफाई मित्रों को सम्मानजनक मानदेय देने के लिए राज्य स्तर पर सरकार एक बोर्ड गठित करेगी। मुख्यमंत्री ने यह दावा किया कि पिछले 6 साल में राज्य के नगरीय निकाय विकास रूपी बदलाव की धुरी बने हैं। आदित्यनाथ ने आज 8,754 करोड़ रुपये की लागत वाली 2,042 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति भी बनाई है ताकि सफाई मित्रों को अच्छा मानदेय मिल सकें। बता दें कि सीएम योगी ने कहा कि, ₹सफाई मित्रों को सम्मानजनक मानदेय देने और उन्हें मान सम्मान मिले, इसके लिए राज्य स्तर पर एक बोर्ड गठित कर इसे आगे बढ़ाया जाएगा। खासकर सीवर की सफाई करने वालों को अतिरिक्त मानदेय की व्यवस्था के साथ-साथ सरकार उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगी।₹ मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पूरे देश में सबसे ज्यादा नगरीय निकायों वाला राज्य है। उन्होंने बताया, ह्यह्यप्रदेश में 762 नगर निकाय हैं, जहां करीब सात करोड़ की आबादी रहती है। सीएम योगी ने कहा कि, इन सभी के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए इज ऑफ लिविंग के तहत पिछले छह वर्षों में ऐतिहासिक काम किया गया है।







# ओबीसी आयोग की रिपोर्ट 4 दिन के अंदर वेबसाइट पर करें अपलोड

**लखनऊ।** हाई कोर्ट लखनऊ बेंच ने यूपी सरकार को चार दिन के अंदर ओबीसी आयोग की रिपोर्ट वेबसाइट पर अपलोड करने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट लखनऊ बेंच ने गुरुवार को सुनवाई करते हुए गुरुवार को ये आदेश यूपी सरकार को दिया है। लखीमपुर खीरी के रहने वाले विकास अग्रवाल ने निघासन नगर पंचायत चुनाव में आरक्षण को लेकर हाई कोर्ट में चुनौती देते हुए एक याचिका दाखिल की थी। इस पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी सरकार को 4 दिन के अंदर ओबीसी की रिपोर्ट वेबसाइट पर अपलोड करने के आदेश दिए हैं। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि ओबीसी कमीशन की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। बार-बार जिलाधिकारी कार्यालय में आवेदन किया गया, लेकिन इसकी कॉपी उन्हें नहीं दी गई है। वहीं, यूपी सरकार की ओर से पेश वकील ने दलील देते हुए कहा कि याचिकाकर्ता की ओर से रिपोर्ट की प्रति के लिए आवेदन नहीं किया गया था, इसलिए उन्हें इसकी कॉपी नहीं दी गई है। पिछले महीने यूपी सरकार ने नगर निकाय चुनाव को लेकर ओबीसी आयोग की रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया। इसके बाद सरकार ने आरक्षण लिस्ट जारी कर दी थी। इसमें 760 नगर निकायों सीट का आरक्षण जारी किया गया था।

**आदेश**

### हाई कोर्ट ने यूपी सरकार को दिया आदेश

### खीरी के रहने वाले युवक ने हाई कोर्ट में डाली थी याचिका

### युवक ने आरक्षण की कॉपी न देने की कोर्ट में दी थी दलील

बता दें कि पिछले साल नगर निकाय चुनाव दिसंबर में कराए जाने थे, लेकिन आरक्षण को लेकर मामला हाई कोर्ट पहुंच गया था। हाई कोर्ट ने बिना ओबीसी आरक्षण के तुरंत चुनाव कराने का आदेश दिया था। इस पर यूपी सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के जज की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय ओबीसी आयोग का गठन किया गया था। आयोग ने पिछले महीने ही सरकार को सर्वे रिपोर्ट सौंपी है। इसके बाद ही आरक्षण लिस्ट जारी की गई थी।

### रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति अनुमान घटाया

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष (2023-24) के लिए खुदरा मुद्रास्फीति का अनुमान को मामूली घटाकर 5.2 प्रतिशत कर दिया। हालांकि आरबीआई ने माना कि प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता बढ़ने से मुद्रास्फीति के मामले में भविष्य में जोखिम पैदा हो सकता है। फरवरी में हुई पिछली मौद्रिक समीक्षा में मुद्रास्फीति के 5.3 प्रतिशत पर रहने का अनुमान था। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक के नतीजों की घोषणा कर कहा कि तेल निर्यातक देशों के संगठन ओपेक के कच्चे तेल के उत्पादन को घटाने के फैसले से मुद्रास्फीति का परिदृश्य गतिशील बना हुआ है।

# कांग्रेस नेता एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी गुरुवार को केरल इखढ में शामिल हुए। अनिल एंटनी ने 2002 के गुजरात दंगों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर विवाद के बाद जनवरी में कांग्रेस छोड़ दी थी। नई दिल्ली में भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की उपस्थिति में अनिल ने भाजपा जॉइन की। केरल भाजपा अध्यक्ष के. सुरेंद्रन भी इस मौके पर मौजूद थे।



# कोरोना के 5335 नए केस

**नई दिल्ली।** देश में साढ़े 6 महीने बाद कोरोना के नए मामले 5 हजार से ज्यादा आए हैं। बुधवार को 5,335 नए मामले मिले, जबकि 13 लोगों की मौत हुई। इससे पहले 22 सितंबर को 5,383 मामले सामने आए थे। बुधवार को 2,826 लोग इस बीमारी से ठीक भी हुए। फिलहाल देश में 25,587 एक्टिव केस हैं। ये 9 अक्टूबर के बाद सबसे ज्यादा हैं। तब 25,488 लोगों का इलाज चल रहा था।

आईआईटी कानपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने कहा कि देश में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण से डरने की जरूरत नहीं है। यह सामान्य खांसी-जुकाम की तरह रहेगा। अभी बढ़ रहे कोरोना के आंकड़े सिर्फ संख्या हैं। इतनी बड़ी आबादी में 30 या 40 केस मिलना गंभीर बात नहीं है, लेकिन देश में मई से रोजाना 20 हजार तक केस आ सकते हैं। देश में बढ़ते कोरोना मामलों के बीच बुधवार को गवर्नमेंट इम्पावर्ड ग्रुप वन की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में कोविड मैनेजमेंट को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्षता डॉ. वीके पॉल ने की। सरकार ने मई 2020 में कोरोना वायरस से निपटने के लिए 6 इम्पावर्ड ग्रुप बनाए थे। इनमें सरकार के 50 से ज्यादा सीनियर अधिकारी शामिल थे। मई 2021 में इन ग्रुप्स की संख्या बढ़ाकर 10 कर दी गई थी। कोरोना के डेली केस में इजाफा तेज हो गया है। फिलहाल पॉजिटिविटी रेट 3.32% है। मार्च के 31 दिनों में कोरोना के 31,902 केस सामने आए थे। इसके मुकाबले अप्रैल के 5 दिनों में ही 20,273 नए केस मिल चुके हैं। ये मार्च के कुल नए केस का 63.5% है। अगर औसत देखें तो मार्च में रोजाना औसतन 1 हजार नए केस मिले थे, जबकि अप्रैल में रोजाना औसतन 4 हजार मामले आ रहे हैं।

**बढ़ा खतरा**

### 13 लोगों की मौत, आईआईटी कानपुर के सीनियर साइंटिस्ट बोले- मई से रोजाना आ सकते हैं 20 हजार केस

### कोविड मैनेजमेंट को लेकर केंद्र की मीटिंग, मार्च के मुकाबले अप्रैल में तेजी से बढ़ रहे केस



## भारत बना संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग का सदस्य

**नई दिल्ली।** भारत का डंका वैश्विक पटल पर बज रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे देश को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सांख्यकी आयोग के चुनाव में जीत हासिल कर ली है। भारत अब अगले 4 सालों तक संयुक्त राष्ट्र के इस संगठन में सदस्य रहेगा। भारत ने एशिया प्रशांत क्षेत्र के तहत चीन और दक्षिण कोरिया जैसे देशों को चुनाव में पराजित करते हुए संयुक्त राष्ट्र के समन्वय बोर्ड का भी सदस्य चुना गया है। एचआईवी का समन्वय बोर्ड दुनियाभर में इस खतरनाक बीमारी पर निगरानी और इसे मिटाने में मदद देता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत को अगले साल एक जनवरी से शुरू होने वाले 4 साल के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र के सर्वोच्च सांख्यिकीय निकाय के लिए चुना गया है। जयशंकर ने कहा कि सांख्यिकी, विविधता और जनसांख्यिकी के क्षेत्र में भारत की विशेषज्ञता ने इसे संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग में स्थान दिलाया है।

# हंगामे की भेंट चढ़ा बजट सत्र

**नई दिल्ली।** एक थिंक टैंक द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार दैनिक व्यवधान और बार-बार स्थगन के कारण संसद के बजट सत्र में निर्धारित समय से बहुत कम कामकाज हो सका। ज्यादातर समय हंगामे की भेंट चढ़ गया। इस बार विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष के सांसदों ने भी संसद में जमकर बवाल काटा। विपक्ष ने जहां अडाणी के मुद्दे पर हंगामा किया, वहीं सत्तारूढ़ सांसदों ने राहुल की मांफी की मांग को लेकर संसद की कार्यवाही को अवरुद्ध किया। यदि संसद एक दिन हंगामे की भेंट चढ़ जाए तो करोड़ों का नुकसान होता है। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च नामक थिंक टैंक के अनुसार, लोकसभा में 133.6 घंटे की निर्धारित अवधि के मुकाबले 45 घंटे से थोड़ा ही अधिक कामकाज हुआ, जबकि राज्यसभा में 130 घंटे की निर्धारित अवधि के मुकाबले 31 घंटे से थोड़ा ही अधिक कामकाज हुआ। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च ने कहा कि इसका अर्थ है कि लोकसभा में निर्धारित समय के 34.28 प्रतिशत समय में ही कामकाज हुआ वहीं राज्यसभा में 24 प्रतिशत समय में कामकाज हुआ। दोनों सदनों में व्यवधान का असर प्रश्नकाल पर भी पड़ा और पूरे बजट सत्र के दौरान लोकसभा में 4.32 घंटे ही प्रश्नकाल चला जबकि राज्यसभा में यह समय सिर्फ 1.85 घंटा रहा।

**काम प्रभावित**

### लोकसभा में सिर्फ 45 घंटे और राज्यसभा में 31 घंटे हुआ काम



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बजट सत्र के दौरान हुए कामकाज का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए लोकसभा में कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सदन में 13 घंटे 44 मिनट चर्चा चली जिसमें 143 सदस्यों ने भाग लिया। लोकसभा अध्यक्ष ने बताया कि बजट पर 14 घंटे और 45 मिनट चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान सदन में 8 विधेयक पेश किए गए और छह विधेयक पारित हुए। बिरला ने कहा कि सत्र के दौरान 29 तारंकित प्रश्नों के उत्तर दिए गए।

# यूपी में कई आईपीएस और पीपीएस के हुए तबादले

## वायरल वीडियो प्रकरण की रिपोर्ट दाखिल होने से पहले हटे एएसपी अनिरुद्ध सिंह

**लखनऊ।** डीजीपी मुख्यालय ने मेरठ में एएसपी ग्रामीण के पद पर तैनात आईपीएस अनिरुद्ध कुमार सिंह को हटा दिया है। उनको सीबीसीआईडी मुख्यालय भेजा गया है। साथ ही, वाराणसी में अपर पुलिस उपायुक्त उनकी पत्नी आरती सिंह का तबादला भी कानपुर पुलिस कमिश्नरेट कर दिया गया है। माना जा रहा है कि अनिरुद्ध सिंह के वायरल वीडियो प्रकरण की जांच के दृष्टिगत दोनों आईपीएस पति-पत्नी का तबादला किया गया है। वहीं कानपुर कमिश्नरेट में तैनात अंकिता शर्मा को वाराणसी में अपर पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। बृहस्पतिवार को तीन आईपीएस और 16 पीपीएस अफसरों के तबादले कर दिए गए।

**इधर से उधर**

### आठ एडिशनल एसपी का तबादला, आठ डिप्टी एसपी इधर से उधर

बताते चलें कि अनिरुद्ध सिंह का हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह वाराणसी में तैनाती के दौरान एक स्कूल संचालक से 20 लाख रुपये रिश्वत मांगते हुए नजर आ रहे थे। इस प्रकरण की जांच पूर्व कार्यवाहक डीजीपी डीएस चौहान ने वाराणसी के पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन को सौंपी थी। तत्पश्चात कमिश्नर ने डीआईजी संतोष कुमार सिंह को तीन दिन में जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश



अनिरुद्ध सिंह

दिए थे हालांकि करीब माह पूरा होने के बावजूद अभी जांच पूरी नहीं हो सकी है। डीजीपी आरके विश्वकर्मा ने अभी जांच रिपोर्ट नहीं मिलने की पुष्टि की है। डीजीपी मुख्यालय ने बृहस्पतिवार को 16 पीपीएस अफसरों का तबादला किया है जिनमें आठ एडिशनल एसपी और आठ डिप्टी एसपी शामिल हैं। अनिरुद्ध सिंह के स्थान पर बुलंदशहर के एएसपी क्राइम कमलेश बहादुर को मेरठ भेजा गया है। कमलेश बहादुर का पूर्व में 45वीं वाहिनी पीएसी, अलीगढ़ के लिए हुआ तबादला आदेश संशोधित किया गया है। एडीजी मेरठ जोन की स्टाफ अफसर एएसपी आलोक दुबे को मेरठ में छठवीं वाहिनी पीएसी का उप सेनानायक बनाया गया है। वहीं पीएसी मेरठ में तैनात अनिल कुमार-1 को एडीजी जोन मेरठ का स्टाफ अफसर बनाया गया है। विशेष डीजी कानून-व्यवस्था एवं अपराध प्रशांत कुमार के स्टाफ अफसर कृपाशंकर को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। उनके स्थान पर पावर कारपोरेशन में तैनात एएसपी पूर्णेंदु सिंह को विशेष डीजी का स्टाफ अफसर बनाया गया है। बिजनौर में तैनात एएसपी इंदु सिद्धार्थ को सतर्कता अधिष्ठान के मेरठ सेक्टर में तैनाती दी गयी है। महोबा में तैनात एएसपी राजेंद्र कुमार गौतम का एडीजी महिला एवं बाल सुरक्षा के स्टाफ अफसर के पद पर पूर्व में हुआ तबादला आदेश संशोधित कर अब उन्हें अयोध्या में एएसपी यातायात एवं प्रोटोकॉल बनाया गया है। डीजीपी मुख्यालय में एएसपी स्थापना के पद पर तैनात राहुल मिश्रा का अयोध्या के लिए पूर्व में हुआ तबादला आदेश निरस्त कर दिया गया है। वे एएसपी स्थापना के पद पर बने रहेंगे। इसके अलावा आठ डिप्टी एसपी भी इधर से उधर किए गए हैं। शिव प्रताप सिंह द्वितीय को अलीगढ़ से मेरठ भेजा गया है। लोकायुक्त संगठन में तैनात प्रयांक जैन को शाहजहांपुर में तैनात किया गया है। योगेंद्र सिंह-1 को भ्रष्टाचार निवारण संगठन से लोकायुक्त संगठन भेजा गया है। अंकित कुमार द्वितीय को सीबीसीआईडी से मुरादाबाद, राजेश कुमार तिवारी को बलिया से मुरादाबाद, एसएन वैभव पांडेय को 48वीं वाहिनी पीएसी सोनभद्र से बलिया, आलोक कुमार अग्रहरि को सीबीसीआईडी से झांसी और राजेंद्र कुमार सिंह द्वितीय को 32वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ से नागरिक उड्डयन (एयरपोर्ट सिक्योरिटी) के पद पर भेजा गया है।

# अब साल में दो बार होंगे कक्षा 12 के बोर्ड एग्जाम!

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी के सामाजिक विज्ञान के सिलेबस में हाल ही में कई बड़े बदलाव के बाद अब 10वीं और 12वीं के बोर्ड एग्जाम के पैटर्न में भी बदलाव हो सकते हैं। नई राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा तैयार करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त एक विशेषज्ञ पैनल 12वीं कक्षा के लिए साल में दो बार बोर्ड परीक्षा और सेमेस्टर प्रणाली की सिफारिश कर सकता है। छात्रों को साइंस और आर्ट्स को मिलाकर एक मिश्रित कोर्स बनाने की सिफारिश करने की संभावना है, ताकि स्कूल बोर्डों में कक्षा 11 और 12 में कला, वाणिज्य और विज्ञान को अलग करने वाली दीवार को मिटाया जा सके। इसरो के पूर्व अध्यक्ष के कस्तूरीरंगन के तहत 12 सदस्यीय संचालन समिति द्वारा तैयार की जा रही सिफारिशों को अपनाने के बाद कक्षा 9 और 10 की संरचना में भी एक बड़ा बदलाव होगा, जिसमें छात्रों को 8 पेपर पास करने होंगे। वर्तमान में सीबीएसई सहित अधिकांश बोर्डों के छात्रों को कक्षा 10 में कम से कम पांच विषयों को पास करना होता है। सूत्रों के अनुसार नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में सुझाए अनुसार सिस्टम धीरे-धीरे ऑन डिमांड परीक्षाओं की सुविधा की ओर बढ़ेगा।

**बदलाव**

### साइंस व आर्ट्स को मिलाकर बनेगा एक कोर्स, एनसीईआरटी पैनल ने केंद्र को दिया सुझाव

## संक्षेप

### बॉस्केटबॉल खेलते रेलकर्मी की हार्ट अटैक से मौत



**मंडुवाडीह।** बीएलडब्ल्यू में गुरुवार की सुबह बास्केटबॉल खेलते समय हार्टअटैक से एक कर्मचारी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अजय कुमार सिंह (40) पुत्र कमला पहलवान बास्केटबॉल के खिलाड़ी थे। बरेका में लोको असेम्बली शॉप में फिटर के पद पर कार्यरत थे। गुरुवार को बरेका इंटर कालेज ग्राउंड पर बास्केट बॉल की प्रैक्टिस करते समय अचानक गिरे और उनकी मृत्यु हो गई। डेड बॉडी बरेका के केंद्रीय चिकिसालय के मर्चरी में रखी गई है।

### कहासुनी के बाद दो पक्षों में मारपीट

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के राखी नेवादा गांव में बुधवार की रात मनबढ़ों ने दिव्यांग को मारपीट कर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार रमेश यादव दिव्यांग है और गांव के ही बनवासी बस्ती में मजदूर खोजने गया था। आरोप है कि यहां मौजूद शशिकांत यादव उर्फ मकालू से कुछ कहासुनी हुई। शशिकांत पक्ष के विजय कुमार यादव पूर्व प्रधान ,राजेंद्र यादव, ऋषि कांत यादव समेत अन्य ने उसे पीट दिया। इस बात की सूचना रमेश पक्ष के पक्ष वालों को हुई तो कुछ लोग पहुंचे और जमकर लाठी डंडा चला। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने धारा 323 ,504 ,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

### विश्व सुंदरी पुल से युवती गंगा में कूदी

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के इलाके में स्थित विश्व सुंदरी पुल के ऊपर से एक युवती ने गुरुवार को गंगा में छलांग लगा ली। युवती को गंगा में कूदते देखकर मछली पकड़ रहे मछुआरों ने तत्परता दिखायी और वहां पहुंचकर उसे बचाया। सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने युवती को ट्रामा सेंटर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत सामान्य बतायी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे रमना चौकी प्रभारी कुंवर अंशुमान सिंह ने बताया कि युवती के पिता ज्ञानचंद से हुई बातचीत में सामने आया कि वह मानसिक बीमार हैं जिसके चलते ऐसा कदम उठाया। अस्पताल पहुंचे परिजन युवती को लेकर अपने घर रामनगर मलहिया के लिए लौट गए।

### शव छोड़कर भागने वाले कार चालक के खिलाफ मुकदमा

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के बाबतपुर- मंगारी मार्ग पर सड़क दुर्घटना के बाद बाइक सवार को बाबतपुर के पास सड़क के किनारे मृत हालत में छोड़ कर भागने वाले के खिलाफ पुलिस में कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। बुधवार को अपराह्न में आल्टो कार सवार ने मंगारी के समीप इंद्रवार निवासी मुकेश पांडेय 36 वर्ष को टक्कर मारने के बाद हॉस्पिटल ले जाने के नाम पर मृत हालत में सड़क के किनारे छोड़कर भाग गया था। पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई एकांश पांडेय की तहरीर पर कार संख्या यूपी 65 एसी 1065 के कार चालक के खिलाफ 304 ए, 279 व 427 के तहत मुकदमा दर्ज किया।

### ज्ञानवापी के तीन मामलों की सुनवाई टली

**वाराणसी।** ज्ञानवापी पर तीन अलग-अलग मामलों को लेकर होने वाली सुनवाई को वाराणसी न्यायालय ने टाल दिया है। कोर्ट ने इन तीनों सुनवाई के लिए अगली तारीख दे दी है। पांच वादिनी महिलाओं का श्रृंगार गौरी के पूजन-स्तवन के मुकदमे पर सुनवाई होनी थी। मगर, अब सुनवाई की नई तारीख 18 अप्रैल दे दी गई है। वहीं, वादिनी साध्वी पूर्णांबा और देवी शरदंबा वाले ज्ञानवापी प्रकरण में सुनवाई की अगली तिथि 24 अप्रैल की गई है। ज्ञानवापी परिसर में प्रकट हुए कथित शिवलिंग और ज्ञानवापी परिसर का पुरातत्व सर्वेक्षण के मामले में हाईकोर्ट के 5 अप्रैल के आदेश को देखते हुए जिला जज ने 6 अप्रैल को ही सुनवाई करने की बात कही थी। इसके अलावा स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा कथित शिवलिंग के लिए पूजा और राग-भोग के लिए केस की सुनवाई टाल दी गई है। अब 19 अप्रैल को बहस की नई तारीख दी गई है।

### ननिहाल से गायब हुआ मासूम, अपहरण का मुकदमा दर्ज

**रोहनिया।** रोहनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बसन्तपट्टी गाँव अपने मामा के यहां रह रहा 13 साल का बच्चा आर्यन दो दिन पूर्व बिना किसी को बताये घर से गायब हो गया। खोजबीन कर परिजनों ने रोहनिया थाने में अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस छानबीन में जुट गयी है। जानकारी के मुताबिक रोहनिया थाना क्षेत्र के बसन्तपट्टी गांव अपने मामा राजनाथ के यहां बच्चा आर्यन पाँच महीने से रहता था। मंगलवार को सुबह ग्यारह बजे अचानक आर्यन घर से बगैर किसी को कुछ बताये कही चला गया काफी खोजबीन करने के बाद जब कही पता नहीं चला तो परिजन रोहनिया थाने पहुंचे और रपट दर्ज करायी। आर्यन मूल रूप से जनपद चंदौली के पैतुआ का रहने वाला है। पिता प्रभु नारायण सिंह,माता सहित घर व ननिहाल के लोग काफी चिंतित व परेशान है।

### हैंडपंपों के निकट बनवाएं सोकपिट

वाराणसी। गुरुवार को विकास भवन सभागार में 'कैच द रेन' के तहत वर्षा ऋतु के लिए तैयारी बैठक हुई। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने सभी विभागों के अधिकारियों को जनपद के प्रत्येक गांवों में स्थापित हैंडपंपों पर सोकपिट बनवाने के निर्देश दिये। साथ ही शिक्षा विभाग के अफसर को विद्यालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापित कराने को कहा।

### पोषण वाटिका की करें वैकल्पिक व्यवस्था

**काशी विद्यापीठ।** स्थानीय ब्लॉक के 31 परिषदीय विद्यालयों में पोषण वाटिका के लिए जमीन उपलब्ध न होने के कारण खंड विकास अधिकारी डॉ. रक्षिता सिंह ने गुरुवार को बैठक कर ग्राम सचिवों को वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिये। पंडितपुर, जफराबाद, अखरी, बनकट, खुशीपुर समेत 31 स्कूलों में पोषम वाटिका के लिए भूमि के अभाव की जानकारी पर उन्होंने गमलों या ग्राम पंचायत की खाली पड़ी जमीनों पर ग्राम प्रधान और प्रधानाध्यापक से तालमेल कर जल्द से जल्द वाटिका लगवाने पर बल दिया। ऐसी वाटिकाओं में सैजन, अमरूद आदि लगाने को कहा। ताकि बच्चों को भी उसका लाभ मिले। मीटिंग में अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर एडीओ राशिद अहमद, ओमकार, बिहारी सिंह कुशवाहा आदि भी उपस्थित रहे।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**वाराणसी।** पाण्डेयपुर पुलिस चौकी के सामने गली के अंदर मकान में आग लगी स्थानीय लोगों ने बुझाने की कोशिश की। इस बीच सूचना पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार पाण्डेयपुर पुलिस चौकी के सामने वाली गली के अंदर एक मकान में आग लगी थी। वजह शॉर्ट सर्किट बतायी गयी।

# फरार युवती के मामले में तीन पुलिसकर्मी निलंबित

## खोजबीन में जुटी हैं तीन टीमें अभी कुछ पता नहीं चला

**जनसंदेश न्यूज**



**पिंडरा।** फूलपुर थाना परिसर में पुलिस अभिरक्षा से फरार हुई युवती को लेकर गोमती जोन डीसीपी विक्रांत वीर ने कड़ी कार्रवाई करते हुए लापरवाही बरतने वाले तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। इस कार्रवाई से विभाग में खलबली मची है। 29 मार्च की रात में केराकत जौनपुर की युवती घर से नाराज होकर बाबतपुर एयपोर्ट पहुंच गई थी ।

जिसे सीआईएसएफ के जवानों ने बाबतपुर चौकी इंचार्ज को सौंप दिया। बाबतपुर चौकी इंचार्ज ने उसे फूलपुर थाने पर भेज दिया। उसके बाद उसी रात सूचना पर युवती के परिजन थाने पहुचे और उसे ले जाने को लेकर पुलिसकर्मियों से हाथ जोड़ गुहार लगाई लेकिन उसे परिजनों को नही सौंपा। इसके बाद वॉशरूम जाने के बहाने अलसुबह ही युवती पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गई। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने दबाव बनाकर गलत ढंग से तहरीर लेकर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर डीसीपी विक्रांत वीर ने दोषी एसआई शिवप्रकाश वर्मा, मुंशी दीपक कुमार व महिला आरक्षी प्रियंका को निलंबित कर दिया। वहीं दूसरी तरफ गायब युवती को ढूढ़ने के लिए थाने की तीन टीम के अलावा एसओजी के अलावा अन्य टीम लगी हुई है। इस बाबत थाना प्रभारी प्रवीन कुमार ने बताया कि पुलिस टीम युवती के तलाश में जुटी हुई है।

# दुष्कर्म के मामले में महिला को मिली जमानत

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** नाबालिग छोटी बहन को अपने पति के साथ जबरन संबन्ध बनवाने की आरोपी महिला को कोर्ट से जमानत मिल गयी। संबन्ध बनवाने और साजिश रचने के मामले में आरोपी महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट द्वितीय) अनुभव द्विवेदी की अदालत ने ककरमत्ता निवासिनी महिला नासरीन बेगम को एक-एक लाख रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव, मेराज फारूकी, बृजपाल सिंह यादव ने पक्ष रखा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादिनी मुकदमा ने 12 अप्रैल 2019 को मंडुआडीह थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। आरोप था कि उसकी बहन नसरीन बेगम की शादी अनवर अली नामक व्यक्ति के साथ हुई थी। अनवर अली एक फरेबी व धोखेबाज किस्म का व्यक्ति है। उसकी बहन नसरीन बेगम ने उसे करीब दो साल पहले बहला-फुसलाकर अपने पति अनवर अली के पास ले गयी। जिसके बाद अनवर अली ने प्रार्थिनी को जमीन खरीदने का झांसा देकर 8 फरवरी 2016 को अपने साथ कचहरी ले गया और वहां निकाहनामा तैयार करवाकर उस पर उसकी फोटो लगाकर जबरदस्ती हस्ताक्षर करवा लिया। जबकि वादिनी का कभी उसके साथ निकाह नहीं हुआ था। इसी दौरान वह उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करता था और विरोध करने पर मारता पीटता था। इस बीच उसे एक पुत्र भी पैदा हुआ। जिसके बाद अनवर अली और नसरीन बेगम ने वादिनी का सारा गहना व कीमती कपड़ा अपने पास रख लिया और उसे मारपीट कर घर से भगा दिए। इस मामले में मंडुआडीह पुलिस ने अनवर अली व नसरीन बेगम के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

**श्री काशी विश्वनाथ विशिष्ट क्षेत्र विकास परिषद, वाराणसी**
**(श्री काशी विश्वनाथ मंदिर)**

Lt.No.-07/SKVSADB/1-2/CEO-2023 Date

**E-Tender Notice**

Shri Kashi Vishwanath Special Area Development Board (SKVSADB) intends for Selection of Agency for curation, operations, and maintenance of app based Audio guide tour at Shri Kashi Vishwanath Dham. Request of proposal (RFP) document can be downloaded from UP e-tender https://etender.up.nic.in.

**Tender id : 2023_SKVSB_793418_1**

**Name of work :** Request for Proposal for Selection of Agency for curation, operations and maintenance of app based Audio guide tour at Shri Kashi Vishwanaqth Dham.

**Published date : 04.04.2023**

**End of uploading tender : 19.04.2023, 15:00 hrs**

**Date of Opening of Technical bid : 19.04.2023, 16:00 hrs**

Technical and financial bids can be submitted on e-tender website in stipulated time mentioned in the RFP document. For further queries please contact below ;

Email-ceoskvparishad@gmail.com

Chief Executive Officer

पत्रांक 07/श्रीक0वि0वि0क्षे0वि0प0/1-2/मु0का0अधि0-2023 दिनांक 05 .04 .2023

# समर सिंह के खिलाफ गैर जमानती वारंट

## पुलिस ने 82 की कार्रवाई के लिए कोर्ट में किया आवेदन

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** भोजपुरी अदाकारा आकांक्षा दुबे आत्महत्या में नामदज आरोपी समर सिंह के खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट लिया गया साथ ही 82 की कार्रवाई के लिए कोर्ट में आवेदन किया गया। इसके एक दिन पहले पुलिस ने आरोपी समर सिंह के खिलाफ0लुकआउट नोटिस जारी किया है। वहीं दूसरी तरफ समर सिंह ने अपने अधिवक्ता राजेश प्रताप सिंह के जरिए मुकदमा को इस आशय से रद्द कराने की अर्जी दी कि उसके खिलाफ दर्ज मुकदमा गलत तथ्यों के आधार पर है।

26 मार्च को सारनाथ स्थित एक होटल के कमरे में आकांक्षा दुबे मृत पड़ी मिली थीं। उनकी मां मधु दुबे की तहरीर पर 27 मार्च को सारनाथ थाने में भोजपुरी गायक समर सिंह और संजय सिंह के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था।

आत्महत्या के दिन से ही समर सिंह और संजय सिंह फरार हैं। दोनों का मोबाइल ऑफ है और पुलिस की आध दर्जन टीम लखनऊ, वाराणसी, आजमगढ़, मुंबई समेत अन्य उसके संभावित ठिकाने पर छापेमारी और दबिश दे रही है लेकिन उसका कोई सुराग हाथ नहीं लग रहा।

ऐसे में पुलिस ने कोर्ट से गैर जमानती वारंट लिया साथ ही 82 की कार्रवाई के लिए आवेदन किया। दूसरी तरफ गुरुवार को शासन और उच्च अधिकारियों को उसके खिलाफ इनाम की घोषणा के लिए पत्रावली भेजी है। पुलिस ने लुकआउट नोटिस की सूचना एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को भेजा है। इसके साथ देश भर के एयरपोर्ट प्रबंधन को भी अलर्ट किया गया है। यही नहीं प्रदेश के सभी थानों में भी नोटिस भेजा गया है।

# अवधेश राय हत्याकांड में बचाव पक्ष की अर्जी पर सुनवाई

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) अवनीश गौतम की अदालत में गुरुवार को अवधेश राय हत्याकांड में बचाव पक्ष की ओर से दाखिल अर्जी पर सुनवाई हुई। जिसपर कोर्ट ने दोनो पक्षों के सुनने के बाद आदेश के लिए दस अप्रैल की तिथि नियत की है।

कोर्ट में बचाव पक्ष की ओर वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी ने दलील दिया कि इस मामले के जांच सीबीसीआईडी को सौंपी गई थी। साथ ही मुकदमा वापस लेने का निर्णय भी लिया गया था। इसका प्रमाण पत्रावली पर उपलब्ध नहीं है। ये प्रमाण राकेश न्यायिक के खिलाफ इलाहाबाद जिला न्यायालय में लंबित पत्रावली पर उपलब्ध है। उक्त मूल पत्रावली को तलब किया जाना अति आवश्यक है तभी इस मुकदमे में विधिक के मानक के अनुसार सुनवाई होगी। इसका विरोध अभियोजन पक्ष की ओर एडीजी सी विनय सिंह ने किया। खा की इस तरह के अर्जी आरोपी को और से पूर्व में भी दिया गया था। जिस पर कोर्ट ने खारिज कर चुकी है। सिर्फ मुकदमे के विलंबित करने के लिए अर्जी दी गई है जो खारिज होने योग्य है। तीन अगस्त 1991 को लहुराबीर क्षेत्र में स्थित आवास के गेट पर ही दिनदहाड़े अवधेश राय पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी गई थी। अवधेश राय के भाई पूर्व विधायक अजय राय ने इस हमले को लेकर मुख्तार अंसारी, अब्दुल कलाम, भीम सिंह, कमलेश सिंह व राकेश न्यायिक समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

### दहेज प्रताड़ना में मुकदमा दर्ज

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के सीर गोवर्धनपुर निवासी महिला रूपाली श्रीवास्तव ने पति समेत अन्य के खिलाफ दहेज उत्पीड़न में मुकदमा दर्ज कराया। रूपाली की शादी दो साल पहले सुनारी कला संग्रामपुर माफी अमेठी निवासी व्यक्ति से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद पति देवर सास ससुर सहित सभी लगातार मायके से पैसा लाने का दबाव बना रहे थे। मांग नहीं पूरी होने पर लात घुसा से पिटाई करते थे।

# कोटे की दुकान को दो माह से मंजूरी का इंतजार

**जनसंदेश न्यूज**

**काशी विद्यापीठ।** स्थानीय विकास खंड के सुल्तानपुर गांव में दो माह पहले स्थापित सस्ते गल्ले की दुकान अबतक चालू नहीं किया गया है। इस बारे में गुरुवार को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मान सिंह ने बीडीओ डॉ. रक्षिता सिंह से शिकायत करते हुए कोटे की दुकान शुरु कराने की मांग की। मान सिंह के मुताबिक छह माह पहले गांव के कोटेदार प्रमोद ने स्वेच्छा से कोटा छोड़ दिया था। फलस्वरूप उस दुकान को भीटी गांव से संबद्ध कर चलाया जा रहा है।

इधर, करीब दो महीने पहले सुल्तानपुर में खुली बैठक कर गांव के ही स्वयं सहायता समूह को कोटे की दुकान आवंटित की गयी लेकिन उस दुकान को अबतक मंजूरी नहीं मिली है। इस कारण ग्रामीण परेशान हैं। इस पर खंड विकास अधिकारी ने डीएसओ को पत्र लिखने का भरोसा दिया।

# दुर्घटना में घायल महिला की मौत परिजनों ने किया चक्काजाम

**जनसंदेश न्यूज**

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के रामपुर ससुराल से पति अपनी पत्नी और बच्ची के साथ बाइक से घर लौट रहा था। बाइक पंचर होने के बाद तीनों पैदाल जा रहे थे इस बीच एक बाइक सवार आया और महिला को टक्कर मार दी। घटना में घायल महिला की मौत हो गयी। गुरुवार को सुबह परिजनों ने गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव को बीच सड़क रख चक्का जाम कर दिया। दो दिन पहले फत्तेपुर ताड़ी निवासी विनोद उर्फ बबलू रामपुर स्थित अपने ससुराल से पत्नी ममता (40) तथा पुत्री विधि (2)को मंगलवार की शाम बाइक से लौट रहा था। नथईपुर के पास बाइक पंचर हो गयी। ऐसे में विनोद आगे चल रहा था और ममता बच्ची को गोद में ली थी और पति के पीछे चल रही थी। इस दौरान तेज रफ्तार में बाइक सवार ममता को टक्कर मारते हुए निकला और कुछ दूरी पर जाकर वो भी गिर गया। हादसे में घायल बेट विधि को बाबतपुर स्थित एक निजी अस्पताल और माँ को बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया यहां इलाज के दौरान ममता की मौत हो गयी। चक्काजाम कर रहे लोगों को एसडीएम न्यायिक शिशिर व नायब तहसीलदार श्वेता सिंह पटेल व कार्यवाहक थाना प्रभारी विवेकानंद द्विवेदी समझाने और कार्रवाई का आश्वासन दिया और तब जाम समाप्त हुआ।



शव रखकर चक्काजाम करते लोग

**कार्यालय ग्राम पंचायत शंकरपुर, वि.ख. चिरईगांव, जिला-वाराणसी**

पत्रांक / 2022-23 दिनांक 06.04.2023

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में [illegible] ग्राम पंचायत [illegible] दिनांक 07.04.2023 से दिनांक 10.04.2023 तक [illegible] दिनांक 11.04.2023 को निविदा [illegible]

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | ईंट प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2. | सीमेन्ट | प्रति बोरी | |
| 3. | लाल बालू | प्रति घन. मी. | |
| 4. | मोरंग बालू | प्रति घन. मी. | |
| 5. | ईंट गिट्टी 40 मी.मी. व पत्थर गिट्टी 22.4 मी.मी. से 63 मी.मी. तक | प्रति घन. मी. | |
| 6. | सरिया, तार | प्रति कुन्तल | |
| 7. | ह्यूम पाईप (300 एम.एम., 350 एम.एम., 450 एम.एम. व 600, 900 एम.एम. न.पी.3) | प्रति मीटर | |
| 8. | टाइल्स (साइज के अनुसार) | प्रति पेटी | |
| 9. | हैण्डपम्प सम्बन्धित सामग्री | प्रति नग | |
| 10. | हैण्डपम्प रीबोरिंग एवं समरसेबुल पम्प सेट | प्रति नग | |
| 11. | स्ट्रीट लाइट एवं सोलर लाइट (साइज एवं वाट के अनुसार) | प्रति नग | |
| 12. | पी.वी.सी. पाईप एवं विद्युत सम्बन्धित सामग्री | प्रति नग | |
| 13. | इण्टरलॉकिंग ईंट 80 एम.एम. | प्रति नग | |
| 14. | साईन बोर्ड | प्रति नग | |
| 15. | आर0 ओ0 सम्बन्धित उपकरण | प्रति नग | |
| 16. | पेंट से सम्बन्धित सामग्री | प्रति लीटर | |
| 17. | स्वच्छता से सम्बन्धित सामग्री कूड़ा गाड़ी, बेलचा इत्यादि | प्रति नग | |
| 18. | अग्नि निरोधक यंत्र सम्बन्धित उपकरण | प्रति सेट | |
| 19. | शौचालय निर्माण सामग्री | प्रति सेट | |
| 20. | [illegible] | प्रति घन मी0 | |
| 21. | प्लास्टिक बैग | | |
| 22. | [illegible] | | |

**प्रतिबन्ध व शर्तें**- [illegible]

मुन्ना लाल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत शंकरपुर
वि.ख. चिरईगांव, वाराणसी

रवि सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत शंकरपुर
वि.ख. चिरईगांव, वाराणसी

# इलेक्शन कराने को जिला है तैयार

**बैठक**

### आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग मनोज कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये की समीक्षा

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज कुमार ने गुरुवार को आगामी निकाय चुनाव की तैयारियों के बारे में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। इस मौके पर उन्होंने जनपदों की की गयी तैयारियों का हाल भी लिया। इस अवसर पर कमिश्नरी परिसर स्थित जिला सूचना विज्ञान केंद्र यानि एनआईसी में डीएम एस. राजलिंगम, एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह आदि रहे।

मीटिंग में आयुक्त को बताया गया कि पोलिंग पार्टियां, सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि की तैनाती हो चुकी है। पहड़िया मंडी में मतगणना होगी। स्ट्रांग रूम्स तैयार हैं। कुछ ईवीएम में तकनीकी समस्या है। फर्स्ट लेवल चेकिंग यानि एफएलसी के दौरान कुछ ईवीएम त्रुटिपूर्ण पाए गये थे। आचार संहिता का पालन कराने समेत चुनाव खर्च पर निगरानी रखने वाली टीमों सहित अन्य टीमें भी गठित की जा चुकी हैं।




राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त को बताया गया कि जनपद में 662 बूथ सामान्य, 394 बूथ संवेदनशील, 211 बूथ अतिसंवेदनशील, 68 बूथ अतिसंवेदनशील प्लस के दायरे में हैं। लाइसेंसी शस्त्र की दुकानों का सत्यापन हो चुका है। पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल निर्धारित कर दिये गये हैं। चुनाव में पोलिंग पार्टियों के लिए लगभग 336 वाहनों की जरूरत होगी।

इसके अलावा 33 वाहन रिजर्व में रखे जाएंगे। जिले में 348 भारी वाहन, 932 मिनी बस और 775 छोड़ी गाड़ियां उपलब्ध हैं। मीटिंग में अन्य कई बिंदुओं पर भी समीक्षा की गयी।

## अधिसूचना जारी होने तक लेंगे दावा-आपत्तियां

राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से निकाय चुनाव की अधिसूचना किसी भी समय जारी हो सकती है। अधिसूचना जारी से पहले तक नगर निगम और गंगापुर नगर पंचायत की मतदाता सूची में पात्रों का नाम जोड़ने, संशोधन करने और नाम हटाने संबंधी आवेदन लिये जाएंगे। एडीएम प्रशासन एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी रणविजय सिंह ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि सभी जोन कार्यालयों, संबंधित अफसरों के दफ्तरों में दावा-आपत्तियां ली जाएंगी। आयोग ने इस बारे में निर्देश दिया है। अधिसूचना जारी होने से पहले तक प्राप्त दावा-आपत्तियों का नियमानुसार निस्तारण नामांकन की अंतिम तिथि तक करना होगा। दावा-आपत्तियां किसी भी एक व्यक्ति से बल्क में लेने पर प्रतिबंध रहेगा।

### डीसीपी आरती सिंह की जगह लेंगी अंकिता शर्मा

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में गुरुवार को तबादलों की लिस्ट जारी की गई। इन तबादलों में सबसे ज्यादा चर्चा मेरठ के एसपी देहात अनिरुद्ध सिंह और उनकी पत्नी वाराणसी कमिश्नरेट वरुणा जोन की डीसीपी आरती सिंह का रहा। वरुणा जोन की डीसीपी आरती सिंह का तबादला कानपुर कमिश्नरेट में किया गया। कानपुर कमिश्नरेट में डीसीपी अंकिता शर्मा को वाराणसी की कमान मिली है।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा नाम सचिन गुप्ता तथा हाईस्कूल के अंकपत्र में सचिन कुमार गुप्ता हो गया है। मेरा सही नाम सचिन गुप्ता है। मुझे आज से इसी नाम से जाना पहचाना जाए। सचिन गुप्ता पुत्र अमरनाथ गुप्ता ग्राम व पोस्ट-जमालापुर, जिला-जौनपुर।

# आईआईवीआर में सब्जी पौध उत्पादन इकाई का शिलान्यास

**वाराणसी।** जनपद के भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान यानि आईआईवीआर में गुरुवार को अत्याधुनिक सब्जी पौध उत्पादन इकाई का शिलान्यास किया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के उप महानिदेशक बागवानी डॉ. आनंद कुमार सिंह ने इसकी आधारशिला रखी। यहां प्रदेश सरकार के उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय की ओर से दो हाईटेक नर्सरी बनाने का प्रस्ताव है। इसके बन जाने के बाद किसानों को गुणवत्तापूर्ण रोगमुक्त सब्जियों के पौधे उपलब्ध कराएंगे। शिलान्यास कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के सहायक उप महानिदेशक डॉ. सुधाकर पांडेय, आईआईवीआर के निदेशक डॉ. तुषार कांति बेहेरा आदि की मुख्य उपस्थिति रही। उसके बाद डॉ. आनंद कुमार सिंह ने वाराणसी में प्रस्तावित जी-20 के तहत होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा समेत अन्य संबंधित तैयारियों की समीक्षा बैठक की।



**कार्यालय ग्राम पंचायत गौराकला, वि.ख. चिरईगांव, जिला-वाराणसी**

पत्रांक / 2022-23 दिनांक 06.04.2023

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में [illegible] ग्राम पंचायत [illegible] दिनांक 07.04.2023 से दिनांक 10.04.2023 तक [illegible] दिनांक 11.04.2023 को निविदा [illegible]

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | ईंट प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2. | सीमेन्ट | प्रति बोरी | |
| 3. | लाल बालू | प्रति घन. मी. | |
| 4. | मोरंग बालू | प्रति घन. मी. | |
| 5. | ईंट गिट्टी 40 मी.मी. व पत्थर गिट्टी 22.4 मी.मी. से 63 मी.मी. तक | प्रति घन. मी. | |
| 6. | सरिया, तार | प्रति कुन्तल | |
| 7. | ह्यूम पाईप (300 एम.एम., 350 एम.एम., 450 एम.एम. व 600, 900 एम.एम. न.पी.3) | प्रति मीटर | |
| 8. | टाइल्स (साइज के अनुसार) | प्रति पेटी | |
| 9. | हैण्डपम्प सम्बन्धित सामग्री | प्रति नग | |
| 10. | हैण्डपम्प रीबोरिंग एवं समरसेबुल पम्प सेट | प्रति नग | |
| 11. | स्ट्रीट लाइट एवं सोलर लाइट (साइज एवं वाट के अनुसार) | प्रति नग | |
| 12. | पी.वी.सी. पाईप एवं विद्युत सम्बन्धित सामग्री | प्रति नग | |
| 13. | इण्टरलॉकिंग ईंट 80 एम.एम. | प्रति नग | |
| 14. | साईन बोर्ड | प्रति नग | |
| 15. | आर0 ओ0 सम्बन्धित उपकरण | प्रति नग | |
| 16. | पेंट से सम्बन्धित सामग्री | प्रति लीटर | |
| 17. | स्वच्छता से सम्बन्धित सामग्री कूड़ा गाड़ी, बेलचा इत्यादि | प्रति नग | |
| 18. | अग्नि निरोधक यंत्र सम्बन्धित उपकरण | प्रति सेट | |
| 19. | शौचालय निर्माण सामग्री | प्रति सेट | |
| 20. | [illegible] | प्रति घन मी0 | |
| 21. | प्लास्टिक बैग | | |
| 22. | [illegible] | | |

**प्रतिबन्ध व शर्तें**- [illegible]

राजेश कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गौराकला
वि.ख. चिरईगांव, वाराणसी

रवि सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत गौराकला
वि.ख. चिरईगांव, वाराणसी



# वाराणसी मार्ग

# दुल्हन की तरह सज रही काशी

**जी-20 की तैयारी**

मेहमानों के स्वागत में जुटा प्रशासनिक अमला

कहीं सेल्फी प्वाइंट तो कहीं गमलों और ग्रीनरी से की जा रही सजावट

शहर के ज्यादातर चौराहों का बदला जा रहा स्वरूप

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जी-20 के तहत विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए काशी को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। इसके लिए प्रशासनिक अमला पूरे जोर शोर से जुटा है। कहीं सेल्फी प्वाइंट तो कहीं गमलों और ग्रीनरी से शहर में सजावट का कार्य जारी है। इसके अलावा मार्ग में पड़ने वाले भवनों और घाटों को एक रंग रूप में उतारने के लिए पेंटिंग का कार्य किया जा रहा है। साथ ही मार्गों में पड़ने वाले दीवारों पर काशी की सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ी कलाकृतियों को उकेरने का कार्य चल रहा है। इसी माह 17 और 18 अप्रैल को शहर के मिंट हाउस नदेसर स्थित ताज होटल में जी-20 की बैठक होनी है। जिसमें विदेशी मेहमान हिस्सा लेने काशी पहुंचेंगे। इसके लिए बाबतपुर अंतरर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से लेकर शहर में प्रवेश करने वाले मार्गों सहित पर्यटन, सांस्कृतिक व धार्मिक स्थलों पर सजावट का कार्य किया जा रहा है। जिसमें सारनाथ, काशी विश्वनाथ धाम, बाबा काल भैरव मंदिर के अलावा गंगा घाटों के साथ मार्गों पर पड़ने वाले भावनों व इमारतों को भी शामिल किया गया है। शहर के मुख्य मार्गों पर सजावटी पौधों से युक्त गमलों के साथ डिवाइडरों की भी पेंटिंग कराई जा रही है। इसमें नगर निगम, विकास प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी और कर्मचारी युद्ध स्तर पर लगे हैं। प्रतिदिन अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण और कार्य प्रगति का जायजा लिया जा रहा है। साथ ही बैठकें कर संबंधित कार्यों पर चर्चा भी की जा रही है। निगम शहर की साफ सफाई और ग्रीनरी पर जोर दे रहा है। जबकि वीडीए पेंटिंग आदि का कार्य कराने में जुटा है। वहीं पीडब्ल्यूडी की ओर से शहर भर में कुल 40 मार्गों पर सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है।



वरुणा पुल पर बना जी-20 सेल्फी प्वाइंट



गिलट बाजार तिराहे पर सजावट



सांस्कृतिक संकुल की दीवार पर चित्रित रामायण का दृश्य



### भवनों और घाटों को एक रंग में किया जा रहा सुसज्जित

शहर के भवनों और इमारतों सहित घाटों पर पेंटिंग का कार्य किया जा रहा है। जिसमें भवनों, इमारतों और घाटों को एकरूप में दिखने के लिए सामान रंगों का प्रयोग किया रहा है। इसके साथ ही भावनों की दीवारों पर भी सजावट का कार्य कराया जा रहा है। भोजूबीर चौराहे से शिवपुर बाईपास, अंधरापुल, कचहरी, चौकाघाट आदि मार्गों पर पड़ने वाले भवनों व आसपास की इमारतों पर रंगाई का कार्य किया जा रहा है।

### जी-20 में लगे बीएचयू और काशी विद्यापीठ के छात्र

जी-20 में बीएचयू के दृश्य कला संकाय और काशी विद्यापीठ के ललित कला विभाग सहित गीतांजलि क्रिएशन व अन्य निजी एजेंसियां शहर भर में दीवारों की पेंटिंग के कार्य के लिए लगाई गई हैं। इनमें लगभग 200 से ज्यादा पूर्व व वर्तमान छात्रों की टीम लगी है। जिनके द्वारा दीवारों की साज सज्जा का कार्य किया जा रहा है।

### काशी के 400 से ज्यादा मंदिरों की बढ़ी सुंदरता

जी-20 सम्मेलन से पूर्व काशी के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मंदिरों का भी कलेवर बदला नजर आ रहा है। प्रशासन की ओर से लगभग 400 से ज्यादा मंदिरों को सुंदर बनाने के लिए पेंटिंग व सजावट का कार्य कराया गया। इसमें अनुभवी आर्टिस्टों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिन्होंने मंदिरों के अनुसार संबंधित देवी और देवताओं से अनुसार मंदिर की दावरों पर कलाकृतियां उकेरी हैं।

### वॉल पेंटिंग में दिखाई गई राम कथा और महाभारत

चौकाघाट सांस्कृत संकुल की दीवारों पर रामायण और महाभारत को मिलाकर चित्र के माध्यम से पात्रों को उकेरा गया है। यहां चित्रों के माध्यम से दर्शकों को धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों से प्रेरित करने का प्रयास किया गया है। जबकि जिला मुख्यालय और वाराणसी सिटी स्टेशन के पास की दीवारों पर देश के महान नेताओं और महापुरुषों के चित्र उकेरे गए हैं। इसी प्रकार शहर भर में चित्रकला का प्रदर्शन कर काशी की सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाया गया है।

### जी-20 सेल्फी प्वाइंट से हुई सजावट

शहर में कई स्थानों व चौक-चौराहों को जी-20 सेल्फी प्वाइंट के रूप में सजाया गया है। जहां जी-20 के लोगों के साथ सुंदर ग्रीनरी लगाई गई है। इनमें वरुणा पुल पर आने जाने वाले मार्ग, गिलट बाजार, चौकाघाट सहित अन्य स्थानों पर सेल्फी जी-20 सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। इसके साथ ही यहां घांस के बने शेर और हिरण के भी स्टेच्यू लगाए गए हैं।

# जीआई टैगिंग से जुड़ी फसलों की बढ़ाएं पैदावार

**मीटिंग**

सीडीओ ने संबंधित विभागों को आसपास के जिलों के किसानों से संपर्क कर समूह बनाने पर दिया जोर

जनसंदेश न्यूज



मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने गुरुवार को जीआई टैगिंग से संबद्ध फसलों के बारे में बैठक की

**वाराणसी।** सीडीओ हिमांशु नागपाल ने गुरुवार को विकास भवन स्थित अपने कार्यालय में बैठक कर जीआई टैगिंग से जुड़े उत्पादों के बारे में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी और जिला कृषि अधिकारी को आस-पास के जिलों से समन्वय कर रामनगर के बैंगन, बनारसी पान का पत्ता, आदमचीनी चावल और बनारसी लंगड़ा आम के किसानों का समूह बनाने पर जोर देते हुए अधिक से अधिक संख्या में संबंधित फसलों की पैदावार को बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर पद्मश्री डॉ. रजनीकांत ने जीआई रजिस्ट्रेशन के तकनीकी पक्ष की जानकारी दी। उन्होंने बताया की सिर्फ 10के फॉर्म के जरिये यह पंजीकरण संभव है। 20-20 किसानों का समूह बनाकर उन्हें ह्यूमन वेलफेयर कार्यालय भेजें ताकि आवेदन का सत्यापन कर उससे पूर्ण कराते हुए रजिस्ट्रेशन के लिए चेन्नई भेजा जा सके। वहीं, मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सरकारी विभागों को आपस में तालमेल कर जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी और कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार विभाग समन्वय करने के निर्देश दिये। ताकि जीआई टैगिंग से जुड़े फसलों के किसानों को जोड़कर अधिक से अधिक क्षेत्रफल में फसलों की पैदावार करें। जिससे निर्यात के लिए बड़ा बाजार उपलब्ध हो सके। मीटिंग में सहायक कृषि विपणन अधिकारी डॉ. अमित यादव, मंडी सचिव देवेंद्र सिंह, नाबार्ड के एजीएम और चुनिंदा एफपीओ के सदस्य भी रहे।

### सावधान : थूकने के साथ पेशाब करने पर भी लग रहा जुर्माना

वाराणसी। काशी की गलियों और मार्गों पर अब थूकने के साथ इधर-उधर पेशाब करना लोगों पर भारी पड़ेगा। इसके लिए नगर निगम की ओर से पकड़े जाने पर 100 रुपये का जुर्माना किया जा रहा है। जी-20 सम्मेलन के मद्देनजर शहर भर में जहां सुंदरीकरण का कार्य किया जा रहा है। वहीं प्रशासन की ओर से गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया गया है। बता दें कि नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे अभियान के तहत अब इधर-उधर थूकने और पेशाब करने वालों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। मौके पर पहली बार पकड़े जाने वालों को 100 रुपये का जुर्माना कर हिदायत दी जा रही है। वहीं दूसरी बार पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई के साथ जुर्माने की राशि बढ़ाकर ली जाएगी। गुरुवार को शहर के कई इलाकों में दो दर्जन भर से ज्यादा लोगों पर जुर्माना किया गया। नगर निगम जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि जुर्माना नगर निगम स्वास्थ्य द्वारा तय कर वसूला जा रहा है।

## रस्साकशी, बैंडमिंटन व दौड़ में बालिकाओं ने दिखाया दमखम



**हरहुआ।** स्थानीय विकास खंड के अन्तर्गत शिवपुर परमानंदपुर स्थित विकास इंटरमीडिएट कालेज में विश्व खेल दिवस पर रस्साकशी, बैंडमिंटन व दौड़ में 800 बालिकाओं ने हिस्सा लिया। विश्व खेल दिवस के अवसर पर गुरुवार को विकास इंटरमीडिएट कालेज शिवपुर परमानंदपुर के खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा 6 से कक्षा 12 की छात्राओं ने भागीदारी की। कार्यक्रम संयोजक डा. एके सिंह, उपाध्यक्ष जिला ओलम्पिक संघ ने बताया कि खेलों के प्रति लोग अधिक से अधिक जागरुक हो इसके लिए वर्ष 2013 से संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 6 अप्रैल को विश्व खेल दिवस मानने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर कई खेल संघ के पदाधिकारी मौजूद थे। खेल स्पर्धा में अपने-अपने वर्ग में प्रथम रही छात्राओं में हर्षिता यादव, दिव्या पटेल, निधि, दीपवर्षा पटेल, संध्या राय, सुचिता चौहान, नंदनी वर्मा, मनीषा पटेल, प्रिया मौर्या, मुस्कान मौर्या, सौम्या प्रजापति, अंशिका यादव, खुशी यादव रहीं। संचालन उ.प्र. हाकी के उपाध्यक्ष केबी रावत ने किया।

### प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने की जी-20 सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा

# मिला है मौका बनारस को, करिए 'कैश'

**दिए निर्देश**

लोक निर्माण विभाग प्रत्येक सड़क व डिवाइडर की पेंटिंग कार्य में लाए तेजी

जगह-जगह रखे ट्रांसफॉर्मर स्थलों को दें सुंदर स्वरूप, बिजली की पोल से हटाए जाएं तार

जनसंदेश न्यूज



यूपी सरकार के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने गुरुवार को आयुक्त अनुश्रवण कक्ष में जी-20 की तैयारियों के बारे में समीक्षा बैठक की

**वाराणसी।** जनपद में जी-20 सम्मेलन को लेकर चल रही तैयारियों की खुशी जताते हुए प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अधिकारियों से बनारस शहर को मिले इस मौके को भुनाइये। ताकि आयोजन में शामिल होकर यहां से जाने के बाद विदेशी मेहमान इस नगर के बारे में चर्चा करें जिससे और लोग वाराणसी की ओर आकर्षित हों। शहरी क्षेत्र में पोल पर बचे तार हटवाएं। जगह-जगह रखे गए ट्रांसफॉर्मरों को भी सुंदर स्वरूप दें। सम्मेलन को देखते हुए मार्गों की की जा रही मरम्मत या निर्माण कार्य की गुणवत्ता उच्चस्तरीय हो।

आयुक्त अनुश्रवण कक्ष में गुरुवार को श्री मिश्रा आगामी दिनों में प्रस्तावित जी-20 सम्मेलन की तैयारियों के बारे में समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने लोनिवि को निर्देश दिया कि विभिन्न स्थलों पर करायी जा रही पेंटिंग लाइन बाई लाइन क्रमबद्ध ढंग से कराएं। सभी सड़कों, एवं डिवाइडरों की पेंटिंग में तेजी लाएं और पेंट किये जा चुके डिवाइडरों की धुलाई हो। बिजली तार, डिवाइडर, रेलिंग आदि के कार्यों में तेजी लायी जाय। विभिन्न स्थलों पर सेल्फी प्वॉइंट बनाएं।

मीटिंग में मुख्य सचिव वाराणसी के बारे में कॉफी टेबल बुक बनाने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि वह किताब सभी डेलिगेट को दें और पत्रिका भी डिजिटल रूप में बनवाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस का व्यवहार बहुत ही अच्छा और दोस्ताना होना चाहिए ताकि सभी को यूपी पुलिस पर गर्व हो। अग्निशमन दल को किसी भी आपात स्थिति के लिये पूरी तरह से तैयार रहे। सम्मेलन से पहले सभी तैयारियों की पूरी मॉकड्रिल कर लें।

इस अवसर पर नगर आयुक्त शीपू गिरी ने श्री मिश्रा को बताया कि जी-20 के लिए छह प्रमुख प्रस्तावित मार्गों के लिए दस विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इसके अलावा छह समितियां बनाकर कार्यों का विभाजन किया गया है। सेल्फी प्वॉइंट निमार्णाधीन हैं। बाबतपुर-हरहुआ-अतुलानंद चौराहे तक सुंदरीकरण संबंधी करीब 60% कार्य पूर्ण हैं। मीटिंग में पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन, मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, डीएम एस. राजलिंगम, सीडीओ हिमांशु नागपाल, नगर आयुक्त शिपू गिरी, वीडीए उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल समेत संबंधित अफसर रहे।

### 'वन स्कूल-वन कंट्री' भी खींचेगा ध्यान

जी-20 की तैयारी बैठक में सीडीओ हिमांशु नागपाल ने मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा को बताया कि विद्यार्थियों की मानव श्रृंखला की तैयारी हुई है। शिक्षण संस्थाओं में क्विज एवं लेखन आदि प्रतियोगिताएं जारी हैं। आगामी नौ अप्रैल को जी-20 साइक्लोथॉन का आयोजन होगा। 20 विद्यालयों को 'वन स्कूल-वन कंट्री' के तहत भी तैयार किया गया है ताकि संबंधित देश के गीत, संगीत और नृत्य आदि का प्रदर्शन हो। 28 अप्रैल को आम जनता के लिए भी क्विज प्रतियोगिता होगी।

### प्रस्तावित स्थलों का लिया जायजा



सूबे के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने जी-20 सम्मेलन को देखते हुए विभिन्न स्थलों का जायजा लिया

गुरुवार को जी-20 की तैयारियों से जुड़ी समीक्षा बैठक से पहले मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने सुबह संबंधित मार्गों और प्रस्तावित कार्यक्रम स्थलों का मौका-मुआयना किया। इसी क्रम में वह काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। वहां 'बाबा' के दरबार में मत्था टेकने के बाद गंगा से आने वाले मंदिर मार्ग सहित अन्य संबंधित स्थलों का निरीक्षण किया। वह काशी विश्वनाथ मंदिर से गोलगड्डा मार्ग देखते हुए कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां पर्यटक सूचना केंद्र, टैक्सी स्टैंड, कैफेटेरिया समेत अन्य सुविधाओं की जानकारी ली।

### मार्गों को बना रहे आकर्षक

मीटिंग में वीडीए उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल ने मुख्य सचिव को बताया कि भवन, फ्लाईओवर एवं मार्गों के दोनों ओर की बाउंड्रीवॉल पर फसाड, थीम पेंटिंग, टीएफसी के निकट मार्ग मरम्मत करायी जा रही है। डीएम प्रोटोकॉल बच्चू सिंह ने बताया कि होटलों में सुरक्षा इंतजाम किये गये हैं। संपर्क अधिकारियों की ट्रेनिंग हो चुकी है। सीएमओ ने विभागीय तैयारियों की जानकारी दी। पुलिस विभाग ने चिह्नित स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था और एयरपोर्ट अथॉरिटी ने हवाईअड्डे पर की गयी तैयारियां बतायीं।

## दिलीप पटेल को क्षेत्रीय अध्यक्ष बनने पर डॉ. अशोक राय ने दी बधाई



**वाराणसी।** भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय पर लक्ष्मी हास्पिटल के प्रबंध निदेशक व भाजपा काशी क्षेत्र के चिकित्सा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक डा. अशोक राय ने नवनियुक्त क्षेत्र अध्यक्ष भाजपा काशी क्षेत्र दिलीप सिंह पटेल को अंगवस्त्रम व स्मृति चिह्न देकर स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर डा. अमर अनुपम, डा. मनोज श्रीवास्तव, अखिलेश सिंह शाडिल्य, गोविंद नारायण राय, अजय पटेल समेत सैकड़ों लोगों ने बधाई दी।












# शहर में ट्रैफिक जाम के लिए जिम्मेदार हजारों ई-रिक्शा

जनसंदेश न्यूज

**मीटिंग**

शहर की समस्याओं से जुड़ी बैठक में सीपी ने मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा से कहा- परिवहन विभाग है फेल

मिली नसीहत : एक-दूसरे पर आरोप लगाने के बजाय मिल-जुलकर करना होगा काम, ताकि व्यवस्था हो दुरुस्त



शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरुवार को सूबे के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने बैठक की

**वाराणसी।** पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन ने सूबे के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा को बताया है कि वाराणसी शहर में लगभग 12 हजार ई-रिक्शा संचालित हैं। नगर में ट्रैफिक जाम की प्रमुख समस्या ई-रिक्शा से हो रही है। कारण, यह ई-रिक्शा परिवहन विभाग के नियंत्रण से बाहर हैं। इस समस्या के निबटने व स्थायी सुधार के लिए प्रस्ताव बनाए गये हैं। वहीं, श्री मिश्रा ने नसीहत दी है कि बनारस शहर को अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार बनाने में सभी पूरा सहयोग दें। ताकि यहां आने वाले अच्छी यादें लेकर लौटें। सीनियर अफसर स्वयं मौके पर जाकर कार्यों की मॉनीटरिंग करें। एक-दूसरे पर आरोप लगाने के बजाय हम सभी को मिल-जुलकर काम करना होगा जिससे एक सतत व्यवस्था का विकास संभव हो।

आयुक्त अनुश्रवण कक्ष में गुरुवार को श्री मिश्रा शहर की कुछ समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। ताकि जल्द समाधान हो और जनता को शीघ्र उसका लाभ मिले। उन्होंने टूरिस्ट व तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए हवाईअड्डा, बस स्टेशन समेत घाट आदि प्रमुख स्थलों पर सूचना काउंटर खोलने को कहा। साथ ही बहुभाषी गाइड तैयार करने का सुझाव दिया।

उन्होंने 'काशी' नाम से ऐप बनाने, सभी शौचालयों की जानकारी गूगल पर अपलोड करने औप इसके लिए क्यूआर कोड बनाने की सलाह दी। ताकि एक जगह से पूरी जानकारी मिल सके। इस मौके पर उन्हें बताया गया कि शहर संबंधी वेबसाइट मई के अंत तक बनकर तैयार हो जाएगा। मुख्य सचिव ने उसे भी क्यूआर कोड से जोड़ने को कहा। उन्होंने कूड़ा निस्तारण के लिए चंडीगढ़ मॉडल अपनाने को कहा। श्री मिश्र ने साफ-सफाई पर सख्ती कर जुर्माना लगाने की सलाह दी। गंगा में जाने वाले नाले व प्लास्टिक को पूरी तरह रोकने, जाली लगाने और जैविक उपचार पर बल दिया। श्री मिश्रा ने घाटों पर गंदगी व कूड़ा निस्तारण की ऐसी व्यवस्था बनाने को कहा जो लोगों को आकर्षित करे। उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण में बनारस की रैंक सुधारने के लिए और प्रयास की जरूरत बतायी। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी उन्होंने आवश्यक निर्देश दिये। आरंभ में डीएम एस. राजलिंगम ने शहर से जुड़ी समस्याओं की जानकारी दी।







# गंगापुर नगर पालिका परिषद क्षेत्र में पेयजल पुनर्गठन का होगा कार्य

**कार्यक्रम आयोजित**

### मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर काशी को दी 45 परियोजनायें

### चार पार्कों का सौंदर्यीकरण और एक स्थान पर इंटरलाकिंग का भी होगा कार्य



**वाराणसी।** नगर विकास विभाग उप्र शासन द्वारा लखनऊ में गुरुवार को आयोजित एक विशाल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बटन दबाकर 8754 करोड़ रुपये की धनराशि से प्रदेश के अन्य सभी नगरों में कराये जाने वाले कुल 2042 कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम का पूरे प्रदेश में वर्चुअल माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया।

नगर निगम वाराणसी के सभागार में भी प्रोजेक्टर के माध्यम से इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कराया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र, दयालू भी पूरे समय इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के द्वारा किये गये लोकार्पण शिलान्यास में 45 परियोजनायें वाराणसी को भी मिली, जिसमें अमृत-2 योजना अंतर्गत गंगापुर नगर पालिका परिषद क्षेत्र के लिए 892.15 लाख रुपये से पेयजल पुर्नगठन का कार्य होगा। साथ ही नगर क्षेत्र के लिए 'मुख्यमंत्री सृजन योजना' अंतर्गत पांच कार्यों का चयन किया गया है। जिसकी लागत 147.40 लाख रुपये है, इस धनराशि से चार पार्कों का सौंदर्यीकरण और एक स्थान पर इंटरलाकिंग का कार्य कराया जायेगा। साथ ही 'मुख्यमंत्री अल्प विकसित मलीन बस्ती योजना' के अंतर्गत कुल 39 कार्यों का शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत 1066.01 लाख रुपये है, जिसमें इंटरलाकिंग एवं सड़क निर्माण का कार्य कराया जायेगा।

## शिक्षा की लौ को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

**चांदमारी।** हरहुआ विकास खंड के दांदूपुर प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने गुरुवार को रैली निकालकर स्कूल चलो अभियान के लिए लोगों को जागरूक किया।

"पढ़ लो स्कूलों में हक से, सरकारी स्कूलों में पढ़ाई और लिखाई भोजन फल दूध अलग से" के गगनभेदी जागरूकता नारों के साथ स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग रोकथाम के लिए जन जागरण रैली संपन्न हुई। नुक्कड़ नाटक टीम, बैंड पार्टी टीम तथा विभिन्न नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे बच्चों द्वारा जागरूकता संबंधी नारे लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। इस दौरान निशुल्क पुस्तक वितरण व विद्यालय में स्थापित निपुण बैंक से नवप्रवेशी प्रथम 50 छात्रों को मुफ्त स्टेशनरी के संकल्प के साथ कुल 15 नवप्रवेशियों में स्टेशनरी का वितरण किया गया।

स्वागत व धन्यवाद राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित प्रधानाध्यापक शैलेंद्र विक्रम सिंह ने किया। कार्यक्रम में डॉ. आरआर शर्मा (पूर्व संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य, उप्र), प्रधानाचार्य डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, राजीव यादव (पूर्व मुख्य महा प्रबंधक, दूर संचार), डॉ. सत्येंद्र प्रताप सिंह प्रवक्ताओं के साथ बच्चे व अभिभावक शामिल रहे।

# वीडीए ने अवैध निर्माण व प्लाटिंग को कराया ध्वस्त



**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) प्रवर्तन टीम द्वारा गुरुवार को अवैध निर्माण एवं अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। वार्ड नगवां, थाना-रोहनिया अंतर्गत ज्वाला केशरी द्वारा मौजा-कुरहुआ, वार्ड-नगवां, में अनाधिकृत रूप से निर्माण कराया गया था। जिस पर विभाग द्वारा पूर्व में नोटिस जारी कर निर्माण कार्य बंद करने को आदेशित किया गया था।

निर्माणकर्ता द्वारा नियत अवधि में अवैध निर्माण ध्वस्त न करने पर गुरुवार को प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम तथा संबंधित थाना-रोहनियां द्वारा उपलब्ध करायी गयी पुलिस बल की के सहयोग से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। इस दौरान जोनल अधिकारी चंद्रभानु, अवर अभियंता जेपी गुप्ता, अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तिकरण की कार्यवाही हुई। वहीं नगवां वार्ड के अंतर्गत विनय कुमार, प्रभाकर कुमार व विशाल कुमार कालोनाइजर द्वारा मौजा-नोवां, कुरहुआ के समीप, बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग 10 बीघा एवं विनय कुमार, प्रभाकर कुमार व विशाल कुमार (कालोनाइजर द्वारा मौजा-अखरी में बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग पांच बीघा अवैध प्लाटिंग विकसित की गयी थी। अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की गयी। इस दौरान अनु-सचिव देवचंद्र राम, जोनल अधिकारी चंद्रभानु, अवर अभियंता जेपी गुप्ता मौजूद रहे।

## संक्षेप

### निगम ने हटाए 1791 अवैध विज्ञापन, लगाया 48 लाख का जुर्माना

**वाराणसी।** जी-20 सम्मेलन को देखते हुए नगर आयुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार के नेतृत्व में फरवरी व मार्च में शहर में विभिन्न संस्थाओं के द्वारा लगाये गये अवैध विज्ञापनों को हटाए जाने की कार्रवाई की जा रही है। जिसमें होर्डिंग, बैनर, पोस्टर को हटाने के लिये बड़ी कार्यवाही की गयी। कार्रवाई में कुल 1791 अवैध विज्ञापनों को हटाया गया, जिसके लिए संबंधित कंपनियों पर 48.27 लाख जुर्माने का नोटिस जारी किया गया, जिसे वसूले जाने की कार्यवाही प्रगति पर है।

### एमए (संग्रहालय विज्ञान) की अर्हता में संशोधन

**वाराणसी।** बीएचयू के कुलसचिव (शिक्षण) कार्यालय की तरफ से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, एमए (संग्रहालय विज्ञान) में प्रवेश के लिए अर्हता शर्त में संशोधन किया गया है। पूर्व में तय अर्हता, जो एमए (इतिहास/प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृत व पुरातत्व/इतिहास/संस्कृति) में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक थी, को संशोधित कर अब कला व मानविकी अथवा सामाजिक विज्ञान में स्नातक में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक कर दिया गया है।

### डॉ. ध्यानी को मिला अतिरिक्त प्रभार

**वाराणसी।** बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने उप कुलसचिव डॉ. एसपी ध्यानी को चयन एवं आकलन प्रकोष्ठ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। बताते चलें कि चयन एवं आकलन प्रकोष्ठ की संयुक्त सचिव डॉ. सुनीता चंद्रा के केन्द्रीय तिब्बती उच्च शिक्षा संस्थान-सारनाथ में प्रतिनियुक्ति के चलते यह पद रिक्त चल रहा था। कुलपति ने संयुक्त कुलसचिव (सामान्य प्रशासन) डॉ. नंद लाल को कार्यकारी परिषद प्रकोष्ठ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी हो गया है।

### लो-वोल्टेज व ट्रिपिंग से जूझ रहे ग्रामीण

**पिंडरा।** पारेषण उपकेंद्र गजोखर से पिंडरा वितरण उपकेंद्र तक बिछायी गयी 33 केवी के तार एवं 40 पोल बीते दिनों आई तेज आंधी व चक्रवात में उखड़ गये थे। लिहाजा, हरहुआ (सहमलपुर) उपकेंद्र से पिंडरा उपकेंद्र से जुड़े गांवों को बिजली दी जा रही है। लेकिन ओवरलोड के चलते ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या से इन गांवों के ग्रामीण जूझ रहे हैं। एसडीओ पिंडरा संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि क्षतिग्रस्त 40 पोल व तार के बाबत इस्टीमेट बनाकर भेजा गया है, लेकिन अभी तक स्वीकृति नही मिली है।

# दो दर्जन स्कूलों में निकली जनजागरूकता रैली



**पिंडरा।** पिंडरा विकास खंड में गुरुवार को शासन के निर्देश पर विभिन्न विद्यालयों द्वारा स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग अभियान के तहत रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया।

अभियान के तहत बच्चों को स्कूलों में नामांकन कराने तथा शासन से मिलने वाली सुविधाओं के बाबत जागरूक किया गया। क्षेत्र के अजईपुर में ग्राम प्रधान उदयभान द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय बाबतपुर, चकदुल्ला, थानारामपुर, सुरही, कंपोजिट विद्यालय रतनपुर, करखियांव, मंगारी, बरवां, रामनगर, सिंधोरा समेत अन्य विद्यालयो में रैली निकाली गई। वहीं प्राथमिक विद्यालय जमापुर में संचारी रोग के नियंत्रण पर रैली निकाली गई।

इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सचिन कटारा, डॉ. राजीव गौतम, आशा संगिनी रीना गौतम, आशा उषा देवी, शिक्षक अरविंद वर्मा, सरिता वर्मा, तेजबहादुर पटेल आगनवाड़ी कार्यकर्ती रीता देवी , सहायिका निर्मला देवी आदि उपस्थित रही।

## मानकों पर संचालित करें लॉन, नहीं तो होगी कार्रवाई

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) के विकास क्षेत्र अंतर्गत संचालित लॉन संचालकों से अनिवार्य अपेक्षा है कि वे अग्निशमन विभाग, विद्युत विभाग, नगर निगम, जलकल इत्यादि विभाग की सुसंगत अनापत्ति प्रमाण पत्र नियमानुसार प्राप्त करने के उपरांत ही लॉन का संचालन करें।

महायोजना 2031 में वीडीए के विकास क्षेत्र के अंतर्गत 24 मीटर या उससे अधिक चौड़ाई के प्रस्तावित मार्ग पर स्थित मैरिज लॉन जिनके भूखंड का न्यूनतम क्षेत्रफल 1500 वर्ग मीटर है का भू-उपयोग अनुकूल रहने पर संबंधित विभाग अग्निशमन, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, पुरातत्व, जलकल आदि की अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2008 और संशोधित-2018 के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत मानचित्र स्वीकृत किया जा सकता है। शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात का अधिक दबाव रहता है। अतः पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य मानकों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य है। इन मार्गों से संलग्न लॉन संचालकों द्वारा भी अब तक शमन मानचित्र स्वीकृतार्थ प्राधिकरण में दाखिल नहीं किया गया है।

# पांडुलिपियों के संरक्षण से भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रसार होगा : दुर्गा शंकर मिश्र

**दिये निर्देश**

### संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय का उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव ने किया निरीक्षण



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में गुरुवार को पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उचित सलाह और निर्देश भी दिये।

मुख्य सचिव के साथ उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा के अपर मुख्य सचिव सुधीर एम बोबड़े एवं कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी, मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा एवं अन्य अधिकारी मौजूर रहे। मुख्य सचिव ने सरस्वती भवन पुस्तकालय में रखे दुर्लभ पांडुलिपियों को देखकर एक पांडुलिपि का सूक्ष्म निरीक्षण और अध्ययन किया, इस दौरान उन्होंने कहा कि दुर्लभ पांडुलिपि के संरक्षण से कई पीढ़ियां लाभान्वित होंगी और भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रसार होगा। इसके अलावा उन्होंने शताब्दी भवन, दलाई लामा कक्ष, वाग्देवि मंदिर, महिला एवं विदेशी छात्रावास, श्रमण विद्या संकाय, बहुसंकाय भवन आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये।

इस दौरान प्रो. सच्चिदानंद जोशी, पुलिस उपायुक्त डॉ. रामसेवक गौतम, प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी, प्रो. दिनेश गर्ग, अभियंता ई रामविजय, केशलाल आदि उपस्थित थे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत धरवारा, वि0ख0 जहानागंज, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 12.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 13.04.2023 समय सुबह 10:00 बजे।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 06.04.2023

**(रामधनी)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. धरवारा, वि.खं. जहानागंज
आजमगढ

**(यशोवर्धन सिंह)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. धरवारा, वि.खं. जहानागंज
आजमगढ़


# धूमधाम से मना भाजपा का स्थापना दिवस

**आयोजन**

### बूथों पर झंडोत्तोलन के पश्चात कार्यकर्ताओं ने सुना पीएम का उद्बोधन



भाजपा के स्थापना दिवस पर बूथ संख्या 137 पर पार्टी का ध्वज फहराते राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र

**वाराणसी।** भाजपा का स्थापना दिवस गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। वाराणसी समेत काशी क्षेत्र के 16 संगठनात्मक जिलों के 30286 बूथों पर पार्टी का ध्वज फहराया गया। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को सुना। मिष्ठान वितरित कर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया गया।

महानगर अध्यक्ष ने उत्तरी विधानसभा के बूथ संख्या 263 (गुलाब बाग), राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने दक्षिणी विधानसभा के बूथ संख्या 137, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने दक्षिणी विधानसभा के बूथ संख्या 279 (कालभैरव शक्ति केंद्र), एमएलसी अशोक धवन ने कैंट विधानसभा के बूथ संख्या 91 (पाणिनी कन्या वेद विद्यालय, महमूरगंज) और क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया ने रोहनिया स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर पार्टी का ध्वज फहराया। जबकि कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय पर पीएम मोदी का उद्बोधन सुना।

राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के स्थापना दिवस पर पीएम मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के बाबत हम सबका मार्गदर्शन किया। पीएम की बात सुनकर कार्यकर्ताओं के मन जो उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। निश्चित ही 2024 के चुनाव में पीएम के संकल्प को साकार करेगा।

पीएम का उद्बोधन सुनने वालों में प्रदेश मंत्री शंकर गिरी, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, जगदीश त्रिपाठी, नवीन कपूर, साधना वेदांती, संतोष सोलापुरकर, उदय प्रताप सिंह, श्रीप्रकाश शुक्ला, जयप्रकाश, राजकुमार, गौरव राठी, आकाश सेठ, अरुण पांडेय आदि शामिल थे।

# निगम ने ठेलों के साथ दो गाड़ी सामान किया जब्त



**वाराणसी।** नगर निगम की ओर से गुरुवार को शहर के कई इलाकों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसमें सर्किट हाउस से नदेसर तक सघन अभियान चलाते हुए पूरे इलाके में सड़क और पटरी पर अवैध रूप से मार्ग अवरुद्ध कर वेंडिंग कर रहे वेंडरों को हटवाकर उक्त स्थान को खली करवाया गया, नदेसर शीतला माता के मंदिर के दक्षिणी और पूर्वी दीवार के साथ गुमटियों को ध्वस्त करा दिया गया।

अभियान के दौरान लावारिस हालत में रखे हुए कुछ ठेले व कुल दो गाड़ी सामान जब्त किया गया। इसी क्रम में मुख्य सचिव के दौरे को देखते हुए सिर्किट हाउस से पुलिस लाइन, सारनाथ, चौकाघाट, लहुराबीर, मैदागिन, विश्वेशवगंज, गोलगड्डा तिराहा, जीटी रोड, चौकाघाट, अंधरापुल से कैंट रेलवे स्टेशन और मैदागिन से बाबा विश्वनाथ धाम तक अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान अतिक्रमण करने वालों पर कुल 2,100 रुपये का जुर्माना किया गया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बेलाकोल, वि0ख0 जहानागंज, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 12.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 13.04.2023 समय सुबह 10:00 बजे।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 06.04.2023

**(कलावती देवी)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. बेलाकोल, वि.खं. जहानागंज
आजमगढ

**(निकेश सिंह)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. बेलाकोल, वि.खं. जहानागंज
आजमगढ़


# दुर्व्यवहार से क्षुब्ध आशा कार्यकर्त्रियों का धरना

**आंदोलन**

### मिसिरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया प्रदर्शन

### प्रभारी चिकित्सक एवं बाबू के खिलाफ दिखी नाराजगी



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिसिरपुर के समक्ष प्रदर्शन करतीं आशा कार्यकत्रियां

**रोहनिया।** मिसिरपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आशा कार्यकत्रियों ने प्रभारी चिकित्सक डॉ. आरबी सिंह एवं बाबू दीपक पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए गुरुवार को केंद्र के बाहर प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। आंदोलनकारियों में प्रभारी चिकित्सक व बाबू के खिलाफ गहरी नाराजगी नजर आयी।

आशा कार्यकत्रियों का आरोप है कि संचारी रोग की रोकथाम के लिए घर-घर जागरुकता अभियान चलाने का निर्णय हुआ। जागरुकता के लिए बनाए गए फॉर्मेट का फोटो स्टेट कराने जब वे लोग बाबू दीपक के पास गयी तो उन्होंने भगा दिया।

प्रभारी चिकित्सक ने उनकी शिकायत नहीं सुनी और डपट कर भगा दिया। इससे क्षुब्ध आशा कार्यकत्रियां केंद्र के बाहर हंगामा की और धरना दिया। आरोप लगाया कि मानदेय समय से नहीं मिलता। जन्म प्रमाण-पत्र के लिए सुविधा शुल्क की मांग की जाती है। दो-तीन महीने बाद भी जन्म प्रमाण-पत्र नहीं मिलता, जिससे क्षेत्र में लोगों की नाराजगी झेलनी पड़ती है। आरोप लगाया कि डिलीवरी के दौरान बीपीएम मीना चौरसिया दो हजार रुपये वसूलती है। अंततः सहायक चिकित्सक के समझाने पर कार्यकत्रियों ने आंदोलन समाप्त किया। इस बाबत डॉ. आरबी सिंह का कहना था कि सभी आशा कार्यकत्रियां हल्ला करते हुए बात कर रही थी। मैंने कहा, इस लहजे में बात मत करो। अपनी बात आराम से रखो। धरना-प्रदर्शन में शकीला, साहनी, लालमणि, लक्ष्मी, चंद्रावती, अनवरी, सुमन, सुनीता, चंदा, नीतू परवीन, माधुरी वर्मा आदि शामिल थीं।


**कार्यालय ग्राम पंचायत-शाहपुर शमसेर खाँ, वि0 ख0-मनिहारी, गाजीपुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौदहवां राज्य वित्त/पंद्रहवां राज्य वित्त/पंचायत भवन निर्माण/मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्र योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 10.04.2023 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 5.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 11.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्य के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी व द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 03 | मोरंग बालू , मोटा बालू, बोल्डर | प्रति घनमी0 | |
| 04 | महीन बालू , लोकल बालू | प्रति घनमी0 | |
| 05 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम0एम0 से 53 एम0एम0 | प्रति घनमी0 | |
| 06 | ईंट गिट्टी | 20-40 एम0एम0 | |
| 07 | सरिया 2एम0एम0, 3 एम0एम0, 4 एम0एम0 | प्रति कुन्तल | |
| 08 | ह्यूम पाईप 350एम0, कट स्टोन, स्टोन चौका, पटिया | प्रति नग | |
| 09 | ह्यूम पाईप 600, 900एम0एम0, पी0वी0सी0 पाईप | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाईट व स्ट्रीट लाईट | प्रति घनमी0 | |
| 11 | सबमर्सिबल पम्प 1 एच0पी0 | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन/केबल तार वायरिंग | | |
| 13 | कन्स्ट्रक्शन ज्वाइण्ट, सफाई कीट | | |
| 14 | पालीथीन, जाली, फर्निचार | प्रति मी0 | |
| 15 | साईन बोर्ड, गेट लोहा, इंटरलाकिंग, सीमेंट ईंट, एल्युमिनियम दरवाजा | प्रति नग | |
| 16 | टाईल्स शौचालय सेट, कोटा स्टोन | प्रति नग | |
| 17 | हैण्ड पम्प सामग्री व रिबोर | प्रति नग | |
| 18 | कोविड 19 के सामान व उपकरण की आपूर्ति | प्रति नग | |
| 19 | अन्य आवश्यक सामग्री | | |

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-**

सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेगे सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री आपूर्ति ग्राम प्रधान ग्राम पांचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। अथवा नहीं आपूर्ति वाणिज्यकर्ता एवं आयकर कार्यालय मे पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुति दर पी0डब्लू0डी0 की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रूपये 110 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चायत ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत व वाणिज्य कर 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान-प्रेमचन्द यादव**
**ग्राम पंचायत-शाहपुर शमसेर खाँ**
**वि0ख0-मनिहारी, गाजीपुर**

**ग्रा0वि0अ0/सचिव-श्रवण कुमार**
**ग्राम पंचायत-शाहपुर शमसेर खाँ**
**वि0ख0-मनिहारी, गाजीपुर**



**कार्यालय ग्राम पंचायत-बभनौली, वि0 ख0-मनिहारी, गाजीपुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौदहवां राज्य वित्त/पंद्रहवां राज्य वित्त/पंचायत भवन निर्माण/मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्र योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 10.04.2023 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 5.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 11.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्य के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी व द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 03 | मोरंग बालू , मोटा बालू, बोल्डर | प्रति घनमी0 | |
| 04 | महीन बालू , लोकल बालू | प्रति घनमी0 | |
| 05 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम0एम0 से 53 एम0एम0 | प्रति घनमी0 | |
| 06 | ईंट गिट्टी | 20-40 एम0एम0 | |
| 07 | सरिया 2एम0एम0, 3 एम0एम0, 4 एम0एम0 | प्रति कुन्तल | |
| 08 | ह्यूम पाईप 350एम0, कट स्टोन, स्टोन चौका, पटिया | प्रति नग | |
| 09 | ह्यूम पाईप 600, 900एम0एम0, पी0वी0सी0 पाईप | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाईट व स्ट्रीट लाईट | प्रति घनमी0 | |
| 11 | सबमर्सिबल पम्प 1 एच0पी0 | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन/केबल तार वायरिंग | | |
| 13 | कन्स्ट्रक्शन ज्वाइण्ट, सफाई कीट | | |
| 14 | पालीथीन, जाली, फर्निचार | प्रति मी0 | |
| 15 | साईन बोर्ड, गेट लोहा, इंटरलाकिंग, सीमेंट ईंट, एल्युमिनियम दरवाजा | प्रति नग | |
| 16 | टाईल्स शौचालय सेट, कोटा स्टोन | प्रति नग | |
| 17 | हैण्ड पम्प सामग्री व रिबोर | प्रति नग | |
| 18 | कोविड 19 के सामान व उपकरण की आपूर्ति | प्रति नग | |
| 19 | अन्य आवश्यक सामग्री | | |

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-**

सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेगे सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री आपूर्ति ग्राम प्रधान ग्राम पांचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। अथवा नहीं आपूर्ति वाणिज्यकर्ता एवं आयकर कार्यालय मे पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुति दर पी0डब्लू0डी0 की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रूपये 110 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चायत ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत व वाणिज्य कर 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान-देवन्ती देवी**
**ग्राम पंचायत-बभनौली**
**वि0ख0-मनिहारी, गाजीपुर**

**ग्रा0वि0अ0/सचिव-श्रवण कुमार**
**ग्राम पंचायत-बभनौली**
**वि0ख0-मनिहारी, गाजीपुर**

# गरीबों को मुख्यधारा से जोड़ रही सरकार: अनिल राजभर


भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर


मंत्री अनिल राजभर को चित्र भेंट करते भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू

**आयोजन**

### मंत्री ने किया गांव-गांव चलो-घर-घर चलो अभियान की शुरूआत

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** टाउन हाल के बापू भवन में भाजपा का गुरुवार को धूमधाम के साथ 44वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान गांव-गांव चलो-घर-घर चलो अभियान की शुरूआत कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने किया। श्री राजभर ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव एवं घर-घर तक ले जाने की जरूरत है। जो कार्य मोदी-योगी सरकार में हुए है, उतना कार्य अब तक किसी की सरकार में नहीं हुआ है। उत्तर प्रदेश में सरकार 15 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन दे रही है।

विपक्ष पर हमला बोलते हुए मंत्री श्री राजभर ने कहा कि सपा सरकार में दलितों का उत्पीड़न हुआ। सपा एवं बसपा सरकार में अपने परिवार के लोगों का पेट भरने का काम किया गया। कहा कि सरकार गरीबों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। इसके पूर्व कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, देवेंद्र यादव, संजय मिश्र, सुनीता श्रीवास्तव, बब्बन सिंह रघुवंशी, सुरेन्द्र सिंह, अनूप चौबे, देवव्रत दूबे, पूर्व विधायक गोरख पासवान, संजीव कुमार डंपू, धर्मेन्द्र सिंह, नकुल चौबे, राजेश गुप्त, रोशन जायसवाल, घनश्याम दास जौहरी, निवर्तमान चेयरमैन अजय कुमार समाजसेवी, संध्या पांडेय, श्यामजी रौनियार, अश्वनि सिंह लिटिल, रजनीकांत सिंह, मंजय सिंह, प्रदीप वर्मा, आलोक शुक्ल, प्रमिला गुप्ता आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता जयप्रकाश साहू तथा संचालन प्रदीप सिंह ने किया।

### धूमधाम से मना भाजपा का स्थापना दिवस

**नगरा।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने बेल्थरारोड विधानसभा के नगरा मण्डल में नगर पंचायत के बूथों पर पार्टी का ध्वजारोहण कर प्रधानमंत्री के भाषण का लाइव प्रसारण देखा। भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कैलाश बिहारी सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के बल पर देश के विकास में अहम भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत का परचम लहरा रहा है। नगर पंचायत कार्यालय पर जितेन्द्र सैनी, विजय यादव, अम्बिकेश कन्नौजिया आदि की उपस्थिति में रविश कुमार शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री के भाषण का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस मौके पर ओमप्रकाश वर्मा, शिवजी पटेल, पिन्टू प्रजापति, त्रिलोकी गुप्ता, रविन्द्र प्रजापति, दरोगा वर्मा, शैलेन्द्र प्रजापति आदि मौजूद रहे।


नगरा में पीएम नरेन्द्र मोदी का लाइव प्रसारण देखते भाजपा कार्यकर्ता

## कई एसडीएम के कार्य क्षेत्र में किया गया बदलाव

**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बुधवार की देर रात जिले के कई एसडीएम के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इस क्रम में उपजिलाधिकारी न्यायिक बैरिया सदानंद सरोज को अब एसडीएम रसड़ा का कमान सौंपा गया है, जबकि यहां एसडीएम रहे सर्वेश यादव को अब सिकंदरपुर तहसील में एसडीएम न्यायिक बनाया गया है। इसके अलावा सीमा पांडेय को सिकंदरपुर से बेल्थरारोड, अनवर राशिद फारूकी को बेल्थरारोड से बैरिया का एसडीएम बनाया गया है। गुरुवार को रसड़ा तहसील पहुंचकर नवागत एसडीएम सदानंद सरोज ने कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शासन के मंशानुरूप एवं जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में जो कार्य होने हैं, वह किया जाएगा। मेरी पहली प्राथमिकता तहसील रसड़ा को जो भी समस्या होगी, उसको प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। श्री सरोज ने कहा कि मैं चाहूंगा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। लोगों से अपील किया कि सभी धर्मों के लोग आपस में मिलजुल कर रहें, तभी शांति व्यवस्था बनी रहेगी। पुरानी रंजिश हो तो आपस में बैठकर या हमारे द्वारा या पुलिस द्वारा हल कराया जाएगा, लेकिन विवाद कतई पसंद नहीं है।

## संक्षेप

### मंदिर में होता रहा भजन कीर्तन



**बलिया।** चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को श्री हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव प्राचीन सिद्धपीठ हनुमान मंदिर गुरुद्वारा रोड बलिया में संकीर्तन, हनुमान चालीसा का पाठ, सुंदरकांड का पाठ एवं पूरे दिन भजन कीर्तन के साथ मनाया गया। भजन कीर्तन के पश्चात शाम सात बजे महाआरती हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा हनुमान मंदिर समिति के पुजारी बृजेश कुमार पांडेय की देखरेख में हुई।

### भाजपा के स्थापना दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम



**बांसडीह।** भाजपा के स्थापना दिवस पर बांसडीह मंडल द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें अस्पताल में फल वितरण से लेकर पार्टी के ध्वजारोहण के साथ ही बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभिभाषण को सुनाया गया। भाजपा बांसडीह मण्डल के अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा के नेतृत्व में मण्डल के बूथ नम्बर 217 पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां पर सर्वप्रथम झंडारोहण के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभिभाषण को सुना। उसके उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डा. वेंकटेश महुआर की उपस्थिति में मरीजों में फल वितरण किया गया। प्रतुल कुमार ओझा ने कहा कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम के बल पर भाजपा विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल के रूप में स्थापित है। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के नारे के संकल्प के साथ कार्य हो रहा है। इस अवसर पर मुनजी गोंड, तेजबहादुर रावत, रविंद्र मिश्रा, अखिलेश सिंह, अरुण पांडेय, राजेश प्रजापति, शशि तिवारी, शुभभ गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### डीपीआरओ ने तीन कर्मियों को किया निलंबित

**बलिया।** बांसडीह ब्लाक में पूर्व ब्लाक प्रमुख के खिलाफ हुई शिकायत की जांच के बाद दो दिन पहले 15.77 लाख के गबन का मुकदमा पूर्व प्रमुख समेत तीन लोगों पर दर्ज कराया गया था। डीपीआरओ ने बुधवार की देर शाम गबन के आरोपी तीन कर्मियों को निलंबित कर दिया। बता दें कि बांसडीह ब्लाक में शासकीय धन का गलत तरीके से आहरित करने पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सहित फर्म सप्लायर के विरुद्ध सोमवार की शाम सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा स्थानीय कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस को दी गयी तहरीर में सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी श्रवन कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि क्षेत्र पंचायत बांसडीह में गलत तरीके से 15 लाख 77 हजार पांच सौ रुपए का गबन 2017 से 2021 के बीच तत्कालीन ब्लाक प्रमुख सुशील कुमार सिंह एवं सप्लायर फर्म के मालिक रंजय कुमार सिंह ने किया है। गबन की जांच जिला विकास अधिकारी एवं सहायक अभियंता जिला ग्राम विकास अभिकरण बलिया द्वारा किया गया था। अब डीपीआरओ यतेंद्र सिंह ने कार्यों के प्रभारी ग्राम पंचायत अधिकारी विजय शंकर, ग्राम विकास अधिकारी सौरभ गुप्ता व ग्राम पंचायत अधिकारी चंद्रशेखर भारती को बुधवार की देर शाम निलंबित कर दिया। चंद्रशेखर भारती को विकास खंड मनियर से सम्बद्ध करते हुए इसकी जांच मनियर ब्लाक के एडीओ को दी गई है।

### आठ लाख का सामान गायब, मुकदमा दर्ज

**बलिया।** शहर से करीब आठ लाख रुपये का सामान लेकर निकला चालक डीसीएम ट्रक को लावारिस हाल में खड़ा कर फरार हो गया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि ड्राइवर ने सभी सामान को बाजार में बेच दिया है। कारोबारी की तहरीर पर मंगलवार की रात कोतवाली पुलिस ने चालक के साथ ही दो अन्य अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार रेवती थाना क्षेत्र के रामपुर दिघार निवासी राजन कुमार केशरी ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने लिखा है कि बलिया शहर के गुदरी बाजार में टाफी-चाकलेट व नमकीन आदि का व्यवसाय करता हूं। कारोबारी का कहना है कि 22 मार्च को करीब आठ लाख रुपये का टाफी-चाकलेट आदि लादकर डीसीएम संजय बिस्कुट स्टोर मतवरगंज, आजमगढ़ के लिए भेजा गया। ट्रक का निर्धारित किराया चालक शकील अहमद को दे दिया गया। व्यापारी का कहना है कि ट्रक पर दो अज्ञात लोग भी थे। तीनों लोग माल लेकर 22 मार्च की रात यहां से निकले, लेकिन 24 मार्च की शाम तक ट्रक मतबरगंज, आजमगढ़ नहीं पहुंचा। इसका चालक शकील अहमद पुत्र रहमत अली जौनपुर के जपतापुर का रहने वाला है। ड्राइवर व उसके साथ मौजूद अन्य दो लोगों ने सामान गायब कर ट्रक को जौनपुर में किसी स्थान पर खड़ी कर फरार हो गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार मंगलवार की रात डीसीएम ट्रक चालक शकील व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल की जा रही है।

### लोक जनशक्ति पार्टी की बैठक संपन्न

**बलिया।** लोक जनशक्ति पार्टी के तत्वावधान में प्रेमचक बहेरी उर्फ उमरगंज में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष सलामुद्दीन के आवास पर बैठक हुई। इसमें महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष आरती सिंह की देखरेख में बीनी पांडेय को विधानसभा सदर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर आरती सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाये और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी का सदस्य बनाएं। झूलन अंसारी ने कहा कि देशी शराब को लेकर राजेंद्र नगर में महिलाओं ने प्रदर्शन किया। वहां पर शराब की दुकानें नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर उमेश पासवान, लखन रावत, इमरान, संजय आदि मौजूद रहे।

### आग से 20 बीघा गेहूं की फसल राख

**बलिया।** नरहीं थाना क्षेत्र के पिपरा कलां गांव के सिवान में खेत में खड़ी फसलों में आग लगने से करीब 20 बीघा से अधिक फसल जल कर राख हो गई। इस भीषण अग्निकांड में डेढ़ दर्जन से अधिक किसानों का लाखों का नुकसान हो गया। बुधवार को दोपहर में पिपरा कलां गांव के बाहर सिवान में मुन्ना सिंह धर्मराज के गेहूं के खेत से आग की लपटें उठनी शुरू हुई और तेज पछुआ हवा ने आग में घी का काम किया। इसके बाद आग तेजी से फैलने लगा। बड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। अगलगी में पिपरा कलां गांव के किसान विश्वनाथ सिंह, दिनेश सिंह, विनोद सिंह, सुदर्शन, हरिशंकर सिंह, भीम सिंह, संजय सिंह, सुनील सिंह अजय सिंह, मायाशंकर सिंह, दीपराज देवी, जयप्रकाश सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह, धीरज सिंह सहित डेढ़ दर्जन से अधिक किसानों की गेहूं एवं मसूर की खेत में रखी फसल जल कर राख हो गया।

### हत्यारोपी को आजीवन कारावास एवं जुर्माना

**बलिया।** अपर सत्र न्यायाधीश हुसैन अहमद अंसारी की अदालत ने बुधवार को सुखपुरा थाना क्षेत्र में वर्ष 2016 में हुए अखिलेश हत्याकांड में सुनवाई करते हुए अभियुक्त धीरज सिंह उर्फ मुनमुन सिंह पुत्र स्व.रजवंत सिंह निवासी सुखपुरा के विरुद्ध आरोप सिद्ध पाया। आरोपी को आजीवन कारावास एवं 30 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्तकारावास की सजा सुनायी गयी है। वादी मुकदमा अनिरुद्ध सिंह पुत्र स्व.सतन सिंह निवासी सुखपुरा ने एफआईआर दर्ज कराया था कि उनके पुत्र अखिलेश सिंह (35) यतीनाथ स्थान में चैता मुकाबले को देखने गया था। मुकदमे की रंजिश की वजह से धीरज सिंह उर्फ मुनमुन सिंह पुत्र स्व.रजवंत सिंह ने 14 अप्रैल 2016 को अखिलेश के सिर में कट्टे से गोली मार दी। अखिलेश सिंह को लेकर जिला अस्पताल बलिया गए, जहां पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। दौरान के विवेचना विवेचक ने अभियुक्त के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। इस मामले में अभियोजन के तरफ से प्रस्तुत समस्त साक्ष्यों का सम्यक परिशीलन करने और अभियोजन के तरफ से विनोद कुमार भारद्वाज सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद अभियुक्त धीरज सिंह उर्फ मुनमुन सिंह के खिलाफ दोष साबित पाया। अभियुक्त को आजीवन कारावास एवं 30 हजार के अर्थदंड से दंडित किया।

### पीड़िता के पिता को पुलिस ने खदेड़ा

बलिया। सुखपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में लड़की के साथ एक युवक द्वारा छेड़खानी की गई। लड़की के परिजनों ने इसकी शिकायत युवक के पिता से किया तो वह गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए खदेड़ दिए। इसकी शिकायत जब पीड़िता के पिता ने थाने पर दिया तो प्रभारी निरीक्षक ने गाली देकर उसको खदेड़ दिया। पीड़िता के पिता की मानें तो उक्त युवक बार-बार उसके लड़की को छेड़ता है। उससे मोबाइल पर अनर्गल बातें भी करता है। इसके पूर्व भी वह ऐसे घटना को अंजाम दे चुका है। लेकिन गांव के लोगो द्वारा दबाव बना कर समझौता करा दिया गया। तीन अप्रैल को भी उक्त युवक ने मेरी बड़ी व छोटी बेटी को देखकर उल्टा सीधा हरकत करने लगा। इसकी शिकायत थाने पर उसी दिन किया गया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को उसी रात हिरासत में ले भी लिया गया। लेकिन कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। कुछ पुलिस कर्मियों द्वारा मेरे ही उपर दबाव बनाया जाने लगा कि तुम गलत कर रहे हैं। पांच अप्रैल को मैं अपनी पीड़ित बेटी के साथ थाने पर गया तो उल्टे प्रभारी निरीक्षक हमें गाली देकर खदेड़ दिए। पुलिस अधीक्षक से इस मामले में जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

# नवागत एसडीएम ने ग्रहण किया कार्यभार

**बेल्थरारोड।** जिलाधिकारी के आदेश के बाद बेल्थरारोड में सीमा पांडेय ने नए उपजिलाधिकारी का कार्यभार गुरुवार की प्रातः ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के तुरंत बाद हुए वे बीसी में भाग लेने बलिया के लिए रवाना हो गईं।

शाम को लौटने के बाद सबसे पहले स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारियों के बारे में संबंधित बाबू, स्थानीय निकाय प्रभारी एवं नायब तहसीलदार दीपक सिंह से आवश्यक जानकारियां प्राप्त की। आंशिक रूप से विभागीय कार्यों की भी समीक्षा की। नगर पंचायत बेल्थरारोड के वार्ड नंबर 6 तथा 13 के मतदान केंद्र के बाबत सुरक्षा की दृष्टि से आई समस्या को निपटाने की हेतु निरीक्षण करने की बात कही। उन्होंने चेंबर में पहुंचे अधिवक्ताओं से भी कामकाज के समय को लेकर भी चर्चा की। कहा कि निर्धारित समय में यदि हर कार्य होगा तो आपस का संबंध मधुर बना रहेगा। नवागत उपजिलाधिकारी ने राजस्व वसूली के बड़े बकायेदारों से की गई वसूली की भी समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम जनता की सुनवाई के लिए प्रातः 9:00 से 11:00 दिन तक अपने चेंबर में समस्याओं के निवारण हेतु सुनवाई करेगी। विशेष परिस्थितियों में मुझसे कभी भी समय मिला जा सकता है।

**जिम्मेदारी**

### निकाय चुनाव की तैयारियों के बारे में ली जानकारी


निकाय चुनाव की तैयारी के बाबत जानकारी प्राप्त करती नवागत एसडीएम सीमा पांडेय

# धूमधाम से मनायी गई हनुमान जयंती


हनुमान जी की पूजा करता पुजारी


हनुमान जयंती पर लोगों को शर्बत पिलाता युवक

**आस्था**

### संकट मोचन मंदिर पर विशाल भंडारे का किया गया आयोजन

**बलिया।** नगर के सभी हनुमान मंदिरों में गुरुवार को धूमधाम के साथ हनुमान जयंती मनायी गई। टीडी कालेज चौराहा स्थित संकट मोचन मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें पांच हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। यहां विगत तीन दिनों से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

इसी क्रम में गुरूद्वारा रोड स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया था। यहां दर्शन-पूजन के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी द्वारा श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। वहीं, हनुमानगढ़ी मंदिर में सबसे अधिक भीड़ देखी गई। यहां लोग तुलसी की माला, पीपल के पत्ते की माला, गुड़हल की माला, लड्डू, चना आदि लेकर पहुंचे थे। हनुमान जी की आरती में भी भीड़ लगी रही। नगर के मिड्ढ़ी, रोडवेज, आवास विकास कालोनी, कदम चौराहा, भृगु मंदिर, महावीर घाट, बहादुरपुर, चंद्रशेखर नगर सहित अन्य जगहों पर हनुमान जयंती धूमधाम से मनायी गई।

### हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन को उमड़ी भीड़

**रतसर।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित हनुमान मन्दिर जनऊपुर में रामभक्त पवनपुत्र हनुमान जी का जन्मोत्सव गुरुवार को पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया था। हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर में अलसुबह से ही भक्तों का तांता लग गया। मंदिर में आरती के बाद पूजा अर्चना का क्रम शुरु हुआ। भक्तों ने मंदिर पहुंचकर हनुमान जी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की व भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया। साथ ही मंदिर पर भजन-कीर्तन, सुन्दरकांड व हनुमान चालीसा के पाठ किए गए। वहीं, शाम को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जो देर रात तक चला। पं. राकेश पाण्डेय एवं पुजारी उमेश पाण्डेय ने विधि-विधान से पूजा अर्चना की। दोपहर बाद प्रवचन में पं. परमहंस पाण्डेय ने हनुमान जी की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि आधुनिक समय के सबसे जागृत, सिद्ध, चमत्कार घटित करने वाले एवं अपने भक्तों के दुःखों को हरने वाले भगवान हनुमान हैं। उनका चरित्र अतुलित पराक्रम, ज्ञान और शक्ति के बाद भी अहंकार से विहीन था। सबसे बड़ी बात यह है कि असंभव लगने वाले कार्यों में भी जब हनुमान जी ने विजय प्राप्त की, तब भी उन्होंने प्रत्येक सफलता का श्रेय अपने स्वामी को समर्पित कर दिया। इस अवसर पर प्रेमचन्द पाण्डेय, कुबेर नाथ, श्रीनिवास पाण्डेय, ओम प्रकाश पाण्डेय, मानिक चन्द गुप्ता आदि मौजूद रहे।


जनऊपुर में हनुमान जयंती पर सजा मंदिर

# खान-पान व आहार-विहार पर दें विशेष ध्यान : सतीश उपाध्याय

**कार्यक्रम**

### स्वास्थ्य परिचर्चा में छात्राओं को दिया आवश्यक टिप्स

जनसंदेश न्यूज

**दुबहर।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर शहीद मंगल पांडेय राजकीय महिला महाविद्यालय नगवां के सभाकक्ष में गुरुवार को स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डा. सतीश कुमार उपाध्याय ने उपस्थित छात्राओं को अपने खान-पान और आहार-विहार को सही रखने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि सारे रोग और समस्याओं का जड़ हमारे खान-पान और आहार-विहार पर निर्भर है। स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के लिए हमें पर्याप्त नींद भी लेनी होगी। हमें मोबाइल का प्रयोग कम करना होगा। देर रात तक जगना भी शरीर के लिए नुकसानदायक है। योग प्रशिक्षक अभिषेक कुमार पांडेय ने कहा कि शरीर को रोग मुक्त तथा तनाव मुक्त रखने के लिए रोज योगा एवं प्राणायाम करने की जरूरत है, जिससे कई रोगों से छुटकारा मिल सकता है। उन्होंने छात्राओं को कुछ छोटे-छोटे टिप्स भी दिए। प्राचार्य अमित कुमार सिंह ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्थापना की आवश्यकता विषय पर विस्तार से छात्राओं को बताया। इस अवसर पर डा. जयप्रकाश सिंह, डा. इसरार खान, डा. शिवेन्द्र नाथ दुबे, डा. रजनीकांत तिवारी, डा. धनंजय सिंह, डा. विवेक सिंह, डा. चंडी पांडे, डा. हसीन अहमद, डा. रोहित गुप्ता, डा. दीपक कुमार झा आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता प्राचार्य अमित कुमार सिंह एवं संचालन डॉ. रजनीकांत तिवारी ने किया। अंत में सभी आगंतुकों का आभार डॉ. विवेक सिंह ने प्रकट किया।


दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते लोग

## सड़क हादसे में घायल शिक्षामित्र की मौत

**बलिया।** शिक्षा क्षेत्र चिलकहर अंतर्गत पांडेयपुर निवासी रूना पांडेय की तैनाती बतौर शिक्षामित्र चिलकहर के कम्पोजिट विद्यालय पांडेयपुर में थी। दो दिन पहले सड़क हादसे में रूना घायल हो गई थीं। उनका उपचार आजमगढ़ में चल रहा था, जहां गुरुवार की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। शिक्षामित्र रूना पांडेय की मौत की सूचना मिलते ही शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। तैनाती वाले विद्यालय पर शिक्षकों ने शोक सभा कर गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर प्रधानाध्यापक विवेक सिंह, आशुतोष सिंह, विन्दु यादव, आशीष, रवि, संजय और सूर्यप्रकाश आदि मौजूद रहे। वहीं, शिक्षामित्र रूना पांडेय के निधन पर प्राशिसं चिलकहर के अध्यक्ष राधेश्याम सिंह, शिक्षामित्र संगठन के जिलाध्यक्ष पंकज सिंह, महामंत्री अमृत सिंह, मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव सिंह, बलवंत सिंह, अनिल सिंह, अवनीश सिंह, अरुण सिंह, राजेश आदि ने शोक व्यक्त किया।

## युवक को मारपीट कर किया घायल

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर मठ योगेंद्र गिरी के नजदीक स्थित पेट्रोल पंप के पास बाइक को ओवरटेक करने के चक्कर में युवकों में मारपीट हो गयी। पीड़ित ने मोटरसाइकिल लूट का आरोप लगाया है। पीड़ित की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद दोकटी थाना क्षेत्र के धतूरी टोला गांव निवासी तीन युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

बता दे कि बुधवार की देर रात मठ योगेंद्र गिरी स्थित पेट्रोल पंप के निकट युवकों के बीच मोटरसाइकिल के ओवरटेक को लेकर जमकर मारपीट हुई। इसमें बिहार के सारण जनपद अंतर्गत डोरीगंज थाना क्षेत्र के डुमरी गांव निवासी धर्मजीत सिंह पुत्र दरोगा सिंह घायल हो गया। इसके बाद धतूरी टोला के तीनों युवक अपनी बाइक लेकर मौके से फरार हो गए। इधर, घायल धर्मजीत ने 112 नंबर डायल पुलिस को सूचना दी कि कुछ लोगों ने मेरी मोटरसाइकिल छीन ली है। सूचना पर 112 नंबर के साथ ही एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह, चौकी इंचार्ज बैरिया अतुल कुमार मिश्र मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। पूछताछ में प्रथम दृष्टया लूट के मामला की बजाय मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने धतूरी टोला निवासी तीनों आरोपी युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया।

**विवाद**

### तीन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस

> थाने में घटना से संबंधित कोई तहरीर नहीं दी गई है। टेलिफोनिक सूचना के बाद युवक बिहार के डोरीगंज स्थित अपने गांव चला गया है। उसे बुलाने के लिए पुलिस बिहार भेजी गई है। वहीं, जिन लोगों पर कथित रूप से मारपीट अथवा छिनैती का आरोप लगा है, उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है।
>
> धर्मवीर सिंह, एसएचओ, बैरिया

# एसडीएम ने ली क्षतिग्रस्त फसल की जानकारी

**बैरिया।** दियरांचल के बकुलहा, चांद दियर, टोला शिवन राय आदि गांवों के किसानों की विगत् तीन अप्रैल को गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गयी थी। किसानों की माने तो अगलगी के कारण करीब 500 एकड़ गेहूं की फसल जल गया था। उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने बुधवार की शाम घटना स्थल पर पहुंचकर आग से क्षति हुई फसल का निरीक्षण किया।

उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने सम्बंधित काश्तकारों से वार्ता कर उनका क्षतिपूर्ति दिलाने का भरोसा दिया। वहीं, तहसील प्रशासन की जांच रिपोर्ट के मुताबिक अगलगी की घटना में गेहूं की खड़ी फसल मात्र 02.106 हेक्टेयर ही जलकर राख हुआ है। ऐसे में तहसील प्रशासन ने अनुमानित 62 कुंतल गेहूं का कुल 01 लाख 24 हजार रुपये का नुकसान होने की रिपोर्ट जिला प्रशासन को प्रेषित किया है। तहसील प्रशासन की माने तो अधिकतर खेतों की कटाई हो गयी थी। इससे अधिकांश हिस्सों में सिर्फ गेहूं के डंठल जले है। बकुल्हां निवासी राजेन्द्र यादव, हंसलाल चौधरी, सुदी चौधरी, त्रिलोकी चौधरी, पुर्नवासी, टोला शिवन राय निवासी श्रीभगवान, भिखारी यादव, अधिसीझुआ निवासी नरेन्द्र यादव, टोला शिवन राय निवासी पूर्णवासी, बकुल्हां निवासी त्रिभुवन, छितेश्वर, राम सिंगासन, सरस्वती देवी पत्नी भरत, फतेयराय का टोला निवासी भूपनारायण आदि 16 किसानों का ही गेहूं की खड़ी फसल जला है। बाकी किसानों का गेहूं कट गया था। उनके खेत में गेंहू का डंठल ही जला है।

> जिन किसानों की फसल आग से जलकर क्षतिग्रस्त हो गयी है, उसकी रिपोर्ट जिला कृषि मंडी को क्षतिपूर्ति देने के लिए प्रेषित किया जा रहा है। प्रयास कर किसानों का क्षतिपूर्ति जल्द दिलवाया जाएगा।
>
> आत्रेय मिश्र, उप जिलाधिकारी, बैरिया

## दुष्कर्म का आरोपी कोचिंग संचालक गिरफ्तार

**बलिया।** पकड़ी पुलिस ने छात्रा से रेप का वीडियो क्लीपिंग वायरल करने के आरोप में कई दिनों से फरार कोचिंग संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। क्षेत्र के एक गांव में पीड़िता के पिता ने 14 मार्च को पुलिस को तहरीर दी। इसमें उसने आरोप लगाया कि कोचिंग संचालक धीरज ने पढ़ाते समय उसकी बेटी से दुष्कर्म किया। उसने उसकी वीडियो क्लीप बना ली। आरोपी ने शादी के लिए उसकी बेटी पर दबाव बनाया। इनकार करने पर उसने अश्लील वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपित कोचिंग संचालक के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो व आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। आरोपी ने पीड़िता के पिता पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया। आरोपी कोचिंग संचालक के दबाव बनाये जाने से परेशान पीड़िता के पिता ने अधिकारियों व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की। इसके बाद सक्रिय पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को बलिया स्टेशन से गिरफ्तार किया।

# नौकरी के नाम पर 25 लाख की ठगी, तीन पर मुकदमा

**धोखा**

### पीड़ितों में चार बलिया और एक गाजीपुर जनपद का निवासी

**बलिया।** नौकरी के नाम पर पांच लोगों से 25 लाख रुपये लेने के मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों में पुलिस का एक दीवान तथा एक कथित एआरओ शामिल है। मुकदमा दर्ज होते ही पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी। जानकारी के अनुसार बांसडीह निवासी सौरभ ने कोर्ट में धारा 156 (3) के तहत वाद दाखिल किया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने कोतवाली पुलिस को केस दर्ज कर मामले की जांच करने का आदेश दिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मंगलवार की रात खेजुरी थाना क्षेत्र के जनुवान उदरैला चक उसरैला (हाल मुकाम लालकुंआ, लखनऊ) निवासी उदय धुसिया, बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के राजागांव खरौनी निवासी व पुलिस में दीवान संतोष धुसिया और एआरओ मनीष शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित सौरभ का कहना है कि कुछ साल पहले उदय व संतोष से मुलाकात हुई। दोनों ने नौकरी लगाने का झांसा देते हुए बताया कि लखनऊमें हम लोगों का दोस्त मनीष एआरओ के पोस्ट पर है। इसके बाद उन्होंने एक अक्तूबर 2021 को रोडवेज बस स्टेशन बलिया पर बुलाया। उक्त तिथि को जब पहुंचा तो वहां पर चार लोग रामपुर महावल निवासी विशाल, बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के सुजौली शिवरामपुर निवासी अरुण वर्मा व शीला पत्नी सत्येंद्र तथा गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के दुबिहां निवासी आरजू भी मौजूद थे। दोनों ने सभी से पांच-पांच लाख रुपये खाता में डालने के साथ ही मूल प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने को कहा। इसके बाद मेरे साथ ही अन्य चार लोगों ने उदय के खाते में आनलाइन तथा लखनऊके हजरतगंज के एक होटल में मूल प्रमाण के साथ नगद पैसा दे दिया। कुछ दिनों बाद उदय व संतोष ने लखनऊ में हम लोगों से मनीष शर्मा से मिलवाया। उसने कहा कि वह एआरओ है तथा शेष पैसा देने के बाद आकर ज्वाइनिंग लेटर ले लेना। पूरा पैसा देने के बाद मनीष व उदय ने 10 फरवरी 2022 को पैकेट में नियुक्ति पत्र दे दिया। उसको लेकर हम लोग उक्त विभाग में पहुंचे तो पता चला कि नियुक्ति पत्र फर्जी है। इसके बाद हम लोग मनीष, उदव व संतोष की तलाश करने लगे। सौरभ का कहना है कि 10 मई 2022 को अपने घर पर उदय से मुलाकात हुई। हम लोग पैसा मांगने लगे तो उसने 26 मई 2022 को रोडवेज बस स्टेशन पर बुलाया। तय तिथि पर रोडवेज पर पहुंचे तो कुछ लोगों के साथ मौजूद उदय ने जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। इस मामले में पुलिस ने तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

# एनएच-31 राजमार्ग पर पलटा तेल लदा ट्रक

हादसा

### सरसो तेल पर बाइक फिसलने से व्यापारी घायल

जनसंदेश न्यूज


सड़क पर पलटा ट्रक

**दुबहर।** छपरा से बलिया शहर की ओर जा रही सरसों तेल से लदी ट्रक सवरूबांध चट्टी के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इससे ट्रक में रखा सरसों तेल सड़क पर बहने लगा। घटना बुधवार की देर रात की है।

जानकारी के अनुसार ट्रक यूपी 60 टी/4351 छपरा से सरसों तेल लेकर बलिया शहर में आ रही थी, तभी सामने से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में ट्रक गिट्टी के टीले पर चढ़ गई और फिर चढ़ने के उपरांत पटरी पर पलट गई। इससे उसके आगे के दोनों चक्के दूर जाकर छिटक गए। दुर्घटना की खबर सुनकर सिकू (40) पुत्र विजय कैलाशी निवासी गुदरी बाजार बलिया मौके पर पहुंचे। सड़क पर बहते सरसो तेल के कारण उनकी बाइक फिसल गई, जिससे वह घायल हो गये। लोगों ने घटना की जानकारी डायल 112 नंबर पर दी।

मौके पर दुबहर थाने की पुलिस पहुंच गई। घटना का कारण राजमार्ग की पटरी पर गिट्टी का बेतरतीब इक्ट्ठा होना बताया जा रहा है। दुर्घटना के उपरांत ठेकेदार ने गिट्टी को तत्काल घटना स्थल से हटा दिया। दुर्घटना स्थल के दोनों तरफ दो-दो किमी तक सड़कें तैलीय हो गई। इससे दो पहिया फिसलने लगे। गुरुवार को सुबह अपराह्न 12 बजे तक सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। अपराह्न में दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को राजमार्ग से हटाया गया, तब यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से कायम हो सकी।

## 25970 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

**बैरिया।** स्थानीय नगर पंचायत में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के लिए उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र गम्भीर है। बैरिया नगर पंचायत के चुनाव में 04 हजार 724 नए युवा मतदाताओं का रुझान जिस प्रत्याशी की ओर होगा, निश्चित रूप से जीत का सेहरा उसी के सिर सजेगा। नगर पंचायत बैरिया के कुल 25 हजार 970 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 14 हजार 622 पुरुष एवं 11 हजार 348 महिला मतदाता शामिल है। इसके लिए आठ मतदान केंद्रों पर 31 मतदेय स्थल बनाये गए है, जहां मतदाता सुविधाजनक तरीके से मतदान में भाग लेंगे। उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने बताया कि आठ मतदान केंद्रों में पांच अति संवेदनशील प्लस मतदान केन्द्र है, जबकि दो अति संवेदनशील हैं। शेष संवेदनशील की श्रेणी में है। उपजिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि 25 हजार 970 मतदाताओं में से 04 हजार 724 मतदाता पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जूनियर हाईस्कूल बैरिया, प्राथमिक विद्यालय बैरिया व बाबा लक्ष्मण दास द्वारा राष्ट्रीय इंटर कालेज के सभी मतदान केंद्रों पर मिश्रित आबादी पूर्व के चुनावों में हुए शांति भंग के कारण अति संवेदनशील प्लस की श्रेणी में रखा गया है।

# नगहर गांव में 50 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख



**रसड़ा।** स्थानीय ब्लॉक के नगहर गांव में बुधवार को हाईटेंशन तार से निकली चिंगारी ने एक दर्जन से अधिक किसानों के लगभग 50 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई थी। सूचना मिलते ही बसना विधानसभा के विधायक उमाशंकर सिंह गुरुवार के दिन नगर गांव पहुंचकर सभी किसानों का हालचाल लिया।

उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी क्षति की भरपाई तो नहीं कर सकता, लेकिन इस दुख की घड़ी के साथ आप लोगों के बीच में हूं, आप हमारे सभी शुभचिंतक हैं जो भी होगा हम आपके लिए खड़े हैं आप हमें आदेश दे मैं आपके लिए कुछ करने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि जो भी सरकार से होगा तुरंत उप जिलाधिकारी से मिलकर मुहैया कराया जाएगा और मेरे लिए आप लोगों के लिए दरवाजा खुला है मैं आप लोगों के बीच में हूं आग से गांव के किसानों की खड़ी फसल भारी नुकसान पहुंचा, किसान अन्नदाता और भगवान होता है। किसानों का नाम इस प्रकार हैं दीनानाथ सिंह, मंजीत सिंह, सर्वनाथ सिंह, मुन्ना सिंह, शंकर, वीरेंद्र, कैलाश ठाकुर, शंकर वर्मा, रमेश सिंह, सुरेश, बिहारी सिंह, भरत सिंह, घनश्याम सिंह, डब्बू सिंह, गंभीर सिंह, भरत, सहित अन्य किसानों की फसलें जलकर राख हो गई। सैकड़ों ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड के अथक प्रयास के बाद लगभग दो घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सतीश सिंह, सत्तारायण यादव, गंभीर सिंह, दीनानाथ सिंह नेहरू, पिंकी सिंह, बबलू आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### विहिप ने धूमधाम से मनायी हनुमान जयंती

**बलिया।** विश्व हिंदू परिषद, बलिया के कार्यकर्ताओं द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर शहर के हनुमानगढ़ी मंदिर पर हनुमान जी का जन्मोत्सव पूरे धूमधाम से मनाया गया। संगठन द्वारा 1000 हनुमान चालीसा की पुस्तक वितरित की गयी तथा भजन कीर्तन गाया गया। हनुमान चालीसा के साथ-साथ नवागत बजरंगियों को बजरंग दल में शामिल कराया गया। उक्त अवसर पर कार्यक्रम के संबोधित करते हुए प्रांत सह मंत्री एवं संगठन के जिलाध्यक्ष मंगल देव चैबे ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद प्रत्येक वर्ष हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे देश में बड़ा कार्यक्रम आयोजित करता है। श्री चैबे ने बताया कि हमारी युवा शाखा बजरंग दल ह्रबजरंगबलीह को आराध्य मानकर सेवा, सुरक्षा और संस्कार के माध्यम से समाज में सनातन संस्कृति पर आने वाली विपदाओं से लड़ता है। उक्त अवसर पर अंजनी चैबे की टीम द्वारा प्रभु श्रीराम एवं वीर बजरंगी की स्तुति प्रस्तुत की गई तथा प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम पूर्ण किया गया। उक्त अवसर पर भारती सिंह, सुनील यादव, भानु तिवारी, संजीव दूबे, श्यामजी, कृष्णा, सनक पांडे, कमलेश, अमित, जितेंद्र ठाकुर, मनोज चैबे, अरुण सिंह, राजू पटेल, मोहित, संजेश, शुभम यादव आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत लपसीपुर, वि0ख0 जहानागंज, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 12.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 13.04.2023 समय सुबह 11:00 बजे।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 06.04.2023

(दुर्गविजय राम)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. लपसीपुर, वि.खं. जहानागंज
आजमगढ

(यशोवर्धन सिंह)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. लपसीपुर, वि.खं. जहानागंज
आजमगढ़

# अभाविप ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**रसड़ा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने गुरुवार को तहसीलदार को खरवार जाति/गोंड जाति का प्रमाण पत्र जारी करने की लिए ज्ञापन सौंपा। अखिल विद्यार्थी परिषद के क्रांति जनजाति संयोजक वेदप्रकाश खरवार के नेतृत्व में कार्यकताओं ने नायब तहसीलदार रजत सिंह को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग किया है कि खरवार जाति, गोंड जाति के विद्यार्थियों को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र जारी करें, क्योंकि यह समाज के लोग बहुसंख्यक के रूप में यहां निवास करते हैं भारतीय संविधान संशोधन अधिनियम 2002 में उत्तर प्रदेश में पांच जनपद अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल किया गया है। खरवार जाति को शामिल किया गया है, जिसमें बलिया, गाजीपुर, देवरिया, सोनभद्र, वाराणसी और शासनादेश भी जारी हुआ है। मैं आप लोगों से मांग करता हूं कि खरवार जाति व गोंड जाति का प्रमाण पत्र कुछ विगत समय से जारी नहीं हो रहा है इन समाज के लोगों को विद्यार्थियों अन्य कार्यों में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है इनको किसी प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला है इन छात्र-छात्राएं को शासन द्वारा कोई भी लाभ नहीं मिलने के कारण यह लोग काफी परेशान रहते हैं तुरंत जारी करने का उन्होंने आग्रह किया। इस मौके पर कृष्ण कुमार सैनी, महेश पांडे, गोलू मौर्य, धीरज पांडे, आकाश गौतम, अनुराग दीपक खरवार, अविनाश, संजीव, राहुल, जयप्रकाश खरवार, अंकित कुमार खरवार, राजेश खरवार, दुर्गेश खरवार, निखिल खरवार, विवेक खरवार, रोहित खरवार, शिवम खरवार, उपेंद्र खरवार, श्याम खरवार, विशाल खरवार आदि मौजूद रहे।

# प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महापद्मनंद की मनी जयंती

**बलिया।** ऑल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बलिया के तत्वावधान में 6 अप्रैल 2023 चैत्र पूर्णिमा पर प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महापद्मनंद की जयंती आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर ऑल इंडिया एमसीए महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य, नंदयुग पत्रिका के प्रधान संपादक एसकेपी नंद तथा उत्तर प्रदेश कैडर प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष सुदामा प्रसाद नंद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल प्रभारी आजमगढ़, प्रदेश संगठन सचिव कन्हैया प्रसाद नंद तथा आजमगढ़ मंडल अध्यक्ष एलबी शर्मा व प्रदेश उपाध्यक्ष उदय नारायण नंद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत चक्रवर्ती सम्राट महापदम नंद के तैल चित्र का माल्यार्पण व दीप दान करते हुए, संगठन के आदर्श महापुरुष तथागत बुद्ध अर्हत उपाली ऐतिहासिक महापुरुष सम्राट महापदम नंद व साहित्य जगत/सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक भिखारी ठाकुर, राजनैतिक चेतना के शिल्पकार जननायक कपूर्री ठाकुर, संविधान शिल्पी भीमराव अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का साल और बाबा केशवदास के तैल चित्र को स्मृति स्वरूप देकर के सम्मानित किया गया। इस के अगली कड़ी में कुमारी शोमा शर्मा व प्रतिभा देवी द्वारा स्वागत गान किया गया।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में मंडल अध्यक्ष एल बी शर्मा जी द्वारा मुख्य अतिथियों व जनपद के कोने कोने से आए स्वजातीय बंधुओं तथा आजमगढ व मऊ जनपदों के कार्यकारिणी के अध्यक्ष, सचिव व कार्यकारिणी के पदाधिकारीगण में से आए साथियों का स्वागत बलिया महिला मोर्चा की अध्यक्षा सुमन ठाकुर व अन्य मातृशक्तियों के साथ-साथ प्रांगण में उपस्थित सभी स्वजातीय बंधुओं का हार्दिक स्वागत अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नथुनी राम नंद व संचालन जिला सचिव डॉ0 सुनील कुमार ठाकुर ने किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत आ0 बैरिया, वि0ख0 महराजगंज, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 12.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 13.04.2023 समय दोपहर 12:00 बजे।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 06.04.2023

(रामजीत)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. आ0 बैरिया, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ

(रविन्द्र यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. आ0 बैरिया, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत-कान्धरपुर वि0 ख0-मुहम्मदाबाद, गाजीपुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौदहवां राज्य वित्त/पंद्रहवां राज्य वित्त/मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्र योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 17.04.2023 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 17.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्य के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी व द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | सीमेंट | **प्रति बैग** | |
| 03 | मोरंग बालू , मोटा बालू, बोल्डर | प्रति घनमी0 | |
| 04 | महीन बालू , लोकल बालू | प्रति घनमी0 | |
| 05 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम0एम0 से 53 एम0एम0 | प्रति घनमी0 | |
| 06 | ईंट गिट्टी | 20-40 एम0एम0 | |
| 07 | सरिया 2एम0एम0, 3 एम0एम0, 4 एम0एम0 | प्रति कुन्तल | |
| 08 | ह्यूम पाईप 350एम0, कट स्टोन, स्टोन चौका, पटिया | प्रति नग | |
| 09 | ह्यूम पाईप 600, 900एम0एम0, पी0वी0सी0 पाईप | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाईट व स्ट्रीट लाईट | प्रति घनमी0 | |
| 11 | सबमर्सिबल पम्प 1 एच0पी0 | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन/केबल तार वायरिंग | | |
| 13 | कन्स्ट्रक्शन ज्वाइण्ट, सफाई कीट | | |
| 14 | पालीथीन, जाली, फर्निचार | प्रति मी0 | |
| 15 | साईन बोर्ड, गेट लोहा, इंटरलाकिंग, सीमेंट ईंट, एल्युमिनियम दरवाजा | प्रति नग | |
| 16 | टाईल्स शौचालय सेट, कोटा स्टोन | प्रति नग | |
| 17 | हैण्ड पम्प सामग्री व रिबोर | प्रति नग | |
| 18 | कोविड 19 के सामान व उपकरण की आपूर्ति | प्रति नग | |
| 19 | अन्य आवश्यक सामग्री | | |

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-**

सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेगे सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री आपूर्ति ग्राम प्रधान ग्राम पांचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। अथवा नहीं आपूर्ति वाणिज्यकर्ता एवं आयकर कार्यालय मे पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुति दर पी0डब्लू0डी0 की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रूपये 110 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चायत ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत व वाणिज्य कर 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान-पारसनाथ राजभर**
**ग्राम पंचायत-कान्धरपुर**
**वि0ख0-मुहम्मदाबाद, गाजीपुर**

**ग्रा0पं0अ0/सचिव-राम निवास राय**
**ग्राम पंचायत-कान्धरपुर**
**वि0ख0-मुहम्मदाबाद, गाजीपुर**

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा



जनसंदेश न्यूज

**दोहरीघाट, मऊ।** हनुमान जन्मोत्सव पर कस्बे में राम घाट पर स्थित हनुमान मंदिर से भव्य शोभायात्रा दोहरीघाट जन जागरण मंच के तत्वाधान में निकाला गया जो पूरे नगर का भ्रमण करते हुए देर शाम राम घाट पर आकर संपन्न हुई हनुमान जन्मोत्सव से पूर्व संध्या से ही रोडवेज परिसर में स्थित हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ जारी है। वही पूरे कस्बे में जगह-जगह हनुमान चालीसा हनुमान बाण का पाठ किया जाता रहा। शोभायात्रा से पूर्व रामघाट पर स्थित हनुमान मंदिर पर सुबह सुंदरकांड का पाठ किया गया। हनुमान जन्मोत्सव के भव्य शोभायात्रा में मनमोहक झांकियों भगवान राम लक्ष्मण माता सीता व हनुमान जी के पूजन अर्चन व दर्शन के लिए लोगो होड़ लगी रही। पूरा नगर भक्ति के सागर में गोते लगाता रहा। पूरा नगर जय श्री राम और बजरंगबली के नारों से गूंज उठा। भगवा ध्वज से पूरा नगर पटा रहा तो वही दो हरियो की मिलन स्थली पूरी तरह से राममय हो गई। इस दौरान चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहे। इस दौरान विनय जायसवाल, उज्जवल जायसवाल, राजेश कुमार, प्रशांत जायसवाल, आजाद जायसवाल, हनुमान मंदिर के पुजारी बबलू बाबा, विजय गुप्ता, पंकज मद्धेशिया, मोनू साहनी, चंद्रप्रकाश गुप्ता, मनीष गुप्ता, दीपाल गुप्ता समेत आदि लोग रहे।

## श्री हनुमान जी महाराज के जन्म उत्सव पर सुंदरकांड के संगीतमय पाठ का हुआ आयोजन



**मऊ।** नगर के हनुमानगढ़ी तिराहा श्री हनुमान जी की मंदिर निकट रेलवे क्रॉसिंग में 6 अप्रैल दिन गुरुवार को श्री हनुमान जी महाराज की जन्म उत्सव की तैयारी धूमधाम से की गई। कलयुग का साक्षात देवता बल बुद्धि एवं विद्या के सागर श्री हनुमान जी महाराज का जन्म उत्सव धूम धाम से मनाया गया। इसी क्रम में सबसे पहले श्री हनुमान जी महाराज के महामंत्र के जप के साथ श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ श्री हनुमत कृपा सेवा समिति के मनोज तिवारी तथा सुनील चैबे और बब्बन सिंह द्वारा आयोजित किया गया जिसके पश्चात भक्तो द्वारा भजन किया गया तत्पश्चात श्री हनुमान जी महाराज को 56 भोग से भोग लगाया गया। इस अवसर पर हनुमान जी के अनन्य भक्त राजकुमार तिवारी, राम अवध सिंह को हनुमान गढ़ी मंदिर के प्रमुख दिनेश बरनवाल, संजय सर्राफ ने अंग वस्त्रम देकर सम्मानित किया। संजय गुप्ता द्वारा हनुमान जी महाराज को मुकुट तथा राम हरख गुप्ता द्वारा छप्पन भोग लगाया गया। अन्त में विशाल भंडारा तथा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसीक्रम पूरे मंदिर को गेंदे और गुड़हल के फूलों से तथा गुब्बारे से सजाकर श्रृंगार किया गया। उक्त जानकारी देते हुए मंदिर समिति के प्रमुख डॉक्टर रामगोपाल गुप्ता ने बताया कि श्री हनुमान जी महाराज का जन्म उत्सव पूरे मऊ नगर में अनूठा एवं भावपूर्ण रहा। इस अवसर पर मुख्य रूप से ओम प्रकाश प्रजापति, तरुण कुमार, संतोष मद्धेशिया, ध्रुवनारायण मद्धेशिया, पंकज कुमार, स्वामीनाथ गुप्ता, अजय मिश्रा, डॉ रमेश शर्मा, संजय मद्धेशिय, श्री राम लोहिया, जेएन सिंह, विजय राज सिंह, अखिलेश बरनवाल आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत आ0 जजमानजोत, वि0ख0 महराजगंज, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 12.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 13.04.2023 समय अपरान्ह 04:00 बजे।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 06.04.2023

(जय प्रकाश)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. आ0 जजमानजोत, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ

(रविन्द्र यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. आ0 जजमानजोत, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत रम्मोपुर, वि0ख0 फूलपुर, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रम्मोपुर विकास खण्ड फूलपुर में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/पंचम राज्यवित्त/15वां वित्त आयोग ठोश एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र/SLWM/स्वच्छ भारत मिशन/SBM/आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय/निविदा की धनराशि से ग्राम पंचायत में शौचालय निर्माण, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, गोआश्रय स्थल निर्माण/मरम्मत, खेल का मैदान निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र, मनरेगा संबंधित सभी कार्य/SLWM/से संबंधित सभी कार्य कराये जाने है एवं इसके अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों कराये जाने है एवं इसके अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों के लिए निर्माण सामग्री जैसे-ईट, ईट का टुकड़ा 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, डाला गिट्टी 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, सरिया आवश्यकता अनुसार इंटरलाकिंग, सीमेंट, सफेद बालू, लाल बालू, लोहे का गेट, लोहे की खिड़की, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, पीबीसी पाइप, ह्यूम पाइप, प्राइमर, पेंट, समरसेबल पम्प, एवं पंचायत भवन निर्माण/भवन मरम्मत के लिए दरवाजा, खिड़की, कम्प्यूटर, बैट्री, प्लम्बर का सामान, विद्युत संबंधी सामान खरीददारी व मरम्मत/स्टेशनरी एवं ग्राम पंचायत में स्वच्छता के लिए डस्टबिन, कचरा ढोने वाली पैदल ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, सफाईकर्मी किट, लोहे की पाइप, प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालय पर कायाकल्प योजना के अंतर्गत निर्माण एवं मरम्मत, प्रांगण में ई-रनिंग वाटर, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण गेट का उच्चीकरण एवं निर्माण साइन बोर्ड वृक्षारोपण एवं ग्राम पंचायत में आवश्यकतानुसार समस्त कार्य कराये जाने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने के लिए निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 12.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 13.04.2023 समय सुबह 10.00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 06.04.2023

(सरोजा देवी)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. रम्मोपुर, वि.खं. फूलपुर
आजमगढ

(गुलाबचन्द्र शर्मा)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. रम्मोपुर, वि.खं. फूलपुर
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत-नगवा उर्फ नवापुरा वि0 ख0-मुहम्मदाबाद, गाजीपुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौदहवां राज्य वित्त/पंद्रहवां राज्य वित्त/मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्र योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 17.04.2023 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 17.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्य के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी व द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | सीमेंट | **प्रति बैग** | |
| 03 | मोरंग बालू , मोटा बालू, बोल्डर | प्रति घनमी0 | |
| 04 | महीन बालू , लोकल बालू | प्रति घनमी0 | |
| 05 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम0एम0 से 53 एम0एम0 | प्रति घनमी0 | |
| 06 | ईंट गिट्टी | 20-40 एम0एम0 | |
| 07 | सरिया 2एम0एम0, 3 एम0एम0, 4 एम0एम0 | प्रति कुन्तल | |
| 08 | ह्यूम पाईप 350एम0, कट स्टोन, स्टोन चौका, पटिया | प्रति नग | |
| 09 | ह्यूम पाईप 600, 900एम0एम0, पी0वी0सी0 पाईप | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाईट व स्ट्रीट लाईट | प्रति घनमी0 | |
| 11 | सबमर्सिबल पम्प 1 एच0पी0 | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन/केबल तार वायरिंग | | |
| 13 | कन्स्ट्रक्शन ज्वाइण्ट, सफाई कीट | | |
| 14 | पालीथीन, जाली, फर्निचार | प्रति मी0 | |
| 15 | साईन बोर्ड, गेट लोहा, इंटरलाकिंग, सीमेंट ईंट, एल्युमिनियम दरवाजा | प्रति नग | |
| 16 | टाईल्स शौचालय सेट, कोटा स्टोन | प्रति नग | |
| 17 | हैण्ड पम्प सामग्री व रिबोर | प्रति नग | |
| 18 | कोविड 19 के सामान व उपकरण की आपूर्ति | प्रति नग | |
| 19 | अन्य आवश्यक सामग्री | | |

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-**

सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेगे सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री आपूर्ति ग्राम प्रधान ग्राम पांचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। अथवा नहीं आपूर्ति वाणिज्यकर्ता एवं आयकर कार्यालय मे पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुति दर पी0डब्लू0डी0 की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रूपये 110 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चायत ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत व वाणिज्य कर 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान-मीना देवी**
**ग्राम पंचायत-नगवा उर्फ नवापुर**
**वि0ख0-मुहम्मदाबाद, गाजीपुर**

**ग्रा0पं0अ0/सचिव-राम निवास राय**
**ग्राम पंचायत-नगवा उर्फ नवापुर**
**वि0ख0-मुहम्मदाबाद, गाजीपुर**

# सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की प्रबल पक्षधर है भाजपा



**दोहरीघाट, मऊ।** भाजपा का 44 वां स्थापना दिवस कस्बा स्थित पार्टी कार्यालय पर कार्यकताओं ने धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने पार्टी के संस्थापकों के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके संघर्षो को याद किया। उक्त अवसर पर क्षेत्र से जुटे कार्यकताओं के बीच भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष राय ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को बनी भाजपा भारतीय राजनीति के इतिहास में राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की प्रबल पक्षधर रही है उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने देश को शिखर पर पहुचाया है पूरे विश्व मे भारत एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है भारतीय जनसघ की स्थापना से लेकर आज तक भाजपा ने लम्बी यात्रा तय की है। इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष पप्पू गुप्ता, संजय चैहान, संदीप राय, आकाश सोनकर, दुर्गविजय राय, सुबाष मौर्या, अमित शर्मा, मोहन, सतेन्द्र मौर्य, प्रिंस चैहान, पप्पू भारती, रंजीत चैहान आदि लोग रहे।

# अवैध तमंचे के साथ गैंगस्टर एक्ट में वांछित इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार



**कोपागंज, मऊ।** स्वाट टीम, एसओजी, सर्विलांस टीम एवं थाना कोपागंज पुलिस को उस समय सफलता हाथ लगी जब गुरूवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर बापू इण्टर कालेज मैदान के पास से थाना रानीपुर के मु0अ0सं0 16/23 धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार के इनामिया अभियुक्त कमरूद्दीन नट पुत्र वकील नट सा0 घुटमा थाना रानीपुर जनपद मऊ के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर उक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 101/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सुम्भी, वि0ख0 रानीकीसराय, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रम्मोपुर विकास खण्ड फूलपुर में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/पंचम राज्यवित्त/15वां वित्त आयोग ठोश एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र/SLWM/स्वच्छ भारत मिशन/SBM/आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय/निविदा की धनराशि से ग्राम पंचायत में शौचालय निर्माण, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, गोआश्रय स्थल निर्माण/मरम्मत, खेल का मैदान निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र, मनरेगा संबंधित सभी कार्य/SLWM/से संबंधित सभी कार्य कराये जाने है एवं इसके अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों कराये जाने है एवं इसके अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों के लिए निर्माण सामग्री जैसे-ईट, ईट का टुकड़ा 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, डाला गिट्टी 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, सरिया आवश्यकता अनुसार इंटरलाकिंग, सीमेंट, सफेद बालू, लाल बालू, लोहे का गेट, लोहे की खिड़की, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, पीबीसी पाइप, ह्यूम पाइप, प्राइमर, पेंट, समरसेबल पम्प, एवं पंचायत भवन निर्माण/भवन मरम्मत के लिए दरवाजा, खिड़की, कम्प्यूटर, बैट्री, प्लम्बर का सामान, विद्युत संबंधी सामान खरीददारी व मरम्मत/स्टेशनरी एवं ग्राम पंचायत में स्वच्छता के लिए डस्टबिन, कचरा ढोने वाली पैदल ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, सफाईकर्मी किट, लोहे की पाइप, प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालय पर कायाकल्प योजना के अंतर्गत निर्माण एवं मरम्मत, प्रांगण में ई-रनिंग वाटर, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण गेट का उच्चीकरण एवं निर्माण साइन बोर्ड वृक्षारोपण एवं ग्राम पंचायत में आवश्यकतानुसार समस्त कार्य कराये जाने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने के लिए निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 11.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्यान्ह12.00 प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 12.04.2023 समय अपरान्ह 02.00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 06.04.2023

(लीलावती देवी)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. सुम्भी, वि.खं. रानीकीसराय
आजमगढ

(मनीष कुमार सिंह)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. सुम्भी, वि.खं. रानीकीसराय
आजमगढ़

# मुख्यमंत्री ने नगर पालिका को दी बड़ी सौगात

## दो करोड़ 22 लाख पांच हजार की लागत के मशीनों का किया उद्घाटन

**गाजीपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर विकास विभाग नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग की परियोजनाओं का लोकार्पण गुरूवार को नगरीय निकाय निदेशालय गोमती नगर लखनऊ स्थित सभागार से किया। जिसमें मुख्यमंत्री ने प्रदेश में नगर विकास विभाग के आठ हजार 700 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओ का शिलान्याश किया। जिसका अधिकारियों और जनप्रतिनिधि के मौजूदगी में रायफल क्लब में लाइव प्रसारण दिखाया गया।

एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने कहा कि आज का दिन उत्तर प्रदेश के नगर पालिकाओ के लिए बड़ा दिन है। नगर पालिका गाजीपुर को भी बहुत कुछ मिला है। उन्होंने नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में स्वच्छता को लेकर शासन की मंशा के अनुसार कार्य करने को कहा। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कहा कि जनपद में पाईप पेयजल से वाटर सप्लाई आपूर्ती की योजना में जनपद के 1695 घरों को आच्छादित किया गया है।


रायफल क्लब सभागार में कार्यक्रम के दौरान एमएलसी विशाल सिंह चंचल एवं डीएम आर्यका अखौरी व अन्य।

यह लगभग साढ़े चार करोड़ की परियोजना है जो पूर्ण हो चुका है। बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम के लिए जनपद में लगभग 02 करोड़ 22 लाख 05 हजार की लागत के मशीनों का उद्घाटन किया गया है। जिसमें दो रिफ्यूज कॉपेक्टर, पांच टैज्क्टर, पांच मिनी टिपर, दो जेसीबी एवं अन्य उपकरण शामिल है। बहादुरगंज एंव जमानियां में सीवरेज सम्बन्धी योजनाएँ जमानियां में पोखरे का सुन्दरीकरण आदि परियोजना का शिलान्याश किया गयां। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत 11 हजार परिवारों को लक्ष्य के सापेक्ष अधिकतर आवास पूर्ण कर इस योजना मे लाभाथ्र्यिों को सांकेतिक रूप से चाभी का वितरण किया गयां। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, एडीएम, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद विनोद अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लाल चंन्द्र सरोज, एवं अन्य अधिकारी, उपस्थित थे। संचालन नेहरू युवा केन्द्र सुभाष चन्द्र प्रसाद ने किया।

### पीडी ने की आवास की समीक्षा

**मरदह।** खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में पीडी राजेश कुमार यादव ने विकास खण्ड अंतर्गत आवास की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यो का विवरण लेते हुए आवास आवंटन में पात्रता की जांच एवं समय से आवासो का निर्माण कार्य पूर्ण करने की हिदायत दी। पात्रता की जांच प्रत्येक दशा में ठीक प्रकार से की जाय। कहा कि किसी प्रकार की शिकायत मिलने पर सम्बन्धित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। कार्यो में शिथिलता मिलने पर सचिव अरविंद कुमार ,नवीन सिंह,योगेश कुमार को नोटिस दी। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी अरुण कुमार वर्मा सहित ब्लाक के सचिव उपस्थित रहे। पीडी ने सिंगेरा,कबीरपुर, बरेन्दा गांव स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। यहां की व्यवस्था संतोषजनक मिली। इस दौरान उन्होंने सिंगेरा में एक अतिरिक्त गोवंश शेड एवं एक कम्पोस्ट पिट बनवाने हेतु खण्ड विकास अधिकारी मरदह को निर्देशित किया। गोवंश के देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही न करने की हिदायत दी।

## जिला कारागार का सचिव ने किया निरीक्षण

**गाजीपुर।** जिला कारागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूर्णकालिक सचिव कामायनी दूबे द्वारा जेल का निरीक्षण किया गया। बंदियों से निःशुल्क अधिवक्ता, जेल लोक अदालत तथा उनकी जेल अपील से संबंधित अन्य समस्याएं पूछी गयी एवं उनके यथोचित अधिकार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया तथा बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी।जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कुल 1064 बंदी निरुद्ध है। जिसमें 934 पुरूष, 46 महिला व 84 अल्पवयस्क है। सुबह का नाश्ता-ब्रेड, चाय व दोपहर का भोजन-रोटी, चावल, अरहर की दाल, सब्जी (आलू, पत्ता गोभी) तथा शाम का भोजन-रोटी, चावल, चना की दाल, सब्जी (आलू, बैगन) तथा सायं चाय, बिस्कुट। सचिव द्वारा पुरूष एवं महिला बैरक का भी निरीक्षण किया गया तथा जेल के कई बंदियों से बात कर उनकी समस्याओं को समझने के साथ ही उनके निस्तारण का निर्देश दिया। सचिव ने कारापाल को जिला कारागार में स्थित जेल लीगल क्लीनिक पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए ताकि जेल में निरूद्ध बंदियों को समय से व समुचित विधिक सहायता प्राप्त हो सके। कारागार परिसर में साफ-सफाई के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उप कारापाल कमलचन्द उपस्थित रहे।

# गाजीपुर में आधुनिक विधि से घुटना प्रत्यारोपण

## आर्थोपेडिक सर्जन डा.शिवम राय ने किया सफल आपरेशन

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** जिले में आधुनिक चिकित्सकीय पद्धति घुटना प्रत्यारोपण शुरू हो गया है। जबकि पहले घुटना प्रत्यारोपण के लिए अमेरिका और यूरोप जाना पड़ता था। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के घुटना प्रत्यारोपण के लिए अमेरिका से डाक्टर राणावत यहां आए थे। इस कार्य को जिले के मशहूर युवा चिकित्सक डा. शिवम राय ने संभव कर दिखाया है। युवा चिकित्सक ने आधा दर्जन से अधिक लोगों का घुटना और कूल्हे के प्रत्यारोपण किया है।


डा. शिवम् राय।

बतादें,डा. शिवम राय देश के जाने माने चिकित्सा संस्थान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली(एम्स) से एमबीबीएस और पीजीआई चंडीगढ़ से एमएस तथा डीएनबी आर्थो किया है। इतना डिग्री लेने के बावजूद उन्होंने चिकित्सा का क्षेत्र गाजीपुर को चुना है।

आर्थोपेडिक सर्जन डा. शिवम राय ने अपने पहली मरीज मऊ जनपद की ढाडी चट्टी गांव निवासी इसरावती देवी (52) के दोनों घुटनों का एक साथ सफल प्रत्यारोपण किया। वहीं गाजीपुर के मनिहारी निवासी उषा सिंह (62)पत्नी मनोज कुमार सिंह का घुटना प्रत्यारोपण (टीकेआर)तथा शहर के मिश्र बाजार की सुनीता गुप्ता (55) के कूल्हे का प्रत्यारोपण किया है। यह तीनों जटिल आपरेशन डा.शिवम राय ने लाइफ लाइन मेडिकल एंड सर्जिकल हेल्थ केयर सेंटर गांधी पार्क आमघाट में किया। डा.शिवम के इस हुनर से गाजीपुर बलिया और मऊ सहित पूर्वांचल के लोगों को महानगरों में नहीं जाना पड़ेगा। डा. शिवम राय गाजीपुर के मशहूर हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. संजय राय के पुत्र हैं और उनके ही संरक्षण तथा देखरेख में रोगियों को अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# ट्रक से टकराकर कर्मचारी की मौत

## सड़क पर बेतरतीब खड़े ट्रक से हादसा

**जनसंदेश न्यूज**

**मरदह।** थाना के रायपुर बाघपुर पण्डितपुरा गांव निवासी सिंचाई विभाग के कर्मचारी गोविंद गोड़ (25) की बीती बुधवार की देर रात्रि में बाइक से घर लौटते वक्त कैथवली चट्टी पर सड़क पर बेतरतीब खड़ी ट्रक से टकरा जाने से सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।


रायपुर बाघपुर पण्डितपुरा गांव रोते बिलखते परिजन।

गोविंद गोड़ बीती बुधवार की देर रात्रि में रिश्तेदारी से घर लौट रहा था, कैथवली चट्टी पर सड़क पर खड़ी ट्रक के पीछे के हिस्से से टकराकर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुँचे ग्रामीण उपचार हेतु मऊ स्थित चिकित्सालय ले जा रहे थे। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक एवं खलासी ट्रक छोड़कर फरार हो गए। दुर्घटना में गोविंद की मृत्यु के बाद माँ सरस्वती, पत्नी संगीता के रोने बिलखने से गांव का माहौल गमगीन हो गया। मृतक के पुत्र कृष्णा 6 वर्ष ,पीयूष 5 वर्ष ,हिमांशु 3 वर्ष एवं खुशी 2 साल की है। मृतक के रिश्तेदार मुन्ना गोड़ के तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## श्मशान घाट पर चला स्वच्छता अभियान

**गाजीपुर।** नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा नमामि गंगे अभियान में युवाओं की सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत श्मशान घाट पर वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान में डोम समाज एवं बांसफोर समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया स जिला परियोजना अधिकारी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि श्मशान घाट एक पवित्र भूमि है, मनुष्य के जीवन का अंतिम यात्रा श्मशान घाट मां गंगा के तट पर आकर समाप्त होता है एवं यही से स्वर्ग का रास्ता प्रशस्त होता है इसलिए स्वच्छता अभियान चलाकर श्मशान भूमि को स्वच्छ रखने का संदेश दिया जा रहा है। इस अवसर पर विप्लव रावत, भोला,कमलेश ,अजय ,राकेश, आत्मा, विंध्याचल, राजकुमार, बबलू, बीरन , विशाल, सोनू, विनोद आदि लोग उपस्थित रहे।

# आग लगने से झोपड़ियां जलीं बकरियां मरीं

**हादसा**

### आगजनी स्थल पर नहीं पहुंची फायर बिग्रेड वाहन

**जनसंदेश न्यूज**

**भांवरकोल।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत ज्ञानपुर के राजस्व मौजा लालापुर माफी में गुरूवार की सुबह नौ बजे झोपड़ियों में अचानक आग लगने से कई झोपड़ियां और बकरियां जलकर राख हो गई। घटनास्थल पर जाने हेतु रास्ता नही होने से फायर ब्रिगेड भी नहीं पहुंच सका। परिवारों की झोपड़ियां जली है, उन घरों के सारे पुरुष और औरत सुबह के समय खेतों में कटिया करने गये हुए थे।

एकाएक उनको अपनी बस्ती से आग की लपटें दिखाई दिया जब तक कि दौड़ कर आए तब तक किई झोपड़ियां और बकरियां जल कर राख हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया है कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी रास्ता खराब होने के कारण बीरभानपुर के पास खड़ी रह गई और सारा झोपड़ी स्वाहा हो गया। ?फायर ब्रिगेड के कुछ कर्मचारी अपना पाईप लाकर एक किसान राजेश राय की बोरिंग चलाकर केवल धुआं बुझाने का कार्य ही कर पाये। श्यामसुंदर राम पुत्र छकडी राम, इनकी एक झोपड़ी और दो बकरी व दो बकरी का बच्चा जल गया।


लालापुर माफी में आगजनी के बाद राख को दिखाता पीड़ित।

रविंदर राम पुत्र श्यामसुंदर राम की एक झोपड़ी जल गया। भगवान राम पुत्र रविंदर राम एक झोपड़ी दो बकरी जल गयी। जितेंद्र राम पुत्र रविंदर राम एक झोपड़ी दो बकरी भूसा अनाज घर का सामान जल गया। रमाशंकर राम पुत्र श्यामसुंदर राम एक झोपड़ी और अनाज जल गया। हरिराम पुत्र श्यामसुंदर राम एक झोपड़ी एवं अनाज वह घर का सामान जल गया। मुंद्रिका राम पुत्र चार्ट किशोर राम एक झोपड़ी एवं तीन बकरी जल गया और दो बकरी बुरी तरह झुलस गई। श्रीराम यादव, पप्पू यादव, शिवजी यादव को आग से काफी हानि हुई है।मौके पर हल्का लेखपाल संतोष कुमार, कानूनगो अरुण कुमार सिंह, ग्राम प्रधान भी आ गए।

## संक्षेप

### गौ आश्रय केंद्र का नोडल अधिकारी ने किया निरीक्षण



**बाराचवर।** शासन की मंशा के अनुरूप और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अखिलेश कुमार मिश्रा विशेष सचिव उच्च शिक्षा जनपद के नोडल अधिकारी के रूप में संचालित गौआश्रय स्थलों एवं सहभागिता योजना का स्थलीय निरीक्षण हेतु दौरे पर हैं। इसी क्रम में गुरूवार को वृहद गौआश्रय स्थल करीमुद्दीनपुर, असावर और सिऊरी का निरीक्षण नोडल अधिकारी द्वारा किया गया। नोडल अधिकारी ने गौआश्रय स्थल पर रखे गए गोवंशों का सत्यापन अभिलेखों के आधार पर किया तथा सहभागिता योजना में सुपुर्द किए गए पशुओं की संख्या का सत्यापन भी किया। नोडल अधिकारी द्वारा वर्तमान माह में सस्ते दर पर भूसा खरीद एवं स्थानीय गणमान्य कृषकों द्वारा दान में भूसा प्राप्त कर कर स्टोर करने के कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। नोडल अधिकारी ने गौसंरक्षण, आश्रय स्थलों की व्यवस्था, सहभागिता इत्यादि जैसे कार्यक्रम पर संतुष्ट दिखे। निरीक्षण के दौरान एडीएम,मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, एसडीएम, बीडीओ,पशुचिकित्सा अधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी आदि रहें।

### अंतरराज्यीय हेरोइन तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे



**गाजीपुर।** पुलिस ने अन्तरराज्यीय दो हेरोइन तस्करों को दबोच लिया है। उनके पास से साठ लाख की हेरोइन बरामद किया है। पुलिस की लगातार कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मच गया है। स्वाट और सर्विलांस टीम के साथ रेवतीपुर पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर बिहार प्रांत से हेरोइन की तस्करी करने आ रहे अन्तरराज्यीय दो हेरोइन तस्करो तस्करों को चार पहिया वाहन के साथ नगसर मोड़ पर गिरफ्तार किया। वाहन की तलाशी में 603 ग्राम हेरोइन बरामद किया। पूछताछ में कार सवार अभियुक्त अप्पू राय पुत्र स्व. विजय कुमार राय और निरज कुमार राय पुत्र स्व. विजय कुमार राय निवासी ग्राम मुंगाव थाना कोरानसराय जनपद बक्सर बिहार के रूप में पहचान हुई। गिरफ्तार करने वाली टीम में रेवतीपुर थानाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी, स्वाट प्रभारी रामाश्रय राय, सर्विलांस प्रभारी सुनील तिवारी ,सुजीत सिंह,विकास श्रीवास्तव विनय यादव ,जयंत सिंह,अजय प्रसाद,राहुल प्रजापति,संगम शुक्ला मौजूद रहे।

### अनुशासन कोर समिति की बैठक संपन्न

**भांवरकोल।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र स्थित स्वामी इंटर कालेज स्वामी आत्मानंद इंटर कालेज टोडरपुर की अनुशासन कोर समिति की बैठक नये शिक्षा सत्र को देखते हुए श्रीराम सभागार में कालेज के प्रधानाचार्य शिवजी यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें नये शिक्षा सत्र के लिए दिशा निर्देश विषयक नियम निर्धारित किए गये। नये दिशा-निर्देश के अनुसार कालेज के यूनिफार्म में आना अनिवार्य होगा अन्यथा कालेज परिसर में प्रवेश नही दिया जायेगा। विशेष परिस्थितियों में ही कालेज अनुशासन -प्रमुख के अनुमति से ही विद्यार्थी परिसर से बाहर जा सकेंगे। बैठक में श्रीकांत तिवारी,लल्लन सिंह,शशिधर शुक्ला और ऊदल सिंह कुशवाहा उपस्थित रहें।

# राजकीय कृषि केंद्र से हटाएं अवैध अतिक्रमण

**मनमानी**

### बीडीओ ने सफाई कर्मचारियों को भेज कराई सफाई

**जनसंदेश न्यूज**

**कासिमाबाद।** विकाश खंड क्षेत्र के सोनबरसा राजकीय कृषि केंद्र परिसर में नाली का गंदा पानी जाने से कर्मचारियों को बैठने और कार्य करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर जब कर्मचारियों के द्वारा खंड विकास अधिकारी कासिमाबाद से शिकायत किया गया तो त्वरित संज्ञान लेते हुए कासिमाबाद खंड विकास अधिकारी भीम राव प्रसाद मय टीम के साथ मौके पर जाकर निरीक्षण कर सफाई कर्मचारियों के द्वारा नाले की साफ सफाई और नाले पर अवैध निर्माण करने वाले लोगों को अवैध निर्माण स्वतः नही हटाया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कासिमाबाद सोनबरसा राजकीय कृषि केंद्र परिसर में किसानों की समस्या का निवारण हेतु कर्मचारी बैठते हैं। इस परिसर के मुख्य गेट पर नाले से गंदा पानी बह कर पूरे कार्यालय में जा रहा है। जिससे आने जाने वाले किसानों सहित कर्मचारियों को गंदगी के बीच रहने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इस समस्या को लेकर जब कर्मचारियों ने कासिमाबाद खंड विकास अधिकारी से अवगत कराया। मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके पर मय टीम के साथ पहुंच कर मौके का निरीक्षण किया।


सोनबरसा राजकीय कृषि केंद्र परिस में फैली गंदगी को देखते बीडीओ भीमराव प्रसाद।

इस दौरान देखा कि राजकीय कृषि केंद्र का परिसर नाली के गंदा पानी से भरा हुआ है और कुछ लोगों के द्वारा नाले पर अतिक्रमण करने से पानी के बहाव में बंधा उत्पन्न हो रहा है। इस दौरान उन्होंने अतिक्रमण करने वाले लोगों को आगाह करते हुए कहा कि अवैध निर्माण स्वयं हटा ले अन्यथा उनके खिलाफ सख्त की जायेगी और ग्राम प्रधान को सफाई कर्मचारियों के द्वारा निर्देशित किया कि मौके पर के सफाई अभियान चला कर सफाई कर्मचारियों के द्वारा नाले की साफ-सफाई कराया जाय।

इस संबंध में खंड विकास अधिकारी ने भीमराव प्रसाद ने बताया कि कृषि केंद्र के कर्मचारियों द्वारा परिसर में गंदा पानी लगने की शिकायत हुई थी। सफाई कर्मचारियों को लगाकर सफाई करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही नाली पर अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ समय रहते यदि अवैध निर्माण नही हटाते हैं। तब उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 405 लेनदारों से कर्ज वसूली की तैयारी

**गाजीपुर।** बकायेदार कुल-405 लाभार्थियों ने टर्मलोन, मार्जिंग मनी, शैक्षिक ऋण लिया है एवं उनके द्वारा किस्तों का भुगतान समय से नहीं किया जा रहा है, उन्हें पंजीकृत डाक के माध्यम से नोटिस निर्गत किया जा चुका है। यदि बकाया धनराशि 15 अप्रैल तक कार्यालय-जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी में सम्पर्क कर अपनी किस्त जमा करें। अन्यथा देय धनराशि की वसूली के लिए सम्बन्धित तहसील द्वारा आरसी निर्गत कर दी जायेगी। इस आशय की जानकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रभात कुमार ने दी है।

### दो वांछित को पुलिस ने दबोचा

**सुहवल।** स्थानीय पुलिस ने छापेमारी कर दो वारंटी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। उ.नि. प्रमोद कुमार यादव मय हे.का. चन्द्रेश सिंह, शुभम यादव तथा मनोज कुमार सिंह द्वारा गैर जमानती वारण्टी बेचू यादव पुत्र स्व. रामदेव, रमाशंकर यादव पुत्र स्व. बैजनाथ यादव निवासीगण ग्राम पटकनियां थाना सुहवल की गिरफ्तारी हेतु उनके घर दबिश दिया। दबिश के दौरान वारंटी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# पीड़ित के घर पहुंचे एमएलसी चंचल

## खेलकूद विवाद में महिला की हुई थी हत्या

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** बच्चों के खेलकूद विवाद में महिला की हत्या का मामला तुल पकड़ने लगा है। एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने पीड़ित परिवार से मिलकर घटना की जानकारी ली है। पुलिस कप्तान से आरोपियों को तत्काल गिरफ्तारी के लिए कहा है।

एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने गुरूवार को जमानियां के मतसा गांव की मिन्ता खरवार की हत्या के बाद उनके घर पहुंच कर परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिसिया कार्रवाई को लेकर उनसे परिजनों की राय जानी। एमएलसी मृतका के बड़े पुत्र नीरज से बात कर रहे थे इस बीच बड़ी पुत्री ज्योति ने बताया की आए दिन उसके घर के सामने सभी आरोपी भद्दी भद्दी टिप्पणी किया करते थे। जिससे हम सभी लोग तंग आ चुके थे। लेकिन वह दबंग किस्म के लोग थे जिस वजह से उनके खिलाफ कोई आवाज नहीं उठा पाता था। एमएलसी ने पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह से बात कर सभी आरोपीयों की तत्काल गिरफ्तारी करने को कहा। इस दौरान उपजिलाधिकारी हर्षिता तिवारी , थानाध्यक्ष वागीश विक्रम सिंह भाजपा नेता निपेंद्र उपाध्याय,बृजनन्दन सिंह, चन्दन तिवारी,सुनील सिंह,प्रदीप पाठक, अमित नागवंशी, हिमांशु, विवेक, जय प्रकाश ,दीपू, अनुप आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

बतादें,जमानियां कोतवाली क्षेत्र के मतसा गांव में छोटे बच्चों के खेलकूद विवाद में मिन्ता खरवार की ईट पत्थरों से मारकर हत्या कर दी गई। जिसमें पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम है। जिसे पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। परिजनों के मुताबिक मुस्लिम परिवार के बच्चों और उसके घर के छोटे बच्चों से खेलकूद में एक दिन पहले मामूली कहासुनी हो गई थी। जिसे बड़े बुजुर्गों ने बीच बचाव कर मामला शांत करा दिया था। लेकिन बीते मंगलवार की देर रात्रि को अचानक मुस्लिम परिवार के कुछ सदस्य उससे झगड़ा व ईंट पत्थर चलाने लगे। जब उसकी मां मींता खरवार बीच बचाव करने आई तो दूसरे पक्ष के लोगों ने हथियार व ईंट पत्थर से मारकर उसकी मां की हत्या कर दी।

# चेयरमैन की कुर्सी पर हैट्रिक लगा चुके हैं राजनाथ

## सादात नगर पंचायत चुनाव में हो सकता है कड़ा मुकाबला

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** सादात नगर पंचायत का गठन 25 अक्तूबर 1971 में हुआ था। करीब 18 वर्ष तक प्रशासक रहने के बाद पहला चुनाव वर्ष 1989 में हुआ। नगर के प्रथम चेयरमैन हरिदास वर्मा चुने गये, जिनका कार्यकाल 27 नवम्बर 1993 को समाप्त होने के बाद करीब दो साल तक टाउन एरिया सुपरसीट रही। इसके बाद 02 दिसम्बर 1995 को श्यामनारायण भारद्वाज को दूसरा चेयरमैन चुना। लगभग दो साल बाद इनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर इन्हें हटा दिया गया। फलस्वरुप वार्ड संख्या पांच के तत्कालीन सभासद शिवानन्द सिंह मुन्ना करीब सात माह तक चेयरमैन की कुर्सी पर आसीन रहे। उपचुनाव में फिर से श्यामनारायण भारद्वाज को ही जनता ने चेयरमैन चुना। इसके बाद पहली दिसम्बर वर्ष 2000 से अस्तित्व में आई तृतीय निर्वाचित कमेटी की बागडोर एक बार फिर से श्यामनारायण राजभर को ही जनता ने सौंपा।

वर्ष 2006 में हुए चौथे चुनाव में भाजपा के टिकट से राजनाथ यादव विजयी हुए। इसके बाद 2012 में उनकी पत्नी प्रमिला यादव बीजेपी से ही चेयरमैन बनी और उन्होंने दिसम्बर 2017 में हुए छठवें चुनाव में भी जीत दर्ज कर लगातार तीसरी बार चेयरमैन चुने जाने का गौरव प्राप्त किया। अब देखना है कि सादात नगर की जनता पुराने चेहरे पर ही अपना विश्वास बरकरार रखेगी या कोई नए चेहरे पर मुहर लगाएगी।

### सामान्य सीट होते ही आमने सामने की लड़ाई

बतादें, वर्ष 2017 के निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशी प्रमिला को महज 196 वोट के अंतर से जीत हासिल हुई थी। उन्होंने सपा की सुमन यादव को 2035 के मुकाबले 2231 वोट पाकर हराया था। इस बार सामान्य सीट होने की वजह से काफी रोचक मुकाबला होने की उम्मीद है। अब तक संभावित उम्मीदवारों का जो चेहरा सामने नजर आ रहा है उनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवानन्द सिंह मुन्ना, पूर्व चेयरमैन राजनाथ यादव की पत्नी प्रमिला यादव, गोपाल दास वर्मा, यशवंत वर्मा, श्रवण जायसवाल और समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़कर पिछ्ली बार दूसरे स्थान पर रहने वाली सुमन यादव पत्नी स्व. रिंकू यादव मैदान में हैं।

# एसडीएम ने क्रांप कटिंग कराकर लिया उपज का जायजा


देवहल में उपज का की कटिंग कराते एसडीएम राजेश प्रसाद चौरसिया।

**गहमर।** तहसील सेवराई के अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम सभा देवहल में बृहस्पतिवार को उपजिलाधिकारी सेवराई राजेश प्रसाद चौरसिया ने गेहूं के फसल की क्रॉप कटिंग करवाया। उन्होंने गेहूं की फसल पर किए जा रहे क्रांप कटिंग प्रयोग का निरीक्षण कर उपज का लिया जायजा। इस दौरान उप जिलाधिकारी ने खेत का नक्शा, खसरा, रजिस्टर, भू-अभिलेखों की जांच करते हुए काश्तकारों से बोये हुए गेहूं के बीज के बारे में गहन जानकारी ली। राजस्व विभाग द्वारा देवहल गांव के किसान सरफराज खां के खेत नंबर 3457 में 10-10 मीटर के समबाहु त्रिभुज का प्लाट बनाकर नियमानुसार सीसीई एग्री एप के माध्यम से क्रॉप कटिंग का प्रयोग किया। जिनमें 18 किग्रा 910 ग्राम उपज प्राप्त हुआ। उप जिलाधिकारी ने कहा कि क्रांप कटिंग प्रयोगों के आधार पर ही जिले में फसलों के औसत उत्पादन, क्षतिपूर्ति एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा दावे की राशि के आकड़े तैयार किए जाते हैं। क्रॉप कटिंग के अवसर पर राजस्व निरीक्षक अफजाल अंसारी, क्षेत्रीय लेखपाल प्रभाकर पाण्डेय, सरहदीय लेखपाल आशुतोष यादव व संजय कुमार उपाध्याय, बीमा एजेंट मोहित श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान इनामुद्दीन खां, ग्रामीण संग्राम, रघुनाथ, सत्यनारायण आदि मौजूद रहे।

## महिला को जान से मारने की मिली धमकी

**जनसंदेश न्यूज**

**सेवराई ।** गहमर थाना क्षेत्र के देवल गांव में गाली गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने व मारपीट करने का पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही में जुट गयी। गहमर थाना क्षेत्र के देवल गांव निवासी साधना कुमारी पत्नी जेतेंद्र प्रताप सिंह ने गहमर थाने में तहरीर देकर बताया कि जमीनी विवाद को लेकर मनोज कुमार सिंह व पंकज कुमार सिंह पुत्रगण योगेंद्र प्रताप सिंह उसको और उसकी जेठानी नीतू को गाली गलौज देने के साथ-साथ अक्सर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देता है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुट गई। इस संदर्भ में प्रभारी निरिक्षक गहमर पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर दो आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# हमीद सेतु पर क्षतिग्रस्त हाइटगेज बेरियर पर नहीं है किसी की नजर

## पुलिस की मिलीभगत से ओवरलोड वाहनों का संचालन

**जनसंदेश न्यूज**

**सुहवल।** क्षेत्र के हमीद सेतु के पास ओवरलोड वाहन पुल से न गुजर सके इसके लिए लगाए गये लोहे के हाइटगेज वैरियर के वाहनों के धक्के से टेढा हुए काफी दिन हो गये। मगर आज तक इसे प्रशासन के द्वारा दुरुस्त नहीं कराया जा सका है। जिसके चलते इसका फायदा उठा पुलिस के सहयोग से इसमें लिप्त लोग ओवरलोड वाहनों का संचालन में बदस्तूर जुटे है,जो भविष्य में हमीद सेतु के सेहत के लिए कभी भी नुकसानदेह साबित हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि ओवरलोडिंग में लिप्त लोगों की मंशा पाकेट गर्म करना है चाहे जैसे हो,भले ही यह महत्वपूर्ण सेतु क्यों न क्षतिग्रस्त जाए ,लोगों ने कहा कि यह पूरा खेल रात के पहर अधिकारियों के कार्यवाई की चेतावनी को ताक पर रख हो रहा है। ओवरलोड वाहन पुल से गुजरता है बकायदा सबका एक कोड है,इसका इशारा होते ही इन वाहनों को पुल से जाने की बेधड़क अनुमति पीकेट पर तैनात पुलिस कर्मी व थाने के कारखास (पुलिस कर्मी) के द्वारा दे दी जाती है,उसके बाद तो ये ओवरलोड विभिन्न तरह के वाहन पलक झपकते ही पुल से ओझल हो जाते है। बताया कि वर्ष 2020 दिसंबर में वाहनों से वसूली की शिकायत मिलने पर तत्कालिक जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने एक व्यक्ति को मौके से वसूली करते हुए पकड़ा था ,जबकि ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी कार्यवाई के खौफ से मौके से फरार हो गये थे। उस दौरान कई पुलिस कर्मी लाइन हाजिर किए गये थे। मांग किया कि इसमें लिप्त चाहे जो हो उनके मोबाइल नंबर अगर सर्विलांस पर लगा दिए जाए तो पूरा मामला परत दर परत खुल जायेगा कि इस खेल में कौन कौन शामिल है। इस संबंध में ग्रामीण पुलिस अधीक्षक बलवंत चौधरी ने बताया कि पूरे मामलें की जांच की जायेगी,एवं इसमें लिप्त लोगों के दोषी पाए जाने पर सख्त कार्यवाई की जायेगी।


हमीद सेतु के पास क्षतिग्रस्त हाइटगेज बेरियर।

## जनसंपादकीय

# जीवन को स्वस्थ रखने की चुनौती

अरविंद जयतिलक



आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है। यह दिवस इस मायने में महत्वपूर्ण है कि नित-नए खतरनाक बीमारियों की उत्पत्ति से जीवन को स्वस्थ रखने की चुनौती बढ़ गयी है। दुनिया भर के लोगों को जागरुक करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन वैश्विक बिरादरी को संदेश देता है कि वह अपने नागरिकों को शारीरिक व मानसिक रुप से स्वस्थ रखे। एक स्वस्थ व समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के लिए नागरिकों का शारीरिक व मानसिक रुप से स्वस्थ होना आवश्यक है। इसलिए और भी कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। लेकिन चिंता की बात है कि चिकित्सकीय क्षेत्र में नित-नए आविष्कार और अनुसंधानों के बाद भी आज दुनिया की बड़ी आबादी किस्म-किस्म की बीमारियों से ग्रसित है। मानवता संकट में है। दुनिया की बड़ी आबादी शारीरिक व मानसिक रुप से अस्वस्थ है। उदाहरण के लिए विश्व के तकरीबन 30 करोड़ से अधिक लोग अवसाद के शिकार हैं वहीं कैंसर की वजह से हर साल 76 लाख लोग दम तोड़ रहे हैं। एड्स की बात करें तो मौजूदा समय में लैटिन अमेरिका में 17 लाख, पूर्वी यूरोप एवं मध्य एशिया में 15 लाख, खाड़ी देश व उत्तर अफ्रीका में 2.8 लाख, पूर्वी, मध्य यूरोप व उत्तरी अमेरिका में 24 लाख, एशिया व प्रशांत क्षेत्र में 50 लाख, कैरेबियाई देश में 2.4 लाख तथा उप-सहारा क्षेत्र में 2.58 करोड़ रोगी हैं। स्वास्थ्य के मोर्चे पर भारत की स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं है। गत वर्ष संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक रिपोर्ट से उद्घाटित हो चुका है कि गंभीर बीमारियों विशेष रुप से असंक्रामक बीमारियों (हृदय रोग, मधुमेह और कैंसर) की वजह से आने वाले वर्षों में भारत में मरीजों की तादाद बढ़ेगी। इस रिपोर्ट के मुताबिक सन 2012 से 2030 के बीच इन बीमारियों के इलाज पर तकरीबन 6.2 खरब डॉलर यानी 41 लाख करोड़ रुपए खर्च करना होगा। इस रिपोर्ट में यह भी कहा जा चुका है कि इसके लिए शहरीकरण और काम तथा जीवन शैली की स्थितियां ही जिम्मेदार हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो देश में सालाना होने वाली कुल मौतों में से 6 प्रतिशत लोगों की मौत कैंसर से होती है। यह दुनिया भर में कैंसर से होने वाली कुल मौतों का 8 प्रतिशत है। कैंसर की वजह से देश में हर रोज 1300 मौतें होती हैं। कैंसर की तरह मधुमेह भी भारत के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। भारत में 6 करोड़ से अधिक लोग मधुमेह से पीडित हैं। हर वर्ष तकरीबन 15 लाख लोग इसकी चपेट में आ रहे हैं। इसी तरह भारत की आधी से अधिक आबादी श्वास संबंधी रोगों और फेफड़ों से जुड़ी शिकायतों से ग्रस्त है। प्रतिदिन तकरीबन साढ़े तीन करोड़ लोग डॉक्टरों के पास स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों के निदान के लिए जाते हैं। इस तरह भारत विश्व की सर्वाधिक बीमारियों का बोझ उठाने वाले देशों में शुमार हो चुका है। आंकड़ों के मुताबिक विश्व की कुल 7.3 अरब की जनसंख्या के मुकाबले भारत की 1.2 अरब की आबादी में सालाना विश्व भर में होने वाली मौतों का 18 प्रतिशत मौतें भारत में होती है। विश्व में असंक्रामक रोगों से मरने वाले लोगों की तादात लगातार बढ़ रही है। उसमें भारत की स्थिति नाजुक है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में हर वर्ष 1.6 करोड़ लोग कैंसर, मधुमेह और हृदयघात जैसे असंक्रामक रोगों की वजह से मर रहे हैं। भारत में असंक्रामक रोगों से 30 से 70 साल के बीच मरने वाले लोगों की आशंका 26.1 से बढ़कर 26.2 प्रतिशत हो गया है। तुलनात्मक रुप से यह आंकड़ा दक्षिण एशिया और अफ्रीका के कुछ देशों की तुलना में बेहद खराब है। रिपोर्ट के मुताबिक पी-5 देशों (चीन, फ्रांस, रुस, ब्रिटेन और अमेरिका) में केवल रुस की ही स्थिति भारत से अधिक खराब है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने माना है कि असंक्रामक बीमारियों में कैंसर, डायबिटीज, हृदय रोग और सांस लेने में परेशानी संबंधी प्रमुख चार बीमारियां हैं। असंक्रामक रोगों की वजह से भारत ही नहीं विश्व की एक तिहाई आबादी भी मुश्किल में है। उसका कारण यह है कि इन असंक्रामक बीमारियों से निपटने के लिए अभी तक कारगर कदम नहीं उठाए गए हैं। अच्छी बात यह है कि इस दिशा में पार्टनरशिप टू फाइट क्रॉनिक डिजीज (पीएँसीडी) ने हाल ही में संकल्प दिशा स्वस्थ भारत की नाम से एक राष्ट्रीय रुपरेखा तैयार कर उस पर अमल शुरू हुआ है। इसका उद्देश्य देश में 2025 तक स्वस्थ भारत के संकल्प को हासिल करने में सहयोग देना है। चूंकि भारत में अभी तक असंक्रामक रोगों से निपटने के लिए कोई ठोस नीति नहीं रही लिहाजा ऐसे में इस ब्लू प्रिंट से राज्यों को स्वास्थ्य संबंधी मामलों को प्राथमिकता देने में मदद मिलेगी। अगर इसे जमीनी शक्ल दिया जाता है तो भारत में हृदय रोग, कैंसर, मधुमेह और मस्तिष्क आघात से मरने वाले लोगों की संख्या कम होगी। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार असंक्रामक रोगों से निपटने के लिए भारी धनराशि खर्च कर रही है। उसके अपेक्षित परिणाम भी देखने को मिल रहे है। चिकित्सकों का कहना है कि अगर इन बीमारियों पर शीघ्र ही नियंत्रण स्थापित कर लिया गया तो यह बीमारी राष्ट्रीय आपदा का रुप ग्रहण नहीं कर सकती है और इससे आसानी से निपटा जा सकता है। सरकार की कोशिश है कि 30 वर्ष से ज्यादा उम्र के व्यक्तियों में गैर संचारी रोगों को लेकर ज्यादा से ज्यादा जागरुकता पैदा किया जाय और व्यापक स्तर पर उनका शारीरिक परीक्षण कराया जाए। निःसंदेह यह एक सार्थक कदम है। अगर इस योजना को आकार दिया जाए तो देश की एक बड़ी आबादी को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने में मदद मिलेगी। गत वर्ष पहले भारत के महापंजीयक द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा जा चुका है कि देश के 35 से 64 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों में 42 फीसदी मौत की वजह असंक्रामक रोग है। अगर इन रोगों के लक्षणों को समझ लिया जाय तो इस पर नियंत्रण पाने में आसानी होगी। ऐसा माना जाता है कि असंक्रामक रोगों का जितना जल्दी इलाज शुरू होता है वह उतना ही लाभकारी होता है। सरकार को चाहिए कि वह असंक्रामक रोगों की दवाइयों की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण लगाए ताकि आमजन को फायदा हो सके। साथ ही सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार के लिए शहरों के साथ-साथ गांवों पर ज्यादा फोकस बढ़ाना चाहिए। इसलिए कि असंक्रामक रोगों से मरने वालों की ज्यादा तादाद ज्यादा गांवों में है। गांवो में स्वास्थ्य सेवा का बुनियादी ढ़ांचा पूरी तरह चरमराया हुआ है। गांवों में स्थापित अस्पताल जर्जर हैं। न तो वहां जनसंख्या के अनुपात में डॉक्टर हैं और न ही दवाइयां। ऐसी स्थिति में भला असंक्रामक रोगों से कैसे निपटा जा सकता है। विडंबना यह है कि गांव के लोगों को तब तक असंक्रामक रोगों के बारे में जानकारी नहीं होती जब तक कि वह पूरी तरह उसके चपेट में नहीं आ जाते है। जब तक उन्हें अपनी बीमारियों के बारे में जानकारी मिलती है तब तक बीमारियां गंभीर रुप धारण कर चुकी होती हैं। चूंकि गांवों में इन रोगों के इलाज की बेहतर सुविधा नहीं है लिहाजा उन्हें शहर की ओर रुख करना पड़ता है। उचित होगा कि सरकार गांवों में बेहतर और सस्ता इलाज की सुविधा उपलब्ध कराए ताकि लोगों को असामयिक मौत के मुंह में जाने से बचाया जा सके। निःसंदेह पिछले कुछ वर्षों में कैंसर, एड्स और हृदय से जुड़ी घातक बीमारियों के उपचार में नई तकनीक और दवाइयां ईजाद हुई हैं। लेकिन सच यह भी है कि ये इतनी अधिक महंगी हैं कि आमलोगों की पहुंच से बाहर हैं। अच्छी बात है कि भारत सरकार महंगी जीवनरक्षक दवाईयों की कीमत कम करने का प्रयास कर रही है ताकि गंभीर बीमारियों से त्रस्त आम आदमी भी इलाज करा सके। आमजन को भी चाहिए कि वह सरकार द्वारा विभिन्न किस्म के रोगों के बारे में दी जा रही जानकारियां और उससे बचने के उपाय को गंभीरता से ले।

( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

# 'मानहानि' का मुकदमा और 'मानहानि' कविता

## समय- संदर्भ

रविभूषण




राहुल गाँधी की सांसद-सदस्यता 23 मार्च 2023 को खारिज किए जाने के एक सप्ताह बाद 30 मार्च 2023 को विनय सौरभ की कविता 'मानहानि' उनके फेसबुक वाल पर आते ही वायरल हो गयी. पारुल खख्खर की कविता 'शववाहिनी गंगा' के बाद संभवतः तुरंत पाठकों तक पहुँच जाने वाली पिछले दिनों में यह अकेली कविता है. 'मानहानि' का सवाल देश भर में प्रशांत भूषण को लेकर बहुत गूँजा था और उस समय बहसें भी हुई थीं. मानहानि नागरिक और आपराधिक कानून दोनों के अधीन एक अपराध है. नागरिक (सिविल) कानून में यह अपकृत्य कानून के तहत दावेदार को दिए जाने वाले हजार्ने के रूप में सजा देकर दण्डनीय है. आपराधिक कानून के तहत यह एक जमानती, गैर संज्ञेय अपराध है. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 499 में 'मानहानि' को परिभाषित किया गया है. इस धारा के अनुसार बोलकर, लिखकर, संकेतों या चित्रों के द्वारा किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा पर लगाया गया लांछन मानहानि है.

राहुल गाँधी ने 2019 के लोकसभा चुनाव के पहले कर्नाटक के कोलार में एक रैली में यह कहा था कि सभी चोरों का सरनेम मोदी ही क्यों होता है ? उन्होंने जिन छह लोगों के नाम लिये थे, उन सबका उपनाम मोदी नहीं था. उनके खिलाफ गुजरात विधान सभा के सत्तावन वर्षीय भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने मुकदमा दायर किया. गुजरात के सूरत पश्चिम विधानसभा सीट से वे तीसरी बार विधायक बने हैं. कुछ समय तक वे सूरत नगर भाजपा के अध्यक्ष भी थे. उनका तर्क यह है कि ह्लराहुल गाँधी ने दो झ पाँच लोगों को निशाना बनाने के बजाय हमारे पूरे समाज को निशाना बनाया.इसलिए हमने मामला दर्ज किया.ह्व उनके अनुसार यह सामाजिक प्रश्न था. देश में प्रायः प्रतिदिन सामान्य नागरिकों के अतिरिक्त अन्य अनेक व्यक्तियों की मानहानि होती है. व्यक्ति जब सर्वोपरि हो जाता है, तब वह अपने मान-सम्मान की अधिक चिंता करता है. राहुल गाँधी ने बाद की एक प्रेस कांफ्रेंस में यह कहा है कि उन्होंने जिन लोगों के नाम लिए थे, उनमें नरेन्द्र मोदी के अलावा सब भगोड़े हैं. उनके अनुसार उनके खिलाफ मानहानि का केस केवल नरेन्द्र मोदी कर सकते हैं. पूर्णेश मोदी को केस दर्ज करने का कोई हक नहीं है.

हिंदी कविता में तात्कालिक घटनाओं एवं स्थितियों पर काव्य-रचना द्वारा कवि-प्रतिक्रिया व्यक्त करने में नागार्जुन अग्रणी कवि हैं. सभी कवियों पर बड़ी से बड़ी घटनाओं का भी कोई प्रभाव नहीं पड़ता. इसका सीधा संबंध कविता की संवेदनशीलता और विचार-निष्ठा से है. आज के संवेदनहीन समय में संवेदनशील बने रहना बड़ी बात है. जिस तत्परता के साथ राहुल गाँधी को मानहानि वाले केस में दो वर्ष की सजा सुनायी गयी, वह सबको हैरान करने वाली थी. 'मानहानि' कविता केवल मानहानि पर न होकर इसके माध्यम से कई बड़े सवाल प्रस्तुत करती है. कविता का आरम्भ 'एक अजीब हफ्ते' से शुरू होता है, जहाँ कवि की अपनी मुश्किलें हैं. मार्च का महीन नौकरी पेशा लोगों के लिए टैक्स अदायगी का भी एक महीना होता है झ ह्लकुछ हजार का टैक्स बचाने की जुगत में / मेरा चेहरा किसी असहाय मनुष्य की तरह / लग रहा था.ह्व कवि कविता के आरम्भ में टैक्स, अस्पताल, डॉक्टर, इंश्योरेंस आदि के चक्कर में फँसे - उलझे 'देश के लाखों लोगों को' देखता है. वह सामान्य व्यक्ति के बारे में सोचता है- ह्लएक सब्जी बेचने या पैदा करने वाले की / किडनी खराब हो जाए तो/ वह क्या कर सकता है इस देश में ?ह्व कविता सामान्य अर्थ देने के बाद भी अपने भीतर कई अर्थों को छुपाये होती है. आज देश की जो स्थिति है, उसे ध्यान में रख कर क्या यह कहना अनुचित होगा कि देश की किडनी ही खराब हो चुकी है. जिस देश में चिकित्सा कि सुविधा नहीं हो, वह देश एक रुग्ण देश है और यह रुग्णता कई प्रकार की है. समकालीन हिंदी कविता के गंभीर आलोचकों के लिए गौर करने की मुख्य बात यह है कि इधर कई कवियों की कविताओं में 'देश' उपस्थित है. देश का अर्थ देश की जनता है और स्वाधीन भारत में यह और बदहाल हुई है. बयासी वर्षीय कवि ऋतुराज की कविताएँ 'बया' के नए अंक (जनवरी झमार्च 2023 ) में 'देश और कुछ अन्य नई कविताएँ' शीर्षक से प्रकाशित है. पहली कविता 'देश' में ऋतुराज देश की वर्तमान स्थिति सामने रखते हैं. विनय सौरभ की चिंता में 'देश' है जो कविता में चौदह बार प्रयुक्त हुआ है.

'मानहानि' का मुकदमा यह बताने को पर्याप्त है कि देश को कहाँ ले जाया गया है. नवारुण भट्टाचार्य ने दशकों पहले लिखा था 'मृत्यु उपत्यका नहीं है मेरा देश' और उनके पहले मुक्तिबोध ने साफ शब्दों में कहा था ह्लमर गया देश, अरे जीवित रह गए तुमह्व. राहुल गाँधी पर मानहानि का मुकदमा सोच-समझ कर किया गया था, जिसका राजनीतिक प्रयोजन है. कांग्रेस देश की प्रमुख राष्ट्रीय पार्टी है. राहुल गाँधी की छवि बिगाड़ने के लिए प्रचार-माध्यमों एवं अन्य माध्यमों में हजारों करोड़ रुपए खर्च किये गए हैं. कांग्रेस-मुक्त भारत की बात केंद्र की सत्ता में आने के बाद कई बार मोदी-शाह ने कही है. लोकतंत्र में असहमति महत्त्वपूर्ण है. कांग्रेस-मुक्त या विपक्ष झ मुक्त भारत की बात कहना लोकतंत्र विरोधी है. मानहानि के मुकदमे राहुल के खिलाफ कई राज्यों में दायर किये गए हैं. मानहानि के इस मामले में कोई जाँच नहीं की गयी. श्री दवे पहले मजिस्ट्रेट थे. याचक ने हाई कोर्ट में यह मामला 'स्टे' कराया. 7 फरवरी को राहुल गाँधी ने लोकसभा में प्रधानमंत्री और अडाणी के रिश्ते को लेकर कई तीखे सवाल पूछे थे. 9 दिन बाद 16 फरवरी को पूर्णेश मोदी ने हाई कोर्ट में जाकर मामला आरम्भ करने की माँग की. जब तक राहुल गाँधी ने अडाणी झ मोदी के संबंध को लेकर सवाल नहीं किया था, तब तक यह मुकदमा ठंडे बस्ते में पड़ा रहा था. गुजरात हाईकोर्ट के निर्देश के बाद मोदी सरनेम केस में हरीश हँसमुख भाई वर्मा ( एच. एच. वर्मा) ने जल्द सुनवाई की और 23 मार्च को दिए फैसले में राहुल गाँधी को दो साल की सजा दी, जिससे उनकी सांसद सदस्यता प्रभावित होती. लोकसभा सचिवालय ने 24 मार्च 2023 को अपनी अधिसूचना (संख्या 21/4 (3) 2023/ळड/(इ) जारी की और वायनाड संसदीय क्षेत्र की उनकी लोकसभा की सदस्यता समाप्त की गई.

पूर्व जस्टिस वी. जी. कोलसे ने दूरदर्शन पर मनमोहन सिंह को 'अमेरिका का दलाल' कहा था. मदांध शासक केवल मन को महत्त्व देता है. देश से अपने को बड़ा या अपने को ही देश समझने के बाद शासक किसी की नहीं सुनता. उसे सवाल पसंद नहीं होता. प्रश्न पूछना वहाँ गुनाह है. प्रश्न विहीन लोकतंत्र फासीवाद है. राहुल गाँधी के विदेश में दिए गए भाषण की भाजपा और उसके नेताओं ने काफी आलोचना की थी, उनसे क्षमा माँगने को कहा था. संसद की उनकी सदस्यता रद्द किये जाने की भी बात कही गयी थी. राहुल गाँधी ने क्षमा नहीं माँगी. न संसद में, न संसद के बाहर, न न्यायपालिका के सामने. दिल्ली की एक प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा झ 'मेरा नाम सावरकर नहीं है, मेरा नाम गाँधी है और गाँधी किसी से माफी नहीं माँगते हैं'. गाँधी सच के साथ थे. उनके लिखे लेखों के कारण 1922 में जज ने उनसे माफी माँगने को कहा था. गाँधी ने सच लिखने की बात कही थी. सौ वर्ष बाद भी, स्वाधीन भारत में सच बोलना, सच लिखना, सवाल पूछना अपराध है. राहुल गाँधी पर मानहानि का मुकदमा एक प्रकार का राजनीतिक बदला है. पूर्णेश मोदी भाजपा के विधायक हैं. 'खामोश ! अदालत जारी है' के तर्ज पर यह कहा जा सकता है झ 'खामोश ! फासीवाद है'.





विनय सौरभ की कविता 'मानहानि' आज के भारत का भयावह सच है. ब्रेख्त ने 'सच' के संबंध में जो पाँच बातें लिखी हैं, उसे हम कवि में देख सकते हैं. कवि में सच कहने का साहस है. हिंदी में साहसी कवि कम हैं. साहसी कवि मृत शब्दों को भी जीवित करता है, उनमें ऊर्जा भर देता है. 'मानहानि' कविता देश की चिंताओं से जुड़ी चिंता है. 'बख्तियारपुर' कविता से विनय सौरभ ने अपनी जो पहचान बनायी थी, अब इस कविता के बाद वह पहचान कहीं अधिक अमिट हो गयी है. यह 'देशकाल के शर से' बिंधी कविता है. कवि का 'कन्सर्न' व्यापक है, उसकी चिंताएँ बड़ी और वाजिब हैं, वह हिंदी के उन तमाम कवियों से भिन्न है, जो आत्मलीन हैं, वर्तमान हालातों से बेखबर और तटस्थ हैं. 'मानहानि' कविता हिंदी के कवियों के समक्ष एक उदाहरण भी प्रस्तुत करती है. हिंदी के कवियों पर आज सबसे बड़ी जिम्मेदारी है. देश की वर्तमान स्थिति के लिए हिंदी प्रदेश जिम्मेदार है. 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्राप्त कुल 282 सीटों में से 190 से अधिक सीट हिंदी प्रदेशों से प्राप्त हुई थी. भाजपा को बहुमत देने में हिंदी प्रदेश की मतदाताओं की भूमिका है. नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री हिंदी प्रदेश के मतदाताओं के कारण बने हैं. 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को कुल 303 सीटें प्राप्त हुई थीं, जिनमें 170 से कुछ अधिक सीट हिंदी प्रदेश की थी. वर्तमान हालात से बेखबर और तटस्थ रह कर फासीवादी शक्तियों को ही सुदृढ़ किया जा सकता है. 'जो तटस्थ है, समय लिखेगा उनका भी अपराध'.

'मानहानि' कविता में किसी भी व्यक्ति का नामोल्लेख नहीं है. वहाँ हुक्मरान हैं, जज है, गवर्नर है, अपराधी और अपराधी सांसद है, मीडिया है, चैनल है, एंकर हैं, गाँधी के पुतले को गोली मारने वाली सजी झ धजी औरत है, फिल्मकार है, गृह मंत्री है, 'देश के रहनुमा' हैं, तानाशाह है, नया निजाम है, 'विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, शिक्षक, डॉक्टर, धनी मारवाड़ी व्यापारी सब हैं', पंडित है, पुलिस अधिकारी है, 'बच्चन साहब' और भारत रत्न क्रिकेटर है. पूरा सत्ता झ तंत्र और उससे जुड़े शक्तिशाली लोग और समूह हैं, जिनकी कैद में देश है. 'मानहानि' कविता मानहानि का अर्थ - विस्तार करती है, उस समय का एक चित्र दिखाती है, जिसमें हम सब हैं. कविता की शक्ति कम शब्दों में बहुत कुछ कहने की है. "राज्यसभा या गवर्नर के / आवास में जाने का एक रास्ता न्यायिक सेवाओं से होकर भी जाता है अब", कविता में 'तब' शब्द नहीं है, पर 'अब' से स्पष्ट है कि ऐसा सदैव नहीं होता था. कल के भारत से आज का भारत विच्छिन्न है. यह अतीत का गुणगान करने वाली शक्तियों की करतूत है. कविता का सौन्दर्य और महत्त्व व्यक्त और कथित के साथ अव्यक्त और अकथित में भी होता है. विनय सौरभ की 'मानहानि' कविता में इसे हम देख सकते हैं. राज्यसभा के सांसदों और गवर्नरों की नियुक्तियाँ जिस प्रकार होती हैं, वे अब सर्वज्ञात हैं. कविता में 'न्यायिक सेवा' पर व्यंग्य है. कम शब्दों में सबकुछ कह देने का काव्य झ कौशल इस कवि ने प्राप्त कर लिया है. 'मानहानि' कविता में कहीं भी 'लोकतंत्र' शब्द का प्रयोग नहीं है पर लोकतंत्र के दो स्तम्भ झ मीडिया और न्यायपालिका की वर्तमान दशा का वास्तविक चित्र है. 'नया मीडिया रोमांच और सेंसेशन परोसने में / पहले ही नंगा हो चुका था / ...समाचार मनोरंजन में /और एंकर भाटों और विदूषकों में बदल गए थे.' ...'मीडिया अब हिन्दू - मुस्लिम कर रहा था / और सुखी था.'

प्रचलित अर्थों में 'मानहानि' कविता प्रतिरोध की कविता नहीं है. हिंदी की प्रतिरोधी कविताओं पर नए सिरे से विचार की भी जरुरत है. कविता में यथार्थ की प्रस्तुति और यथार्थ की रचना, यथार्थ की सर्वांगीण समझ के बिना संभव नहीं है. इसका संबंध कवि की गहरी संवेदना और वैचारिक समझ से है, युग-बोध और इतिहास-बोध से भी है. कविता में प्रतिरोध अव्यक्त रूप में भी होता है. कविता का एक बड़ा कार्य प्रतिरोध के लिए जमीन तैयार करना है. कविता क्रांति नहीं, क्रांति की चेतना तैयार करती है. जिस पत्रकारिता और मीडिया का कार्य सच बताकर सच के पक्ष में जन-मानस तैयार करना था, उसने अपनी भूमिका बदल दी है. उसे देश से, सही समाचारों से कोई मतलब नहीं रहा. ह्लवह तानाशाह को तानाशाह कहना भूल चूका था / लोग तानाशाह को पहचानते थे / मगर तानाशाह नहीं कहते थे / वह उसकी मानहानि हो जाती.ह्व क्या 'दीदी ओ दीदी' कहने में स्त्री की मानहानि जैसा कुछ नहीं है ? टीवी के पर्दे पर अपराधी को लघुशंका करते हुए लाइव दिखाया जाता है, पर जनता का दुःख-दर्द और उसकी समस्यायें वहाँ दिखायी नहीं जातीं. आज के भारत में सच बोलना झ लिखना और सत्ता से, सरकार से, सवाल करना अपराध है. 'कहाँ आ गए हम वोट देते-देते?'

विपक्षी नेताओं में सच कहने का, सवाल पूछने का साहस किनमें है ? राहुल गाँधी ने बार-बार सच कहने की बात कही है. उन्होंने अपनी निर्भीकता का पिछले दिनों प्रमाण भी दिया है. भारत में मानहानि को लेकर संसद की सदस्यता रद्द की गयी है. आज तक जिन 32 सांसदों की सदस्यता रद्द की गई है, उनमें से आधा से अधिक सांसदों की सदस्यता 2014 के बाद समाप्त की गयी है. 45 % के लगभग लोकसभा के सांसदों पर अपराध के मामले दर्ज हैं. विनय सौरभ ने फिल्मकार द्वारा देश के गृह मंत्री की मानहानि की बात लिखी है. अब सही फोटो दिखाना भी अपराध है. 'मानहानि के कारण एक सांसद / अपराधी करार दिया जाता है / और आप जानते हैं कि संसद में / अपराधियों की कोई जगह नहीं है / एक अपराधी के वहाँ होने से / वहाँ की समरसता बिगड़ सकती है.'

'मानहानि' कविता में 'देश की मानहानि' का जिक्र है. कोई पत्रकार यह नहीं कहता था कि देश का मुखिया ही देश की मानहानि कर रहा है. मुखिया सर्वोच्च है, वही देश है. कविता 'देश के रहनुमाओं के सामाजिक व्यवहार' पर सवाल करती है, जिसके डेटा में ह्लमानहानि के न जाने कितने ही / दास्तान दर्ज हैं / जो कोर्ट तक नहीं गए / जो वक्त के साथ भुला दिए गए हैं.ह्व कविता वर्तमान भारत के 'सत्ता - तंत्र' का वास्तविक चित्र दिखाती है. ह्लजहाँ न्यायाधीश भी पीछे हटते / और भय से भरते देखे गए हैं.ह्व नेहरु के शासन - काल में मुक्तिबोध ने 'अँधेरे में' कविता लिखी थी. 'मानहानि' कविता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्य-काल, शासन-काल में लिखी गई है. मुक्तिबोध ने 'अँधेरे में' कविता में अर्ध रात्रि के जुलूस में हत्यारे डोमा उस्ताद के साथ कवि झ लेखक, पत्रकार सबको देखा था. 'मानहानि' कविता में वोट पाने के लिए अपराधी के नगर झभ्रमण में उसके पीछे ह्लविश्वविद्यालय के प्रोफेसर, शिक्षक, डॉक्टर, धनी मारवाड़ी व्यापारी सबह्व चल रहे हैं. कविता में जो स्वप्न है, संभव है, कल वह सच भी हो. कवि स्वप्न में एक पंडित को अपने ऊपर मानहानि का मुकदमा दायर करते देखता है, पुलिस उसके घर आकर फेसबुक पोस्ट चेक करती है, उसकी डायरियाँ पढ़ती है. जब भगवान को साधु-संत, बड़े मंदिर के पंडित, प्रधानमंत्री सब मानते हैं तो भगवान को न मानना, इन सबसे अपने आपको बड़ा समझना है. यह सबकी मानहानि है. कविता में किसी भी कंट्रोवर्सी में न पड़ने वाले 'बच्चन साहब' हैं और भारत रत्न क्रिकेटर भी. सब मिल-जुल कर जिस भारत का निर्माण कर रहे हैं, वह कवि का ही नहीं, इस स्तम्भ लेखक और अनेक लोगों का, करोड़ों भारतीयों का भारत नहीं है.

'मानहानि' कविता मानहानि पर फैसला देने वाले माननीय न्यायाधीशों को अवश्य पढ़नी चाहिए. यह न्याय की कविता है - हिंदी की एक सार्थक, विशिष्ट और महत्त्वपूर्ण कविता है.

**(लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)**

# कौन डरता है ईडी और सीबीआई से

## प्रसंगवश

निरंकार सिंह



भ्रष्टाचार देश की एक बहुत बड़ी समस्या है। आज यह देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा बन गया है। इससे माफिया गिरोहों और आतंकवादियों की जड़े मजबूत हो रही हैं और हिंसक आंदोलनों को बढ़ावा मिला रहा है। भ्रष्टाचार पर तभी लगाम लगाई जा सकती है जब हमारे जनप्रतिनिधियों का दामन साफ हो। इसलिए इसके खिलाफ हर संभव कार्रवाई की जानी चाहिए। पर विपक्ष के नेता प्रवर्तन निदेशालय अर्थात ईडी और सीबीआई की कार्रवाई को लेकर सवाल उठाते रहते हैं। गौरतलब है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव, दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने पांच मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया था।

पिछले 75 वर्षों में देश ने तरक्की की जिन बुलन्दियों को छुआ, हमारे कुछ नौकरशाहों और राजनेताओं ने उसके बराबर, बल्कि उनसे कहीं ऊंची भ्रष्टाचार की मीनारें खड़ी की हैं। कई राज्यों में मंत्रियों ने जिस तरह से सत्ता के बल पर जनता को लूटा उसकी कोई मिसाल नही मिलती है। लेकिन दुखद आश्चर्य यह है कि भ्रष्टाचार में संलिप्त लोग अब शर्मसार नहीं होते। ऐसे में, यदि उससे जुड़ी खबरें हमारी संवेदना का महत्वपूर्ण हिस्सा नहीं बन पाती हैं, तो यकीनन यह समाज के क्षयग्रस्त होने का ही परिचायक है। दरअसल भ्रष्टाचार की विषवेल राजनीतिज्ञों और नौकरशाहों की छत्रछाया में ही पल्लवित हुई है। हमारी संसदीय लोकतांत्रिक प्रणाली पतन की उस पराकाष्ठा पर पहुँच गयी है जहां कई राज्यों में राजनीतिक सत्ता का मतलब सिर्फ स्वार्थ की पूर्ति हो गया है। सरकारी कर्मचारियों की तैनाती और तबादले रिश्वत के बल पर किये गये। इससे पूरी प्रशासनिक व्यवस्था ध्वस्त हो गयी। सच को दबाने के लिए पत्रकारों को भी जेल में डाल दिया गया।

कुछ राजनीतिक दलों के नेता भ्रष्टाचार के खिलाफ इनफोर्समेंट डायरेक्टरेट /ईडी और सेंट्रल ब्यूरो आफ इन्वेस्टिगेशन /सीबीआई की कार्रवाई को राजनीति प्रेरित बता रहे हैं। किंतु भ्रष्टाचार के आरोप किसी पर भी हैं और वे गलत हैं तो उसे डरने की क्या जरूरत है। आरोप बेबुनियाद हैं तो वे अदालत में साबित नहीं हो पाएंगे। फिर निर्दोष साबित होने पर उसकी प्रतिष्ठा और बढ़ जाएगी। ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग के अधिकारी जहां-जहां जांच कर रहे हैं, उन्हें वहां से लाखों-करोड़ों की बेहिसाब धनराशि और संपत्तियां मिल रही हैं। फिर किसी को जेल भेजने का अधिकार तो अदालतों के पास ही होता है। अदालत सबूत के आधार पर ही कार्रवाई करती है। फिर कुछ नेता और उनके समर्थक शोर-शराबा और प्रदर्शन करके किसको मूर्ख बना रहे हैं ? जाहिर है कई नेताओं के चेहरे पर से पर्दा हट गया है और कुछ के उपर से हटने वाला है। इसलिए अब उनकी चो?ी जब पकड़ी जा रही है तो वे अनाप-शनाप बयान दे रहे हैं। ऐसा लगता कि इस तरह की अराजकता फैलाना उनके चरित्र का हिस्सा बन गया है।

नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की जांच को लेकर कांग्रेस नेताओं की चीख-पुकार यही रेखांकित कर रही है कि वह गांधी परिवार को कानून से ऊपर मानती है। स्वयं सोनिया और राहुल गांधी भी ऐसी ही प्रतीति करा रहे हैं। यह एक तरह से खुद को विशिष्ट समझने की सामंती मानसिकता का ही प्रदर्शन है। कांग्रेस इस मानसिकता का परिचय एक लंबे समय से देती चली आ रही है। जैसे कांग्रेस नेशनल हेराल्ड मामले की जांच को लेकर आपत्ति जता रही है, वैसे ही अन्य विपक्षी दल भी। बेहतर होगा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल देश को यह समझाएं कि गांधी परिवार ने नेशनल हेराल्ड की हजारों करोड़ की संपत्ति कैसे हथिया ली? कांग्रेस ने तो इस कानून को लोकतंत्र को क्षति पहुंचाने वाला भी करार दिया। आखिर भ्रष्टाचार निरोधक किसी कानून को लोकतंत्र के विरुद्ध कैसे कहा जा सकता है?

देश के तमाम भ्रष्ट नेताओं और नौकरशाहों की बड़ी-बड़ी कोठियां, कृषि फार्म, मोटर गाड़ियां एवं बहुत सारी नामी और बेनामी सम्पत्तियों को देखकर यह लगता है कि जैसे कानून उनके लिए बनाये ही नहीं गये हैं। आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में कई राजनेताओं और नौकरशाहों की जांच पड़ताल हुई पर उनका कुछ नहीं बिगड़ा। कुछ नौकरशाह तो रिटायरमेंट के बाद जांच से बचने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों में शामिल होकर विधायक और सांसद भी बन गये हैं। अब वह खुद कानून बनायेंगे। अगर कानून बन भी गया तो उसे लागू नहीं होने देंगें। यही कारण है कि कांग्रेस समेत 17 विपक्षी दलों ने एक साल पहले एक संयुक्त बयान जारी कर धन शोधन निवारण अधिनियम यानी पीएमएलए की संवैधानिकता बरकरार रखने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले को खतरनाक करार देते हुए उसकी समीक्षा की मांग की थी। इससे ऐसा लगता कि अब वे भ्रष्टाचार के अधिकार के लिए जंग कर रहे हैं। क्या विपक्षी दल यह कहना चाहते हैं कि भ्रष्टाचार के मामले में अन्य सबके खिलाफ तो कार्रवाई हो, लेकिन नेताओं को बख्श दिया जाए?


यदि ऐसा नहीं है तो फिर यह सिद्ध करने की चेष्टा क्यों की जा रही है कि नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच प्रतिशोध की राजनीति अथवा ईडी का मनमाना इस्तेमाल है? तमाम उपायों के बाद भी राजनीतिक भ्रष्टाचार जिस तरह खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है, उसे देखते हुए यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है कि काला धन बटोरने और उसे सफेद करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। कोई राजनेता चुनकर आता है। थोड़े दिनों में उसके सगे-सम्बन्धी मालदार कैसे बन जाते हैं? क्या उनके ऊपर लक्ष्मी रातोंरात प्रसन्न हो जाती है। अगर राजनेता निष्कलंक नहीं होंगे, अगर राजनेता का जीवन पारदर्शी नहीं होगा, तो कैसे काम चलेगा। अफसरों से कहना चाहिए। उनके विरूद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। राजनेता यदि ईमानदार नही होगा तो उसमें वह नैतिक बल नहीं आयेगा जिस नैतिक बल से समाज बदला जाता है, व्यवस्था बदली जाती है। यह केवल कानून बनाने का मामला नहीं है। लोकतंत्र एक वातावरण की मांग करता है। लोकतंत्र एक नैतिक व्यवस्था है और वह लोकतंत्र दांव पर लगा है।

एक बार फिर 14 दलों ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार ईडी और सीबीआई का मनमाना उपयोग कर रही है। इन दलों में वे दल मुख्य रूप से शामिल है जिनके नेताओं के भ्रष्टाचार के मामले में ईडी और सीबीआई जांच कर रही है या होने वाली है। जिन्होंने देश को लूटा है अब उन्हें ईडी और सीबीआई से डर लग रहा है। इनका कहना है कि भाजपा के नेता क्या दूध के धुले हुए हैं? उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं होती है? इस सवाल में दम है। लेकिन भाजपा नेताओं के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए विपक्षी नेताओं को ठोस सबूत के साथ मामले को संसद में उठाना चाहिए। संसद में केवल हंगामा करने से कुछ नहीं होगा। संसद में सच को उजागर कीजिए। देश को बताइए कि आप तथ्यों के आधार पर आरोप लगा रहे हैं। यदि वहां आपकी बात नहीं सुनी जाती है तो इसके लिए आप अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं।

यह कोई बहुत पुरानी बात नहीं है जब कांग्रेस के मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के कार्यकाल में भाजपा ने कोयला घोटाले, स्पेक्ट्रम घोटाले, कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाले जैसे कई मामलों को संसद में उठा कर एवं अदालत के जरिए सत्तारूढ़ गठबंधन के कई नेताओं के खिलाफ कार्यवाही करवाई थी। इसलिए सिर्फ हवा में तीर चलाने से कुछ नहीं होगा। विपक्षी नेताओं को ठोस सबूतों के आधार पर भाजपा नेताओं के भ्रष्टाचार को उजागर करना होगा। आज ईडी और सीबीआई जिन नेताओं के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, उनके भ्रष्टाचार के बारे में सारे सबूतों का ब्यौरा अदालत के सामने रखती है। उसी आधार पर कई नेता और मंत्री आज जेल के सींखचों के पीछे गए हैं। इसलिए शिवसेना, टीएमसी और कांग्रेस के नेताओं को सड़कों पर धरना प्रदर्शन के बजाय अपने नेताओं की बेगुनाही का सबूत अदालत में पेश करना होगा । यदि वे सही हैं तो उन्हें न्याय मिलेगा। श्रीमती सोनिया गांधी और राहुल गांधी का मामला कोर्ट में पहले से ही चल रहा है। वे इस समय जमानत पर हैं। इसलिए सड़कों और संसद में हंगामा करने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। इससे उनकी पार्टी की छवि एवं साख और अधिक धूमिल हो रही है।

**(लेखक हिन्दी विश्वकोष के पूर्व सहायक संपादक हैं, संपर्क 09451910615 )**

## व्यंग्य



# भाव गिरे मगर कहां?

**प्रभाशंकर उपाध्याय**

एक समाचार पढकर मेरा मन-मयूर नाच उठा था। अखबार में मोटे हर्फों में लीड न्यूज थी कि थोक मूल्य सूचकांक में बहुत बड़ी गिरावट आयी है और वह गिरकर दहाई के अंक पर आ गया है। इसके साथ ही खुदरा मूल्यों में भी कमी हुई है। हमारी केन्द्रीय बैंक ने भी बड़ा संतोष जताया है क्योंकि महंगाई से उन्नीस माह की सतत रिक्वेस्टों के बाद इस डायन को आखिरकार दया आ ही गयी। मैंने पत्नी को सूचकांक गिरने की सूचना दी तो वो उछल पड़ी, "वॉऊ...अब, बिना समय गंवाए बाजार निकल जाओ और ये सामान खरीद लाओ।" उसने एक लंबी सूची बनाकर मुझे थमा दी। "मुई, महंगाई का भरोसा नहीं फिर कब उछाल मार ले।" यह कहते हुए श्रीमतीजी ने एक बड़ा थैला मेरे हवाले कर दिया। मैं भी मत चूके चौहान वाली उक्ति का रट्टा मारते मारते किराने वाले की दुकान पर पहुंच गया। वस्तुओं की सूची देकर पूछा, "इन पर कितने कितने भाव गिरे हैं?"

उसने चश्मे का एंगल ठीक किया, आंखें सिकोड़ीं फिर दो मिनट बाद बोला, "गिरे नहीं बाबूजी बल्कि सब पर चढे हैं।" उसका उत्तर सुनकर मैं, गिरने लगा कि पास खड़े दुकान के नौकर ने मुझे सहारा देकर पूछा, "क्या हुआ, साहब?"

मैंने कहा, "कुछ नहीं यूं ही सिर घूम गया था।" फिर मैंने लगभग मूर्छित हुए दिल को दिलासा दिया, दिले नादां तुझे भी गिरने की ऐसी क्या जल्दी है? तनिक सब्र रख, भाव अवश्य ही गिरे होंगे। फिर दुकानदार से प्रश्न किया, "अखबार में तो खबर है कि मुद्रास्फीति की दर में भारी गिरावट आ गयी है। खुदरा भाव भी गिरे हैं तो इन वस्तुओं में क्यों न गिरे?"

वो खीसें निपोरकर बोला, "बाबूजी! मैं कोई वित्तमंत्री तो हूं नहीं, जो इस बात का खुलासा कर सकूं। मैंने, आज सुबह समाचार पढकर होलसेल सप्लायर को फोन किया था तो उसने बताया था कि किराने के जिन्सों के भाव तो और बढ गए हैं। अब, अखबार की बात तो अखबार वाले ही जानें।"

अलसमंड जी पेशे से पत्रकार हैं और वे उसी समाचार पत्र में न्यूज डेस्क पर काम करते हैं। मेरे परिचित हैं सो मैंने उन्हें फोन लगाया। जर्नलिस्ट लोग दफ्तरों से देर रात आते हैं और प्रायः उठते भी देरी से। तीन-चार दफा रिंग मारने पर उनकी नींद भरी आवाज आयी, "क्या है?"

"मैं, भाव गिरने के समाचार पढकर बाजार में आया हूं लेकिन भाव तो घटे ही नहीं?"

मेरा सवाल सुनकर वे झल्लाए, "हमारे पास तो ऊपर से न्यूज आयी थी और हमने छाप दी।" फोन कट हो गया।

मैं, सहज में हार मानने वालों में से नहीं हूं। मैंने अर्थशास्त्र के जानकार ठेपीलाल को फोन लगाया। ठेपी मेरे पुराने मित्रों में से हैं। मेरी जिज्ञासा को ग्रहणकर वे ठठाकर हंसे, "डीयर फ्रेंड! घर जाओ और अखबार को ध्यान से पढो। धातुओं, गैर खनिज उत्पादों, खनिज तेल, फेब्रीकेटेड यार्न, इलेक्ट्रोनिक उत्पादों आदि वस्तुओं के मूल्य सूचकांक में भारी गिरावट दर्ज हुई है लेकिन खाने की वस्तुओं में मामूली बढोतरी अंकित की गयी है।"

"ओह! मैं तो न्यूज का टाइटल देख कर ही बाजार को दौड़ लिया था। खैर, अब मैं तो सब्जीमंडी जा रहा हूं। पढा था कि तरकारियों के दामों में भी खासी गिरावट दर्ज की गई है।" आज की तारीख में खाली थैला लौटना नहीं चाह रहा था, मैं। श्रीमतीजी के सामने नाक का भी सवाल था। भावों के धड़ाम होने की सूचना भी तो मैंने ही उन्हें दी थी। खाली लौटने पर मेरे ज्ञान और अध्ययन की खिल्ली उड़ाना तो तय था।

मेरी बात पर ठेपीजी ठठियाए, "हा...ऽ.ऽ..हा...ऽ.ऽ..हा.., ऐ मेरे नादान दोस्त! खबरों पर न जा। बजट में राहत बरसती है लेकिन हकीकत में लाभ नहीं होता। जी.एस.टी. लागू होने की खबरों से लगा था कि अबकी जीत जनता की है। मगर, फायदा कहीं नजर नहीं आ रिया है। तुम सब्जी मंडी जाओ और लौटकर मुझे जरूर बताना कि तरकारियों में सस्ता क्या मिला?"

**(लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9414045857)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# गृहमंत्री और सीएम योगी के आगमन पर रहेगा रूट डायवर्ट

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** गृह मंत्री भारत सरकार व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के आगमन 7 अप्रैल के दृष्टिगत रूट डायर्वजन प्रातः 8 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक किया गया है।

भारी वाहन ट्रक, डीसीएम, ट्रेलर के लिए रूट व्यवस्था इस प्रकार है। वाराणसी व जौनपुर रूट से अम्बेडकर नगर फैजाबाद की तरफ जाने वाले सभी भारी वाहन मुहम्मदपुर तिराहा से फरिहा निजामाबाद तहबरपुर मंदुरी होकर अपने गंतव्य को जायेगें। अम्बेडकर नगर फैजाबाद की तरफ से आने वाले वाहन जिनको वाराणसी जौनपुर जाना है वे मंदुरी से दाहिने मुड़कर तहबरपुर निजामाबाद फरिहा होकर अपने गंतव्य को जायेगे। गोरखपुर दोहरीघाट जीयनपुर से आने वाले सभी बड़े वाहन जिनको आजमगढ़ आना है ये वाहन जीयनपुर से मुबारकपुर सठियांव चैराहा से होकर अपने गंतव्य को जायेगे।

इसी प्रकार आजमगढ़ से जीयनपुर, दोहरीघाट गोरखपुर को जाने वाले सभी बडे वाहन नरौली बैठौली सठियांव चैराहा से मुबारकपुर जीयनपुर होकर अपने गंतव्य को जायेगें। मऊ बलिया के तरफ आने वाले वाहन जिनको अम्बेडकर नगर फैजाबाद लखनऊ जाना है वे सठियांव पूर्वाचल एक्सप्रसवे अन्डर पास के बगल वाले मार्ग से होते हुए सेहदा आयेगें व सेहदा से मंदुरी होकर अपने गंतव्य को जायेगें। लखनऊ फैजाबाद अम्बेडकर नगर से आने वाले वाहन जिनको मऊ बलिया जाना है ये वाहन सेहदा पूर्वाचल एक्सप्रेसवे अन्डर पास के बगल वाले मार्ग से सठियांव पूर्वाचल एक्सप्रेसवे अन्डर पास आकर मऊ बलिया जायेगें।

### इस रूट से जायेंगी रोडवेज व प्राइवेट बसें

**आजमगढ़।** आजमगढ़ डिपो से गोरखपुर को जाने वाली रोडवेज व प्राईवेट बसें नरौली से हाइड्रिल बैठौली हाफिजपुर जीयनपुर होकर अपने गंतव्य को जायेगें। गोरखपुर, दोहरीघाट की तरफ से आजमगढ़ आने वाले रोडवेज बस व प्राईवेट बसें हाफिजपुर चैराहा से बैठौली नरौली होकर रोडवेज डिपो आयेगीं।

### इन मार्गों पर रहेगा प्रतिबंध

**आजमगढ़।** जुनैदगंज चौराहा से बिलरियागंज मार्ग पर श्रीनगर सियरहा (पूर्वांचल एक्सप्रसवे अन्डर पास) तक सभी प्रकार के चार पहिया वाहनो का आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा। केवल कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले वाहन आयेगें व जायेगें। बिलरियागंज से आजमगढ़ आने वाले वाहन श्रीनगर सियरहा (पूर्वाचल एक्सप्रसवे अन्डर पास) से दाहिने मुड़कर सेहदा (कन्धरापुर) आयेगें तथा सेहदा से भवरनाथ आकर अपने गंतव्य को जायेगें। आजमगढ़ से बिलरियागंज जाने वाले सभी वाहन भवरनाथ से सेहदा पुर्वाचल एक्सप्रसवे अन्डर पास से दाहिने मुड़कर श्रीनगर सियरहा (पुर्वाचल एक्सप्रसवे अन्डर पास) होकर अपने गंतव्य को जायेगें। भवरनाथ चौराहा से हाफिजपुर चौराहा तक सभी बड़े वाहनो का आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले वाहन ही आयेगें व जायेगें।

## संक्षेप

### छात्रवृत्ति के लिए एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



**आजमगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं द्वारा जनपद में छात्रवृत्ति की समस्याओं को लेकर जिला समाज कल्याण अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। जिला संयोजक गौरव प्रताप शर्मा ने कहा कि समाज में किसी भी विद्यार्थी को आर्थिक समस्या के कारण शिक्षा से वंचित न रखा जाए इसीलिए शासन ने छात्रवृत्ति जैसी सहयोग की व्यवस्था किया और यह व्यवस्थित तरीके से संचालित हो सके इसकी जिम्मेदारी जिला स्तर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी को दिया गया। लेकिन दुर्भाग्य है कि जनपद में बहुत ऐसे बहुत विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति नहीं आया। जिला सह संयोजक गोलू सरोज ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा विद्यार्थियों के हितों के लिए आवाज उठाती है और समाज कल्याण अधिकारी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इसमें सुधार लाया जाएगा। इस अवसर पर शिवम पाण्डेय, प्रियांशु सिंह, रमन राय, आशुतोष चैबे, शिवम गोस्वामी, आशीष सिंह, दिव्यांशु पाण्डेय, शिवांशु सिंह, विपिन सिंह, अनूप राय, सुनील, अभय सिंह, प्रवीण, पुष्कर आदि विद्यार्थी मौजूद रहे।

### पेशी पर आया बदमाश चकमा देकर फरार



**आजमगढ़।** दीवानी न्यायालय में बुधवार को पेशी पर आया एक बदमाश पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। इसकी सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन फानन कई थानों की पुलिस कोर्ट पर पहुंच गई। आधे घंटे के अंदर ही पुलिस ने फरार बंदी को कोर्ट परिसर में छत से पकड़ लिया। घटना को लेकर पूरे न्यायालय में अफरा तफरी मच गई थी। रौनापार थाना क्षेत्र के चांदपट्टी निवासी सचिन पुत्र महेंद्र एनडीपीएस एक्ट में आरोपी है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बुधवार को पेशी के लिए सचिन को दीवानी न्यायालय लाया गया था। कोर्ट में पेशी से पहले ही लगभग चार बजे वह पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। बंदी के फरार होते ही न्यायालय परिसर में हड़कंप मच गया। बंदी को साथ लेकर आए और कोर्ट में तैनात पुलिस कर्मियों में अफरा तफरी मच गई। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी। कुछ ही देर में काफी संख्या में पुलिस फोर्स न्यायालय परिसर में पहुंच गई। आधे घंटे के अंदर ही सचिन को कांस्टेबल विनोद कुमार यादव ने एक न्यायिक अधिकारी कक्ष के छत से पकड़ लिया। तब जाकर पुलिस कर्मियों ने राहत की सांस ली।

### उत्कृष्ट अंक पाने वाले बच्चे हुए सम्मानित



**पटवध (आजमगढ़)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबू विश्राम राय पब्लिक स्कूल बीबीपुर कदीम पर अच्छे अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रबंधक प्रदीप कुमार राय द्वारा मोमेंटो व साइकिल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बेंच ऑफ मजिस्ट्रेट अखिलेश कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि के रुप में विक्रम बहादुर सिंह एवं विद्यालय के प्रबंधक प्रदीप राय, प्रधानाचार्य दिव्या राय द्वारा बच्चों को साइकिल व मोमेंटो प्रोग्रेस कार्ड देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या दिव्या राय को बेहतर व्यवस्था देने के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बाबू विश्राम राय पब्लिक स्कूल में हर तरह के प्रतिभावान बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। मुख्य अतिथि ने बच्चों से पूछा तो किसी ने आईएएस तो किसी ने सैनिक और कुछ बच्चों द्वारा अध्यापक तथा सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने का सपना बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी व बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

### नोडल अधिकारी ने की गोशाला की जांच



**संजरपुर (आजमगढ़)।** मिजार्पुर ब्लाक अंतर्गत मनरा गौशाला में जांच करने हेतु नोडल अधिकारी अभिषेक सिंह बुधवार को पहुंचे। उन्होंने गौशाला में पशुओं के लिए रखे चुन्नी चोकर के रखरखाव को जांचा। नोडल अधिकारी अभिषेक सिंह ने गौशाला में रखे निरीक्षण पंजिका रजिस्टर, टैग रजिस्टर, सहभागिता रजिस्टर की गहनता से जांच की। खंड विकास अधिकारी मिजार्पुर राजन राय को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि और बेहतर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में प्लास्टिक की जगह पर बोरे का टाट लगाया जाय। दोपहर में उसको पानी से भिगो दिया जाय। पशुओं के लिए खाली पड़ी जमीन में हरा चारा की बुवाई करने का निर्देश दिया। पशु डॉक्टर सर्वेंद्र कुमार गुप्ता व डॉ. रुस्तम अली को पशुओं का समय-समय पर वैक्सीनेशन करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रभारी एडीओ पंचायत राकेश कुमार यादव, कृष्ण मुरारी यादव, मानस राय, विनीत सिंह, परविंद मौर्या, प्रमोद कुमार, रेनू भारती, रामविलास सोनकर, विनय यादव, संजय कुमार यादव, संतोष कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

### हाई कोर्ट में जमानत याचिका स्वीकार

**आजमगढ़।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक अपील में सुनवाई के दौरान अभियुक्तों की जमानत याचिका स्वीकार की। अभियुक्त लगभग 7 साल से आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। वर्ष 2010 में जनपद के फूलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अतईपुर गांव में खेत में विवाद के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी जिसमें न्यायालय द्वारा वर्ष 2017 में सुनवाई के पश्चात 4 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी थी। अभियुक्त द्वारा हाईकोर्ट में अपील के दौरान अभियुक्तों की तरफ से अधिवक्ता शिवम सिंह पालीवाल व संजय सिंह ने बहस के दौरान बताया कि अभियुक्तों द्वारा हुए विवाद में मामला अचानक प्रकोपन का बनता है। जिसमें अभियुक्तों को न्यायालय द्वारा गलत सजा हुई है। अधिवक्ताओं की दलील सुनने के बाद हाईकोर्ट ने अभियुक्तों की जमानत याचिका स्वीकार कर ली।

# धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



हनुमानगढ़ी मंदिर में स्थापित रामदूत हनुमान की प्रतिमा।

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** रामभक्त हनुमान का जन्मोत्सव गुरुवार को जिले भर में बड़े ही धूम धाम से श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तो का रेला दर्शन पूजन के लिए लगा रहा। शहर के अन्नतपुरा कटरा में हनुमानगढ़ी मंदिर में भगवान के दर्शन के लिए आए भक्तो ने पूरे विधि विधान से हनुमान जी की पूजा की और लड्डू का भोग लगाया। मंदिर के छोटे महंत पवन उपाध्याय ने बताया कि दिन भर प्रसाद वितरण के साथ ही देर शाम भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया। मंदिर के महंत शंकर सुवन उपाध्याय ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव साल में दो बार दीपावली के समय नरक चतुर्दशी और चैत्र पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। हनुमानगढ़ी मंदिर की विशेषता बताते हुए कहा की यह दक्षिणमुखी है इनके हाथ में सूर्य है और पीछे शनि है। महिलाएं भी हनुमान जी की व्रत, पूजा और पाठ कर सकती है। लेकिन भगवान की मूर्ति या उनका स्पर्श नहीं कर सकती क्योंकि हनुमान जी आजीवन बाल ब्रह्मचारी थे।

# डंप कूड़े में लगी आग से गेहूं की फसल राख



डंप कूड़े में सुलगती आग।


**माहुल (आजमगढ़)।** अहरौला थाना क्षेत्र के रसूलपुर अहमद अली गांव में बुधवार को माहुल नगर पंचायत द्वारा डंप किए गए कूड़े में लगी आग से दो किसानों की एक बीघा गेहूं की फसल जल कर खाक हो गई। ग्रामीणों ने किसी तरह से आग को काबू में कर अन्य किसानों की फसलों को तो बचा लिया पर कूड़े की आग को बुझाने के लिए अग्निशमन दल को बुलाना पड़ा।

माहुल कस्बे से अम्बारी जाने वाली सड़क से सटे रसूलपुर अहमद अली गांव में नगर पंचायत का कूड़ा डंपिंग ग्राउंड बन रहा है। उसी के बगल में एक वर्ष से नगर पंचायत द्वारा कूड़ा कचरा डंप किया जा रहा है। अज्ञात कारणों से डंप कूड़े में आग लग गई और किसानों की फसलों तक पहुंच गई जिसमे जैतू पुत्र लुटई और मेवालाल पुत्र रामदुलार की 10-10 विस्वा गेहूं और सरसो की फसल जल कर खाक हो गई। आग लगने की सूचना पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण वहां पहुंचे। जब तक वे आग पर काबू पाते तब तक इन दोनो किसानों की फसलें जल चुकी थी। खेतो में लगी आग पर ग्रामीण काबू पा गए पर डंप कचरे में लगी आग पर नगर पंचायत के कर्मचारी भी काबू नहीं कर सके। सूचना पर अग्नि शमन दल मौके पर आया और डंप कचरे की आग को बुझाया।

### ग्रामीणों ने लगाया नपं प्रशासन पर आरोप

**माहुल (आजमगढ़)।** डंप कचरे में लगी आग से फसलों के जलने से ग्रामीण आक्रोशित हो गए और रसूलपुर अहमद अली गाँव के प्रधान श्रीचंद बिंद के नेतृत्व में नगर पंचायत प्रशासन पर आरोप लगाना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि कूड़ा गिराने के बाद नगर पंचायत के कर्मचारी इसमें आग लगा देते है। ये आग हमेशा जलती रहती है। यही नहीं बरसात के मौसम में पास के नाले के बहते पानी में गंदा कूड़ा कचरा मिल जाता है जिससे पूरे गांव में दुर्गंध उठती रहती है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी दिनेश चंद्र आर्य का कहना है कि डंप कचरे में आग किसने लगाई हमें नहीं मालूम। ग्रामीणों का आरोप निराधार है। जब भी ऐसी सूचना मिलती है तुरंत पानी का टैंकर भेज कर आग बुझा दी जाती है।

### विद्युत चिंगारी से दो बीघा गेहूं की फसल राख




**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के टेवगा गांव में विद्युत तार की चिंगारी से गेहूं के खेत में आग लगने से फसल जल कर राख हो गयी। वर्षो से फूलपुर तहसील क्षेत्र के किसान तहसील मुख्यालय पर अग्निशमन केंद्र की स्थापना की मांग करते आ रहे हैं पर आज तक अग्निशमन केंद्र की स्थापना नहीं हुई जिसकी परिणति में तहसील मुख्यालय से मात्र एक किलोमीटर दूर टेवगा गांव के किसान आजाद की दो बीघा फसल विद्युत तार से निकली चिंगारी से जल कर राख हो गयी। ग्राम टेवगा में किसान आजाद के गेंहू के खेत के ऊपर जा रहे बिद्युत तार से निकली चिंगारी से सूखी गेंहू की फसल जलने लगी। ग्रामीणों ने शोर मचाया और बिद्युत आपूर्ति बंद कराई। ग्रामीणों के अथक प्रयास से अगल बगल की फसल को बचा लिया गया। परंतु किसान आजाद की दो बीघा फसल जल कर राख हो गयी। अवर अभियंता बिद्युत ग्रामीण मनीष कुमार सूचना पर मौके पर पहुंच निरीक्षण किया। आग लगने के कारणों का पता किया। इस अवसर पर ग्रामीण राजाराम, पवन जायसवाल, रामनयन, गुड्डू मौर्य, अशोक यादव, फैसल आजमी, मो. हाशिब आदि ने स्थानीय प्रशासन सहित जिले के उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए किसान की खड़ी फसलों की सुरक्षा के लिए तहसील मुख्यालय पर अग्निशमन वाहन पानी के साथ खड़ा करने की मांग की।

# सुनील दत्त विश्वकर्मा को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष चुने जाने से हर्ष

**आजमगढ़।** ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन श्रीनाथ यूनिवर्सिटी, टाटानगर झारखंड के सभागार में 2 व 3 अप्रैल को संपन्न हुआ। जिसमें 17 राज्यों के 150 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में रंगमंच और रंगकर्मियों के उत्थान के लिए किए जाने वाले कार्यो पर गहन विचार-विमर्श हुआ। कलाकारों ने एक स्वर में रेलवे रियायत में कलाकारों के लिए बंद पड़े कंसेशन को पुनः बहाल करने की सरकार से मांग की।

ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल रंगकर्मियों, कलाकारों का राष्ट्रीय संगठन है। जिसके तीसरे राष्ट्रीय अधिवेशन में नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। जिसमे जनपद के वरिष्ठ रंगकर्मी रंगमंच व ललित कलाओं के लिए हमेशा समर्पित रहने वाले हुनर संस्थान के सचिव सुनील दत्त विश्वकर्मा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गए। इसकी घोषणा ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल के संरक्षक चुनाव प्रभारी वरिष्ठ नाट्य निर्देशक संगीत नाटक अकादमी द्वारा पुरस्कृत अजय मलकानी रांची, चुनाव पर्यवेक्षक रिटायर्ड डीएसपी अवधेश सिंह व नाट्य निर्देशक प्रदीप बाजपाई दिल्ली ने किया। सम्मेलन से वापसी के पश्चात हुनर संस्थान के अध्यक्ष मनोज यादव, हेमंत श्रीवास्तव, डॉ.शशि भूषण शर्मा, अनुराधा राय, कमलेश सोनकर, करण सोनकर ने स्टेशन पहुंचकर स्वागत किया। श्री विश्वकर्मा की इस उपलब्धि पर जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉ.डीपी राय, सचिव डॉ.पीयूष सिंह यादव, अजेंद्र राय, कृष्ण मुरारी श्रीवास्तव, नीरज अग्रवाल, मनीष रतन अग्रवाल, राघवेंद्र सिंह, विजय सिंह, पवन पांडे व रमाकांत वर्मा ने बधाई और शुभकामनाएं दी।



चुनाव का प्रमाण पत्र लेते सुनील दत्त विश्वकर्मा।

# भारी मात्रा में शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**आजमगढ़।** थाना देवगांव पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10512 शीशी अवैध अंग्रेजी शराब व निर्माण सामाग्री के साथ 2 तस्करों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया। देवगांव पुलिस पल्हना में लगने वाले आगामी मेले के दृष्टिगत क्षेत्र में मौजूद थी।

इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम सरैयां में रामजतन गुप्ता पुत्र घुरहू निवासी पवनी खुर्द थाना मेहनगर के बन्द मुर्गी फार्म के पास बने टीनशेड के हाल में अवैध अंग्रेजी शराब छिपाकर रखी गयी है जिसे मौका देखकर बेचने के फिराक में कुछ लोग मौजूद हैं। अगर जल्दी किया जाय तो पकड़े जा सकता हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उक्त स्थान से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों की पहचान सुनील यादव पुत्र मंगरू यादव निवासी खुझरा थाना मेहनाजपुर व श्याम नरायण यादव पुत्र कान्ता यादव निवासी सरैया थाना देवगांव के रूप में हुयी। उनके पास से 10512 शीशी अवैध अंग्रेजी शराब व निर्माण सामाग्री बरामद हुई।


**कार्यालय ग्राम पंचायत आ0 मलहपुरवा, वि0ख0 महराजगंज, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 12.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 13.04.2023 समय दोपहर 02:00 बजे।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 06.04.2023

(दुर्गावती)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. आ0 मलहपुरवा, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ

(रविन्द्र यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. आ0 मलहपुरवा, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत आ0 शंकरपुर, वि0ख0 महराजगंज, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 12.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 13.04.2023 समय सुबह 10:00 बजे।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 06.04.2023

(कुसुम)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. आ0 शंकरपुर, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ

(रविन्द्र यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. आ0 शंकरपुर, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत बभनपुरा, वि0ख0 महराजगंज, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 12.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 13.04.2023 समय अपरान्ह 02:00 बजे।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 06.04.2023

(बृजेश कुमार यादव)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. बभनपुरा, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ

(श्रवण कुमार सिंह)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. बभनपुरा, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत गंभीरवन, वि0ख0 रानीकीसराय, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रम्मोपुर विकास खण्ड फूलपुर में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/पंचम राज्यवित्त/15वां वित्त आयोग ठोश एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र/SLWM/स्वच्छ भारत मिशन/SBM/आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय/निविदा की धनराशि से ग्राम पंचायत में शौचालय निर्माण, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, गोआश्रय स्थल निर्माण/मरम्मत, खेल का मैदान निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र, मनरेगा संबंधित सभी कार्य/SLWM/से संबंधित सभी कार्य कराये जाने है एवं इसके अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों कराये जाने है एवं इसके अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों के लिए निर्माण सामग्री जैसे-ईंट, ईंट का टुकड़ा 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, डाला गिट्टी 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, सरिया आवश्यकता अनुसार इंटरलाकिंग, सीमेंट, सफेद बालू, लाल बालू, लोहे का गेट, लोहे की खिड़की, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, पीबीसी पाइप, ह्यूम पाइप, प्राइमर, पेंट, समरसेबल पम्प, एवं पंचायत भवन निर्माण/भवन मरम्मत के लिए दरवाजा, खिड़की, कम्प्यूटर, बैट्री, प्लम्बर का सामान, विद्युत संबंधी सामान खरीददारी व मरम्मत/स्टेशनरी एवं ग्राम पंचायत में स्वच्छता के लिए डस्टबिन, कचरा ढोने वाली पैदल ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, सफाईकर्मी किट, लोहे की पाइप, प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालय पर कायाकल्प योजना के अंतर्गत निर्माण एवं मरम्मत, प्रांगण में ई-रनिंग वाटर, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण गेट का उच्चीकरण एवं निर्माण साइन बोर्ड वृक्षारोपण एवं ग्राम पंचायत में आवश्यकतानुसार समस्त कार्य कराये जाने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने के लिए निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 11.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्यान्ह12.00 प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 12.04.2023 समय दोपहर 12.00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 06.04.2023

(मीना सिंह)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. गंभीरवन, वि.खं. रानीकीसराय
आजमगढ

(मनीष कुमार सिंह)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. गंभीरवन, वि.खं. रानीकीसराय
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत मित्तूपुर, वि0ख0 जहानागंज, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 12.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 13.04.2023 समय सुबह 10:00 बजे।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 06.04.2023

(आशा देवी)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. मित्तूपुर, वि.खं. जहानागंज
आजमगढ

(श्रीराम)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. मित्तूपुर, वि.खं. जहानागंज
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत-लखमीपुर वि0 ख0-मुहम्मदाबाद, गाजीपुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौदहवां राज्य वित्त/पंद्रहवां राज्य वित्त/मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्र योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 17.04.2023 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 17.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्य के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी व द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 03 | मोरंग बालू, मोटा बालू, बोल्डर | प्रति घनमी0 | |
| 04 | महीन बालू, लोकल बालू | प्रति घनमी0 | |
| 05 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम0एम0 से 53 एम0एम0 | प्रति घनमी0 | |
| 06 | ईंट गिट्टी | 20-40 एम0एम0 | |
| 07 | सरिया 2एम0एम0, 3 एम0एम0, 4 एम0एम0 | प्रति कुन्तल | |
| 08 | ह्यूम पाईप 350एम0, कट स्टोन, स्टोन चौका, पटिया | प्रति नग | |
| 09 | ह्यूम पाईप 600, 900एम0एम0, पी0वी0सी0 पाईप | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाईट व स्ट्रीट लाईट | प्रति घनमी0 | |
| 11 | सबमर्सिबल पम्प 1 एच0पी0 | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन/केबल तार वायरिंग | | |
| 13 | कन्स्ट्रक्शन ज्वाइंट, सफाई कीट | | |
| 14 | पालीथीन, जाली, फर्निचार | प्रति मी0 | |
| 15 | साईन बोर्ड, गेट लोहा, इंटरलाकिंग, सीमेंट ईंट, एल्युमिनियम दरवाजा | प्रति नग | |
| 16 | टाईल्स शौचालय सेट, कोटा स्टोन | प्रति नग | |
| 17 | हैण्ड पम्प सामग्री व रिबोर | प्रति नग | |
| 18 | कोविड 19 के सामान व उपकरण की आपूर्ति | प्रति नग | |
| 19 | अन्य आवश्यक सामग्री | | |

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-**

सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेगे सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री आपूर्ति ग्राम प्रधान ग्राम पांचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। अथवा नहीं आपूर्ति वाणिज्यकर्ता एवं आयकर कार्यालय मे पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुति दर पी0डब्लू0डी0 की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रूपये 110 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चायत ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत व वाणिज्य कर 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

ग्राम प्रधान-अशोक सिंह यादव
ग्राम पंचायत-लखमीपुर
वि0ख0-मुहम्मदाबाद, गाजीपुर

ग्रा0पं0अ0/सचिव-प्रीती यादव
ग्राम पंचायत-लखमीपुर
वि0ख0-मुहम्मदाबाद, गाजीपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत-हैसी वि0 ख0-मुहम्मदाबाद, गाजीपुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौदहवां राज्य वित्त/पंद्रहवां राज्य वित्त/मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्र योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 17.04.2023 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 17.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्य के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी व द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 03 | मोरंग बालू, मोटा बालू, बोल्डर | प्रति घनमी0 | |
| 04 | महीन बालू, लोकल बालू | प्रति घनमी0 | |
| 05 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम0एम0 से 53 एम0एम0 | प्रति घनमी0 | |
| 06 | ईंट गिट्टी | 20-40 एम0एम0 | |
| 07 | सरिया 2एम0एम0, 3 एम0एम0, 4 एम0एम0 | प्रति कुन्तल | |
| 08 | ह्यूम पाईप 350एम0, कट स्टोन, स्टोन चौका, पटिया | प्रति नग | |
| 09 | ह्यूम पाईप 600, 900एम0एम0, पी0वी0सी0 पाईप | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाईट व स्ट्रीट लाईट | प्रति घनमी0 | |
| 11 | सबमर्सिबल पम्प 1 एच0पी0 | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन/केबल तार वायरिंग | | |
| 13 | कन्स्ट्रक्शन ज्वाइंट, सफाई कीट | | |
| 14 | पालीथीन, जाली, फर्निचार | प्रति मी0 | |
| 15 | साईन बोर्ड, गेट लोहा, इंटरलाकिंग, सीमेंट ईंट, एल्युमिनियम दरवाजा | प्रति नग | |
| 16 | टाईल्स शौचालय सेट, कोटा स्टोन | प्रति नग | |
| 17 | हैण्ड पम्प सामग्री व रिबोर | प्रति नग | |
| 18 | कोविड 19 के सामान व उपकरण की आपूर्ति | प्रति नग | |
| 19 | अन्य आवश्यक सामग्री | | |

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-**

सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेगे सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री आपूर्ति ग्राम प्रधान ग्राम पांचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। अथवा नहीं आपूर्ति वाणिज्यकर्ता एवं आयकर कार्यालय मे पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुति दर पी0डब्लू0डी0 की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रूपये 110 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चायत ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत व वाणिज्य कर 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

ग्राम प्रधान-संजू देवी
ग्राम पंचायत-हैसी
वि0ख0-मुहम्मदाबाद, गाजीपुर

ग्रा0पं0अ0/सचिव-प्रीती यादव
ग्राम पंचायत-हैसी
वि0ख0-मुहम्मदाबाद, गाजीपुर

# एम्बुलेंस 102 और 108 की मानीटरिंग की जाय : डीएम

**निर्देश**

**डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न**

**जनसंदेश न्यूज**



बैठक में शामिल अधिकारियों को संबोधित करतीं डीएम

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में एन0एच0आई0 विभाग द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि हाईवे पर 02 एम्बुलेंस संचालित हैं जो दुघर्टना होने पर घायल होने की स्थिति में उपचार हेतु भेजा जा सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि एम्बुलेंस 102 व 108 की मानिटरिंग की जायें। उन्होने कहा कि जो भी स्कूल वाहन है वे बिना फिटनेस के गाड़ी न चलायें। उन्होने कहा कि स्कूल के वाहनों के स्वास्थता प्रमाण पत्र व स्कूल वाहन चालकों के चरित्र का सत्यापन अवश्य करा लिया जाय।

उन्होने कहा कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत जागरूकता अभियान चला कर लोगों को दुघर्टना से बचाव के बारे में जानकारी दी जाय। यह भी निर्देशित किया गया कि समय-समय पर प्रवर्तन कार्यवाही की जायें। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुघर्टना में घायल व्यक्तियों को तत्काल चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराया जाय। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि गाड़ियों में फर्जी नेम प्लेट लगाकर चलने वालो के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करें। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि समय-समय पर प्रवर्तन कार्यवाही करते हुये दुघर्टनाओं में कमी लाये। उन्होने कहा कि जो अवैध वाहन स्टैण्ड संचालित कर वसूली की जा रही है उस पर नियमानुसार जांच कर कार्यवाही की जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, क्षेत्राधिकारी नगर परमानन्द कुशवाहा, अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माण विभाग अशोक कुमार द्विवेदी, अधिशासी अभियन्ता सुनील दत्त, जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# पूर्व सांसद उमाकांत मिश्र की मनाई गई जयंती

**मीरजापुर।** कटरा बाजीराव में पूर्व चेयरमैन दीपचंद जैन के आवास पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवम पूर्व सांसद पंडित उमाकान्त मिश्र की 98वीं जयंती पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष पूर्व विधायक भागवती प्रसाद चौधरी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कहा कि पंडित उमाकांत मिश्रा ब्लॉक प्रमुख से लेकर सांसद तक का सफर तय किया।



पूर्व सांसद की जयतीं मनाते कांग्रेसी

उन्हेंने कहा कि बहुत ही साधारण व्यक्ति थे। कभी भी वह अपने आपको सांसद नहीं समझते थे। रिक्शा पर भी बैठ कर चले जाते थे। आज हम सब लोग उनको नमन करते हैं। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजन पाठक ने भी पंडित उमाकांत मिश्रा को जयंती पर कहा कि हम सब लोग संकल्प लेते हैं। उनके बताए हुए रास्ते पर चलने के लिए पूर्व चेयरमैन दीपचंद जैन, पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि हमको सभासद का चुनाव पंडित उमाकांत मिश्रा ने ही लड़ाया था। इस दौरान मीडिया प्रभारी छोटे खान, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संजय दुबे, विक्रम जैन, प्रियंका जैन, भोला चौरसिया, कृष्णा जयसवाल, संतोष उमर, अंकित अग्रहरि, संदीप घई, अशफाक खान, दयाराम यादव, दिनेश मौर्या, रामप्यारे यादव, अन्य लोग मौजूद रहे।

# कार्यकर्ताओं के साथ मनाया पार्टी का 44वां स्थापना दिवस



कार्यक्रम में शामिल निवर्तमान अध्यक्ष

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी के 43वें स्थापना दिवस पर गणेशगंज के बूथ संख्या 280 पर निवर्तमान पालिकाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मनाया। इस मौके पर उन्होंने अपने घर के छत पर भाजपा का झंडा भी लगाया।

पार्टी के 44वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश के कार्यकर्ताओं को वर्चुअली संबोधित किया। उनके संबोधन को निवर्तमान पालिकाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के सुना। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज तक जिन महान लोगों ने पार्टी को संवारा है, समृद्ध और सशक्त किया है, उन कार्यकर्ताओं और नेताओं को शीश झुकाकर प्रणाम करता हूं। 43 साल पहले 6 अप्रैल 1980 को भाजपा का गठन हुआ था।

हनुमान जन्मोत्सव पर उन्होंने कहा कि हनुमानजी सब कुछ कर सकते हैं, सबके लिए करते हैं, लेकिन अपने लिए कुछ नहीं करते। इस मौके पर अशोक सोनी, राज कुमार सोनी, दिलीप केसरी, बाल कृष्ण सोनी, शशांक जायसवाल, दीपक सेठ, ओम केसरी, रूप कुमार गुप्ता, हर्षित जायसवाल, सुनील जायसवाल, राम बाबू सोनी, शशांक सोनी, सुजीत सोनी, अमन जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# पाइपलाइन के लिए हटाया गया अतिक्रमण

**चुनार।** तहसील प्रशासन ने दुगार्जी मोड़, चेचरी मोड व कैलहट में गुरुवार को कई स्थानों पर अतिक्रमण हटाया गया। जेसीबी से कई स्थानों पर चबूतरे तोड़ कर पाइपलाइन बिछाने के लिए व्यवस्था की गई। तहसीलदार नुपुर सिंह के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान अफरातफरी का माहौल रहा। राजस्व तथा पुलिस की टीम ने चुनार दुगार्जी मोड़, चेचरी मोड़ और कैलहट इलाके में पहुंची। प्रशासन की टीम ने जेसीबी चलवाकर पाइपलाइन के लिए गड्ढा खुदवाया। इसके साथ ही हाईवे चौड़ीकरण के दौरान एनएचआई द्वारा मुआवजा दिए जाने के बाद भी सड़क के दोनों ओर कुछ स्थानों पर निर्माण को तोड़ने के लिए भूस्वामियों और गृह स्वामियों को एक सप्ताह की नोटिस दी गई। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार अरुण कुमार यादव व नायब तहसीलदार संजय सिंह, एसएसआई संजीत बहादुर सिंह, कानूनगो भीमसेन सक्सेना, संजीव पांडेय, लेखपाल संजय कुमार, रविंद्र सिंह, सुरेश आदि थे।

# सड़क हादसे का जिम्मेदार उप निरीक्षक किया गया निलम्बित

**हादसा**

**वसूली के लिए वाहन का पीछा कर उसे अचानक रोकने से आटो सवार 6 लोग हुए थे घायल, भड़की थी पब्लिक**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** वसूली के आरोप में पुलिस के यातायात शाखा में नियुक्त उपनिरीक्षक राजनारायण को निलम्बित कर दिया गया है। यह जानकारी सीओ परमानंद कुशवाहा ने दी। बुधवार को एक डीसीएम को रोकने के लिए अचानक अपनी बाइक उसके आगे खड़ा करने पर माल वाहक के चालक ने ब्रेक लगाया। जिससे पीछे से आ रही आटो टकरा गई। जिससे वाराणसी से विंध्याचल मुंडन कराने आये 6 लोग घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों ने हादसे के लिए यातायात पुलिस को जिम्मेदार ठहराया था। इतना ही नहीं उनके दौड़ाने पर दो पुलिस कर्मियों को भागना पड़ा था।

सीओ सिटी परमानंद कुशवाहा ने बताया कि बुधवार को सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक शास्त्री पुल, नटवा, जान्हवी, अष्टभुजा व अष्टभुजा गेस्ट हाउस तिराहा तक वाहन चेकिंग की ड्यूटी लगी थी। चेकिंग के दौरान उपनिरीक्षक राजनारायण ने मीरजापुर शहर की तरफ से आ रहे डीसीएम को दूधनाथ चुंगी के पास रोका। पीछे से आ रही ऑटो डीसीएम से टकरा गयी । जिसमें सवार यात्री घायल हो गये। घायलों को त्वरित इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया गया। उक्त उपनिरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर जांच बैठा दी गई है। जांच रिपोर्ट आने पर विभागीय नियमनुसार कार्रवाई किया जायेगा। स्थानीय नागरिकों का आरोप हैं कि अक्सर वाहनों का पीछा कर उनसे वसूली के बाद छोड़ा जाता हैं। बुधवार को भी लोडेड डीसीएम प्रयागराज की तरफ तेज गति से जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार ट्रैफि क पुलिस के जवान तेजी से आकर उसे ओवर टेक कर उसके सामने खड़े हो गए। इस पर चालक ने ब्रेक लगाया। इससे उसके पीछे आ रही आर्टो टकरा गई। ऑटो में सवार वाराणसी निवासी विंध्याचल धाम में मुंडन कराने आ रहे थे 3 बच्चों समेत 6 लोग घायल हो गए। जिनका उपचार मंडलीय चिकित्सालय में कराया गया था। स्थानीय लोगों ने कहा कि अचानक ओवरटेक करके सामने आकर बाइक से खड़े हुए पुलिस के जवानों को देख चालक के सामने ब्रेक लगाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। वह या तो पुलिस के जवानों पर गाड़ी चढ़ा दे या ब्रेक लगाए। उसने ब्रेक लगाया और हादसा हो गया। हादसे के लिए लोगों ने पुलिस के जवानों को ही जिम्मेदार ठहराया। आक्रोशित लोगों के दौरान पुलिस के जवानों को जिम्मेदार ठहराते हुए पकड़ने का प्रयास किया गया तो जवान भाग निकले थे। जिसे पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने गंभीरता से लेते हुए उपनिरीक्षक को निलंबित कर जांच बैठाया हैं।

# कई बार चक्कर लगाने के बाद भी नहीं मिला मुआवजा

**कार्रवाई**

**अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध अभियान चलाकर शुरू कराया गया कार्य**

**जनसंदेश न्यूजे**



अतिक्रमण हटवाते एसडीएम लालगंज

**लालगंज।** स्थानीय विकासखंड के फोरलेन सड़क के सर्विस रोड के किनारे बने नाली के बगल एनएचआई के अधिकारियों के साथ अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, एसडीएम, तहसीलदार के साथ पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध अभियान चलाकर हर घर नल जल योजना के अंतर्गत पाइप लाइन का कार्य शुरू कराया।

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत लहंगपुर बाजार में पाइप लाइन का कार्य कराने का परियोजना प्रबंधन को निर्देश दिया था। निर्देश के क्रम में गुरुवार को अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे अमरेंद्र वर्मा, उपजिलाधिकारी लालगंज भरत लाल सरोज, पुलिस क्षेत्राधिकारी दीक्षांत राज एनएचआई के अधिकारियों संग मौके पर पहुंचकर सर्विस रोड के किनारे बने नाली के बगल अतिक्रमण को खाली करवाते हुए पाइपलाइन का कार्य शुरू कराया गया।

बाजारवासियों ने शिकायत भरे लहजे में कहा कि अभी तक हम लोगों के जमीन का मुआवजा नहीं मिला है। कई बार एसएललो ऑफिस का चक्कर लगाने के बाद भी वहां के अधिकारियों द्वारा कहा गया कि किसी दूसरे व्यक्ति के खाते में पैसा ज्यादा चला गया है। खाते से पैसा वापस आने पर मुआवजा दिया जाएगा। चलाए जा रहे अभियान में बताया गया कि पाइपलाइन न जाने से पेयजल परियोजना अधूरी पड़ी हुई थी। इसलिए योजना की बाधांओं को दूर करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर थाना प्रभारी ज्ञानूप्रिया, चौकी प्रभारी सदानंद सिंह, चौकी प्रभारी बरौंधा धर्म नारायण भार्गव के साथ एनएचआई के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# विशाल भंडारे का किया गया आयोजन

**अदलहाट।** वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर स्थित ग्राम टेडुआ में दैत्राबीर बाबा मंदिर जो टेडुआ बीर बाबा के नाम से प्रसिद्ध है। अति प्रचीन मंदिर का जीर्णोद्धार के बाद लोकार्पण गुरुवार को पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर के विधायक रमेश जायसवाल व अम्बरीश सिह भोला ने फीता काटकर किया। इस दौरान आयोजित विशाल भंडारे में उपस्थित हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के लोकार्पण के अवसर पर कवि राम प्रकाश यादव के नेतृत्व में लोकगीत गायक बबलू यादव बावरा, रामजनम टोपी वाले नौगढ, अशोक लाल यादव जौनपुर, रीया यादव वाराणसी, पूजा रानी बंगाल आदि ने भोजपुरी में बिरहा भजन गाकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम संयोजक ई.प्रमोद कुमार गुप्ता ने आगंतुक भक्तों व अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि लगभग पचीस लाख की लागत में टेडुआ बाबा मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। इस दौरान बीरेन्द्र यादव, पूर्व प्रधान प्रमोद गुप्ता, एस सी केशरी, मिथिलेश पाठक, राघवेंद्र सिह, मल्लू सेठ, ओमप्रकाश आदि व्यवस्था मे लगे रहें।

# दो कमरे का ताला तोड़ गहना कपड़ा ले गए चोर

**वारदात**

**घटना की जानकारी के बाद भी नहीं पहुंची पुलिस, परिजनों में आक्रोश**

**अदलहाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अलमापुर ग्राम में बुधवार गुरुवार की रात एक मकान में ऊपर से घुसकर अंदर के दो कमरे का ताला तोड़ बॉक्स में रखे गहने व कपड़े चोर उठा ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार अशोक कुमार पाठक अलमापुर ग्राम के पूर्वी छोर पर मकान बनाकर निवास करते हैं। मकान के उत्तर पश्चिम कोण तथा पूर्वी भाग में बाउंड्रीनुमा खुली दीवार है।

गृहस्वामी नित्य की भांति खाना खाकर अपने शयन कक्ष में परिवार सहित सो गए थे। बगल के कमरे में बूढ़ी मां सोई हुई थी तथा आसपास के 2 कमरों में ताला बंद था। जिसमें बड़े छोटे बक्सों में कपड़े कुछ गहने रखे हुए थे। 5/6 अप्रैल की रात कुछ अज्ञात चोर घर में प्रवेश कर गए तथा गृह स्वामी के शयन कक्ष को बाहर से कुंडी लगा दिए। लोगों का अनुमान है कि बाउंड्रीनुमा खड़ी दीवार की किसी ओर से घर में प्रवेश किए होंगे। भोर लगभग 4:00 गृह स्वामी अशोक की पत्नी सुमन देवी जाग उठी तो कमरे से बाहर आना चाहि तो कमरा आंगन की ओर से बंद पाया। उन्होंने अपने पति को जानकारी दी। बड़े बॉक्स का सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे 4000 गायब थे। छोटा बॉक्स चोर उठा ले गए थे। जो गांव के दक्षिण में कुछ दूर पर ढूंढने पर मिला। उसमें रखा 7000 एक सोने की चैन एक अंगूठी सोने की 2 अदद चांदी के पायल चोर उठा ले गए थे। सूचना पर सुबह मौके पर पहुंची पीआरबी पुलिस ने मौकाई निरीक्षण किया। गृह स्वामी एक तहरीर में चोरी की सूचना गुरुवार को गहने साड़ी कपड़े तथा नगद रुपए चोरी होने की दी है। समाचार लिखे जाने तक मौकाईवारदात पर पुलिस नहीं पहुंची थी। ना तो चोरी का मुकदमा ही पंजीकृत हुआ था।

# नल से मिलेगा गंगाजल, गंगा में मिला सीवर का पानी

**परेशानी**

**नारघाट में सीवर और पेयजल की पाइप तोड़ी गई,**

**सड़क पर खोदा गड्ढा बना मुसीबत, सड़क पर पसरा गंदा पानी**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** नगर के नारघाट तिराहा पर सीवर लाइन का पाइप टूटने से लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग पर बह रहा गंदाजल गंगा नदी में प्रवाहित हो रहा है। एक तरफ नल से गंगाजल लोगों के घरों तक पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। वही टूटे सीवर का पानी राह में फैलते हुए गंगाजल को प्रदूषित कर रहा है। आवागमन में गंदे पानी से होकर गुजरने के लिए लोग विवश है।

जेसीवी से खोदे गए गड्ढे के कारण पेयजल की पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई है। जिससे नारघाट और कोटघाट कालोनी समेत कई मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति 3 दिन से ठप्प है। बताया जाता है कि नारघाट नदी किनारे नाली चोक होने कारण गंदा पानी घाट की सीढ़ियों से बह रहा था। उसके सफाई के लिए घाट के मोड़ पर जेसीबी से गड्ढा खोदा गया। जिससे पेयजल की पाइप टूट गई। फिर दूसरा गड्ढा खोदा गया। खोदे गए गड्ढे को वैसे ही छोड़ कर नगरपालिका कर्मी चलते बने। बिना जानकारी के खोदे गड्ढे के कारण पेयजल की पाइपलाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई। लिहाजा दो जगह गड्ढा किया गया। अब गड्ढे को जस का तस छोड़े जाने के कारण गंदा पानी गंगा नदी में प्रवाहित हो रहा है। पेयजल की आपूर्ति भी इलाके में नहीं हो पा रही है। स्थानीय नागरिक सत्येंद्र कुमार ने कहा कि आवागमन के दौरान सड़क पर बह रहे गंदे पानी कारण बच्चें और वृद्धजनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें नगर पालिका की करनी के चलते गंदे पानी से गुजरना पड़ रहा है। एक तरफ सड़क पर गंदा पानी बह रहा है दूसरी ओर घरों में जलापूर्ति ना होने कारण पेयजल और नहाने के लिए भी पानी की किल्लत खड़ी हो गई है।

# ड्रमंडगंज बाजार में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**हलिया।** ड्रमंडगंज बाजार में चैत्र के शुक्ल पक्ष पूर्णिमा पर गुरुवार को ड्रमंडगंज बाजार में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मां दुर्गा के मन्दिर पर स्थित हनुमान जी पूजा -अर्चना के बाद शोभायात्रा निकालकर कर पूरे ड्रमंडगंज बाजार में घुमाया गया। नित्यम केशरी के नेतृत्व में सैकड़ों नवयुवक व बच्चों ने शोभायात्रा में भागीदारी की। महोगढ़ी के ग्राम प्रधान सुरेश कुमार केशरी भी हनुमान जी की शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा में डी जे की धुन पर नवयुवक व बच्चे डान्स करते हुए हनुमान जी की जयकारा लगाते हुए लगभग तीन किलोमीटर तक शोभायात्रा की शोभा बढ़ाते रहे। इस दौरान ज्ञान प्रकाश केशरी, सौरभ चौरसिया, अनिल, रामलाल, हनुमान दास सहित सैकड़ों हनुमान भक्त शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। ड्रमंडगंज बाजार में पहली बार चैत्र पूर्णिमा पर हनुमान जी की इतनी बड़ी शोभायात्रा निकाली गई जिसकी सराहना सभी हनुमान भक्तों ने कर रहे हैं।

# ग्यारह वर्षों में बच्चों ने सदा विद्यालय को किया है गौरवान्वित : डायरेक्टर

**आयोजन**

**स्कूल का मनाया गया 12वां स्थापना दिवस**

**जनसंदेश न्यूज**



कार्यक्रम में छात्रों के साथ शामिल डायरेक्टर व अन्य

**अदलहाट।** क्षेत्र के विद्या संस्कार पब्लिक स्कूल का 12वां स्थापना दिवस आज बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर दिन की शुरूआत मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर के हुई। प्रार्थना सभा में बच्चों ने भाषण प्रस्तुत किया और विद्यालय गीत भी गया।

विद्यालय के काउंसिल मेंबर्स की भी घोषणा की गई जो कि बच्चों के द्वारा उनके प्रतिनिधि के रूप में एक सत्र के लिए चुने जाते हैं। इस अवसर पर वाद विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और बच्चों को प्रेरणाप्रद डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई। विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर नागेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने सबको बधाई दी। कहा कि विद्यालय की स्थापना पंडित श्रीदेव द्विवेदी मेमोरियल ट्रस्ट के अधीन की गई है जिसका मूल उद्देश्य शिक्षा को सर्वसुलभ करना है। इसी उद्देश्य के साथ ग्रामीण अंचल में इस विद्यालय की स्थापना की गई जिससे ग्रामीण अंचल के बच्चों को पूर्ण सुविधाएं प्रशिक्षित और अनुभवी शिक्षकों द्वारा प्रदान की जाएं और विद्यालय अपने इस उद्देश्य में सफल भी हुआ है। 11 वर्षों में विद्यालय के बच्चों ने सदा विद्यालय को गौरवान्वित ही किया है। विद्यालय की डायरेक्टर सुश्री सौम्या द्विवेदी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय के गौरवान्वित 11वर्षों में नित नए प्रतिमान स्थापित हुए हैं। विद्यालय में गार्गी पांडेय, हेड गर्ल और हिमांशु हेड ब्वॉय, ऐश्वर्या वाइस हेड गर्ल और यशार्थ वाइस हेड ब्वॉय चुने गए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या शैल तिवारी, आलोक सिंह, अंकित श्रीवास्तव, बिक्कु बरनवाल, अल्पना श्रीवास्तव इत्यादि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### ग्रामीणों की सतर्कता से बुझी आग, कच्चा मकान जलने से बचा

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के करनपुर गांव निवासी किसान बिटोल गोंड के कच्चे मकान में गुरुवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई घर में आग की लपटें उठती देखकर अगल बगल के लोग डिब्बा, बाल्टी में पानी लेकर आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े और थोड़ी ही देर में आग पर काबू पा लिया। नही तो आग की चपेट में आने से घर जलकर राख हो जाता। घटना के समय किसान बिटोल गोंड परिवार के साथ फसल की कटाई करने खेत पर गए थे। सूचना पाकर दौड़ते भागते घर पहुंचे लेकिन तबतक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था। आग बुझने पर किसान ने राहत की सांस ली।

### आचार संहिता के पालन में हटवाए होल्डिंग बैनर पोस्टर

**हलिया।** विधानसभा उपचुनाव की अधिसूचना जारी होते ही आचार संहिता का डंडा चलना शुरु हो गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने राजनीतिक दलों का होर्डिंग-बैनर और पोस्टर हटवाया। अभियान के चलते पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से कराए जाने और किसी तरह के पक्षपात से बचने के लिए अधिकारियों के निर्देश पर ड्रमंडगंज थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को क्षेत्र में मार्च कर सड़कों पर लगे होर्डिंग और बैनर हटवाए। पुलिस ने दीवारों और खंभों पर लगे होर्डिंग और बैनर उतारने में जुट गई है। दीवारों पर चस्पा किए गए पोस्टरों को उखाड़ दिया गया।

### गेहूं खरीद का किया गया शुभारंभ

**लालगंज।** स्थानीय साधन सहकारी समिति लहंगपुर (पगार) पर गुरुवार को गेहूं खरीद का शुभारंभ हुआ है। गेहूं खरीद का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष जयशंकर तिवारी ने कांटा पूजन कर किया। उद्घाटन के मौके पर बामी गांव निवासी किसान मुनौव्वर अली से कुल बीस कुंतल गेहूं की खरीद किया गया। साधन सहकारी समिति लहंगपुर पर गेंहू बेचने के लिए डेढ दर्जन किसानों ने संपर्क किया है। केंद्र प्रभारी सिद्धनाथ दुबे ने बताया कि गेहूं खरीद का शुभारंभ हो गया है। पहले दिन एक किसान की गेहूं की तौल कराई गई है। कहा कि गेहूं बेचने के लिए डेढ दर्जन से अधिक किसानों ने संपर्क कर नंबर लगाया है। नम्बर के आधार पर खरीदारी की जाएगी।

### जानकारी दिए बगैर लोड बढ़ाने पर सांसद प्रतिनिधि ने दिया पत्रक

**अहरौरा।** सांसद प्रतिनिधि एवं सभासद सिद्धार्थ सिंह उर्फ मिक्की सिंह ने गुरुवार को स्थानीय पावर हाउस पर पहुंचकर उपखंड अधिकारी को पत्रक देकर अवगत कराते हुए बताया कि नगरीय क्षेत्र में विभाग के कर्मचारियों द्वारा नगर क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों के लगभग हजारों कनेक्शन धारकों के विद्युत मीटर का लोड बिना जांच किए ही कमर्शियल कर दिया गया है। इससे कनेक्शन धारकों का बिल गलत तरीके से आ रहा है जिससे कनेक्शन धारकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और वह अपना विद्युत बिल जमा करने में असमर्थ महसूस कर रहे हैं। जिस पर उनके द्वारा पत्रक देकर अनुरोध करते हुए उचित जांच कर कनेक्शन धारकों के बीच में न्याय करने का आग्रह किया है जिससे कि कनेक्शन धारक समय से बिजली बिल जमा कर दे तो राजस्व में भी इजाफा होगा। इस दौरान शिबू केसरी, पवन मोदनवाल, वसीम अंसारी, सोनू केसरी, समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### शांति भंग की आशंका में तीन का चालान

**राजगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के कुशल दिशा-निर्देश पर जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। वहीं शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान राजगढ़ थाना क्षेत्रांतर्गत शांति व्यवस्था में बाधक उत्पन्न हो रहे तीन व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया। दीपक धरकार पुत्र भोला, अमन धरकार,व कार्तिक धरकार पुत्रगण प्रेम निवासी बघौड़ा थाना राजगढ़,हाल पता कोटवा पाण्डेय थाना कोतवाली देहात जनपद मीरजापुर में बैग का लाक बदलने को लेकर लड़ाई झगड़ा हुआ था। जिसके संबंध में राजगढ़ थाने पर तहरीर दी गई थी। जहां उपनिरीक्षक भरत राय मय फोर्स बघौड़ा में पहुंचे और दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामला शांत कराने का प्रयास किया गया लेकिन दोनों पक्ष और उग्र हो गए और आपस में मारपीट करने पर उतारू हो गए।जिसके संबंध में दोनों पक्षों को पकड़ कर थाने लाया गया तथा शांति भंग की धारा में चालान कर दिया गया।

### गेहूं खरीद का किया शुभारंभ

**जमालपुर।** क्षेत्र के ओड़ी (हसौली) साधन सहकारी समिती क्रय केंद्र पर गुरुवार को सचिव बाबूलाल सिंह ने तौल कांटा का पूजन कर गेहूं खरीद का शुभारंभ किया। जिसमें ओढ़ी गांव निवासी सूराज सिंह का 87 क्विंटल गेहूं की खरीद किया गया। केंद्र प्रभारी बाबूलाल सिंह ने बताया कि क्रय केंद्र पर गेहूं विक्रय करने के लिए अबतक कुल 109 किसानों ने संपर्क किया है। क्रय केंद्र पर गेहूं खरीद के लिए 2500 बोरा उपलब्ध है। जमालपुर सहकारी संघ पर केंद्र प्रभारी उमेश सिंह ने गुरुवार को तौल कांटा का पूजन कर गेहूं खरीद का शुभारंभ किया और बताया कि फिलहाल बोरे की कोई कमी नहीं है। इस दौरान किसान रामधारी, रणजीत, अमित सिंह एवं मनोज कुमार से 225 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई। एडीओ कोआपरेटिव कृष्ण मुरारी त्रिपाठी ने जमालपुर सहकारी संघ गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण किया एवं क्रय केंद्र प्रभारी को किसानों से संपर्क कर गेहूं खरीद में तेजी लाने पर जोर दिया। इस दौरान आकाश सिंह पटेल, मुन्नी यादव, कैलाश, नंगा, रामबचन, अनवर अली, सुरेन्द्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### पूरे वेतन की मांग को लेकर अड़े रहे फैक्ट्री के कर्मचारी



गेट पर प्रदर्शन करते कर्मचारी

**चुनार।** जेपी सीमेंट फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारियों, श्रमिकों का 7 माह से वेतन नहीं मिल रहा है। बकाया वेतन भुगतान को लेकर फैक्ट्री में कर्मचारी एवं सिक्योरिटी गार्ड ने आक्रोशित होकर अनिश्चित काल के लिए प्रशासनिक क्रमिक गेट व डिस्पैच गेट को घेर रखा है। कड़कड़ाती धूप में धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं। धरनारत कर्मचारियों ने बताया कि कंपनी द्वारा पिछले एक वर्ष से आधा वेतन दिया जा रहा था। कई माह से वेतन नहीं मिल रहा है। बकाया भुगतान नही होने से सैकड़ों कर्मचारियों ने प्रशासनिक एवं क्रमिक व डिस्पैच गेट बंद कर धरना पर बैठे हुए हैं। साथ ही बच्चों के स्कूल का फीस जमा नही हो पा रहा है। धरनारत कर्मचारियों के माथे पर बच्चों के भविष्य की चिता साफ दिखाई दे रहा है। श्रमिकों का परिवार भुखमरी के कंगार पर पहुंच गया। जिससे अक्रोशित होकर कर्मचारी अनिश्चित काल के लिए धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी करते रहे। डिस्पैच गेट व प्रशासनिक एवं क्रमिक गेट पर बैठे कर्मचारियों ने कंपनी का कोई वाहन बाहर नहीं निकलने दिया। वही जेपी सीमेंट फैक्ट्री के महाप्रबंधक सुधीर मिश्रा ने प्रदर्शन कर रहे श्रमिकों से कहा की एक माह का वेतन दिया जायेगा। धरना पर बैठे श्रमिकों ने अपने पूरे बकाया भुगतान पर अड़े रहे। इस दौरान चंद्रभान सिंह, लवकुश, अमित कुमार सिंह, सरफराज यादव, सुदर्शन सिंह, बुद्धेश कुमार, शिवदास, अनिल यादव, नंदलाल, राजेश प्रजापति, अशोक कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में फैक्ट्री के पीड़ित कर्मचारी,एवं सुरक्षा गार्ड उपस्थित रहे।

### शिवमूर्ति नगर से चित्रकूट तक चलेगी बस

**लालगंज।** जीरो रोड डिपो की बस गेरूआ डीह से चित्रकूट वाया माण्डा खास बस सेवा को 12 किलोमीटर आगे शिवमूर्ति नगर लालगंज तक बढ़ाया गया है। प्रयागराज के क्षेत्रीय प्रबंधक एम के त्रिवेदी ने बताया कि बस जीरो रोड बस स्टैंड से प्रतिदिन सायं काल छः बजे शिवमूर्ति नगर लालगंज के लिए और शिवमूर्ति नगर से सुबह साढे पांच बजे प्रयागराज होकर घूरपुर जसरा बारा होकर चित्रकूट के लिए रवाना होगी। चित्रकूट से यह बस प्रतिदिन दो बजे शिवमूर्तिनगर लालगंज के लिए रवाना होगी। रात्रि साढे आठ बजे बस शिवमूर्ति नगर लालगंज पहुंच जायेगी। बरडिहा, निनवार, बनवारी होकर लालगंज जायेगी। उक्त बस सेवा को शिवमूर्ति नगर लालगंज तक बढ़ाये जाने से यहां के लोगों को चित्रकूट जाने की सुविधा होगी। बस संचालित कराये जाने में शशिभूषण दूबे के प्रयास सराहनीय है।

### एक अवैध तमंचा मय कारतूस के साथ गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अदलहाट पुलिस द्वारा 01 वारण्टी को द्वारा एक अवैध तमंचा मय कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। गुरूवार को उ0नि0 संजय कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा 01 वारण्टी प्रकाश सिंह उर्फ चुन्नी सिंह पुत्र कोमल सिंह ग्राम पचेगड़ा थाना अदलहाट मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बंध में थाना अदलहाट पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा गया।

### जिलाबदर अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों, ईनामिया, जिलाबदर, वारण्टी व वांछित अभियुक्तों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। गुरूवार को थाना विन्ध्याचल पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से जिलाबदर अपराधी अमित सिंह पुत्र मनोज सिंह निवासी अकोढ़ी थाना विन्ध्याचल मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों को मिल रही पक्की छत

## सीएम के 8731 करोड़ की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण/शिलान्यास एवं पुस्तकों के विमोचन का कलेक्ट्रेट सभागार व नगर पंचायतों में किया गया सजीव प्रसारण

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हनुमान जयन्ती के मौके पर गुरुवार को नगर विकास विभाग की 8731 करोड़ की 2029 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास एवं पुस्तकों के विमोचन कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में व नगर पंचायतों में सजीव प्रसारण किया गया। प्रसारण कार्यक्रम को कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक सदर भूपेश चौबे, ब्लाक प्रमुख अजीत रावत, अपर जिलाधिकारी नमांमि गंगे आशुतोष दूबे, पीओ डूडा राजेश उपाध्याय, ईओ नगर पालिका विजय कुमार यादव, डीआईओ विनय कुमार सिंह सहित योजनाओं के लाभार्थियों ने देखा व सुना।

### बोले सदर विधायक

**नगर पंचायत डाला में 323 व अनपरा में 348 लाभार्थियों के आवास को दी गयी स्वीकृति**

सदर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्य मंत्री के नेतृत्व में देश व प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के 75 जनपदों के नगरीय निकायों में कई प्रकार की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया गया। इन परियोजनाओं के कार्य पूर्ण होने पर नगरीय क्षेत्रों का और बेहतर विकास होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार नगरीय क्षेत्रों में पीने के पानी की बेहतर सुविधा व आवागमन हेतु सड़कों का निर्माण करा रही है।

साथ ही समाज के अति पिछड़े, गरीब, असहाय लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत पक्की छत की सुविधा भी उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि आवास योजना शहरी के अन्तर्गत नगर पंचायत डाला बाजार में 323 व नगर पंचायत अनपरा में 346 लाभार्थियों को आवास की स्वीकृति प्रदान की गयी। इस दौरान विधायक ने आवास योजना के 10 लाभार्थियों को चाभी का वितरण भी किया।



लाभार्थी को पीएम आवास की चाभी सौंपते सदर विधायक

### विवाहिता की मौत मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

**ओबरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत बिल्ली गांव में रह रही एक विवाहिता का बीते मंगलवार को घर में पंखे में रस्सी के सहारे लटकता शव मिलने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। वहीं इस मामले में आरोपी पति को गुरुवार को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। बताया गया कि 30 वर्षीय सुनैना पत्नी अनिल प्रसाद निवासी बिल्ली गांव का शव घर के कमरे में लगे पंखे में रस्सी के सहारे लटकता मिला था। आनन फानन में परिजन सुनैना को फंदे पर लटका देख तत्काल उसे फंदे से अलग कर जिला चिकित्सालय पहुंचाये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार अनिल की पहली पत्नी की मौत हो चुकी है, जिससे दो लड़के हैं। वही सुनैना से उसकी दूसरी शादी हुई थी लेकिन कोई संतान नहीं थी। मौत के पश्चात मृतका के पिता मुनावर पुत्र केसरी निवासी कोरट, घोरावल ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मृतका के पति अनिल व उसका भाई लव कुश निवासीगण बिल्ली गांव, ओबरा उनकी पुत्री सुनैना को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। पुलिस तहरीर के आधार पर मृतका के पति अनिल व उसके भाई लवकुश के विरुद्ध दहेज हत्या के तहत मुकदमा पंजीकृत किया था। थाना प्रभारी मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि गुरुवार की सुबह आरोपी पति अनिल प्रसाद पुत्र संतु राम निवासी बिल्ली गांव को शारदा मंदिर चौराहे से गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया।


### कार्यालय ग्राम पंचायत-बैजलपुर वि0 ख0-मुहम्मदाबाद, गाजीपुर

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौदहवां राज्य वित्त/पंद्रहवां राज्य वित्त/मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्र योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 17.04.2023 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 17.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्य के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी व द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 03 | मोरंग बालू , मोटा बालू, बोल्डर | प्रति घनमी0 | |
| 04 | महीन बालू , लोकल बालू | प्रति घनमी0 | |
| 05 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम0एम0 से 53 एम0एम0 | प्रति घनमी0 | |
| 06 | ईंट गिट्टी | 20-40 एम0एम0 | |
| 07 | सरिया 2एम0एम0, 3 एम0एम0, 4 एम0एम0 | प्रति कुन्तल | |
| 08 | ह्यूम पाईप 350एम0, कट स्टोन, स्टोन चौका, पटिया | प्रति नग | |
| 09 | ह्यूम पाईप 600, 900एम0एम0, पी0वी0सी0 पाईप | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाईट व स्ट्रीट लाईट | प्रति घनमी0 | |
| 11 | सबमर्सिबल पम्प 1 एच0पी0 | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन/केबल तार वायरिंग | | |
| 13 | कन्स्ट्रक्शन ज्वाइण्ट, सफाई कीट | | |
| 14 | पालीथीन, जाली, फर्निचार | प्रति मी0 | |
| 15 | साईन बोर्ड, गेट लोहा, इंटरलाकिंग, सीमेंट ईंट, एल्युमिनियम दरवाजा | प्रति नग | |
| 16 | टाईल्स शौचालय सेट, कोटा स्टोन | प्रति नग | |
| 17 | हैण्ड पम्प सामग्री व रिबोर | प्रति नग | |
| 18 | कोविड 19 के सामान व उपकरण की आपूर्ति | प्रति नग | |
| 19 | अन्य आवश्यक सामग्री | | |

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-**
सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेगे सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री आपूर्ति ग्राम प्रधान ग्राम पांचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। अथवा नहीं आपूर्ति वाणिज्यकर्ता एवं आयकर कार्यालय मे पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुति दर पी0डब्लू0डी0 की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रूपये 110 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चायत ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत व वाणिज्य कर 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

ग्राम प्रधान-मुन्ना, ग्राम पंचायत-बैजलपुर, वि0ख0-मुहम्मदाबाद, गाजीपुर
ग्रा0पं0अ0/सचिव-रानी सिंह कुशवाहा, ग्राम पंचायत-बैजलपुर, वि0ख0-मुहम्मदाबाद, गाजीपुर


## संक्षेप

### डीएम के हाथों स्मार्ट फोन पाकर खिले छात्राओं के चेहरे



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने गुरुवार को प्रमोद जी महिला महाविद्यालय में प्रदेश सरकार की महत्वांकाक्षी छात्र कल्याणकारी योजना के अन्तर्गत छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण किया। डीएम के हाथों स्मार्ट फोन पाकर छात्राओं के चेहरे खिल गये। डीएम ने कहा कि स्मार्ट फोन के माध्यम से छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के विषय में जानकारी प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की महत्वांकाक्षी एवं छात्र कल्याणकारी योजना है, जिसके माध्यम से अध्ययनरत छात्र- छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण किया जा रहा है। कहा कि महाविद्यालय के प्रबन्धन द्वारा स्कूल में अध्ययन करने वाले छात्राओं को शुल्क की कमी होने पर जो सहयोग प्रदान किया जाता है, वह सराहनीय कार्य है। जनपद के विकास के लिए यहां की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाया जाना आवश्यक है। बहुत से ऐसे परिवार होते हैं, जिन परिवार के बच्चे फीस की कमी होने के कारण आगे की शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते हैं। इस मौके एसडीएम घोरावल रमेश कुमार, चौहान, रमेश कुमार, प्रबन्धक डा. सुधीर मिश्रा, मनोरमा मिश्रा, पंकज दूबे समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### मांगों को लेकर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**सोनभद्र।** संयुक्त स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग कोविड 19 कर्मचारी संघ के कोविड कर्मियों ने गुरुवार को मेडिकल कालेज में समायोजित एवं सेवा विस्तार की मांग को लेकर कलेक्टर परिसर में विरोध प्रदर्शन कर जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष विकास गोस्वामी ने बताया कि नवनिर्मित मेडिकल कालेज में सभी कोविड 19के कर्मियों तथा पैरामेडिकल स्टाफ को सम्बद्धता करने, जनपद में फिर से कोविड 19 जैसे महामारी को बढ़ते क्रम को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा मामले का संज्ञान लेते हुए 31 मार्च के बाद से अभी तक सेवा विस्तार नहीं किया गया। जिससे उनको समस्याओं से जूझना पड़ रहा है, किसी तरह जीविकोपार्जन करने को कर्मचारी विवश हैं। कर्मचारियों के हित को ध्यान में रखते हुए उनकी समस्याओं का समाधान कराया जाये। इस मौके पर मंदीप कुमार, रोहित, संदीप, यज्ञेश पाण्डेय, पल्लव, सूरज, शिवेंद्र सिंह, प्रेमशीला, सदाप्यारी, तारा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### उड़ाका दल ने पकड़ा दो हाइवा, एक ट्रैक्टर, हड़कंप

**दुद्धी।** डीएफओ रेनुकूट के निर्देश पर रात्रि गस्त के दौरान वन विभाग की उड़ाका दल टीम ने अवैध गिट्टी व बालू परिवहन कर रहे तीन वाहनों को पकड़ कर संबंधित रेंज अफसर को सुपुर्द कर दिया। रेंज अफसर पकड़े गए वाहनों के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई में जुट गए। वहीं हाथीनाला जंगल में वन विभाग की चल रहे जांच की भनक हाइवा चालक को लगी तो वह अपना वाहन जंगल में खड़ी कर फरार हो गया। वन विभाग ने उक्त वाहन के पास भी वन कर्मियों का पहरा लगा दिया है। उड़ाका दल में शामिल पिपरी रेंजर धीरेंद्र मिश्रा ने बताया कि दुद्धी वन रेंज के हाथीनाला के जंगल में बुधवार की मध्यरात्रि डाला से गिट्टी का अवैध परिवहन कर रहे दो हाइवा को जांच के दौरान पकड़ा गया और उसे दुद्धी वन रेंज को सुपुर्द कर कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। रेंजर संजय श्रीवास्तव ने बताया कि दो गिट्टी लदे हाइवा को पकड़ा गया है। वहीं विंढमगंज वन रेंज के हरपुरा में अवैध बालू परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को भी उड़ाका दल की टीम ने धर दबोच विंढमगंज रेंजर को कार्रवाई हेतु सुपर्द किया। रेंजर इमरान खान ने बताया कि हरपुरा से भोर में अवैध बालू का परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर मय चालक रामकुमार पुत्र द्वारिका को पकड़ा गया। वाहन को सीज करते हुए चालक को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। वन विभाग की कार्रवाई से अवैध खनिज परिवहनकर्ताओं में हड़कंप मचा हुआ है।

### सुरक्षाकर्मी की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में अजय राय गिरफ्तार

**रेणुकूट।** मुर्धवा के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य व समाजसेवी अजय राय को बुधवार की देर शाम पिपरी पुलिस ने अदालत की कार्रवाई का विरोध करने के मामले में गिरफ्तार कर लिया। बीते दो फरवरी को रेणुकूट नगर के शिवापार्क इलाके में अदालत के आदेश पर कार्रवाई करने पहुंचे अदालत अमीन और पुलिस की मौजूदगी में डिग्रीधारी हिंडालको की निशानदेही पर जेसीबी द्वारा चिन्हित मकान के बजाय पड़ोसी बाबू लाल यादव की झोपड़ी उजाड़ दिया गया। जिसका विरोध अजय राय सहित मौजूद लोगों ने किया। लोगों के विरोध का परिणाम रहा कि पुलिस को अपनी कार्रवाई बीच में ही रोककर वापस हटना पड़ा। लेकिन कंपनी के सुरक्षाकर्मी अशोक कुमार सिंह की तहरीर पर 13 फरवरी को अजय राय, कमलेश जायसवाल, दीपेश जायसवाल, शंकर लाल सहित 50 अज्ञात लोगों पर अदालत की कार्रवाई में व्यवधान उत्पन्न करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें बुधवार की देर शाम अजय राय की अचानक हुई गिरफ्तारी से नगरवासियों में खासा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि स्थानीय पुलिस ने कंपनी के प्रभाव में आकर एकतरफा कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस पूरी तरह से कंपनी के पक्ष में कार्य कर रही है। पीड़ित बाबूलाल यादव की झोपड़ी तोड़े जाने के मामले में कंपनी के किसी भी अधिकारी या सुरक्षाकर्मी पर कोई भी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।

### नामांकन स्थलों पर शांति व्यवस्था को कार्यपालक मजिस्ट्रेट तैनात

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि नगर निकाय सामान्य निर्वाचन हेतु निर्धारित नामांकन स्थलों पर शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु मजिस्ट्रेटों की तैनाती की जाती है। कार्यपालक मजिस्ट्रेट ज्ञानेन्द्र कुमार तहसीलदार घोरावल निकाय चुनाव, सुनील कुमार तहसीलदार सदर निकाय नपा व चुर्क-घुर्मा, सुशील कुमार तहसीलदार ओबरा निकाय नपं ओबरा, डाला बाजार, चोपन, बृजेश वर्मा तहसीलदार दुद्धी निकाय नपं दुद्धी, रेनुकूट, पिपरी, अनपरा। सम्बन्धित मजिस्ट्रेट नामांकन स्थलों पर उपस्थित रह कर नामांकन दिवस के समय शांति व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे।

### नियंत्रण कक्ष की करायें स्थापना

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि नगर निकाय सामान्य निर्वाचन हेतु अधिसूचना निर्गत होने के दिनांक से जनपद मुख्यालय पर एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाए। उक्त नियंत्रण कक्ष में टेलिफोन और ई-मेल की सुविधा सुनिश्चित करायी जाए। नियंत्रण कक्ष अनवरत कार्य करेगा और शिफ्ट में अधिकारियों व कर्मचाारियों की ड्यूटी लगायी जायेगी। नियंत्रण कक्ष का टेलीफोन नम्बर एंव ई-मेल ऐडेज्स राज्य निर्वाचन आयोग को भी सूचित किया जाय।

# धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव

### निकली ध्वज यात्रा

**पवनपुत्र का किया गया श्रृंगार मंदिरों में हुआ सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ**

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जिले में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुवार को नगर के हनुमान मंदिरों में प्रभु का भव्य श्रृंगार किया गया। इस दौरान सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ समेत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं राबट्र्सगंज नगर में हनुमान ध्वज यात्रा निकाली गई। जिसमें डीजे की धुन पर श्रद्धालु झुमते रहे।

नगर के मेन रोड पर रामअवतार उपवन में अवस्थित बाल हनुमान मंदिर में एवं सीएमओ आफिस के पास संकट मोचन मंदिर पर पुजारी ने हनुमान का भव्य श्रृंगार मंगला आरती एवं पूजन किया। शीतला मंदिर के पास मेन रोड पर स्थित संकट हरण श्री सिद्ध हनुमान मंदिर से ध्वज यात्रा निकाली गई। वहीं यात्रा के दौरान भक्तजन हाथों में भगवा ध्वज लिए प्रभु श्री राम, बजरंगबली, हनुमान का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे तथा दूसरी ओर भक्तिमय भजन की धुन पर महिलाएं, युवतियां, युवक थिरकते रहे। ध्वज यात्रा के दौरान रथ पर बैठे हुए मयार्दा पुरुषोत्तम राम, माता जानकी एवं राम भक्त हनुमान के स्वरूप का दर्शन जहां नगर वासियों ने किया, वहीं कुछ लोगों ने उनकी आरती भी उतारी। जुलूस संपूर्ण नगर में भ्रमण करते हुए संकट हरण श्री सिद्ध हनुमान मंदिर पर जाकर संपन्न हुआ। तत्पश्चात मंदिर में भगवान की दिव्य आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

## हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ भव्य पूजन-अर्चन

जनसंदेश न्यूज

**ओबरा।** चैत्र महीने की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन श्री राम भक्त हनुमान जी का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन को भगवान हनुमान जी के जन्मोत्सव के रूप में हर साल मनाया जाता है।

वही हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बृहस्पतिवार को नगर के हनुमान मंदिरों पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस दौरान सुबह से ही भक्त मन्दिरों पर पहुँच कर हनुमान जी का दर्शन पूजन कर रहे थे।इसके पूर्व मंदिरों में लगी हनुमान जी की प्रतिमा को खूब सजाया गया था।मंदिरों के लगातार बज रहे हनुमान चालीसा, जय श्रीराम के उद्घोष तथा हनुमान जी के भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ था। नगर के सुभाष तिराहे के समीप स्थित हनुमान मंदिर, संकट मोचन मंदिर सेक्टर दो, श्री राम मंदिर आदि स्थानों पर भक्त पहुंचकर दीपक जलाकर हनुमान जी का पूजन अर्चन कर रहे थे।



हनुमान मंदिर में बजरंगबली की सजी प्रतिमा

हनुमान मंदिर के महंत वशिष्ठ दास ने बताया कि हिंदू धर्म में मंगलवार और शनिवार का दिन हनुमान जी की पूजा के लिए समर्पित होता है। लेकिन हनुमान जी की पूजा के लिए हनुमान जन्मोत्सव के दिन को विशेष माना जाता है। इस दिन किए गए पूजा-पाठ, व्रत, उपाय, मंत्रोचारण आदि से बजरंगबली की विशेष कृपा भक्तों को प्राप्त होती है और जीवन की सभी परेशानियों से मुक्ति मिलती है।

## दोषी पति रामलाल को 10 वर्ष की कैद, 10 हजार रुपये अर्थदंड

### साढ़े तीन वर्ष पूर्व कुल्हाड़ी से प्रहार कर पत्नी कलावती को गंभीर चोट पहुंचाने का मामला

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** साढ़े तीन वर्ष पूर्व हुए हत्या के प्रयास मामले में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय सोनभद्र राहुल मिश्रा की अदालत ने वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोष सिद्ध पाकर दोषी रामलाल उर्फ पप्पू को 10 वर्ष की कैद एवं 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक घोरावल थाना क्षेत्र के खुटहा गांव निवासी रिंकू पुत्र रामचंद्र ने करमा थाने में दिये तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी बहन कलावती की शादी करमा थाना क्षेत्र के मगरादहा गांव निवासी रामलाल उर्फ पप्पू पुत्र जग्गी के साथ हुई थी। करीब तीन साल पूर्व उसके जीजा रामलाल उसकी बहन को मारते पीटते थे। जिसकी वजह से उसकी बहन अपने मायके में उसके यहां रहने लगी तथा उसके बच्चे भी वहीं पर पढ़ते हैं। 10 जून 2019 को जीजा के भाई के लड़की की शादी थी। जिसमें उसकी बहन कलावती को भी बुलाया गया था। 11 जून 2019 को उसके जीजा उसकी बहन कलावती को जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी से गर्दन काटना चाह रहे थे, किंतु बहन पीछे मुड़ गई, जिसकी वजह से बहन के सीने पर गंभीर चोट लगी। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर रामलाल उर्फ पप्पू के विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी रामलाल को सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की तरफ से ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी विजय प्रकाश यादव ने बहस की।

## निराश्रित गोवंशों को किया जाए संरक्षित : नोडल अधिकारी

**सोनभद्र।** विशेष सचिव व नोडल अधिकारी गोसंरक्षण सुनील कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जनपद में अवशेष निराश्रित गोवंश को शत प्रतिशत संरक्षित किये जाने के संबंध में किये जा रहे कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों के भरण पोषण आदि से सम्बंधित समीक्षा बैठक गुरुवार को विकास भवन सभागार में हुई। इस दौरान नोडल अधिकारी गोवंशों के संरक्षण पर जोर दिया। नोडल अधिकारी ने जनपद में संचालित गो-आश्रय स्थलों, संरक्षित गोवंशों की संख्या, भरण पोषण की स्थिति, चारे की उपलब्धता, संरक्षित गोवंशों का स्वास्थ्य, सहभागिता योजनान्तर्गत सुपुर्द किये गये गोवंशों की संख्या, गोवंशों का टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण आदि से सम्बंधित बिन्दुवार जानकारी सम्बंधित विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारियों एवं पशु चिकित्साधिकारियों से प्राप्त करते हुए समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। नोडल अधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित सभी पशु चिकित्साधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि निराश्रित गोवंशों का संरक्षण एवं भरण पोषण की स्थिति निर्धारित प्रारूप पर सत्यापन कर आख्या उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि यदि किसी गोआश्रय स्थलों में किन्ही कारणवश गोवंशों की संख्या मानक से ज्यादा है तो आवश्यकतानुसार कुछ गोवंशों को दूसरे गोसंरक्षण केन्द्रों में संरक्षित किया जाए। गोवंशों के भरण पोषण एवं संरक्षण में किसी भी तरह की शिथिलता न बरती जाए तथा समय-समय पर गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाता रहे। उन्होंने सम्बंधितों को निर्देशित किया कि यदि कोई गोवंश निराश्रित रूप से छुट्टा घूमता हुआ पाया जाता है तो तत्काल उसे गो संरक्षण केन्द्र में संरक्षित किया जाए। जिससे किसानों के फसलों को नुकसान न होने पाये, इसे गम्भीरता से लिया जाए। नोडल अधिकारी ने चारागाह की जमीन पर हरा चारा उगाने का निर्देश दियो। सभी खण्ड विकास अधिकारी एवं पुश चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के सभी गो-आश्रय स्थलों में जहां पर पर्याप्त जमीन हो वहां पर छायादार वृक्ष जरूर लगवायें, जिससे पशुओं को गर्मी में धूप से बचाया जा सके।

# सर्वजन का हित करने वाली है भाजपा की नीति

## जिले में धूमधाम से मना भाजपा का 44 वां स्थापना दिवस, हुआ ध्वजारोहण

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जिले में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को पार्टी का 44वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी। इस क्रम में जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने नगर स्थित जिला कार्यालय पर ध्वजारोहण किया। साथ ही जनपद के सभी 21 मण्डल कार्यालय व जनपद के सभी 1511 बूथ अध्यक्षों ने अपने आवास पर पार्टी का झण्डा लगाया व दिवाल लेखन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल माध्यम से संबोधन सुना गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। उन्होंने परिवारवाद और वंशवाद को लेकर विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ काम कर रही है। भाजपा की नीति सर्वजन का हित करने वाली है। जब हनुमान को राक्षसों का सामना करना पड़ा था तो वो उतने ही कठोर हो गए थे। इसी प्रकार से जब भ्रष्टाचार की बात आती है, जब परिवारवाद की बात आती है, कानून व्यवस्था की बात आती है तो भाजपा उतनी ही संकल्पबद्ध हो जाती है। इस मौके पर तीरथराज, उदयनाथ मौर्या, ओमप्रकाश दूबे, विनोद पटेल, अनूप तिवारी, राकेश मेहता, रजनीश रघुवंशी, पुष्पा सिंह, गुड़िया तिवारी, मंजू गिरी, प्रमिला जायसवाल, आशा विश्वकर्मा, कैलाश तिवारी, राजन पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री का संबोधन सुनते भाजपा पदाधिकारी

**चोपन संवाददाता** के अनुसार- भारतीय जनता पार्टी की 43 वां स्थापना दिवस चोपन मंडल कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया।

सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर भाजपा का झंडा लगा कर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। संजीव तिवारी ने महापुरुषों को नमन करते हुए कहा कि उनसे प्रेरणा लेकर मां भारती को विश्वगुरु के स्थान पर ले जाने के लिए हम सबको ऐसे ही कार्य करते रहना है। इस अवसर पर राजेश अग्रहरि, डा. सत्येंद्र आर्य, प्रदीप अग्रवाल, संजय जैन, सत्य प्रकाश तिवारी, रामकुमार सोनी, रामदुलार खरवार, दिव्य विकास सिंह, अरुण सिंह गहरवार, हिमांशु प्रियदर्शी, घनश्याम चौधरी आदि मौजूद रहे। संचालन विकास चौबे ने किया।

**ओबरा संवाददाता** के अनुसार- ओबरा मण्डल अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में भाजपा का स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। शीर्ष नेतृत्व द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों के अनुरूप सभी बूथ अध्यक्षों के साथ भाजपा के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने अपने कार्यालयों एवं आवास पर भाजपा का झंडा फहराया। इसके बाद प्रधानमंत्री का सम्बोधन सभी बूथों के कार्यसमिति सदस्यों ने अपने पन्ना प्रमुखों के साथ सुनते हुए उसका अनुसरण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रमाशंकर द्विवेदी, सुशील कुशवाहा, सुनील सिंह, विजय पटेल, विकास सिंह, पंकज गौतम, उमाशंकर जयसवाल आदि लोग मौजूद रहे।


### कार्यालय ग्राम पंचायत-तमलपुरा वि0 ख0-मुहम्मदाबाद, गाजीपुर

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौदहवां राज्य वित्त/पंद्रहवां राज्य वित्त/मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्र योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 17.04.2023 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 17.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्य के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी व द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 03 | मोरंग बालू , मोटा बालू, बोल्डर | प्रति घनमी0 | |
| 04 | महीन बालू , लोकल बालू | प्रति घनमी0 | |
| 05 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम0एम0 से 53 एम0एम0 | प्रति घनमी0 | |
| 06 | ईंट गिट्टी | 20-40 एम0एम0 | |
| 07 | सरिया 2एम0एम0, 3 एम0एम0, 4 एम0एम0 | प्रति कुन्तल | |
| 08 | ह्यूम पाईप 350एम0, कट स्टोन, स्टोन चौका, पटिया | प्रति नग | |
| 09 | ह्यूम पाईप 600, 900एम0एम0, पी0वी0सी0 पाईप | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाईट व स्ट्रीट लाईट | प्रति घनमी0 | |
| 11 | सबमर्सिबल पम्प 1 एच0पी0 | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन/केबल तार वायरिंग | | |
| 13 | कन्स्ट्रक्शन ज्वाइण्ट, सफाई कीट | | |
| 14 | पालीथीन, जाली, फर्निचार | प्रति मी0 | |
| 15 | साईन बोर्ड, गेट लोहा, इंटरलाकिंग, सीमेंट ईंट, एल्युमिनियम दरवाजा | प्रति नग | |
| 16 | टाईल्स शौचालय सेट, कोटा स्टोन | प्रति नग | |
| 17 | हैण्ड पम्प सामग्री व रिबोर | प्रति नग | |
| 18 | कोविड 19 के सामान व उपकरण की आपूर्ति | प्रति नग | |
| 19 | अन्य आवश्यक सामग्री | | |

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-**
सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेगे सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री आपूर्ति ग्राम प्रधान ग्राम पांचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। अथवा नहीं आपूर्ति वाणिज्यकर्ता एवं आयकर कार्यालय मे पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुति दर पी0डब्लू0डी0 की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रूपये 110 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चायत ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत व वाणिज्य कर 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

ग्राम प्रधान-राजेश कुमार राय, ग्राम पंचायत-तमलपुरा, वि0ख0-मुहम्मदाबाद, गाजीपुर
ग्रा0पं0अ0/सचिव-रानी सिंह कुशवाहा, ग्राम पंचायत-तमलपुरा, वि0ख0-मुहम्मदाबाद, गाजीपुर

### कार्यालय ग्राम पंचायत-हाटा वि0 ख0-मुहम्मदाबाद, गाजीपुर

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौदहवां राज्य वित्त/पंद्रहवां राज्य वित्त/मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्र योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 17.04.2023 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 17.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्य के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी व द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 03 | मोरंग बालू , मोटा बालू, बोल्डर | प्रति घनमी0 | |
| 04 | महीन बालू , लोकल बालू | प्रति घनमी0 | |
| 05 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम0एम0 से 53 एम0एम0 | प्रति घनमी0 | |
| 06 | ईंट गिट्टी | 20-40 एम0एम0 | |
| 07 | सरिया 2एम0एम0, 3 एम0एम0, 4 एम0एम0 | प्रति कुन्तल | |
| 08 | ह्यूम पाईप 350एम0, कट स्टोन, स्टोन चौका, पटिया | प्रति नग | |
| 09 | ह्यूम पाईप 600, 900एम0एम0, पी0वी0सी0 पाईप | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाईट व स्ट्रीट लाईट | प्रति घनमी0 | |
| 11 | सबमर्सिबल पम्प 1 एच0पी0 | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन/केबल तार वायरिंग | | |
| 13 | कन्स्ट्रक्शन ज्वाइण्ट, सफाई कीट | | |
| 14 | पालीथीन, जाली, फर्निचार | प्रति मी0 | |
| 15 | साईन बोर्ड, गेट लोहा, इंटरलाकिंग, सीमेंट ईंट, एल्युमिनियम दरवाजा | प्रति नग | |
| 16 | टाईल्स शौचालय सेट, कोटा स्टोन | प्रति नग | |
| 17 | हैण्ड पम्प सामग्री व रिबोर | प्रति नग | |
| 18 | कोविड 19 के सामान व उपकरण की आपूर्ति | प्रति नग | |
| 19 | अन्य आवश्यक सामग्री | | |

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-**
सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेगे सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री आपूर्ति ग्राम प्रधान ग्राम पांचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। अथवा नहीं आपूर्ति वाणिज्यकर्ता एवं आयकर कार्यालय मे पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुति दर पी0डब्लू0डी0 की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रूपये 110 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चायत ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत व वाणिज्य कर 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

ग्राम प्रधान-श्रीमती गुड्डी देवी, ग्राम पंचायत-हाटा, वि0ख0-मुहम्मदाबाद, गाजीपुर
ग्रा0पं0अ0/सचिव-रानी सिंह कुशवाहा, ग्राम पंचायत-हाटा, वि0ख0-मुहम्मदाबाद, गाजीपुर

# हनुमान जन्मोत्सवः जंक्शन पर भारी सुरक्षा

**मुश्तैदी**

## आरपीएफ और जीआरपी ने की स्टेशन और सकुर्लेटिंग एरिया में जांच पड़ताल



डीडीयू जंक्शन पर गश्त करती जीआरपी।

**डीडीयू नगर।** पिछले दिनों रामनवमी के जुलूस के दौरान बंगाल और बिहार में हुए दंगे को देखते हुए हनुमान जन्मोत्सव पर स्टेशन पर सतर्कता बरती गई। रेलवे स्टेशन पर कोई उपद्रवी न आए इसके लिए आरपीएफ और जीआरपी ने संयुक्त रूप से गश्त की। वहीं यात्रियों को किसी प्रकार के अफवाह पर ध्यान न देने के लिए जागरूक किया।

हावड़ा दिल्ली रूट पर स्थित डीडीयू स्टेशन बिहार से सटा हुआ है। रामनवमी पर बिहार और बंगाल में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। यही नहीं दो दिन पहले सासाराम में दंगा भड़का। हिंसा की आंच रेलवे स्टेशन तक भी पहुंच गई थी। इसको देखते हुए हनुमान जन्मोत्सव पर प्रदेश में इस तरह की घटना न हो इसके लिए बुधवार और बृहस्पतिवार को पूरे डीडीयू मंडल में अलर्ट घोषित किया गया है।

इसी क्रम में गुरवार की दोपहर में जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह और आरपीएफ डीडीयू पोस्ट निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में स्टेशन पर चेकिंग और जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी प्लेटफार्म, यात्री हाल, सकुर्लेटिंग एरिया आदि की जांच की गई। वहीं लाउडस्पीकर के माध्यम से यात्रियों को किसी प्रकार के अफवाह में न पड़ने, रेल और अन्य संपत्ति का नुकसान न पहुंचाने की अपील की गई।

ट्रेनों में भी यात्रियों को किसी संदिग्ध वस्तु अथवा व्यक्ति के दिखने पर इसकी सूचना सुरक्षा बलों को देने का आह्वान किया गया। जीआरपी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह और आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि हनुमान जयंती पर अलर्ट घोषित किया गया था। इसको देखते हुए सतर्कता बरती जा रही है। चेकिंग अभियान लगातार चलाया जाएगा।

### हनुमान जी सर्वश्रेष्ठ देवताः शास्त्री

**डीडीयू नगर।** क्षेत्र के झांसी ग्राम स्थित प्राथमिक विद्यालय पर सात दिवसीय रामकथा किया जा रहा है। इस अवसर पर आजमगढ़ से पधारे महाराज गोविंद शास्त्री ने कहा कि लक्ष्मण सीता भारत ने अपना अपना समर्थन हनुमान के पक्ष में दिया। माता सीता ने कहा कि हनुमान जी ना होते तो वह अशोक वाटिका में मर जाती। इसी प्रकार लक्ष्मण ने कहा कि हनुमान जी ना होते तो मूरछा अवस्था में मर जाता। इस प्रकार कलयुग में हनुमान जी को श्रेष्ठ भगवान का दर्जा मिला है। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह, रमेश सिंह, अशोक सिंह, बलराम सिंह, द्वारिकानाथ सिंह, उदय सिंह, सतीश, जितेंद्र, बबलू यादव, प्रकाश पाल, लालबरत आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### हनुमान जयंती के समापन पर महाआरती व प्रसाद वितरण

**डीडीयू नगर।** स्थानीय नई सट्टी स्थित श्री दुर्गा हनुमान मंदिर के प्रांगण में चल रहे दो दिवसीय श्री हनुमान जयंती व श्रीरामचरितमानस संघ वार्षिकोत्सव में गुरूवार को अंतिम दिवस श्रीरामचरितमानस का संगीतमय अखंड पाठ का समापन हुआ। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार अपराहन 2 बजे से रुद्राभिषेक प्रारंभ हुआ जो अपराह्न चार बजे तक चला। जिसमें यजमान के रूप में कमेटी के वरिष्ठ सदस्य सपत्निक अशोक शुक्ला, मनोज जायसवाल सहित कमेटी के अन्य सदस्य सदस्यों ने भाग लिया। तत्पश्चात हवन आदि का कार्यक्रम शाम 5 बजे से प्रारंभ होकर महाआरती शुरू होने से पूर्व तक चला। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में महा आरती के दौरान जहां भव्य श्री हनुमान जी का दरबार सजा हुआ था वही प्रांगण सहित जीटी रोड पर सैकड़ों महिला-पुरुष व बच्चे हाथ में आरती की थाल लेकर खड़े रहे। संस्था सदस्य मनोज जायसवाल महाआरती का नेतृत्व करते हुए बड़ी आरती पात्र मे आरती कर रहे थे। इस दौरान प्रांगण मे घंट घड़ियाल सहित डमरू और थाल के आवाज से माहौल पूर्ण रूप से आध्यात्मिक एहसास करा रहा था। इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा समुचित सुरक्षा व्यवस्था की गई थी इसके अलावा संस्था के सदस्य सुरक्षा व्यवस्था में अपनी भूमिका दिखाते नजर आए जिसके चलते दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हुई महाआरती के दौरान रामायण, श्री रामचंद्र की व हनुमान जी की आरती गाई गई तत्पश्चात विभिन्न मंत्रों से विभिन्न मंत्रों से मंदिर प्रांगण गुंजायमान रहा। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक संध्या के दौरान भजन गायन का लुफ्त का रूट देर रात तक नगर के श्रद्धालुओं ने उठाया । मौके पर प्रसाद वितरण का भी कार्यक्रम संस्था द्वारा चलता रहा। उक्त दो दिवसीय धार्मिक आध्यात्मिक आयोजन को सफल बनाने मे संस्था के सदस्यों सहित हजारों की संख्या में नगर के नर नारी व बच्चे सम्मलित रहे।

## चोरी के सामान के साथ चार चोर गिरफ्तार, दो फरार

**चंदौली।** मुखबिर से मिली सूचना के बाद हरकत में आयी कोतवाली पुलिस ने कोतवाली राजीवन कुमार सिंह के नेतृत्व में चार चोरों को फुटिया हाइवे के सामने से धर-दबोचा। इस दौरान पुलिस को उनके पास से चोरी का सामान बरामद हुआ। चोर चोरी का सामान लेकर बिहार बेचने हेतु जा रहे है। तभी सटिक मुखबिरी पर पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। हालांकि इस पुलिसिया कार्यवाही में मौके पर मौजूद दो अन्य चोर भागने में सफल रहे। पकड़े गये व्यक्तियो के पास से एक बोरी बरामद हुई, जिसमें एक अदद बैटरी व एक अदद पंखा था। पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि उनके गैंग के मुखिया कोई और हैं। हम लोग उसी के नेतृत्व में चोरी करने का काम करते है वही हर माल की बिक्री की व्यवस्था करते है हम लोग साथ मे चोरी करके सामान बिहार पहुंचाते है वहां पर उनके आदमी है जो सामान खरीदते है। जिसकी जानकारी गैंग के मुखिया को है। इसके बाद पुलिस ने उक्त सामान के सम्बन्ध मे थाना चंदौली में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। टीम में कोतवाल राजीव कुमार सिंह, एसआई अखण्ड प्रताप सिंह, रवीन्द्र आदि शामिल रहे।

**संक्षेप**

### विधायक ने किया सड़कों का शिलान्यास व लोकार्पण



**डीडीयू नगर।** मुगलसराय विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा कुंडलियां, भोजपुर, बहादुरपुर, सदर ब्लॉक के बबुरी सिरकुटिया में बन रही सड़क का मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने विधायक निधि से शिलान्यास व उद्घाटन जनता के हाथों करवाया। विधायक रमेश जायसवाल ने स्थानीय महिलाओं द्वारा भी एक सड़क का शिलान्यास करवाया। इस अवसर पर स्थानीय जनता ने कहा की पहली बार कोई ऐसा विधायक आया है जो स्वयं सड़कों का शिलान्यास ना कर स्थानीय बुजुर्गों एवं महिलाओं को यह सम्मान व अवसर प्रदान कर रहे हैं। विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि विकास की गति रुकने नहीं दी जाएगी। सड़क और नाली का मामला हो चाहे गरीबों के आवास का मामला। धन की कमी आड़े आने नहीं दी जाएगी। शिलान्यास के अवसर पर अमोघपुर ग्राम प्रधान कुंडलियां, पूर्व प्रधान नरसिंह चौहान, प्रधान महेंद्र माही, बहादुरपुर प्रधान मेराज अहमद व प्रमोद पटेल, संजय पासवान, प्रभु पटेल, छल्लू गुप्ता, रवि गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### अंत्योदय के सिद्धांत पर काम कर रही भाजपाः सूर्यमुनि



**बबुरी।** कस्बा में भाजपाजनों ने भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का 43वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण करके व भाजपा के ध्वज को फहराकर किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने पीएम मोदी के वर्चुवल संबोधन को सुना। इस मौके पर भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि भाजपा देश की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है। देश के विभिन्न हिस्सों में भाजपा सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर काम करके हर तबके व क्षेत्र का विकास कर रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जन भावनाओं को ही भाजपा की जनशक्ति बनाया। 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड, 80 करोड़ गरीबों को बिना भेद भाव के निशुल्क राशन, आवास योजना के तहत आवास देकर लाभान्वित किया। भाजपा का एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना आज देश में जन भावनाओं में दिख रही है। इस दौरान पूर्व विधायक शिवपूजन राम, अरुण सिंह, मुमताज, गगन सिंह, नारायण जायसवाल, शिवकुमार मौर्या, यशवंत मौर्या, महेंद्र सेठ, रवि, विनय, संतोष सहितआदि लोग उपस्थित रहे।

### चोरी की बैटरी के साथ युवक गिरफ्तार

**चकिया।** कोतवाली क्षेत्र के साराडीह गांव के पास से गुरुवार की दोपहर पुलिस ने वांछित आरोपी संजय कुमार को एक्साइड की ट्यूबलर बैटरी के साथ गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी मिथिलेश तिवारी ने बताया कि वांछित आरोपी संजय कुमार बबुरी थाना क्षेत्र के डंवरी कला गांव का निवासी है। उसके विरुद्ध चकिया, शहाबगंज और मिर्जापुर जनपद के कई थानों में चोरी का मुकदमा दर्ज है।

### भारतीय विद्यार्थी परिषद की कार्यकारिणी गठित



**डीडीयू नगर।** कैलाशपुरी स्थित श्री साईं पब्लिक स्कूल के सभागार में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जिला बैठक हुई। जिसमें जिला प्रमुख डा.बृजेश मिश्रा ने नगर कार्यकारिणी की घोषणा की। डा. पंकज शर्मा नगर अध्यक्ष, महामंत्री अभिषेक जायसवाल, तहसील संयोजक गोविंद सिंह चौहान, तहसीलसह संयोजक विशाल जायसवाल, गोल्डी और रुद्रेश दुबे नगर सह मंत्री, मोहित, अमन गुप्ता, समीर अंसारी, मनीष एसएफडी उमेश, निमेष, मनजीत सिंह एसएफएस संयोजक विक्की गुप्ता सहसंयोजक अंकित गुप्ता हरजीत सिंह राष्ट्रीय कला मंच संयोजक रवि कुमार आयाम संयोजक चाहर सिंह नगर कार्यकारिणी सदस्य गौरव पांडे आदर्श अग्रहरी मंजीत यादव विशाल जायसवाल सोशल मीडिया संयोजक अमर सिद्दीकी संयोजक देवेंद्र श्रीवास्तव एवं करण सिंह चौहान के नाम की घोषणा की गई। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सौरभेंद्र समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अधिग्रहित भूमि के बदले किसानों को मुआवजा दे प्रशासन



**चंदौली।** उत्तर प्रदेश किसान ने मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को जिलाधिकारी चंदौली से मिलकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान किसान मोर्चा ने राष्ट्रीय राजमार्ग-233 सकलडीहा-चंदौली में पड़ रहे कस्बा सकलडीहा, चहनियां, फगुईयां, चंदौली टाउन एरिया के प्रभावित व्यवसायियों का भवन व दुकान, खेत राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करके बिना प्रति कर और पूर्ण विस्थापन एवं पूर्ण स्थापन के बिना ही उजाड़ा जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए अधिग्रहित की जा रही जमीन के बदले मुआवजा भी नहीं दिया जा रहा है। यह पूरी तरह से अनुचित है किसानों, ग्रामीणों व व्यापारियों को अधिग्रहित मकान, दुकान व खेत के बदले चार गुना अधिक मुआयजा और विस्थापन की सुविधा उपलब्ध कराया जाए। कहा कि समस्या के समाधान ना होने पर बड़े आंदोलन किया जाएगा। इस मसले पर किसान न्याय मोर्चा के संयोजक महेंद्र प्रसाद, शमीम अहमद मिल्की, इंद्रजीत शर्मा, कृष्णकांत यादव, सुशील यादव, धर्मदेव मौर्य, रोहित यदुवंशी, हीरावती देवी विश्वकर्मा, लक्ष्मण चौहान, कैलाश यादव, श्याम बली आदि लोगों ने जिलाधिकारी ने ज्ञापन लिया।

## अग्नि सचेतक योजना के तहत युवाओं को दी जाएगी ट्रेनिंग

**डीडीयू नगर।** अगलगी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए अग्नि शमन विभाग युवाओं को ट्रेनिंग देने की शुरुआत की है। अग्नि सचेतक योजना के तहत युवाओं को आग से बचाव की प्राथमिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। एक सप्ताह की ट्रेनिंग के बाद युवकों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। यह प्रमाण पत्र सरकारी और निजी कंपनियों में नौकरी में वरीयता दिलाएगा।

इस बाबत मुख्य अग्निशमन अधिकारी रमाशंकर तिवारी ने बताया कि आग से बचाव की जिम्मेदारी फायर ब्रिगेड पर है। आग लगने पर फायर ब्रिगेड को सूचना मिलने के बाद पहुंचने में देरी हो जाती है। इससे नुकसान अधिक होता है। समय से आग बुझाए जाने पर आग विकराल रूप नहीं धारण करेगा और नुकसान कम होगा। इन समस्याओं को देखते हुए अग्निशमन विभाग ने पुलिस मित्र की तर्ज पर फायर मित्र बनाने की योजना शुरू की है।अग्नि सचेतक योजना के तहत जिले के प्रत्येक ब्लाक के कम से कम सौ लोगों को फायर मित्र बनाया जाएगा। फायर मित्र को अग्निशमन कार्यालय में बुलाकर एक सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे आग लगने पर बुझाने की पहल करेंगे। प्रशिक्षण के लिए युवाओं को वरीयता दी जाएगी। एक सप्ताह के प्रशिक्षण के बाद उन्हें प्रमाण पत्र दिया जाएगा। यह प्रमाण पत्र सीआरपीएफ, पीएसी सहित अर्धसैनिक बलों और निजी कंपनियों की नौकरी में काम आएगा। कहा कि अग्नि सचेतक बनने के लिए मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नाम आवेदन पत्र देना होगा। आवेदन पत्र में नाम, पिता का नाम, उम्र, शैक्षिक योग्यता, मोबाइल नंबर आदि देना होगा। जिन्हें एक साथ मुख्य अग्निशमन अधिकारी कार्यालय में प्रशिक्षण दिया जाएगा। अग्नि सचेतक बनने के लिए उम्र, शैक्षिक योग्यता बाधक नहीं है। कोई भी व्यक्ति आवेदन देकर एक सप्ताह का प्रशिक्षण लेकर फायर मित्र बन सकता है। प्रशिक्षण के लिए युवाओं को वरीयता दी जाएगी।

### अगलगी से असना के सिवान में जली गेहूं की फसल

**कन्दवा।** बरहनी विकास खंड के असना गांव के सिवान में गुरुवार को अज्ञात कारणों से लगी आग से नौ बीघा गेहूं की खड़ी फसल जल गयी है। आग फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग बुझाई गयी। अन्यथा किसानों की सैकड़ों एकड़ फसल जल सकती थी। जब आग बुझी तो अन्य किसानों ने राहत की सॉंस लिया। असना गांव के सिवान में दिन में एक बजे के लगभग न जाने कैसे गेहूं के खड़ी फसल में आग लग गयी। जो पश्चिम हवा के झोंके के साथ धू धू कर जलने लगा। आग आगे बढ़ने लगी। जो कि गेहूं की खड़ी फसल धू धू कर जलने लगी। जिसे देख दूर सिवान में कुछ किसान व मार्ग से जा रहे राहगीरों ने शोर मचाना शुरू किया तब तकआग अपना ताड़व मचाना शुरू कर दिया। जिसमें असना गांव निवासी श्यामसदान सिंह दो बीघा, प्रसनजीत सिंह चार बीघा, औयरचक गांव निवासी मनोज प्रजापति तीन बीघा गेहूं की खड़ी फसल जल गया। आग अभी अपनी तेवर मे बढ़ती रही थी। तब तक पहुंचे फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों ने लाठी डंडे झांड़ झंखाड़ एवं वृक्ष की टहनियो से पीट पीटअथक प्रयास कर लगभग एक घंटे बाद तो आग पर काबू पा लिया।

## हर कोई बेहतर स्वास्थ्य व कल्याण सेवाएं प्राप्त करने का हकदार



सीएमओ दफ्तर सभागार में आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित करती नीतू सिंह।

**चंदौली।** ग्राम्या संस्थान व आर्थिक अनुसंधान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में गुरवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया है। इस अवसर पर ग्राम्या की ओर से सीएमओ दफ्तर सभागार में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जनपद चंदौली के ब्लाक नौगढ़ व चकिया से 85 महिलाओं ने प्रतिभाग किया और स्वास्थ्य विभाग से सीएमओ, डीपीएमओ, जिला प्रोबेशन अधिकारी के यहां से बाल संरक्षण अधिकारी व महिला कल्याण विभाग के लोग शामिल रहे।

ग्राम्या संस्थान की निदेशक बिंदु द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कहा कि 1948 में दुनिया के देश एक साथ आए और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, दुनिया को सुरक्षित रखने और कमजोर लोगों की सेवा करने के लिए स्थापित किया। इसलिए हर कोई, हर जगह स्वास्थ्य और कल्याण के उच्चतम स्तर को प्राप्त कर सकता है। नीतू ने बताया कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं स्वास्थ्य रोकथाम और पदोन्नति, चिकित्सा शिक्षा, और सभी आउट पेशेंट के लगभग 30 प्रतिशत और 42 प्रतिशत असंगत सेवाओं का एक बड़ा हिस्सा कवर करती हैं। स्वास्थ्य प्रणाली और विशेष रूप से निजी क्षेत्र की ओर कमजोर नियामक तंत्र के ऐतिहासिक अंडरफंडिंग, क्रमिक सरकारों द्वारा स्वास्थ्य के लिए कम प्राथमिकता को दर्शाते हैं।

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत किए गए हस्तक्षेपों और निवेशों के कारण, सार्वजनिक क्षेत्र के हिस्से में 2004 के बाद से कुछ सुधार हुआ है। संवाद में महिलाओं द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही मनमानी को सीएमओ के सामने रखा गया। जैसे प्रसव के समय पैसा की मांग करना, जन्मदिन प्रमाण पत्र के लिए मांग करना आदि जिसपर सीएमओ ने कहा कि इसकी जांच करवाएंगे अगर जांच में सही निकलेगा तो कार्यवाही की जाएगी। अंत में सभी को मग देकर सम्मानित करते हुए कार्यक्रम को समाप्त किया गया। ग्राम्या संस्थान से रिंकू, रामबिलास, त्रिभुवन, अंजू प्रीतम उषा के आलावा महिला स्वास्थ्य अधिकार मंच से प्यारी संगीता, लीलावती मंजू, रेखा सुनीता शील आदि उपस्थित रहीं। संचालन व धन्यवाद नीतू ने दिया।

## आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाने में तेजी लाएं अधिकारी

**बोले सीडीओ**

### कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों की हुई बैठक

**चंदौली।** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को जनपद स्तरीय अधिकारियों की बैठक मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। इसमें शासन की प्राथमिकताओं एवं विकास कार्यक्रमों के 37 बिंदुओं की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान प्रधानमंत्री आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जाने में तेजी लाए जाने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया गया।

अवशेष हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर का निर्माण कार्य तेजी के साथ पूर्ण कराए जाने, अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में निर्धारित दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए। बच्चों का निर्धारित टीकाकरण शत प्रतिशत कराए जाने के साथ ही अति कुपोषित बच्चों को आवश्यकतानुसार पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती करा कर उनका समुचित पोषण एवं इलाज कराए जाने के निर्देश दिए.इस दौरान चिकित्सा विभाग के अधूरे निर्माण कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण कराए जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत अवशेष आवासों के निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष सड़कों के निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए गए। कोटे की रिक्त व निरस्त दुकानों को नियमानुसार शीघ्रता से आवंटित कराए जाने हेतु जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया। जनपद में लक्ष्य के सापेक्ष मत्स्य पालन हेतु तालाबों के आवंटन का कार्य शत प्रतिशत कराए जाने के लिए सहायक निदेशक मत्स्य को निर्देशित किया गया। कन्या सुमंगला योजना अंतर्गत लंबित पात्र आवेदन पत्रों की स्वीकृति की कार्यवाही शीघ्रता से कराए जाने, लक्ष्य के सापेक्ष अवशेष आगनबाडी केंद्रों के निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं का संतृप्तिकरण करा लिए जाने, नई सड़कों के निर्माण, चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण का कार्य लक्ष्य के सापेक्ष तेजी से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत लंबित समस्त प्रकरणों का अविलंब निस्तारण कराकर कृषकों को लाभान्वित कराए जाने के निर्देश जिला कृषि अधिकारी को दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव ने कहा कि जनपद में संचालित योजनाओं व कार्यक्रमों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित रहें। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाए। मौके पर सीएमओ डा. वाईके राय, जिला विकास अधिकारी, पीडी डीआरडीए, डीसी मनरेगा उपस्थित रहे।

## जिला सह संयोजक की शिकायत पर मीटर रीडर बर्खास्त

**नौगढ़।** मीटर रीडर की दबंगई एवं भ्रष्टाचारी रवैया तब भारी पड़ गया जब व्यापारियों एवं स्थानीय लोगो तंग आकर मीटर रीडर मनीष सिंह के भ्रस्टाचारी रवैये की शिकायत जिला उपाध्यक्ष भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ देव जायसवाल से की। मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल समाजसेवी देव जायसवाल ने अधीक्षण अभियंता एवं अधिशाषी अभियंता चंदौली को लिखित पत्र भेजकर कार्यवाही के लिए अनुरोध किया। अधिशाषी अभियंता ने मामले की जांच करते हुए तत्काल मनीष सिंह मीटर रीडर के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए संबंधित कंपनी के अधिकारियों को निर्देशित किया।कंपनी के अधिकारियों ने अधिशाषी अभियंता चंदौली के निर्देश का अनुपालन करते हुए मीटर रीडर की आईडी बंद कर दिया। जिला उपाध्यक्ष देव जायसवाल ने बताया कि मेरे क्षेत्र में किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचारी रवैये को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**चंदौली।** भाजपा का स्थापना दिवस गुरुवार को पार्टी कार्यालय पर धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के भाषण का लाइव प्रसारण किया गया। पीएम ने कहा कि पार्टी के बारे में सभी कार्यकताओं को जानना चाहिए।वहीं टेक्नोलॉजी को हर क्षेत्र में आगे ले जाने का आवाहन किया। साथ ही सोशल मीडिया के प्रयोग करने के तौर तरीकों के बारे में सोचने की जरूरत बताई।

पीएम ने कहा कि हनुमान जी से प्रेरणा लेकर कार्यकताओं को कार्य करने की जरूरत है ऐसा कोई भी काम नहीं है जो हनुमान जी नहीं कर सकते। ठीक उसी प्रकार से कार्यकर्ता भी वैसा ही कार्य करें परिणाम लाने के लिए लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास पार्टी करते रहती है और आगे भी करते रहना चाहिए। वही जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह इसके पूर्व पार्टी कार्यालय पर ध्वजारोहण किया और झंडे को सलामी दी। कहा की पीएम के संबोधन से कार्यकताओं में मातृशक्ति की भक्ति, लोकतंत्र की ताकत मिली है। एक भारत श्रेष्ठ भारत परिकल्पना ही भाजपा का सिद्धांत है। कहा कि स्थापना दिवस के सामाजिक न्याय सप्ताह मनाया जाएगा इसके तहत सभी बूथों वाल राइटिंग की जाएगी। 8 अप्रैल को बीजेपी में यूपी सम्मेलन करेगी, यह सम्मेलन अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्रों में होगा। 10 अप्रैल को महिलाओं के कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे, अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए सहभोज, 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती मनाया जाएगा। 12 स्वच्छता अभियान, 13 वृक्षारोपण अभियान व 14 अप्रैल को बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी। इस दौरान अनिल तिवारी, किरण शर्मा, दिलीप पांडेय, अलख नारायण तिवारी, संतोष खरवार राघवेंद्र सिंह, कन्हैया मोदनवाल, विजय मौर्या, जैनेंद्र राम, महेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### निर्धारित समय के अंतर्गत कार्य को पूर्ण कराया जाय : डीएम



**चहनियां।** डीएम निखिल टी फुंडे ने बुधवार की शाम को रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम तपोस्थली में चल रहे पर्यटन स्थल बनाने का कार्य समेकित पर्यटन विभाग एव मल्टी परपज हाल व सांस्कृतिक पंडाल, पानी टंकी निर्माण आदि हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपस्थित अधिकारी एवं कार्यदाई संस्था को निर्देशित करते हुए डीएम ने कहा कि निमार्णाधीन परियोजना पर तेजी से कार्य कराते हुए निर्धारित समयावधि के अंतर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। परियोजना के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने, शिथिलता या लापरवाही तथा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बाबा कीनाराम अघोर पीठ मठ में समेकित पर्यटन विकास एवं अन्य कराए जा रहे कार्य व पूर्ण कर लिए गए कार्यों को देखा। तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य को तेजी से करते वर्षा के पूर्व पूर्ण करा दिया जाय। डीएम ने कार्यदाई एजेंसी उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पर्यटन सूचना अधिकारी नितिन द्विवेदी उपस्थित रहे।

## न्यायिक कार्यों से विरत रहे अधिवक्ता

**चकिया।** अधिवक्ता उदय नारायण भट्ट का बार एसोसिएशन में निष्कासन के बाद भी तहसील के अधिकारियों के साथ सांठगांठ को लेकर बार सभागार में चकिया बार एसोसिएशन के वकीलों की बैठक अध्यक्ष शिवपूजन सिंह की देखरेख में आहूत की गई। जिसमें बार एसोसिएशन से निष्कासित अधिवक्ता उदय नारायण भट्ट के राजस्व न्यायालयों में मनमाने तरीके से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। वकीलों ने कहा तहसीलदार न्यायालय, उप जिलाधिकारी न्यायालय के अलावा नायब तहसीलदार के न्यायालयों में फर्जी तरीके से बैठकर विचाराधीन वादों में पैरवी करते हुए भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है जो वादकारियों के हित में नहीं है। अधिवक्ताओं ने चेताया कि न्यायालयों द्वारा निष्कासित और भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिवक्ता उदय नारायण भट्ट को न्यायालय से बाहर करते हुए सुधारात्मक पहल नहीं की गई तो अधिवक्ता आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान महामंत्री रविंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, शाहनवाज, शशिकांत, नरेंद्र कुमार, संतोष, बिंदेश्वरी, हरीशचंद्र, मारुति नंदन आनंद सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

## बिसापुर में ब्लॉक प्रमुख ने किसानों को वितरित किया मूंग का बीज

जनसंदेश न्यूज



किसानों को मूंग का बीज वितरित करते प्रमुख अरुण जायसवाल।

**चहनियां।** क्षेत्र के बिसापुर स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार पर गुरुवार को क्षेत्रीय किसानों के लिए निःशुल्क बीज वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख अरुण जायसवाल ने 80 किसानों को बीज का वितरण किया।

प्रमुख अरुण जायसवाल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए संकल्पित है। इसलिए किसानों को कृषि यंत्र, बीज, उर्वरक व फसलों में प्रयुक्त होने वाली कीटनाशक दवाइयां भारी अनुदान पर प्रदान की जा रही है। कहा कि सूखा और बाढ़ आदि प्राकृतिक आपदाओं की वजह से किसानों की फसलें बर्बाद हो जाती हैं। ऐसे किसानों को उनके नुकसान की भरपाई के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। वही बिसापुर स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार का भवन काफी जर्जर हो गया है। शौचालय और बिजली की व्यवस्था नहीं है। कर्मचारियों ने इस विषय पर प्रमुख का ध्यान आकृष्ट कराया।

प्रमुख ने निरीक्षण करते हुए इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों को तत्काल इस समस्या का निराकरण कराने के लिए निर्देशित किया। प्रमुख अरुण जायसवाल ने बताया कि आज किसानों का बीज वितरण का कार्यक्रम है। यहाँ पर 80 किसानों को बीज का वितरण किया जाएगा। जर्जर भवन, शौचालय व बिजली की व्यवस्था से जुड़ा प्रकरण आज ही मेरे संज्ञान में आया है।

कहा कि मई माह के प्रथम सप्ताह में शौचालय निर्माण कार्य व भवन का मेंटनेंस कार्य पूरा किया जाएगा। इस दौरान नामवर यादव, राजेश सिंह, अनिल सिंह, रामउग्रह पाण्डेय, मुनीर अहमद, सूर्यनाथ, सुनील यादव, रमाकांत यादव, उदय शंकर तिवारी आदि किसान उपस्थित थे।

### खेती-किसानीः गेहूं की कटाई कार्य में जुटे किसान

**डीडीयू नगर।** क्षेत्र में गेहूं की कटाई किसान करने में युद्ध स्तर पर जुट चुके हैं। इसके तुरंत बाद किसान धान की रोपाई के लिए खेत तैयार करने में जुट जाएंगे। लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण अभी झाड़ झंखाड से पटी माईनरो की खुदाई के लिए कोई रूपरेखा तैयार नहीं किया जा रहा है। जिससे किसानों को पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी खुदाई नहीं होने के अभाव में किसानों के खेतों तक पानी पहुंचना मुश्किल होगा। सहरोई गांव निवासी किसान रामनिवास मिश्रा ने बताया कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही व मौसम की मार की वजह से किसानों की फसल हमेशा बर्बाद हो जाती है। खुदाई तो दूर की बात साफ-सफाई तक माइनरो की नहीं हो पाती है। आलमपुर गांव निवासी नगीना यादव ने बताया कि पिछले दिनों आई तेज आंधी और बारिश के कारण किसानों की फसल बर्बाद हो गई है। इस स्थिति में किसान गेहूं की कटाई युद्ध स्तर पर कर रहा है। लेकिन क्षेत्र की तमाम माइनरे पूरी तरह झाड़ झंखाड से पट चुकी है। लेकिन अगली खेती की तैयारी के लिए विभाग पूरी तरह उदासीन बना हुआ है।महरखा गांव निवासी राम नगीना शर्मा ने बताया कि हम लोग बर्बाद फसल के मुआवजा के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक दौड़ लगाई लेकिन अभी कोई पहल नहीं की गई। कमोवेश ही हालात माइनरों की खुदाई की बनी हुई है। खुदाई के लिए अभी तक विभाग द्वारा कोई रूपरेखा तक नहीं तैयार किया गया है।बसनी गांव निवासी केदार यादव ने बताया कि गेहूं की फसल बर्बाद होने के बाद भी किसान धान की पैदावार अच्छी करने के लिए सोच रहा है। लेकिन विभाग इस पर पूरी तरह उदासीन है। जिससे क्षेत्र ही नहीं बल्कि जनपद की समस्त माइनरे झाड़ झंखाड व सीॅल्ट से पूरी तरह पटी हुई है।

### कंपोजिट विद्यालय महराजगंज के बच्चों में बंटा परीक्षाफल



**चहनियां।** कंपोजिट विद्यालय महराजगंज में कक्षा एक से आठ तक के छात्र छात्राओं का वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय के साथ साथ सांत्वना पुरस्कार, मेडल, डायरी और कलम देकर प्रोत्साहित किया गया। मुख्य अतिथि अभय कुमार प्रदीप ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया। बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्य अतिथि प्रदीप यादव ने बच्चों को मेडल और कलम प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की और उपस्थित संभ्रांत ग्रामीणों और अभिभावक माता पिता को अपने बच्चों के प्रति जागरूक किया। उनकी जिम्मेदारीयों पर प्रकाश डालते हुए उनका मार्गदर्शन किया। प्रधानाध्यापक महेंद्र यादव ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए पठन पाठन में रुचि के प्रति जागरूक किया। उक्त पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में शिक्षक राकेश मौर्य, संतोष सिंह, एकता यादव, शशि प्रकाश भारती, एसएमसी अध्यक्ष रमेश कुमार, सियाराम, मुराहू उपस्थित रहे।

### निकाय चुनाव सम्पन्न कराने के लिए अफसरों को दी ट्रेनिंग

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे के निर्देश पर नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर का प्रथम प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। इस दौरान नगरीय चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने हेतु निर्वाचन प्रक्रियाओं के विषय में विस्तारपूर्वक बताया गया। संबंधित अधिकारियों को उनके कार्य एवं उत्तरदायित्वों के विषय में जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी व उपजिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार स्थानीय नगरी निकाय निर्वाचन-2023 हेतु समस्त तैयारियां पूर्ण कर लिया जाए।

## वॉर्नर, विराट के साथ एलीट सूची में शामिल हुए धवन

**गुवाहाटी।** पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हुए मुकाबले में अपनी नाबाद 86 रनों की पारी के साथ ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। इस मैच से पहले आईपीएल में केवल दो बल्लेबाजों के नाम पचास या उससे अधिक अर्धशतक हैं। धवन इस एलीट सूची में आने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गये हैं। अब तक आईपीएल में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के नाम सबसे अधिक 60 और विराट कोहली के नाम 50 अर्धशतक हैं। अब इस सूची में धवन भी जुड़ गये हैं। उनके नाम भी 50 अर्धशतक हो गये हैं। धवन ने रॉयल्स के खिलाफ धीमी शुरुआत के बाद अपनी पारी को संवारा। उन्होंने पावरप्ले में 13 गेंदों में केवल 14 रन बनाए एक बार लय में आने के बाद धवन ने तेजी के साथ खेलना शुरू करते हुएस्पिनर युजवेंद्र चहल की गेंदों पर हमला बोला धवन ने 36 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया।

# मार्कराम की वापसी से उत्साहित सनराइजर्स आज सुपर जाइंट्स पर जीत दर्ज करने उतरेगी

**शाम 7:30 बजे से होगा मुकाबला**

**लखनऊ।** आईपीएल में शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला लखनऊ सुपर जाइंट्स से होगा। इस मैच में अपने नियमित कप्तान एडन मार्कराम की वापसी के साथ ही अपने दो प्रमुख खिलाड़ियों मार्को जॉनसेन और हेनरिक क्लासेन के टीम से जुड़ने के कारण सनराइजर्स बढ़े हुए मनोबल से उतरेगी। पहले मैच में उसे राजस्थान रॉयल्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। उस मैच में मार्कराम के अलावा जॉनसेन और क्लासेन भी नहीं शामिल थे और अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने टीम की कप्तानी की थी।

सनराइजर्स के नये कप्तान मार्कराम भी इस मैच में जीत के साथ ही अपनी नेतृत्व क्षमता साबित करना चाहेंगे। पहले मैचम में टीम की हार का कारण खराब बल्लेबाजी ओर गेंदबाजी रहा था। विरोधी टीम राजस्थान रॉयल्स ने मैच में पावर प्ले में ही एक विकेट पर 85 रन बना दिए थे और फिर पांच विकेट पर 203 रन बनाये थे। इस दौरान सनराइजर्स को कोई भी गेंदबाज प्रभावी नहीं रहा। इसके बाद पावर प्ले में भी टीम रन नहीं बना पायी।

कोच ब्रायन लारा की सनराइजर्स को पावरप्ले में भी तेजी से रन बटोरने होंगे। मार्कराम के आने से उसकी बल्लेबाजी अच्छी हुई है। वहीं जॉनसेन के आने से गेंदबाजी बेहतर होगी। राजस्थान के खिलाफ केवल टी नटराजन ही कुछ हद तक बल्लेबाजों पर अंकुश लगा पाये थे। वहीं फजलहक फारुकी ने दो विकेट लिए। भुवनेश्वर अनुभवी होने के बाद भी अपेक्षा के अनुरुप प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। उमरान मलिक भी महंगे रहे। स्पिनर के तौर पर वाशिंगटन सुंदर और आदिल राशिद भी विफल रहे। इस मैच में सनराइजर्स को जीत के लिए विरोध बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के साथ अच्छी बल्लेबाजी कर रन बनाने होंगे। बल्लेबाजी में पहले मैच में मयंक अग्रवाल के अलावा दो अन्य बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और राहुल त्रिपाठी शीर्ष क्रम में रन नहीं बना पाये थे। इसे में कप्तान मार्कराम पर जिम्मेदारी बढ़ जाती है। वहीं दूसरी ओर लखनऊ की बात करें तो उसके कप्तान लोकेश राहुल अभी तक लय में नहीं हैं। जिससे टीम को अच्छी शुरूआत नहीं मिल पा रही है। अब तक केवल काइल मायर्स ने ही आक्रामक बल्लेबाजी कर रन बनाये हैं। वहीं गेंदबाजों में तेज गेंदबाज मार्क वुड और स्पिनर रवि बिश्नोई ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। वुड और बिश्नोई पर ये जिम्मेदारी रहेगी कि वे सनराइजर्स के बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर न बनाने दें।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**सनराइजर्स हैदराबाद:** एडन मार्कराम (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, अब्दुल समद, अभिषेक शर्मा, मयंक अग्रवाल, अनमोलप्रीत सिंह, हैरी ब्रूक, मयंक डागर, फजलहक फारूकी, अकील होसेन, कार्तिक त्यागी, हेनरिक क्लासेन, मयंक मारकंडे, टी नटराजन, नीतीश कुमार रेड्डी, ग्लेन फिलिप्स, आदिल राशिद, संवीर सिंह, राहुल त्रिपाठी, उमरान मलिक, विवरांत शर्मा, समर्थ व्यास, वाशिंगटन सुंदर, उपेंद्र यादव, मार्को जॉनसेन। **लखनऊ सुपर जाइंट्स:** केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), काइल मेयर्स, दीपक हुड्डा, कुणाल पांड्या, अमित मिश्रा, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), नवीन उल हक, आयुष बडोनी, आवेश खान, करण शर्मा, युद्धवीर चरक, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, मार्क वुड, स्वप्निल सिंह, मनन वोहरा, डेनियल सैम्स, प्रेरक मांकड़, कृष्णप्पा गौतम, जयदेव उनादकट, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई, मयंक यादव।

## युवराज नहीं होते तो विश्वकप नहीं जीत पाते खांसी पर मजाक उड़ाते थे साथी : हरभजन



**नई दिल्ली।** दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि ऑलराउंडर युवराज सिंह को कैंसर होने की जानकारी साथी खिलाड़ियों को नहीं थी। युवराज ने विश्वकप में शानदार प्रदर्शन किया था और इसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड भी मिला था। हरभजन ने यहां तक कहा कि युवराज नहीं होते तो हम विश्वकप नहीं जीत पाते। वहीं अब हरभजन ने कहा कि टीम के साथी खिलाड़ी युवराज की स्थिति से अनजान थे और उनका मजाक उड़ाते थे। वह लगातार खांसते रहते थे जिसका साथी खिलाड़ी मजाक भी उड़ाते थे।

युवराज अस्वस्थ थे और मैचों से पहले उन्हें एंग्जाइटी का सामना करना पड़ता था। उन्होंने साथ ही कहा, बल्लेबाजी करते हुए भी उन्हें खांसी आती थी, कभी-कभी उल्टियां भी होती थीं। मैं उससे पूछता था ह्यतुम इतनी खांसी क्यों करते हो? अपनी उम्र देखो और तुम क्या कर रहे हो! लेकिन हमें नहीं पता था कि वह किस दौर से गुजर रहा है और उसने उस बीमारी के दौरान विश्व कप खेला। भज्जी ने कहा, बाद में उन्हें पता चला कि ये कैंसर के लक्षण हैं लेकिन तब हम उसका मजाक उड़ा रहे थे, क्योंकि हमें स्थिति की जानकारी नहीं थी, लेकिन चैंपियन को सलाम। युवराज ने 2011 के विश्कप कप के अलावा चार साल पहले दक्षिण अफ्रीका में खेले गए 2007 के टी20 विश्वक कप में भी शानदार प्रदर्शन किया था।

युवराज सिंह ने आईसीसी टी20 वर्ल्डकप 2007 के दौरान इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉज के एक ओवर में लगातार 6 छक्के जड़ने का कारनामा किया था। हरभजन ने यहां तक दावा किया कि अगर युवराज 2011 एकदिवसीय विश्व कप टीम का हिस्सा नहीं होते तो भारत खिताब नहीं जीत पाता।

## बटलर के चोटिल होने के कारण पारी की शुरुआत नहीं करायी : सैमसन

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने कहा है कि आक्रामक बल्लेबाज जोस बटलर के चोटिल होने के कारण ही उन्हें पंजाब किंग्स के खिलाफ पारी की शुरुआत के लिए नहीं भेजा गया था। दरअसल, पंजाब किंग्स की पारी के अंतिम ओवर में बटलर ने शाहरुख खान को आउट करने के लिए एक शानदार कैच पकड़ा था। इस कैच को पकड़ते समय वह चोटिल हो गए थे।


### कार्यालय ग्राम पंचायत राजपुर वि0 ख0 सीयर, जनपद बलिया

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त, 14वां/15वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ पी.जी.आई.एफ./स्वच्छ शौचालय/आंगनबाड़ी केन्द्र/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण, अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण/सामुदायिक शौचालय/एस.एल.डब्लू.एम.योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 07.04.2023 से दिनांक 10.04.2023 तक पूर्वान्ह 10:00 से 2:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं, जिसे दिनांक 11.04.2023 को अपरान्ह 2:00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्रमांक | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इण्टरलाकिंग 200X160X80MM, 200X160MM | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 MM / 40 MM | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बेस्टस शीट/टिन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर, टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि। | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 MM, 53 MM, 8.22MM, 6.0MM | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एनपी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400 450, 500, 600, 1000 MM | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौकठ 450X450X100 MM | प्रति नग | |
| 11 | जी0आई0 पाईप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0वी0सी0 पाईप, साकेट 110, 140, 150 MM | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45MM | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घनमी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना ब्लिचिंग पावडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा, स्वास्थ्य पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत। | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

नोट :- टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रू0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

प्रतिबन्ध व शर्तें :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. स्वीकृत आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- रू0 स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेंगे। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

सचिव - दीपचन्द सोनकर ग्राम प्रधान - प्रभा देवी

पत्रांक: मेमो/अल्प नि0/ग्रा0 पं0/2023-24/वि0 का0/दिनांक : 06.04.2023


## संक्षेप

### अभी से करें पौधरोपण अभियान की तैयारी



**पिंडरा।** सूबे के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं पौधरोपण अभियान के परियोजना निदेशक अंजनी कुमार आचार्य ने गुरुवार को बाबतपुर तथा कर्मी पौधशाला का मौका-मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने आगामी पौधरोपण अभियान की सफलता के लिए अभी से तैयारी रखने के निर्देश दिये। वह सबसे पहले बाबतपुर स्थित वन प्रभाग क्षेत्र पहुंचे। वहां विभिन्न प्रकार व प्रजाति के पौधों की लंबाई और उनके बढ़ोतरी का जायजा लिया। पौधरोपण में इमारती, फलदार व छायादार संग मोहगनी के पौधे लगाने को कहा। साथ ही इस बारे में प्रसार-प्रचार कराने के निर्देश दिये। इसी क्रम में उन्होंने कर्मी स्थित पौधशाला का निरीक्षण कर प्रसन्नता व्यक्त की। इस मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी संजीव कुमार सिंह, रेंजर संतोष सोनकर, वन दरोगा रमाशंकर यादव और बाबतपुर व काशी रेंज के वनाधिकारी उपस्थित रहे।

### केंद्रीय सचिव मस्त्य पशुपालन आज आएंगे

**वाराणसी।** केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं दुग्ध मंत्रालय के सचिव राजेश कुमार सिंह तीन दिनी दौरे पर शुक्रवार को वाराणसी आएंगे। प्रोटोकॉल विभाग के अनुसार वह नई दिल्ली से अपराह्न दो बजे यहां पहुंचने के बाद शहंशाहपुर स्थित कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट और करखियां में निर्माणाधीन डेयरी प्लांट का मौका-मुआयना करेंगे। आठ अप्रैल को काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद दिन में 11.30 बजे अधिकारियों के साथ उनकी बैठक होगी। श्री सिंह नौ अप्रैल को अपराह्न दिल्ली लौट जाएंगे।

### केंद्रीय कोयला सचिव आज आएंगे

**वाराणसी।** कोयला मंत्रालय भारत सरकार के सचिव अमृत लाल मीणा का वाराणसी आगमन गुरुवार को होगा। प्रोटाकॉल विभाग के अनुसार वह शाम को आने के बाद नदेसर क्षेत्र स्थित एक तारांकित होटल में प्रवास करेंगे। आठ अप्रैल को वह काशी विश्वनाथ मंदिर एवं कालभैरव मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद सारनाथ का भ्रमण करेंगे। उसके बाद सिंगरौली जाएंगे।

### पूर्वांचल में नगरीय निकाय चुनाव के लिए महागठबंधन

**वाराणसी।** गांधी एकता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार जायसवाल व पूर्वांचल नव निर्माण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्र ने कचहरी स्थित सर्किट हाउस में पहले से निर्धारित छोटे दलों के महागठबंधन पर आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि पूर्वांचल में उ.प्र. नगरीय निकाय चुनाव लड़ने के लिए छोटे-छोटे दलों के साथ महागठबंधन किया जाय। प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय विकास मंच पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीके तिवारी, पूर्वांचल पब्लिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश आजाद, पूर्वांचल नव निर्माण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्र, राष्ट्रीय अम्बेडकर दल के राजेश भारतीय, पूर्वांचल एकता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशि राजभर, गांधी एकता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार जायसवाल, बहादुर आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मदन कुमार मिश्र एडवोकेट व संयोजक राजेन्द्र गांधी कुशवाहा आदि मौजूद थे।

### ग्रामीण के साथ शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का हो रहा निरंतर विस्तार



**वाराणसी।** बेहतर चिकित्सीय व स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कराने, समुदाय के अंतिम व्यक्ति तक उसकी पहुँच बढ़ाने और उसके बारे में ध्यान केन्द्रित करने को लेकर हर साल सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष इसकी थीम ह्यहेल्थ फॉर ऑल रखी गई है। जनपद वाराणसी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर जिले में निरंतर बढ़ रहीं चिकित्सीय व स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सीएमओ ने कहा कि पिछले कुछ सालों में जनपद में चिकित्सीय व स्वास्थ्य सेवाओं, उपकरणों, संसाधनों आदि सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र को मिलाकर जनपद की आबादी करीब 44 लाख है जिन्हें स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कराना हमारे चुनौतीपूर्ण कार्य है लेकिन इसके लिए स्वास्थ्य विभाग प्रत्येक स्तर पर प्रयासरत है। सीएमओ ने बताया कि राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम) की शुरूआत 2010 में हुयी थी उससे पहले जिले में पाँच राजकीय चिकित्सालय यथा डीडीयू चिकित्सालय पाण्डेयपुर, एसएसपीजी मंडलीय चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय कबीरचौरा एलबीएस चिकित्सालय रामनगर और एसवीएम चिकित्सालय भेलूपुर स्थापित हैं। इन चिकित्सालयों की ओपीडी व अन्य सामान्य सेवाओं का भार कम करने के लिए आबादी के अनुसार 24 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का संचालन शुरू किया गया। पिछले साल पाँच नवीन शहरी पीएचसी की और बढ़ोतरी हुई।

### आवा हो शीतला मइया भोर हो गइल...

**वाराणसी।** दशाश्वमेध घाट स्थित सिद्धपीठ श्री बड़ी शीतला माता माई धाम में पांच दिवसीय संगीत समारोह के तृतीय निशा गुरुवार को माता शीतला के भव्य श्रृंगार पूजन आरती भजन के साथ प्रारंभ हुई। माता शीतला को पंचामृत से स्नान कराकर नूतन वस्त्र आभूषण रजत छत्र लगा कर के मनीष पांडे पं अभय पांडे ने षोडशोपचार विधि से पूजन अर्चन किया पं अविनाश पांडे ने आरती उतारी। गीतकार कन्हैया दुबे केडी के संयोजन व संचालन में तृतीय निशा का शुभारंभ दुर्गा प्रसन्ना के शहनाई वादन से हुआ आकाशवाणी व दूरदर्शन के कलाकार पं दुर्गा प्रसन्ना व साथी कलाकारों ने देवी गीत और सोहर देवी जी के भइले जनमवा की धुन बजाकर अपनी हाजिरी लगाई। सनी मिश्रा ने आवा हो शीतल भैया भोर हो गईल... पीडीडीयू के ओम तिवारी ने पूछेली मलिनिया सातो रे बहिनिया... शीतला मैया के चरणों में सर हो मेरा... मिजार्पुर के लोक गायक मटुक सिंह ने कण कण में है बस तुम्हारा हे शीतला बनारसवाली... अरे सुना है शीतला मैया...कृष्ण कुमार तिवारी ने सातो बहिना शीतला तू ही दुर्गा मैया काली हो... अरुण सिंह ने जीभ लटकल होई मुंड के माला... पुनीत कृष्ण जेटली पागल बाबा ने सारे जग में गूंज रहा है मैया तेरा नाम.... शीतला धाम से आज तलक ना लौटा कोई खाली है... अच्छा करने वालों पर मां ध्यान देती है ज्यादा उड़ने वालों के पर काट देती है... राकेश तिवारी ने वहां कैलाश के शीश पर गंगा यहां कैलाश है गंगा किनारे... सहित अनेक देवी गीत भजन सुना कर कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी।

## सेना में जाना चाहते थे इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे ध्रुव

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए 15 गेंद पर 200 के स्ट्राइक रेट से नाबाद 32 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाने के पूरे प्रयास किय। इस मैच में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे ध्रुव ने अपनी बल्लेबाजी से सभी का ध्यान खींचा है। 22 साल के उप्र के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव भारतीय अंडर-19 टीम में शामिल रहे हैं। ध्रुव 2020 में अंडर-19 भारतीय टीम के उप-कप्तान थे और यह टीम टूनार्मेंट में उपविजेता रही थी। इस बल्लेबाज ने अब तक 4 टी20 में 60 रन बनाए हैं और नाबाद 62 रन उसका सबसे अच्छा प्रदर्शन है। इस युवा बल्लेबाज का यहां तक का सफर बेहद कठिन रहा है। ध्रुव ने कहा, जब मैं 12 साल का था, तो मैंने बल्ले और किट के लिए घरवालों के सामने शर्त रख दी थी। उन्होंने कहा था कि यदि उन्हें सामान नहीं मिला तो वे घर छोड़ देंगे पर अब उन्हें इस बात को सोचकर दुख होता है।

## विलियमसन के घुटने की सर्जरी होगी एकदिनी विश्वकप खेलने की संभावना नहीं

**वेलिंगटन।** आईपीएल में गुजरात टाइटंस की ओर से खेलते समय चोटिल हुए न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन का इस साल के अंत में भारत में खेले जाने वाले एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट टूनार्मेंट में भी खेलना संदिध नजर आ रहा है। विलियमसन चोटिल होने के बाद ही न्यूजीलैंड लौट गए थे और मंगलवार को हुई जांच में पाया गया कि उनके दाएं घुटने की सर्जरी होगी।

विलियमसन को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस की तरफ से चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ क्षेत्ररक्षण करते समय यह चोट लगी थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुसार दाहिने हाथ के इस बल्लेबाज की अगले तीन सप्ताह के अंदर सर्जरी होगी। विलियमसन ने सहयोग के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट और अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी का आभार जताया है। उन्होंने कहा, ह्यजिस प्रकार का मुझे सहयोग मिला उसके लिए मैं गुजरात टाइटंस का आभारी हूं। यह स्वाभाविक है कि इस तरह की चोट लगने से मैं निराश हूं पर मेरा ध्यान अभी सर्जरी और उसके बाद फिटनेस हासिल करने पर रहेगा।

विलियमसन ने कहा, ह्यइसमें कुछ समय लग सकता है पर मैं जल्द से ठीक होकर मैदान पर उतरने के लिए अपनी ओर से पूरा प्रयास करूंगा। गौरतब है कि इस प्रकारकी चोट से उबरने और पूर्ण फिटनेस हासिल करने में काफी समय लग जाता है और इसे देखते हुए विलियमसन का अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में खेलना संभव नजर नहीं आता है। विलियमसन ने कहा, ह्यमैं अगले कुछ महीनों में मुख्य कोच गैरी स्टीड और टीम का कैसे सहयोग कर सकता हूं इस पर ध्यान दे रहा हूं।

## संदिग्ध परिस्थिति में महिला की हत्या

**जमानियां।** कोतवाली क्षेत्र के नगर स्थित दुर्गा चौक के पास वार्ड नं० 19 में गुरुवार की शाम करीब 6 बजे 45 वर्षीय महिला की अपने घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस घटना की जाँच में जुटी है। परिजनों के अनुसार अनिता वर्मा (45) पत्नी नंद कुमार वर्मा अपने घर में अकेली थी। मौका पाकर अज्ञात हमलावार घर में घुसे और महिला का गला, कान व नाक का आभूषण छीन कर हत्या कर फरार हो गये। पति नंद कुमार करण्डा क्षेत्र में स्थित दुकान से शाम 7 बजे घर वापस आये तो पत्नी को मृत देकर दहाड़ मार कर रोने लगा। मृतक महिला के दो बेटा व दो बेटी है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई। पुलिस ने बताया कि हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए फारेंसिक टेस्ट टीम को बुलाया गया। जांच के बाद ही हत्या के कारण का पता चल पायेगा।


### कार्यालय ग्राम पंचायत रौसड़ा वि0 ख0 सीयर, जनपद बलिया

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त, 14वां/15वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ पी.जी.आई.एफ./स्वच्छ शौचालय/आंगनबाड़ी केन्द्र/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण, अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण/सामुदायिक शौचालय/एस.एल.डब्लू.एम.योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 07.04.2023 से दिनांक 10.04.2023 तक पूर्वान्ह 10:00 से 2:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं, जिसे दिनांक 11.04.2023 को अपरान्ह 2:00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्रमांक | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इण्टरलाकिंग 200X160X80MM, 200X160MM | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 MM / 40 MM | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बेस्टस शीट/टिन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर, टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि। | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 MM, 53 MM, 8.22MM, 6.0MM | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एनपी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400 450, 500, 600, 1000 MM | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौकठ 450X450X100 MM | प्रति नग | |
| 11 | जी0आई0 पाईप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0वी0सी0 पाईप, साकेट 110, 140, 150 MM | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45MM | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घनमी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना ब्लिचिंग पावडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा, स्वास्थ्य पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत। | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

नोट :- टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रू0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

प्रतिबन्ध व शर्तें :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. स्वीकृत आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- रू0 स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेंगे। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

सचिव - दीपचन्द सोनकर ग्राम प्रधान - अनिता सिंह

पत्रांक: मेमो/अल्प नि0/ग्रा0 पं0/2023-24/वि0 का0/दिनांक : 06.04.2023


# निराश्रित गोवंश का शत-प्रतिशत हो संरक्षण: अच्छेलाल



**चंदौली।** जनपद में अवशेष निराश्रित गोवंश को शत-प्रतिशत संरक्षित किए जाने तथा उनके भरण पोषण हेतु भूसा संग्रहण के संबंध में किए जा रहे प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण के संबंध में शासन द्वारा जनपद के लिए नामित नोडल अफसर अच्छेलाल सिंह यादव, विशेष सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश, शासन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की।

इस दौरान विकास खंड स्तर पर कैटल कैचर क्रय किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही शीघ्र किए जाने के निर्देश दिया। पशुओं के भरण पोषण एवं सहभागिता योजनान्तर्गत भुगतान के स्थिति की समीक्षा करते हुए नोडल अफसर ने नियमित रूप से समय से भुगतान कराए जाने तथा लंबित भुगतानों को नियमानुसार अविलंब कराए जाने के निर्देश दिए। गोआश्रय पोर्टल के सुचारू रूप से संचालन हेतु समस्त संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रशिक्षण एक सप्ताह के अंदर कराए जाने, समस्त गोशालाओं का डाकूमेंटेशन अच्छे प्रकार से किए जाने, अभिलेखों को अद्यतन एवं रखरखाव अच्छी तरह से लिए जाने हेतु निर्देशित किया। गर्मी के मौसम के दृष्टिगत समस्त गौशालाओं में पशुओं के लिए पर्याप्त पेयजल, शेड, बोरों का प्रबंध सुनिश्चित रखे जाने, समुचित साफ सफाई की व्यवस्था के निर्देश दिए गए। लागबुक में में पशुओं से संबंधित रिकार्ड का नियमित अंकन, गौशालाओं में ग्राम पंचायतों के माध्यम से पर्याप्त भूसा कलेक्शन किए जाने, चारा पानी के पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित रखे जाने के निर्देश दिए गए। नोडल अफसर की समीक्षा के दौरान ओवरआल स्थिति ठीक पाई गई, उन्होंने कहा कि जहां कहीं थोड़ी बहुत कमियां हैं। उन्हें ठीक करा लिया जाय। जनपद में कहीं भी निराश्रित गोवंश घूमते हुए नहीं दिखना चाहिए। गौशालाओं में समस्त व्यवस्थाऐं मुकम्मल रहे।

## लापता सुमित बबुरी के मवैया में मिला

**सकलडीहा।** कस्बा के पूर्व प्रधान व व्यापारी नेता प्रेमशंकर रस्तोगी का 32 वर्षीय पुत्र सुमित रस्तोगी बुधवार को देर रात ही बबुरी थाना क्षेत्र के मवैया गांव के समीप अचेत अवस्था मिला। गुरुवार की सुबह ही कस्बा में सुमित रस्तोगी के मिलने की खबर आग की तरह फैल गयी व्यापारियों में तरह-तरह की चर्चा भी होने लगी। हालांकि देर शाम तक सुमित अपने परिजनों से नहीं मिल सका था। वहीं सूत्रों की मानें तो पुलिस व्यापारी के लापता होने के हर पहलू पर जांच में लगी रहीं। कस्बा के व्यापारी प्रेमशंकर रस्तोगी के दो पुत्र सुमित रस्तोगी और गोलू रस्तोगी है। गोलू रस्तोगी कपड़े का कारोबार देखता है। वही बड़ा भाई सुमित रस्तोगी कोल्ड ड्रिंक सहित विभिन्न कंपनी का पेयजल सप्लाई करता है। बीते बुधवार को शाम को घर से तगादा पर निकला हुआ था। रात तक वापस घर नही आने पर परिजन परेशान थे। गुरुवार को सुबह टिमिलपुर एक दुकान से मोबाइल और संघती रिंग रोड के पास बाइक बरामद हुई।


### पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/गति शक्ति यूनिट/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है-

ई-निविदा संख्या: NER-LJN-GS-2023-33, कार्य का नाम: [illegible] अनुमानित लागत (रु): 3214162.96, अग्रिम धन (रु): 64300.00, समापन अवधि: 6 माह।

1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-GS-2023-33 के लिये ई-निविदा दिनांक 28.04.2023 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निविदा अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। [illegible]

मंडल रेल प्रबंधक/गति शक्ति यूनिट/लखनऊ

[illegible]

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. [illegible] पर SMS करें।

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



### कार्यालय ग्राम पंचायत छिटिकियां वि0 ख0 सीयर, जनपद बलिया

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त, 14वां/15वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ पी.जी.आई.एफ./स्वच्छ शौचालय/आंगनबाड़ी केन्द्र/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण, अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण/सामुदायिक शौचालय/एस.एल.डब्लू.एम.योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 07.04.2023 से दिनांक 10.04.2023 तक पूर्वान्ह 10:00 से 2:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं, जिसे दिनांक 11.04.2023 को अपरान्ह 2:00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्रमांक | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इण्टरलाकिंग 200X160X80MM, 200X160MM | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 MM / 40 MM | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बेस्टस शीट/टिन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर, टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि। | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 MM, 53 MM, 8.22MM, 6.0MM | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एनपी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400 450, 500, 600, 1000 MM | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौकठ 450X450X100 MM | प्रति नग | |
| 11 | जी0आई0 पाईप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0वी0सी0 पाईप, साकेट 110, 140, 150 MM | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45MM | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घनमी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना ब्लिचिंग पावडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा, स्वास्थ्य पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत। | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

नोट :- टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रू0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

प्रतिबन्ध व शर्तें :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. स्वीकृत आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- रू0 स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेंगे। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

सचिव - दीपचन्द सोनकर ग्राम प्रधान - अमरनाथ कुमार

पत्रांक: मेमो/अल्प नि0/ग्रा0 पं0/2023-24/वि0 का0/दिनांक : 06.04.2023



### कार्यालय ग्राम पंचायत-युसुफपुर, वि0 ख0-मनिहारी, गाजीपुर

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौदहवां राज्य वित्त/पंद्रहवां राज्य वित्त/पंचायत भवन निर्माण/मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्र योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 10.04.2023 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 5.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 11.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्य के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी व द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 03 | मोरंग बालू , मोटा बालू, बोल्डर | प्रति घनमी0 | |
| 04 | महीन बालू , लोकल बालू | प्रति घनमी0 | |
| 05 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम0एम0 से 53 एम0एम0 | प्रति घनमी0 | |
| 06 | ईंट गिट्टी | 20-40 एम0एम0 | |
| 07 | सरिया 2एम0एम0, 3 एम0एम0, 4 एम0एम0 | प्रति कुन्तल | |
| 08 | ह्यूम पाईप 350एम0, कट स्टोन, स्टोन चौका, पटिया | प्रति नग | |
| 09 | ह्यूम पाईप 600, 900एम0एम0, पी0वी0सी0 पाईप | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाईट व स्ट्रीट लाईट | प्रति घनमी0 | |
| 11 | सबमर्सिबल पम्प 1 एच0पी0 | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन/केबल तार वायरिंग | | |
| 13 | कन्स्ट्रक्शन ज्वाइण्ट, सफाई कीट | | |
| 14 | पालीथीन, जाली, फर्निचार | प्रति मी0 | |
| 15 | साईन बोर्ड, गेट लोहा, इंटरलाकिंग, सीमेंट ईंट, एल्युमिनियम दरवाजा | प्रति नग | |
| 16 | टाईल्स शौचालय सेट, कोटा स्टोन | प्रति नग | |
| 17 | हैण्ड पम्प सामग्री व रिबोर | प्रति नग | |
| 18 | कोविड 19 के सामान व उपकरण की आपूर्ति | प्रति नग | |
| 19 | अन्य आवश्यक सामग्री | | |

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-**

सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेगे सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री आपूर्ति ग्राम प्रधान ग्राम पांचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। अथवा नहीं आपूर्ति वाणिज्यकर्ता एवं आयकर कार्यालय मे पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुति दर पी0डब्लू0डी0 की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रूपये 110 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चायत ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत व वाणिज्य कर 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

ग्राम प्रधान-जय विक्रम सिंह
ग्राम पंचायत-युसुफपुर
वि0ख0-मनिहारी, गाजीपुर

ग्रा0वि0अ0/सचिव-श्रवण कुमार
ग्राम पंचायत-युसुफपुर
वि0ख0-मनिहारी, गाजीपुर

# नायब तहसीलदार ने अस्थाई गौशाले का किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**गौराबादशाहपुर।** नायब तहसीलदार केराकत ने मुफ्तीगंज ब्लॉक क्षेत्र के पेसारा गांव स्थित अस्थाई गौशाले का

**जायजा**

**गर्मी में पशुओं को हीट स्ट्रोक से बचाने का दिया निर्देश**

निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पशुओं को हीट स्ट्रोक से बचाने के निर्देश दिया।

बृहस्पतिवार को एसडीएम केराकत नेहा मिश्रा के निर्देश पर नायब तहसीलदार अमित सरोज ने पेसारा स्थित अस्थाई गौशाले का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित गौशाले के केयर टेकर को गोवंशों को गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाने का निर्देश दिया। नायब तहसीलदार को गौशाले में कुल 118 गोवंश मौजूद मिले।

उन्होंने कहा यदि गौशाले का कोई भी पशु कभी बीमार लगे तो तुंरन्त गोवंशों के स्वास्थ्य की सूचना पशु चिकित्सा अधिकारी व सेक्रेटरी को दें। इस दौरान उन्होंने अस्थाई गौशाले के बाउंड्री के बाहर भी जाकर निरीक्षण किया तथा कुछ ग्रामीणों से भी इस अस्थाई गौशाले के बारे में फीड बैक लिया। इस दौरान पशुधन प्रसार अधिकारी आकांक्षा कश्यप, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।



पेसारा गांव स्थित अस्थाई गौशाले का निरीक्षण करते नायब तहसीलदार

## कचहरी परिसर के शौचालय में मिली वृद्ध की लाश

**जौनपुर।** सिंगरामऊ से कचहरी मुकदमा देखने आए एक वृद्ध की कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित शौचालय में मिली लाश से सनसनी फैल गई है। सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के लच्छीपट्टी गांव निवासी 60 वर्षीय नन्हे लाल निषाद गुरुवार के दिन अपने एक मुकदमे की तारीख देखने के लिए कलेक्ट्री कचहरी आए हुए थे। अचानक उन्हें शौच लगने के कारण वह कचहरी के पीछे बने शौचालय में गए और अचानक वहीं गिर पड़े जिससे उनकी मौत हो गई। कुछ ही देर बाद एक व्यक्ति शौचालय में गया तो उसने देखा दरवाजा नहीं खुला है और एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। उसके शोर मचाने पर काफी लोग एकत्रित हो गए। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर मियांपुर चौकी प्रभारी गिरीश चंद्र मिश्रा पंहुच गए और उसकी लाश को दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला गया। मृतक के पास से मिले आवश्यक दस्तावेजों के माध्यम से उसके घर फोन द्वारा सूचना दी गयी। परिजन भी सूचना के बाद पहुंच गए। पुलिस ने मौत का सही कारण जानने के लिए लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मीरपुर के 102 छात्रों को कुलपति ने दिया शिक्षण किट

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** प्रतिभा कभी भी किसी की मोहताज नहीं होती है। यह लोगों में मिथक धारणा है। अच्छे विद्यालयो में ही अच्छी शिक्षा मिल सकती है। प्रतिभावान छात्र कहीं भी अच्छा

**संबोधन**

**प्राथमिक विद्यालय की छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मन मोहा**

**बच्चों को शील्ड देकर किया गया पुरस्कृत**

प्रदर्शन करने में सक्षम होते हैं। क्योंकि कहावत ही है होनहार वीरवान के होत चिकनी पात।

उक्त बातें वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य प्राथमिक विद्यालय मीरपुर में आयोजित समारोह में आये हुए लोगों को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने अपनी तरफ से विद्यालय के 102 छात्र-छात्राओं को शिक्षण किट वितरित किया। इसमें बैग, पुस्तक, कापी, कलम, रबड़, पेंसिल, कटर इत्यादि पढ़ाई लिखाई से सम्बंधित सामग्री थी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुचे बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल ने प्राथमिक विद्यालय मीरपुर की प्रशंसा करते हुए कहा कि नामांकन के मामले में प्राथमिक विद्यालय मीरपुर सबसे टॉप पर है। यह अन्य विद्यालयों के लिए अनुकरणीय है। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से आये हुए अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कुलपति ने विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था को देखकर प्रभारी प्रधानाध्यापक मुकेश सिंह व उनके स्टाफ की प्रशंसा की। इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार यादव, मुकेश सिंह, एनएसएस समन्वयक डॉ. राज बहादुर यादव, कमलेश यादव, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, उमेश मिश्रा, अंजना सिंह, राजू सिंह, प्रवीण सिंह, मंजूलता, सुनीता यादव, आमिल जैदी आदि मौजूद रहे।



बच्चों को शिक्षण किट प्रदान करती पूविवि कुलपति प्रो. मौर्य

## संजय शुक्ल चुने गए ग्रापए के तहसील अध्यक्ष



ग्रापए के नवनियुक्त पदाधिकारीगण

**केराकत।** पत्रकारों के राष्ट्रीय स्तर के संगठन ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बृहस्पतिवार को नगर पंचायत के मीटिंग हाल में बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से तहसील इकाई का गठन किया गया। ग्रापए के वाराणसी मंडल के अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह की विशेष उपस्थिति में संजय शुक्ल को सर्वसम्मति से तहसील का अध्यक्ष चुना गया जिसका कर्तल ध्वनि से पत्रकारों ने स्वागत किया। तहसील अध्यक्ष ने अन्य पदाधिकारियों का गठन किया। जिसमें राजेश यादव को महामंत्री, पंकज कुमार राय और कृष्ण कुमार वर्मा को उपाध्यक्ष, पंकज कुमार सिंह और नवीन सिंह को मंत्री, पप्पू सरोज को कोषाध्यक्ष तथा विनोद कुमार को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। दीपनरायन सिंह, रामशरण यादव, प्रदीप कुमार सिंह और ज्ञान प्रकाश पांडेय को संरक्षक मंडल में रखा गया है। जयप्रकाश पांडेय, विकास कुमार सिंह, नीरज मौर्य, गुलशन कुमार, पंकज तिवारी, पाठक को सक्रिय कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया। बैठक में मंडल महामंत्री विंध्यवासिनी सिंह, जिला महामंत्री प्रदीप कुमार पांडेय आदि रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष और संचालन मंडल के महामंत्री ने किया। इस अवसर पर तहसील के पत्रकारों में विनोद कुमार, पंकज सिंह, अरविंद यादव और आदर्श मिश्रा पर तहसील प्रशासन की ओर से दर्ज कराए गए फर्जी मुकदमे की निंदा की गई।

# एसटीएफ व पुलिस की संयुक्त टीम ने तीन गांजा तस्करों को दबोचा

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने गुरुवार को सुबह साढ़े 6 बजे मुंगरा की ओर आ रहे प्रयागराज मार्ग पर रेलवे फाटक से आधा किमी पूर्व एक डीसीएम ट्रक से 250 किलो अवैध गांजा के साथ तीन

**सफलता**

**250 किलो अवैध गांजा डीसीएम ट्रक से किया बरामद**

**अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 30 लाख आंक रही पुलिस**

आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाजार के अनुसार पकड़े गए अवैध गांजे की अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपए आंकी गई है।

पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के सम्बन्ध में विशेष अभियान के क्रम में प्र.उ.नि. पन्नेलाल यादव मय टीम द्वारा कस्बे में मौजूद थे कि उ.नि. अतुल चतुर्वेदी एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ मय टीम के साथ आये और भारी मात्रा में अवैध गांजा के सम्बन्ध में मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना से अवगत कराया। उक्त सूचना पर संयुक्त टीम द्वारा प्रयागराज की तरफ से आने वाले वाहनों की चेकिंग शुरू की गयी जिसके परिणाम स्वरुप एक डीसीएम ट्रक 250 किग्रा अवैध गाजा, दो मोबाइल फोन के साथ तीन अभियुक्त दिवाकर निषाद पुत्र जीत नारायण निवासी ग्राम गढ़वा थाना अहिरौला जिला आजमगढ़, अनिल कुमार सिंह पुत्र लाल प्रताप सिंह निवासी ग्राम पढ़वा थाना फतनपुर जिला प्रतापगढ़, राजीव कुमार पुत्र तिलक सिंह यादव निवासी ग्राम सोरायपदा थाना अजीतमन जिला औरैया को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष पन्नेलाल यादव ने बताया कि बरामद गांजे की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपए है। गिरफ्तार करने वाली में टीम प्रभारी थानाध्यक्ष पन्नेलाल यादव, हे.का. ओमप्रकाश मिश्रा, संजीव कुमार सिंह, का. गया प्रसाद पटेल, का. सुनील यादव, का. लक्ष्मण यादव, उ.नि. अतुल चतुर्वेदी एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ मय टीम शामिल रहे।



बरामद गांजे के साथ गिरफ्तार तस्कर व पुलिस टीम

### वारंटी हुआ गिरफ़्तार

**सुइथाकला।** थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह के निर्देशन में उपनिरीक्षक सच्चिदानंद एवं हेडकांस्टेबल अमित सिंह व मुकेश यादव ने न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुक्रम में थाना क्षेत्र के ईशापुर गांव निवासी अभियुक्त सुखराम पुत्र रामदास प्रजापति को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

## रेलवे का लोहा चोरी करते दो धराये

**शाहगंज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के समीप गेट संख्या 62 के पास रखे रेलवे पटरी पर लगने वाले लोहे की प्लेट के साथ बीती रात दो चोर को रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट की धारा में पाबंद कर चालान न्यायालय भेज दिया। नगर के नई आबादी मोहल्ला निवासी दीपक कुमार पुत्र राम सागर व सूरज गुप्ता पुत्र स्व. संग्राम गुप्ता बुधवार की रात स्टेशन समीप बने रेलवे फाटक संख्या 62 के पास रखे रेलवे पटरी पर लगने वाला सीएसटी प्लेट चोरी कर खुटहन रोड स्थित नाले के पास रख रहे थे।

दूसरी बार प्लेट लेकर जाते समय गश्त कर रहे रेलवे सुरक्षा बल के उपनिरीक्षक आरएल किस्कू व हेड कांस्टेबल हरीनाथ यादव की नजर दोनों चोरों को बाइक पर सामान लादते दिख गयी। इतने में उपनिरीक्षक ने दोनों युवकों को बाइक समेत पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान चोरों की निशानदेही पर चोरी के तीन प्लेट खुटहन रोड स्थित नाले के पास से बरामद करते हुए रेलवे एक्ट की धारा में पाबंद कर सूरज का चालान न्यायालय भेज दिया। वहीं नाबालिक दीपक कुमार को बाल सुधार गृह भेजा गया।

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा



हनुमान जयंती पर निकली कलश यात्रा में शामिल भक्तगण

जनसंदेश न्यूज

**सुजानगंज।** क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिरों में हनुमान जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई जिसमें फरीदाबाद ग्राम सभा के अरूणपुर गांव में स्थित श्री हनुमानजी के मंदिर पर हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसमें ग्राम वासियों द्वारा धाम में रामचरितमानस के साथ श्री गौरीशंकर धाम से कलश यात्रा निकाल भ्रमण करते हुए बाजार होते हुए शोभा यात्रा हनुमानजी के मंदिर पर सम्पन्न हुई। कलश यात्रा के दौरान जय श्रीराम के नारे लगाए जा रहे थे। भजन कीर्तन और विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

मंदिर पर ग्राम वासियों एवं श्रद्धालुओं ने पहुंचकर हनुमान जी का दर्शन पूजन कर भंडारे में चल रहे प्रसाद को ग्रहण कर हनुमान जी और जय श्री राम के जयकारे लगाए। इस अवसर पर ग्रामवासी सहित हनुमान भक्त मौजूद रहे।

## प्रधानपति व लेखपाल पर निजी भूमि पर रास्ता बनाने का आरोप

**जौनपुर।** खुटहन के नगवां गांव निवासी हरिश्चंद्र उपाध्याय का ग्राम प्रधान पति व लेखपाल पर लगाए गए आरोप का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। हरिश्चंद्र का आरोप है कि ग्राम प्रधान पति व लेखपाल मिलीभगत कर जबरन सामूहिक खाते की बाग की निजी भूमि पर रास्ते का निर्माण करा रहे हैं। हरिश्चंद्र उपाध्याय वीडियो में लेखपाल राकेश यादव पर जल खाते की भूमि पर ग्राम प्रधानपति रामकुमार उपाध्याय को कब्जा दिलाने का भी गंभीर आरोप लगाते देखे-सुने जा रहे हैं। जल खाते की भूमि पर जबरन कब्जा किए जाने की शिकायत उच्चाधिकारियों से करने पर ग्राम प्रधान पति धमकी देने लगे। उसके घर से बाहर आने-जाने के एकमात्र रास्ते को मिट्टी व बांस-बल्ली लगाकर बंद कर दिया।

ग्राम प्रधानपति धमकी दे रहे हैं कि अपने बाग की भूमि से रास्ता बनाने दो तभी तुम्हारा रास्ता खोला जाएगा जबकि बाग की भूमि पर उप जिलाधिकारी शाहगंज न्यायालय से स्थगन आदेश जारी किया गया है। वायरल वीडियो चर्चा का विषय बन गया है।

# विवाहिता को भरण पोषण देने का आदेश

जनसंदेश न्यूज

**खेतासराय।** न्यायाधिकारी ने घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न मामले में विवाहिता को राहत पहुंचाते हुए पति और ससुराल वालों को भरण पोषण के लिए सात हजार रुपया प्रति माह देने का आदेश दिया है। इसके अलावा तीन महीने के अंदर पीड़िता को दो लाख रुपए हर्जाना देने का भी आदेश दिया है।

जानकारी के मुताबिक लखमापुर निवासी किश्वरी बेगम की शादी 11 साल पहले थाना क्षेत्र के जमदहा निवासी शमीम के बेटे मो. शोएब से हुई थी। नीलम के मुताबिक शादी के बाद से ही ससुराल वाले उससे मोटर साइकिल, फ्रीज, वाशिंग मशीन और कूलर की मांग करते थे और इसके लिए उसका तरह तरह से उत्पीड़न करते थे। शादी के एक साल बाद किश्वरी को अपने शौहर से एक बेटा भी हुआ लेकिन ससुराल वालों का उत्पीड़न नहीं रुका। पति शोएब परदेस में रहता था।

किश्वरी के मुताबिक जुलाई 2013 में ससुराल वालों ने उसे मिट्टी का तेल डालकर जलाने की कोशिश की।

आखिरकार ससुराल वालों ने किश्वरी का सारा स्त्रीधन छीनकर घर से बेघर कर दिया तब से वो अपने मायके में ही रह रही है। सारा मामला और जिला संरक्षण अधिकारी की आख्या सुनने के बाद ग्राम न्यायाधिकारी दिनेश कुमार दिवाकर ने पीड़िता को ससुराल में पुरानी जगह देने का आदेश दिया और इसमें दिक्कत पैदा करने वाले शख्स को निकाल देने की बात की।

अदालत ने कहा कि ऐसा नहीं होने पर विवाहिता को किराए के मकान में रखा जाए और उसका पति किराए के एवज में चार हजार रुपए प्रति माह पीड़िता को दे। इसके अलावा पीड़िता को 7 हजार रुपए प्रतिमाह अदा किया जाए। न्यायाधिकारी ने हर्जाने के तौर पर ससुराल वालों को दो लाख रुपए तीन माह के भीतर पीड़िता को देने का आदेश दिया।

## संक्षेप

### विधायक ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




स्कूल चलो अभियान की रैली को रवाना करते विधायक पंकज पटेल

**सुजानगंज।** विधायक मुंगराबादशाहपुर पंकज पटेल ने प्राथमिक विद्यालय चकनवाबाद में स्कूल चलो अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली चका नवाबाद की बिंद बस्ती, मुस्लिम बस्ती, पटेल बस्ती में पहुंच कर अभिभावकों से संपर्क किया। एआरपी डॉ. विनोद कुमार पाल ने विभिन्न गांव के विभिन्न मजरों में संपर्क कर कुल 10 बच्चों का नामांकन कराया। खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि हम ब्लाक को निपुण ब्लॉक बनाने के लिए कटिबद्ध है। स्कूल चलो अभियान आयोजित कार्यक्रम में डॉ. विनोद पाल ने कहाकि सभी गांव, बस्ती में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहने पाये। इस अवसर पर अजय कुमार सिंह अध्यक्ष, सत्य प्रकाश मिश्रा, मनोज कुमार, अजय कुमार, बंदना यादव, अनीता बिंद, अमित उपाध्याय, वेद प्रकाश, आशीष कुमार, अशोक कुमार तिवारी, रोहित सिंह आदि सहित आंगनबाड़ी, अभिभावक मौजूद रहे।

### इंजन चोरी का नहीं हुआ खुलासा

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत सजईंकला में त्रिभुवन गौतम, ताड़कनाथ गौतम की चोरी हुई मशीन के इंजन का अभी तक पुलिस पता नहीं कर पायी है। लोगों का कहना है कि पुलिस चोरी का तहरीर ले लेती है और मुकदमा भी दर्ज नहीं करती है तथा बार-बार दौड़ाती रहती है। थानाध्यक्ष चोरी के मामले में शिथिलता बरतते हैं और चोरी का पदार्फाश नहीं कर पाते हैं। आये दिन हो रही चोरी की घटनाओं से लोग दहशत में हैं।

### मिनी बैंक संचालक की पिटाई में दो गिरफ्तार

**खुटहन।** फिरोजपुर गांव में गुरुवार को यूबीआई के मिनी शाखा संचालक को दो मनबढ़ युवकों ने लात घूंसे से पीटकर घायल कर दिया। शोरगुल सुन मौके पर जुटे ग्रामीण दोनों युवकों को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। घायल का उपचार सीएचसी पर किया गया। इसी गांव निवासी नंदलाल अपने ही गांव में मिनी बैंक शाखा चलाता है। वह यूबीआई बिशुनपुर से वापस अपनी शाखा पर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में घात लगाए बैठे तिसौली गांव के शास्वत यादव व समसुद्दीनपुर गांव के मोनू ने उसकी बाइक रोक कर लात घूंसे से पीटने लगे।

### सेंध लगाकर हजारों का सामान ले उड़े चोर

**सरकी।** केराकत थाना क्षेत्र के सरकी चौकी अंतर्गत चौकी से महज 100 मीटर की दूरी पर चोरों ने बीती रात सेंध फोड़कर अजमत नामक व्यक्ति के सैलून की दुकान से इनवर्टर, बैटरी, नकदी समेत 25000 का सामान उठा ले गए। जबकि महज 24 घंटे पहले ही उक्त चौकी अंतर्गत ही अकबरपुर मठिया ग्राम में 80000 की पम्पिंग सेट के सामान की चोरी को चोरों द्वारा अंजाम दिया गया। बताते चलें कि 1 महीने के अंदर लगातार तीन चोरियां होने के बाद भी चौकी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। अभी तक किसी चोरी का कोई सुराग नहीं लग सका। इससे पुलिस की निष्क्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है।



सैलून की दुकान में चोरों द्वारा लगायी गयी सेंध

### पीएनबी के खाताधारकों के खाते में वापस आया पैसा

**खेतासराय।** पीएनबी बैंक की स्थानीय शाखा के खाताधारकों का डूबा पैसा खाते में पहुंचने पर खाताधारकों ने राहत की सांस ली। शाखा प्रबंधक के अथक प्रयास से खाताधारकों के हितों को देखते हुए खाते से गायब पैसे को ऐसे सभी खाताधारकों के खाते में ट्रांसफर कर दिया जिससे उक्त शाखा को लेकर क्षेत्र में महीनों से चल रही तरह तरह की अफवाहों पर विराम लगते हुए ग्राहक हितों को सर्वोपरि मानकर सभी असंतुष्ट ग्राहकों को बैंक ने संतुष्ट किया। बताते चलें कि पंजाब नेशनल बैंक की स्थानीय शाखा में बीते वर्ष दिसंबर माह में एक बैंककर्मी के घोटाला करने का मामला प्रकाश में आया था। चार दर्जन से अधिक खाताधारकों का पैसा बगैर उनकी सहमति के खाते से अन्तरण हो गया था। जानकारी होने पर खाताधारकों ने विरोध प्रदर्शन किया था। इस मामले में आरोपित बैंककर्मी को विभाग ने निलंबित करके जांच बैठा दी और खाताधारकों को भरोसा दिलाया कि उनका पैसा उनके खाते में जमा कराया जाएगा। शाखा प्रबंधक मनीष कुमार जायसवाल ने बताया ऐसे 55 खाताधारकों का पैसा उनके खाते में जमा करा दिया गया है। संतोष सिंह, तारा देवी, दिलीप कुमार बिंद, किरण देवी, दुर्गावती, विवेक कुमार यादव, रोहित कुमार प्रजापति सहित सभी खाता धारकों के खाते में पैसा ट्रांसफर कर दिया गया है।

### मारपीट में आधा दर्जन घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बीबीगंज चौकी क्षेत्र के मुस्तफाबाद में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में छह लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुची पुलिस ने उपचार हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। क्षेत्र के उक्त गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में 45 वर्षीय ऊषा पत्नी अर्जुन व 59 वर्षीय अर्जुन पुत्र हुन्नर व दूसरे पक्ष से 35 वर्षीय गुड्डू पुत्र उदयराज व 32 वर्षीय माधुरी पत्नी गुड्डू व गुड्डू का 13 वर्षीय पुत्र राज व 12 वर्षीय लकी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं चिकित्सकों ने इलाज के दौरान हालत गंभीर देख ऊषा को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के बखोपुर गांव में बुधवार की रात एक छात्र ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना से स्वजनों में कोहराम मच गया। बखोपुर निवासी एवं श्री नारायण सिन्हा इंटर कालेज सरायहरखू के लिपिक त्रिपुरारी शंकर तिवारी का 22 वर्षीय इकलौते पुत्र प्रतीक देररात तक आईपीएल मैच देख रहा था। इसके बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह जब वह नहीं उठा तो स्वजन परेशान हो उठे। काफी प्रयास के बाद भी जब वह नहीं जागा तो लोग दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे जहां देखा कि वह पंखे में गमछे के सहारे फांसी पर झूल रहा है। लोगों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। बाद में पंचायतनामे के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्रतीक भोलानाथ मिश्र पीजी कालेज धनियामऊ में बीए तृतीय वर्ष का छात्र था।

# आशा बहुओं की मिलीभगत से गरीब हो रहे शोषण का शिकार

जनसंदेश न्यूज

**बदलापुर।** तहसील क्षेत्र के महराजगंज थाना क्षेत्र के कमला बाजार स्थित समोतपुर निवासी निलेश सिंह का आरोप है कि उनकी पत्नी रुची को डिलेवरी होनी थी। वह पत्नी को महराजगंज के सरकारी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर द्वारा कहा गया कि नार्मल डिलेवरी नहीं होगी आपरेशन करवाना पड़ेगा जो यहां पर नहीं हो सकता।

इसके बाद उमरी गांव निवासी एक आशा बहू उनसे मिली और उन्हें बहला-फुसलाकर कम दाम में डिलेवरी कराने के लिए बदलापुर के एक निजी हॉस्पिटल में रुची सिंह का आपरेशन करवा दिया जहां एक लड़की और एक लड़का पैदा हुआ। इस दौरान उक्त आशा ने अपने कमीशन के चक्कर में स्वजन को बिना बताए ही उक्त दोनों बच्चों को लेकर सीधे सेटिंग वाले वैष्णवी बाल चिकित्सालय में भर्ती करवा दिया। फिर स्वजन भी वहां पहुंचे और कुछ घंटे बाद उक्त चिकित्सालय के डॉ. द्वारा बताया गया कि लड़के को सांस लेने में दिक्कत हो रही है उसकी हालत सीरियस है। इसके बाद उक्त स्वजन और डाक्टर में तू-तू मैं-मैं शुरू हो गया। फिर स्वजन अपने दोनों बच्चों को वहां से निकालकर सीधे सब्जी मंडी के समीप स्थित दूसरे चिल्ड्रेन हास्पिटल में भर्ती करवाया जहां दो दिन उपचार करने के बाद बच्चा स्वस्थ हुआ।

वहीं बच्चे के स्वजन निलेश सिंह और उनके पिता सुरेश सिंह ने अपनी आर्थिक स्थिती को हास्पिटल के डॉ. बिकास सिंह को बताते हुए रूपए देने में असमर्थता जताई। इसके बाद डॉ. बिकास सिंह द्वारा उक्त बच्चे की दवा इलाज का सारा पैसा माफ करते हुए मुफ्त में इलाज किय। बताते चलें कि तहसील क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे दर्जनों हास्पिटल, नर्सिंग होम में गरीबों का लगातार शोषण किया जा रहा है लेकिन शासन प्रशासन इस पर कोई अमल नहीं कर रहा है।

## रोडवेज ने प्राइवेट बस को मारी टक्कर बाल-बाल बचे यात्री

**जफराबाद।** स्थानीय थाने से मात्र सौ मीटर दूर वाराणसी मार्ग पर रोडवेज बस ने एक प्राइवेट बस को टक्कर मार दिया जिससे रोडवेज बस में मौजूद चार यात्रियों को मामूली चोटें आयी। हालांकि तत्काल मौके पर पहुंच कर पुलिस ने बसों को सड़क से एक तरफ करवा दिया। शाहगंज डिपो की रोडवेज बस मित्तूपुर आजमगढ़ से जौनपुर होते हुए वाराणसी जा रही थी। उक्त स्थान पर अचानक रोडवेज की बस दूसरी निजी बस से टकरा गई। बस की टक्कर के बाद रोडवेज चालक जयसिंह यादव निवासी हंड़िया आजमगढ़ ने बताया कि प्राइवेट बस के चालक ने अचानक सवारी उठाने के चक्कर मे इमरजेंसी ब्रेक मार दिया। काफी प्रयास के बाद भी मेरी बस पीछे से जाकर उससे टकरा गयी। पुलिस ने तहरीर ले लिया है।




# बाहर घूमते हुए न मिलें गोवंश : रमेश चन्द्र



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते नोडल अधिकारी

**जौनपुर।** जनपद के अवशेष निराश्रित गोवंश को शत-प्रतिशत संरक्षित किये जाने तथा उनके भरण-पोषण हेतु भूसा संग्रहण के संबंध में प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण के उद्देश्य से शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी रमेश चन्द्र, अपर आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।

**दिया निर्देश**

**कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में नोडल अधिकारी का निर्देश**

बैठक में नोडल अधिकारी के द्वारा ब्लॉकवार अवशेष निराश्रित गोवंशो की समीक्षा की और निर्देश दिया कि सम्बन्धित बीडीओ एवं बीईओ जल्द से जल्द अवशेष निराश्रित गोवंश को गो-आश्रय स्थल ले जायें। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी परमहंस राय ने बताया की जनपद में लगभग 99 संचालित है और 8 निर्माणधीन है। नोडल अधिकारी द्वारा सम्बंधित कार्यदायी संस्था से मिलकर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। नोडल अधिकारी ने सभी ईओ को निर्देश दिया कि जिनके क्षेत्र में गो-आश्रय स्थल नहीं है उन नगर निकायों में अस्थायी गो-आश्रय स्थल खोले। यदि गोवंश बाहर घूमते मिले तो सम्बंधित ईओ के विरुद्ध कार्यवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्राम प्रधानों के माध्यम से भूसे की व्यवस्था की जाये। गोआश्रय स्थलों पर हरा चारा, भूसा, पानी और गर्मी के मौसम में टीन शेड लगाये जाने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित समस्त विकास खण्ड अधिकारी, अधिशांसी अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारीगण उपस्थित रहे।

# समस्याओं के निराकरण के लिए किसानों ने डीएम को सौंपा पत्रक

जनसंदेश न्यूज


समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते किसान

**चंदवक।** क्षेत्रीय किसानों ने सामाजिक कार्यकर्ता व किसान नेता अजीत सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग 233 के निर्माण, गोमती नदी पर बने पुल के क्षतिग्रस्त होने, रोडवेज बस का अत्यधिक किराया लेने, खुज्झी-जौनपुर मार्ग पर टाई नाले पर बने पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से आवागमन में हो रही परेशानी व उसके निदान के संबंध में जिलाधिकारी अनुज कुमार झा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से जिलाधिकारी से मांग की गई कि स्वयं के स्तर से प्रयास कर समस्याओं के निराकरण का प्रयास करें। किसानों ने डीएम को बताया कि राजमार्ग के निर्माण न होने से आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षतिग्रस्त पुल के कारण रोडवेज बस का दोगुना किराया यात्रियों को देना पड़ रहा है। जिलाधिकारी को किसानों ने समस्याओं से संबंधित पूर्व में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व परिवहन मंत्री को दिए गए ज्ञापन को भी सौंपा तथा कहा कि 15 अप्रैल तक समस्या के निराकरण का प्रयास नहीं हुआ तो धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। किसानों के अनुसार जिलाधिकारी ने समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष प्रयास करने का आश्वासन दिया। पत्रक देने वालों में सूर्यनाथ सिंह, अरविंद पांडेय, राजू सिंह, मनीष कुमार सिंह, राजू, वंशराज निषाद, सोनू राजभर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया 44वां स्थापना दिवस

**नेवढ़िया।** भारतीय जनता पार्टी के 44वें स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री डा. अजय सिंह व जिला उपाध्यक्ष मछलीशहर वृजनारायण दूबे बच्चा के नेतृत्व में नेवढ़िया मंडल के विभिन्न स्थानों पर स्थापना दिवस धूमधाम से मनाते हुए पार्टी के झण्डे को लगाया गया। इस दौरान पार्टी ध्वजा फहराते हुए प्रधान मंत्री के उद्बोधन को सुनकर उपस्थित पार्टी के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं व अन्य लोगों ने मार्गदर्शन प्राप्त किया। आयोजित कार्यक्रम कई स्थानों पर नेवढ़िया मण्डल अध्यक्ष मोहन राजभर के नेतृत्व में किया गया। मंडल महामंत्री अरुण कुमार मिश्र, जिला उपाध्यक्ष विजय पटेल ने पार्टी द्वारा चलाए गए कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर पंकज मिश्र, कन्हैयालाल पांडे, प्रभात सिंह, उदरेज पटेल, शिवम दुबे, अजय सिंह पप्पू, लुट्टुर सिंह एवं मंडल स्तर तथा बूथ स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## काम के बाण से जिसके नेत्र खुल जाएं वह शिव है : डॉ. सुधा पांडे

**आयोजन**

**आठ दिवसीय श्रीराम कथा का पांचवां दिन**

जनसंदेश न्यूज



श्रीराम कथा सुनाती मानस कोकिला डा. सुधा पांडे

**पराऊगंज।** मानस सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के पांचवे दिन काशी से आई कथावाचक मानस कोकिला डॉ. सुधा पांडे ने संतमत के बारे में बताते हुए कहा कि संत लोक हितकारी चिंतन करता है। भौतिक युग के बाबा बनने वाले लोग समाज में निंदनीय कार्य करते है जैसे श्रीराम चरित मानस में कालनेमि ने किया था। शिव विवाह को बताते हुए कहा कि मानस में चार विवाह मुख्य रूप से हुआ है। प्रमुख रूप से शिव विवाह में नारद जी एवं श्रीराम के विवाह में ब्रह्मर्षि विश्वामित्र उपस्थित रहे। वहीं काम वासना मे लिप्त नारद एवं सुरपुरखा का विवाह स्वयं में रहा जो कि समाज के लिए निंदनीय का पात्र बना। कामवासना मनुष्य के जीवन में जब भी आता है तो वह आम कारणों को लेकर आता जो कि समाज हित में अनर्थकारी होता है। शिव विवाह को रेखांकित करते हुए कहा कि काम के बाण से जिसके नेत्र बंद हो जाए वह जीव है और जिसके नेत्र खुल जाए वह शिव है। इस अवसर पर गीता देवी, माधुरी देवी, दुर्गावती देवी, सोनम गुप्ता, मधु समेत पंडित श्रीभूषण मिश्र, पंडित श्रीराम सुमेर मिश्र, शरद कुमार मिश्र, नितिन सिंह, जयनाथ यादव, कृष्ण कुमार मिश्रा, श्यामधनी यादव समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### मनाया गया 44वां स्थापना दिवस

**सुइथाकला।** भारतीय जनता पार्टी के 44वें स्थापना दिवस के अवसर पर क्षेत्र प्रमुख विद्या तिवारी के नेतृत्व में उनके ऊंचगाव स्थित आवास पर स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पार्टी ध्वज फहराते हुए प्रधान मंत्री के उद्बोधन को सुनकर उपस्थित लोगों ने मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर सुइथाकला मण्डल अध्यक्ष ह्रदय नारायण शुक्ल, संजय सिंह, सेक्टर संयोजक केशरीनंदन मिश्र, दीपक तिवारी, बूथ अध्यक्ष गंगा यादव, शिवम मिश्रा एवं अन्य बूथ स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कार्यकर्ताओं ने मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

**सिरकोनी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सिरकोनी के सभी बूथों पर गुरुवार को कार्यकर्ताओं ने पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी का ध्वज फहराया गया। ततपश्चात प्रधानमंत्री के संदेश को लाइव सुना गया। इसी क्रम में विभिन्न बूथों पर बूथ कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष रमेश चन्द्र जायसवाल, शैलेष सोनी, बूथ अध्यक्ष संजय सिंह, सोनू निषाद, पन्ना सरोज शैलेश कुमार, सन्दीप पाल आदि बूथ समिति सदस्यों ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर पार्टी का ध्वज फहराकर पीएम मोदी का लाइव सन्देश सुना। कार्यक्रम में सत्यप्रकाश सिंह उर्फ करिया सिंह, शशिकांत पाठक, शैलेन्द्र सिंह, विशाल मिश्र आदि जगह जगह रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे रहे।

### छेड़खानी का विरोध करने पर दबंगों ने पिता व भाई को पीटा

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बड़उर गांव में छेड़खानी का विरोध करने पर एक दर्जन दबंगों ने भाई व पिता को लाठी डंडे से पीटकर जख्मी कर दिया जिन्हें उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया है। गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। बड़उर गांव निवासी रामलखन की बेटी के साथ दो दिन पहले कुछ मनबढ़ युवकों ने छेड़खानी की थी। घटना की जानकारी उसके भाई आजाद को हुई तो वह पूछताछ करने के लिए पहुंच गया। इस दौरान दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। स्थानीय लोगों ने बीच बचाव कर दोनो हटा दिया। आजाद के पिता रामलखन गुरुवार को मुंबई जा रहे थे जिन्हें छोड़ने के लिए वह स्टेशन जा रहा था तभी पोटरिया मोड़ पहुंचते ही कार एवं अन्य वाहनों पर सवार एक दर्जन दबंगो ने आजाद व उसके पिता रामलखन को लाठी से पीटकर रामलखन का दोनों पैर और आजाद का बायां हाथ व पैर तोड़ दिया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने मरीज का बिना उपचार किए जिला चिकित्सालय भेज दिया।

### गौशालाओं में हो नियमित रूप से साफ-सफाई : रमेश चन्द्र

**जौनपुर।** शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी, अपर आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर रमेश चन्द्र के द्वारा बुधवार सायं को प्यारेपुर एवं लहंगपुर व गुरुवार को विकास खण्ड मड़ियाहूं के निजामुद्दीनपुर, गो-आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गो-आश्रय स्थल पर गोबर बिखरा हुआ पाया गया, जिस पर समुचित व्यवस्था करने का उन्होंने निर्देश दिया। उन्होंने कहाकि गौशालाओं में नियमित रूप से साफ-सफाई की जाए। गोआश्रय स्थलों पर हरे पेड़ पौधे लगाये जाने के भी निर्देश दिया। पशु चिकित्साधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करें और यदि गोवंश की मृत्यु हो जाती है तो उसका पोस्टमार्टम कराते हुए अच्छे से निस्तारण करा दें। किसी भी गो-आश्रय स्थल में गोवंशों की ईलाज के अभाव में मृत्यु न हो। सभी जगहों पर भूसा, हरा चारा उपलब्ध रहे।

# सुखराम मेमोरियल बालिका इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

जनसंदेश न्यूज

**मुफ्तीगंज।** शिक्षा भी एक सेवा कार्य एवं जीवन का प्रकाश है। शिक्षा जीवन की अमूल्य निधि है गुरु की सेवा से ही सब कुछ मिलता है। उक्त बातें सुखराम मेमोरियल बालिका इंटर कालेज बगथरी मुरारा के प्रांगण में बच्चों एवं अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने कही।

उन्होंने कहाकि जो सम्मान गुरुओं का इसके पहले था वह अब नहीं, पहले गुरु अपने शिष्य को मारपीट देते थे बालक अपने अभिभावक से कहता नहीं था लेकिन अब वैसी बातें नहीं है। गुरु का दर्जा भगवान से ऊंचा माना जाता है। बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को गुरु ही परखता था।

बच्चों ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, झांसी की रानी लक्ष्मी बाई की बहादुरी का परचम, देश रंगीला प्रोग्राम व उनके नृत्य की जितनी भी प्रशंसा की जाय कम है।

राज्यपाल से पुरस्कृत प्रबंधक सेचू राम गुप्त ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि समाज सेवी रामचन्द्र राय ने बच्चों के सांस्कृतिक कार्यो की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राम सम्हार यादव, इन्द्रसेन सिंह गुड्डू, अंजनी सिंह, रणजीत सिंह, विनोद राय, प्रदीप विश्वकर्मा, राम सूरत सरोज, संजय दुबे, संजय यादव, श्रीकांत चौरसिया आदि लोगों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य टीडी कालेज जौनपुर डॉ. सत्येंद्र सिंह तथा संचालन राणा प्रताप सिंह ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार गुप्त ने आये हुए सभी अतिथियों व अभिभावकों को अपना अमूल्य समय देने के लिए आभार ज्ञापित किया।

## कार्यशाला में संचारी रोग से बचाव की दी गयी जानकारी

**खेतासराय।** पीएचसी सोंधी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. रमेश चंद्रा ने गुरुवार को सोंधी ब्लाक सभागार में संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित किया जिसमें स्वास्थ्यकर्मियों को संचारी रोगों से बचाव के बारे में बताया गया। निर्देश दिया कि ग्रामीणों को साफ सफाई के प्रति जागरूक करें।

कहा कि घर के आसपास गंदा पानी और कूड़ा करकट इकठ्ठा न हो। मच्छरों से बचाव के लिए पूरी बांह वाली कमीज पैंट और मच्छरदानी का प्रयोग करें। स्वच्छ पेयजल का सेवन करें। कुपोषित बच्चों के प्रति विशेष ध्यान रखें।

डेंगू, मलेरिया, दिमागी बुखार क्षय रोग के लक्षण युक्त रोगियों की पहचान कर उन्हें उपचार हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर भेजें। इस मौके पर बीएमसी अवधेश कुमार तिवारी, अजय कुमार सिंह, राम मिलन यादव, राहुल कुमार यादव, सुजीत कुमार मौर्य मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस



स्थापना दिवस के मौके पर मचांसीन भाजपा पदाधिकारीगण

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने गुरूवार को अपना 44वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यालय पर भाजपा का झंडारोहण कर स्थापना दिवस की बधाई दी। इस दौरान पीएम मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष का एलइडी स्क्रीन पर उदबोधन सुना। पीएम मोदी ने हनुमान जी का जिक्र करते हुए कहा कि बजरंग बली भारत की विकास यात्रा में प्रेरणा देते हैं। इस दौरान उन्होंने भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सख्ती से पेश आने का जिक्र करते हुए कहा, जब हनुमान जी को राक्षसों का सामना करना पड़ा था तो वो उतने ही कठोर भी हो गए थे, इसी प्रकार से जब भ्रष्टाचार की बात आती है, जब परिवारवाद की बात आती है, कानून व्यवस्था की बात आती है तो भाजपा उतनी ही संकल्पबद्ध हो जाती है।

इस मौके पर जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता, सुनील तिवारी, अमित श्रीवास्तव, जिला मंत्री डॉ. उमाशंकर सिंह, अभय राय, ओमप्रकाश सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राम सिंह मौर्य, डीसीएफ चेयरमैन धनंजय सिंह, जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी संयोजक सिद्धार्थ राय, आईटी संयोजक रोहन सिंह, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा नरेंद्र उपाध्याय, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा रागिनी सिंह, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष अजय सरोज, जिला महामंत्री किसान मोर्चा इन्द्रसेन सिंह, पिछड़ा मोर्चा प्रमोद प्रजापति, ब्रह्मेश शुक्ला, आशीष गुप्ता, अंशु कुशवाहा, आशा मौर्या, मण्डल अध्यक्ष गण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### निकाली गयी विशाल शोभायात्रा


विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेतृत्व में निकाली गई शोभायात्रा

**लालानगर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेतृत्व में गोपीगंज नगर के विभिन्न मोहल्लों में जुलूस का काफिला भ्रमण करता रहा। इस दौरान कोतवाल सदानंद सिंह, चौकी इंचार्ज संजंय राय दल बल के साथ जुलूस को शांति व्यवस्था तरीके से भ्रमण कराते हुए नगर से गंतव्य तक रवाना कराते रहे। बताया जाता है कि राजमार्ग कि उत्तरी लेन पर कुछ समय के लिए आवागमन रोक दिया गया था।जुलूस में भारी संख्या पर दो पहिया मोटरसाइकिल चालक नारे लगाते चल रहे थे। बता दें कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा बृहस्पतिवार को चित्रांगन लॉन ज्ञानपुर से श्री हनुमान जन्मोत्सव पूजन शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें प्रवीण कृष्ण जिला प्रचारक आरएसएस द्वारा पूजन करके ध्वज स्थापित किया गया। तत्पश्चात विशाल शोभायात्रा चित्रांगन लॉन ज्ञानपुर से होकर गोपीगंज नगर के मिजार्पुर तिराहे से होकर खरहट्टी मोहाल एवं सदर मोहाल से होते हुए बड़ी चौराहा हाईवे के सर्विस लेन पर चलते हुए जंगीगंज, ऊंज थाना होकर कोईरौना से होते हुए सीतामढ़ी के सीता नंदन हनुमान मंदिर पर समापन हुआ, जहाँ श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम हनुमान चालीसा से संपन्न किया गया।जिसको लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखी।

### बीएसए की जांच में अनुपस्थित मिले शिक्षक का रुका वेतन

**भदोही।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीएन सिंह द्वारा आज प्राथमिक विद्यालय धनापुर विकासखंड भदोही का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यालय में कार्यरत 3 अध्यापकों में एक इंचार्ज प्रधानाध्यापिका विद्या मिश्रा अनुपस्थित पाई गई तथा प्रायः रजिस्टर में नोट लिखकर कहीं न कहीं जाने के बहाने अनुपस्थित रहती है जिनका वेतन भुगतान अग्रिम आदेश तक प्रतिबंधित करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। विद्यालय में कायाकल्प के अंतर्गत तथा कंपोजिट ग्राम से कोई कार्य नहीं कराया गया है। संबंधित ग्राम प्रधान से वार्ता किया गया तथा प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया कि ग्राम प्रधान से संपर्क कर अवशेष बचे कार्य टाईलीकरण, रनिंग वाटर व शौचालय का कार्य तत्काल पूर्ण कराएं जाने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में कमपोजिट विद्यालय कधिया तथा प्राथमिक विद्यालय बरदहा का भी भ्रमण किया गया। संबंधित अध्यापकों को बच्चों की उपस्थिति तथा अधिक से अधिक नामांकन हेतु निर्देशित किया गया।

### पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को जिला पंचायत अध्यक्ष ने सौंपी चाभी

**भदोही।** अर्बन ट्रांसफार्मेशन हेतु उ.प्र. का हर नगर, प्रगति पथ पर हो अग्रसर की थीम पर नगर विकास विभाग की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकापर्ण शिलान्यास पुस्तकों के विमोचन व लाभार्थियों को चाभी वितरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का भदोही के कलेक्ट्रेट एनआईसी सभागार सहित जनपद के समस्त अधिशासी अधिकारी कार्यालय में सजीव प्रसारण किया गया। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष विनय कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह, नवागत अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्या सहित अन्य अधिकारियों व लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री जी के विचारो व संदेशों को सुना। उपर्युक्त कार्यक्रम के आलोक में भी जनपद भदोही के नगर विकास को दर्शित करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना नगर के अन्तर्गत चार लाभार्थियों सिन्टु देवी, प्रिती देवी, सुनिता देवी, रविन्द्र यादव को प्रतीकात्मक चाभी का वितरण जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष विनय कुमार श्रीवास्तव द्वारा करते हुए उनके आधारभूत अवश्यकताओं की महत्वपूर्ण स्तम्भ पक्के आवास में रहने के सपनों को साकार करते हुए उनके सुखद व मंगल जीवन की कामना किया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# विशेष सचिव ने जनपद की गौशालाओं का किया स्थलीय निरीक्षण

**जायजा**

**निराश्रित गौवंश को शत-प्रतिशत संरक्षित किये जाने हेतु किये जा रहे कार्यो की नोडल अधिकारी ने किया समीक्षा**

जनसंदेश न्यूज


मसूधी गौशाला का निरीक्षण करते विशेष सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग उ.प्र. शासन, प्रेम प्रकाश सिंह

**भदोही।** प्रेम प्रकाश सिंह आईएएस विशेष सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उ.प्र. शासन द्वारा जनपद में निराश्रित गौवंश को शत-प्रतिशत संरक्षित किये जाने हेतु किये जा रहे कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण का निरीक्षण किया गया।

शासन द्वारा जनपद भदोही के लिए नामित नोडल अधिकारी के रूप में प्रेम प्रकाश सिंह विशेष सचिव ने अस्थायी गौवंश आश्रम मसूधी विकास खण्ड अभोली सहित आनंदडीह, कस्तुरीपुर, वृहद गौसंरक्षण केन्द्र बैदाखास एवं अन्य गौशालाओं का मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय के साथ स्थलीय निरीक्षण करते हुए व केन्द्र संचालकों, ग्रामीणों से संवाद करते हुए जानकारी ली।

नोडल अधिकारी प्रेम प्रकाश सिंह ने उपर्युक्त गौशालाओं की निरीक्षण के क्रम में गौवंश की वास्तविक संख्या एवं सुपुर्गी में दिये गये गोवंश की संख्या का अभिलेखो से मिलान सत्यापन किया। उन्होंने गौशालाओं में पानी, चारे एवं समुचित पशु चिकित्सकीय सुविधाओं की संतोषजनक स्थिति का अवलोकन किया। गौशालाओं में पर्याप्त बजट की आवश्यकता एवं गौवंश संरक्षण के सम्बन्ध में लम्बित भुगतान जैसे प्रकरण पर पंजिकाओं का परीक्षण करते हुए सम्बन्धित प्रभारियों से पूछताछ की। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान यदि कोई आवारा पशु सड़क पर अथवा खेतो में घूमते पाये जाते है तो उसके कारणों हेतु पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया।

## कुरआन को पढ़ो जिन्दगी संवरती हुई नजर आएगी: हाफिज असहाब

**भदोही।** माहे मुबारक रमजान के दूसरे अशरे में नगर के विभिन्न मस्जिदों में नमाजे तरावीह मुकम्मल हुई। नुरखांपुर बीच वाली मस्जिद में हाफिज असहाब ने नमाजे तरावीह मुकम्मल की। नमाजे तरावीह में मस्जिद नमाजियों से भरी रही। हाफिज साहब ने 20 रकाअत नमाज तरावीह अदा की उसके बाद रब्बे कायनात की बारगाह में हांथ उठा कर कहा ऐ मेरे पालनहार ऐ मेरे परवरदिगार मेरी खताओं को बख्श दे। ऐ अल्लाह हम गुनाहगार बदकार सियाहकार है लेकिन तेरे हबीब स. की उम्मत है तू मेरी खताओं को माफ कर दे, ऐ अल्लाह हम में जो नमाज नही पढ़ते उन्हें नमाजी बना दे, वहीं हाफिज असहाब ने कहा कुरआन पाक को अल्लाह ने इस मुकद्दस रमजान के महीने में नाजिल फरमाया। कुरआन इंसानो के लिए सरापा मोजेजा है। कुरआन हमें बंदगी का दर्स देता है। कुरआन इंसानी जिंदगी का हल है। कहा अपने बच्चो के दिलो को कुरआन की तालीमात से रौशन करो। कुरआन को पढ़ो जिन्दगी संवरती हुई नजर आएगी। मुक्तादियों में तबरुकात को तकसीम किया गया। इस मौके पर कालीन निर्यातक एजाज अहमद अंसारी, नफीस अख्तर अंसारी, महमूद आलम, वकील डिजाइनर, हफिजुल्लाह उर्फ मल्लू ,अय्यूब अंसारी, निजामुद्दीन अंसारी, अशरफ अली, आदिल अंसारी, तौफीक अहमद, मो. आकिफ, अरशद अंसारी, फरहान अंसारी, सहित मोहब्बते ग्रुप के सभी मेम्बरान आदि लोगो ने हाफिज साहब को गले लगा कर मुबारकबाद पेश की।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-मोहब्बतपुर, वि0 ख0-मनिहारी, गाजीपुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौदहवां राज्य वित्त/पंद्रहवां राज्य वित्त/पंचायत भवन निर्माण/मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्र योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 10.04.2023 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 5.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 11.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्य के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी व द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 03 | मोरंग बालू , मोटा बालू, बोल्डर | प्रति घनमी0 | |
| 04 | महीन बालू , लोकल बालू | प्रति घनमी0 | |
| 05 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम0एम0 से 53 एम0एम0 | प्रति घनमी0 | |
| 06 | ईंट गिट्टी | 20-40 एम0एम0 | |
| 07 | सरिया 2एम0एम0, 3 एम0एम0, 4 एम0एम0 | प्रति कुन्तल | |
| 08 | ह्यूम पाईप 350एम0, कट स्टोन, स्टोन चौका, पटिया | प्रति नग | |
| 09 | ह्यूम पाईप 600, 900एम0एम0, पी0वी0सी0 पाईप | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाईट व स्ट्रीट लाईट | प्रति घनमी0 | |
| 11 | सबमर्सिबल पम्प 1 एच0पी0 | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन/केबल तार वायरिंग | | |
| 13 | कन्स्ट्रक्शन ज्वाइण्ट, सफाई कीट | | |
| 14 | पालीथीन, जाली, फर्निचार | प्रति मी0 | |
| 15 | साईन बोर्ड, गेट लोहा, इंटरलाकिंग, सीमेंट ईंट, एल्युमिनियम दरवाजा | प्रति नग | |
| 16 | टाईल्स शौचालय सेट, कोटा स्टोन | प्रति नग | |
| 17 | हैण्ड पम्प सामग्री व रिबोर | प्रति नग | |
| 18 | कोविड 19 के सामान व उपकरण की आपूर्ति | प्रति नग | |
| 19 | अन्य आवश्यक सामग्री | | |

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-**
सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेगे सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री आपूर्ति ग्राम प्रधान ग्राम पांचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। अथवा नहीं आपूर्ति वाणिज्यकर्ता एवं आयकर कार्यालय मे पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुति दर पी0डब्लू0डी0 की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रूपये 110 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चायत ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत व वाणिज्य कर 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान-हरेन्द्र प्रताप**
**ग्राम पंचायत-मोहब्बतपुर**
**वि0ख0-मनिहारी, गाजीपुर**

**ग्रा0वि0अ0/सचिव-श्रवण कुमार**
**ग्राम पंचायत-मोहब्बतपुर**
**वि0ख0-मनिहारी, गाजीपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत-औढ़ारी, वि0 ख0-मनिहारी, गाजीपुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौदहवां राज्य वित्त/पंद्रहवां राज्य वित्त/पंचायत भवन निर्माण/मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्र योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 10.04.2023 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 5.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 10.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्य के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी व द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 03 | मोरंग बालू , मोटा बालू, बोल्डर | प्रति घनमी0 | |
| 04 | महीन बालू , लोकल बालू | प्रति घनमी0 | |
| 05 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम0एम0 से 53 एम0एम0 | प्रति घनमी0 | |
| 06 | ईंट गिट्टी | 20-40 एम0एम0 | |
| 07 | सरिया 2एम0एम0, 3 एम0एम0, 4 एम0एम0 | प्रति कुन्तल | |
| 08 | ह्यूम पाईप 350एम0, कट स्टोन, स्टोन चौका, पटिया | प्रति नग | |
| 09 | ह्यूम पाईप 600, 900एम0एम0, पी0वी0सी0 पाईप | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाईट व स्ट्रीट लाईट | प्रति घनमी0 | |
| 11 | सबमर्सिबल पम्प 1 एच0पी0 | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन/केबल तार वायरिंग | | |
| 13 | कन्स्ट्रक्शन ज्वाइण्ट, सफाई कीट | | |
| 14 | पालीथीन, जाली, फर्निचार | प्रति मी0 | |
| 15 | साईन बोर्ड, गेट लोहा, इंटरलाकिंग, सीमेंट ईंट, एल्युमिनियम दरवाजा | प्रति नग | |
| 16 | टाईल्स शौचालय सेट, कोटा स्टोन | प्रति नग | |
| 17 | हैण्ड पम्प सामग्री व रिबोर | प्रति नग | |
| 18 | कोविड 19 के सामान व उपकरण की आपूर्ति | प्रति नग | |
| 19 | अन्य आवश्यक सामग्री | | |

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-**
सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेगे सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री आपूर्ति ग्राम प्रधान ग्राम पांचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। अथवा नहीं आपूर्ति वाणिज्यकर्ता एवं आयकर कार्यालय मे पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुति दर पी0डब्लू0डी0 की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रूपये 110 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चायत ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत व वाणिज्य कर 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान-प्रभा देवी**
**ग्राम पंचायत-औढ़ारी**
**वि0ख0-मनिहारी, गाजीपुर**

**ग्रा0वि0अ0/सचिव-श्रवण कुमार**
**ग्राम पंचायत-औढ़ारी**
**वि0ख0-मनिहारी, गाजीपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत-सिहाबारी, वि0 ख0-मनिहारी, गाजीपुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौदहवां राज्य वित्त/पंद्रहवां राज्य वित्त/पंचायत भवन निर्माण/मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्र योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 07.04.2023 से 10.04.2023 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 5.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 11.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्य के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी व द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 03 | मोरंग बालू , मोटा बालू, बोल्डर | प्रति घनमी0 | |
| 04 | महीन बालू , लोकल बालू | प्रति घनमी0 | |
| 05 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम0एम0 से 53 एम0एम0 | प्रति घनमी0 | |
| 06 | ईंट गिट्टी | 20-40 एम0एम0 | |
| 07 | सरिया 2एम0एम0, 3 एम0एम0, 4 एम0एम0 | प्रति कुन्तल | |
| 08 | ह्यूम पाईप 350एम0, कट स्टोन, स्टोन चौका, पटिया | प्रति नग | |
| 09 | ह्यूम पाईप 600, 900एम0एम0, पी0वी0सी0 पाईप | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाईट व स्ट्रीट लाईट | प्रति घनमी0 | |
| 11 | सबमर्सिबल पम्प 1 एच0पी0 | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन/केबल तार वायरिंग | | |
| 13 | कन्स्ट्रक्शन ज्वाइण्ट, सफाई कीट | | |
| 14 | पालीथीन, जाली, फर्निचार | प्रति मी0 | |
| 15 | साईन बोर्ड, गेट लोहा, इंटरलाकिंग, सीमेंट ईंट, एल्युमिनियम दरवाजा | प्रति नग | |
| 16 | टाईल्स शौचालय सेट, कोटा स्टोन | प्रति नग | |
| 17 | हैण्ड पम्प सामग्री व रिबोर | प्रति नग | |
| 18 | कोविड 19 के सामान व उपकरण की आपूर्ति | प्रति नग | |
| 19 | अन्य आवश्यक सामग्री | | |

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-**
सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेगे सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री आपूर्ति ग्राम प्रधान ग्राम पांचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। अथवा नहीं आपूर्ति वाणिज्यकर्ता एवं आयकर कार्यालय मे पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुति दर पी0डब्लू0डी0 की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रूपये 110 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चायत ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत व वाणिज्य कर 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान-अमरजीत कुमार**
**ग्राम पंचायत-सिहाबारी**
**वि0ख0-मनिहारी, गाजीपुर**

**ग्रा0वि0अ0/सचिव-श्रवण कुमार**
**ग्राम पंचायत-सिहाबारी**
**वि0ख0-मनिहारी, गाजीपुर**



वाराणसी। रुद्र की नगरी काशी में गुरुवार को रुद्रावतार की धूम रही। पूरे शहर भर में कई शोभायात्राएं निकाली गई। शहर के हर हनुमान मंदिरों में हनुमत का भव्य शृंगार किया गया था। हनुमान मंदिरों में हनुमान चालीसा के साथ ही सुंदरकांड, बजरंग बाण का पाठ चलता रहा। मंदिरों में सुबह से ही दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। हर कोई हनुमान से अपने मंगल की कामना कर रहा था। सर्वाधिक भीड़ संकटमोचन मोचन मंदिर में दिखी। जहां भोर से लेकर रात्रि तक श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी था। हनुमत जन्मोत्सव पर जहां एक ओर भिखारीपुर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई वहीं संकटमोचन मंदिर में दर्जन-पूजन करने के लिए दरबार में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। पूरा इलाका जय श्रीराम व जय हनुमान के जयघोष से गूंजता रहा। शोभायात्रा के चलते सड़कों पर जाम की भी स्थिति बनी रही।

# रुद्र की नगरी में रुद्रावतार की धूम



भिखारीपुर तिराहे से निकली हनुमान ध्वजा यात्रा

जय श्रीराम व जय हनुमान से गूंजा पूरा इलाका

भिखारीपुर से संकटमोचन तक लगी रही लंबी कतारें

कई किलोमीटर तक भक्तों का लगा रहा रेला



शोभायात्रा में बाइक से जाती हुई महिलाएं

## हनुमत जन्मोत्सव पर भिखारीपुर से निकला भक्तों का सैलाब

## संकटमोचन मंदिर में विशेष आरती व शृंगार

संकटमोचन का दर्शन करने को लेकर लगा रहा भक्तों का तांता

हनुमान मंदिरों में सजी भव्य झांकी

**वाराणसी।** हनुमान जयंती पर गुरुवार को संकटमोचन मंदिर में हनुमान जयंती महोत्सव पर बाबा का विशेष शृंगार किया गया। शहनाई वादन से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस अवसर पर प्रो. विश्वम्भरनाथ मिश्र महंत समेत काफी लोग मौजूद थे। संकटमोचन का दर्शन करने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। इसके साथ ही शहर के विभिन्न मंदिरों में हनुमानजी का भव्य शृंगार किया गया था। झांकी का दर्शन करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी रही।

उधर, श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में विराजमान अक्षयवट हनुमान का धूमधाम से गुरुवार को जन्मोत्सव मनाया गया। पुजारी राजू पांडेय ने भोर में बाबा का पंचामृत गंगाजल से स्नान कराके सिंधुर-तेल का लेपन किया। नूतन वस्त्र धारण कराके कुंद, रजनीगंधा, गुलाब की मालाओं से भव्य श्रृंगार किया।



अक्षयवट हनुमान



मनसापूरन हनुमान

हनुमत लला को 11 किलो लड्डू, फल व मेवा का भोग लगाया गया। महंत नील कुमार मिश्रा ने महाआरती की। ततपश्चात भक्तों के दर्शन के लिए कपाट खोल दिया गया। भक्तों में महंत कमल मिश्रा व बच्चा पाठक ने प्रसाद वितरण किया। इस दौरान महंत परिवार के राजू पाठक, रमेश गिरी, अंकित मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे। उधर, मैदागिन के भारतेंदु पार्क स्थित मनसापूरन हनुमान का श्रृंगार भव्य रुप से किया गया। हनुमान जी को सुगंधित फूल और माला से सजाया गया। प्रारंभ में हनुमान जी का सिंदूर लेपन किया गया। भव्य आरती के साथ सुंदर पाठ के साथ हनुमान चालीसा का भी आयोजन किया गया, जन्मोत्सव समारोह में हजारों की तादाद में भक्तों ने भक्ति भाव से भरपूर वातावरण में प्रभु का दर्शन किया।





शोभायात्रा में शामिल डमरूदल

### 75 फीट के रथ पर 70 फीट की लहरा रही थी ध्वजा

### शोभायात्रा में 80 आकर्षक झांकियां रही शामिल

हनुमत सेवा समिति के तत्वावधान में गुरुवार को भिखारीपुर तिराहे से विशाल हनुमान ध्वजा यात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का विशाल जनसैलाब उमड़ा रहा। चैत्र मास की पूर्णिमा को हनुमान जयंती पर ब्रह्म मुहुर्त से ही श्रद्धालुओं की भीड़ निकलने वाली शोभायात्रा में हनुमान ध्वजा व आरती की थाली के साथ श्री हनुमत दरबार पहुंचने के लिए कतार लगनी शुरू हो गई थी। यह शोभायात्रा विगत 18 वर्षों से निकल रही है। प्रातःकाल सात बजे से ही हनुमत सेवा समिति के सदस्य और पदाधिकारी अपने अतिथियों के सानिध्य में मुख्य रथ पर विराजमान राम दरबार के षोडशोपचार पूजन के पश्चात मुख्य ध्वज और हनुमत की बाल स्वरूप की पालकी पर विराजे बाल हनुमान के पूजन के पश्चात शिव के सुमिरन और डमरु के डमडम के बीच शंखनाद के साथ भक्तों की कतार राम भक्त दरबार के ओर बढ़ना शुरू हुआ। इस शोभा यात्रा में सबसे पहले 70 फीट की मुख्य ध्वजा, जिसके बाद मुख्य रथ, पालकी और फिर महिलाओं की कतार, अलग अलग क्षेत्रों से शामिल कार्यालयों की झांकी और अंत में हजारों की संख्या मे हाथों में पताका संग भक्तों का रेला चल पड़ा। 20 मिनट के रास्ते को तीन घंटे में भक्त झूमते नाचते गाते पहुंचे। यात्रा का शुभारम्भ काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रो नागेंद्र पाण्डेय, प्रो विनय पाण्डेय डॉ सुभाष पाण्डेय व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, कुंवर पूनम मौर्या जिला पंचायत अध्यक्ष, दिलीप सिंह पटेल, क्षेत्रीय अध्यक्ष यात्रा का नेतृत्व संस्थापक अध्यक्ष हनुमंत सेवा समिति रामबली मौर्य ने किया।

### कलियुग में सिर्फ हनुमान ही हैं धरती पर विद्यमान

कहते हैं कि इस कलयुग में हनुमान ही एक मात्र ऐसे भगवान हैं जो भक्तों के कल्याण के लिए धरती पर विद्यमान हैं। धर्म की नगरी काशी में हजारों की संख्या में भक्तों ने गाजे बाजे के साथ विशाल ध्वजा यात्रा निकली। सभी भक्त हनुमानजी को तुलसी की माला, गुलाब की पंखुडियां, सिंदूर, केला, लड्डू, चना, अक्षत, धूपबत्ती समर्पित करने को आतुर दिखे। साथ ही श्रीहनुमान चालीसा, बजरंग बाण, सुन्दर कांड का सस्वर पाठ कर रहे थे। हनुमत सेवा समिति के तत्वावधान में आपसी भाईचारे की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से भिखारीपुर तिराहे से निकली भव्य हनुमान ध्वजा शोभायात्रा भिखारीपुर तिराहे से नेवादा, सुन्दरपुर, नरिया, लंका होते संकटमोचन दरबार पहुंची। शोभायात्रा में दूर दराज के शहरों सहित बनारस के कनकसराय, मिजार्पुर, रामसिंहपुर, अदलपुरा, कोनियां, डाफी, नुआंव, कंचनपुर, करौंदी, सुन्दरपुर, खोजवां, जानकी नगर, ककरमत्ता, शिवरतनपुर, जलालीपट्टी, दशमी,के साथ ही प्रदेश के बाहर दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, सूरत आदि राज्यों से भी भक्त पहुंचे थे। इस वर्ष के यात्रा का पहला आकर्षण 75 फीट लंबा ध्वज था इस ध्वज पर जय श्री राम भगवान हनुमान लला की आकर्षक आकृति अंकित थी। जिसे समिति के सदस्य हनुमान लला के जयकारों के साथ फूल वर्षा करते हुए चल रहे थे। इस यात्रा का दूसरा आकर्षण 70 फुट लंबा वाहन था। जिसपर संकटमोचन मंदिर की प्रमुख कीर्तन मंडली रामनाम की अमृत वर्षा कर रही थी। इस यात्रा में 80 झांकियां शामिल रही. साथ ही परम्परागत वेशभूषा में आरती की थाली लिये पूरी श्रद्धा के साथ महिलाएं नंगे पांव मंदिर पहुंची । यात्रा में आस्था का सैलाब दिखा, जो सड़कों पर अपने आराध्य के जन्मोत्सव की मस्ती में मगन रहे।

### हवन के साथ सहस्त्र धर्मपताकाओं का हुआ वितरण

वाराणसी। हनुमान प्राकट्य दिवस पर धर्मसंघ परिसर में स्थपित मेहंदीपुर बालाजी का सवामणी हवन भोग के साथ धर्मशास्त्र व धर्मशास्त्र का वितरण हुआ। दुर्गाकुंड स्थित धर्मसंघ में श्रीहनुमान प्राकट्य के अवसर मेहंदीपुर बाला जी का विशेष श्रृंगार व पूजन व सवामणी हवन व भोग के साथ 1008 हनुमान भक्तों को धर्मशास्त्र (हनुमान चालीसा) व धर्मशस्त्र (हनुमान पताकाओं) का वितरण किया गया। धर्मसंघ शिक्षा मण्डल में गुरुवार को प्रातः छः बजे से ही श्रीहनुमान प्राकट्य महोत्सव की शुरूआत हो गयी। मेहंदीपुर बालाजी हनुमान के विशेष श्रृंगार के साथ ही सवामणी हवन प्रारंभ हुआ। हवन मण्डप में बालाजी के साथ अंजनीमाता, भैरवबाबा, प्रेतराज सरकार, दीवान सरकार, श्मशानकाली, श्मशानभैरव के मूल विग्रह के कृतियों को अस्थायी स्थापित कर वैदिक रिति महामंत्री जगजीतन पाण्डेय ने 51 वैदिक बटुकों के साथ सवामनी सामग्री से श्रीहनुमान सहस्त्र नाम से हवन किया। इस अवसर पर 1008 लोगों ने धर्मध्वज के साथ शोभायात्रा निकाली गयी। समिति के आचार्य महेश चन्द्र मिश्र के संयोजन में बालाजी का दरबार लगाया गया।



## श्रद्धा के सागर में उठी हनुमत नाम की लहरें



**वाराणसी।** श्री हनुमान ध्वजा णी प्रभात फेरी समिति के तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय यात्रा की अंतिम कड़ी गुरुवार को हनुमान जन्म उत्सव पर भव्य हनुमत ध्वजा प्रभात फेरी गजब निखरी । कार्यक्रम में गंगा की तर्ज पर भक्तों ने संकट मोचन की आरती उतारी मथुरा के गौ भक्त शास्त्री संस्था के अध्यक्ष कौशल शर्मा पूर्व विधायक अजय राय अरविंद जैन मनीष गिनोडिया ने संकट मोचन प्रभु की पूजन अर्चन कर भक्तों को ध्वजा दे कर यात्रा की शुभारंभ की। यात्रा में संकट मोचन रूपी रथ की भव्य झांकी के साथ भक्तों के कंधे पर पालकी में गणेश जी, हनुमान जी व शंकर जी की भव्य झांकी चल रही थी। यात्रा का मुख्य आकर्षण 21 फुट

#### महावीर का ध्यान व किया गुणगान

#### धर्मसंघ से निकली शोभायात्रा

ऊंचा पताका भी रहा जिसपर हनुमान जी का स्वरूप बना था। प्रभातफेरी में 1100 केसरिया ध्वज समेत 21 डमरू वादक संग बग्घी पर रामदरबार, शिव ताण्डव व गंगा की झांकी मनोहारी रही। 21 लड़के-लड़कियों का डांडियां नृत्य व महिलाऐं सजी थाली लिए चल रही थीं। भक्तों ने 1100 केशरिया ध्वजा लहराई। रास्ते भर भक्त अनूप सर्राफ दिनेश मिश्रा सूर्योदय शास्त्री भजन लहर लहर लहराए रे हनुमान धजा लहराए गाते चल रहे थे। प्रभात फेरी धर्मसंघ से निकल रविंद्रपुरी दुर्गाकुण्ड रिजर्व मंदिर पहुंची त्रिदेव मंदिर पहुंची। जहां भरत सराफ राधे गोविंद केजरीवाल अनुप सराफ पवन अग्रवाल एम पी के नेतृत्व में गंगा की तर्ज पर प्रभु की महा आरती कर पुष्प वर्षा के साथ भक्तों को शरबत पिलाया यात्रा संकट मोचन पहुंची जहां प्रभु के चरणों में ध्वजा अर्पित की गई । सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ पढ़ा राम दरबार की बैठकी हुई। मंदिर के महंत विश्वम्भर नाथ मिश्र ने प्रभु की आरती उतारी। सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ 21 क्विंटल प्रसाद प्रभु को चढ़ाया गया । संचालन महेश चौधरी ने किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष कौशल शर्मा, विश्वनाथ पोद्दार, सुरेश तुलस्यान लोकेश अग्रवाल, महेश



चौधरी, कृष्ण कुमार काबरा, अरविंद तुलस्यान श्रीनारायण खेमका पवन कुमार अग्रवाल, विजय मोदी राजेश धानुका, गोकुल शर्मा, , वेदमूर्ति शास्त्री, रघु देव अग्रवाल, अशोक जायसवाल सोमनाथ विश्वकर्मा कैलाश राठी बैजनाथ भालोटिया मनीष अग्रवाल गौरव अग्रवाल गौरव जायसवाल आदि शामिल थे।

वाराणसी। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के संयुक्त निवारक दल वाराणसी समेत पूर्वांचल के अन्य जिलों में नशे के सौदागरों पर कड़ा प्रहार कर रही है। यही वजह रही कि बीते दो साल के अंदर करीब पांच करोड़ का मादक पादार्थ टीम ने बरामद किया और कार्रवाई की। विभाग सूत्रों की माने तो वाराणसी समेत आसपास के जिलों उच्चाधिकारियों के निर्देश पर लगातार छापेमारी टीम कर रही है। यही वजह रही कि दो साल के अंदर करोड़ों का मादक पदार्थ टीम ने छापेमारी और अभियान चलाकर पकड़ा।

## नशे के सौदागरों पर नकेल कस रही नारकोटिक्स की टीम




### गाजीपुर में पकड़ी 1.25 करोड़ की नशीली दवाएं

हाल ही में गाजीपुर में छापेमारी कर नारकोटिक्स की टीम ने 1.25 करोड़ नशीली दवाएं बरामद की। टीम ने सुहवल थाना क्षेत्र के रामपुर मिल्की में छापेमारी की थी। जहां से उनकी टीम ने नशीली दवाओं के कारोबार में लिप्त टिंकू उर्फ पंकज यादव को दबोच लिया गया। उससे कड़ी पूछताछ और उसकी निशानदेही पर एक स्थान से करीब एक करोड़ की बूप्रोनारफीन और टरमाडोल के इंजेक्शन के साथ निट्राजेपास एवं अलप्राजोलाम की टैबलेट बरामद की।

### पांडेयपुर में 1.25 करोड़ की हेरोइन हुई थी बरामद

नारकोटिक्स की टीम ने बीते साल हुकुलगंज क्षेत्र से एक आरोपी को 600 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी की शिनाख्त शिवम कुमार सिंह के तौर पर हुई थी। आरोपी को मंगलवार को अदालत बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय कीमत 1.25 करोड़ रुपए आंकी गयी और ये कार्रवाई लखनऊ-गाजीपुर की संयुक्त टीम ने की थी। शिवम से पूछताछ में सामने आया कि वह सिर्फ डिलेवरी ब्वॉय का काम करता है। उसका काम सिर्फ इतना ही है कि वह जैतपुरा और बजरडीहा जैसे इलाकों में हेरोइन पहुंचाने का था।

### विशाखापट्टनम से आ रही 10 क्विंटल गांजा की खेप भी पकड़ी थी

मिर्जामुराद के भीखीपुर के पास से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने कंटेनर में छीपाकर ले जाया जा रहा 10 क्विंटल गांजा बरामद किया। इस दौरान कंटेनर से दो व उसके आगे-आगे चल रहे स्कार्पियो सवार तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। एनसीबी को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि विशाखापट्टनम से कंटेनर के अंदर बोरियो में गांजा भर कर मुरादाबाद ले जाया जा रहा है। कंटेनर के आगे-पीछे फर्जी नंबर लिखा था। आरोपितों में मुरादाबाद के डिंगरपुर (मनाढेर) निवासी अकील व वसीम, बरेठा (मनाढेर) निवासी मोसिम, मुरादाबाद के विलारी निवासी मुकीम तथा मुरादाबाद के गजूपुर (कुंडरकी) निवासी नसीम को पकड़ा गया था।

### वाराणसी में मनाया गया पोषण पखवाड़ा

**वाराणसी।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के संयोजकत्व में जनपद वाराणसी में पखवाड़े का आयोजन किया गया । पोषण पखवाड़ा के दौरान बच्चों का वजन एवं लंबाई का मापन करते हुए पूरा विवरण पोषण ट्रैकर पर अपलोड करने के साथ ही पोषण पखवाड़े को पोषण उत्सव के रूप में मनाए जाने का लक्ष्य रखा गया था । पखवाड़े को सफल बनाने के लिए भारत सरकार के 15 सदस्य विशेषज्ञ टीम जनपद में 26 मार्च को पहुंच गई और सबसे पहले 27 मार्च को विशेषज्ञ टीम द्वारा जनपद के बाल विकास परियोजना अधिकारी , सुपरवाइजर एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को मास्टर ट्रेनर के रूप में एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया । इन 80 मास्टर ट्रेनर द्वारा 28 मार्च को ब्लॉक स्तर पर 3690 आंगनबाड़ी कार्यकताओं को बच्चों का वजन एवं लंबाई मापने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## जय हनुमंत सकल गुणवंत..



वाराणसी। हनुमत जयंती के मंगल अवसर पर सुबह- ए- बनारस में गायिका कलाकार डॉ रागिनी सरना का गायन हुआ । उनके साथ हर्षित उपाध्याय हारमोनियम डॉ अमित ईश्वर तबले पर संगत की। गायन का आरंभ राग भटियार में विलंवित एकताल में निबद्ध रचना से हुई जिसके बोल थे-अजहू न आये। इसके उपरांत उन्होंने गुरु पं देवाशीष डे रचित तीनताल में निबद्ध बंदिश सुनायी। बोल थे जय हनुमंत सकल गुणवंत। समापन राम भजन से किया। बोल थे निर्धन के धन राम । कलाकार को प्रमाणपत्र गुरुग्राम से पधारी सुश्री नोविका तथा पद्मश्री प्रो सरोज चूड़ामणि गोपाल एवं श्रीमती मंजू मिश्रा ने प्रदान किया । संचालन डॉ प्रीतेश आचार्य ने किया ।

## कपसेठी में निकाली गई शोभायात्रा

**सेवापुरी।** हनुमान जयंती के अवसर पर कपसेठी थाना क्षेत्र के कुरु गांव स्थित हनुमान मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित भक्तों ने हाथ में हनुमत ध्वज लेकर जय श्री राम का नारा लगाते हुए शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा मंदिर परिसर से चलकर कालिका धाम कपसेठी चौराहा कपसेठी बाजार सीरिहरा के रास्ते पुनःमंदिर परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विजय तिवारी प्रेम शंकर शुक्ला कन्हैया तिवारी प्रशांत तिवारी रोहित पप्पू तिवारी श्यामलाल समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।